3 राजधानी
तेज हवा ने दी प्रदूषण से मामूली राहत

8 अभिमत
सच्चा भारतीय कौन है?

13 विदेश
अफगानिस्तान की मस्जिद में धमाका, 28 की मौत

15 स्पोर्ट्स
क्लीन स्वीप करने के इरादे से उतरेगा भारत

RNI NO. DELHIN/2012/48369
वर्ष 7 अंक 339
नई दिल्ली, शनिवार, 19 अक्टूबर, 2019
पृष्ठ 16 मूल्य ₹ 3
नगर संस्करण

नई दिल्ली, लखनऊ, रायपुर और फरीदाबाद से प्रकाशित

# पायनियर



सिनेमा धारणाओं को तोड़कर हमें नई कहानियों से रूबरू कराता है: दीपिका
विविध-16

www.dailypioneer.com

**मौसम**
अधिकतम 34.7°C (+2)
न्यूनतम 21.2°C (+3)

**बाजार**

| | | | |
|---|---|---|---|
| सेंसेक्स | 39,298 | ↑ | 246 |
| निफ्टी | 11,661 | ↑ | 75 |
| सोना | 38,925 | ↓ | 145 /10g |
| चांदी | 46,325 | ↓ | 315 /kg |

## क्विक न्यूज

### रक्षा मंत्री ने सैनिक स्कूलों में लड़कियों के दाखिले को दी मंजूरी

**नई दिल्ली।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने अकादमिक सत्र 2021-22 से सैनिक स्कूलों में लड़कियों को दाखिला देने को मंजूरी दे दी है। एक बयान में कहा गया है कि सिंह ने संबंधित अधिकारियों को यह सुनिश्चित करने के निर्देश दिए कि इन स्कूलों में आवश्यक बुनियादी ढांचा और पर्याप्त महिला स्टॉफ उपलब्ध हो। मिजोरम के सैनिक स्कूल छिनछिप में दो साल पहले लड़कियों को दाखिला देने के लिए रक्षा मंत्रालय द्वारा शुरू की गई पायलट परियोजना की सफलता के बाद यह फैसला लिया गया है। यह फैसला प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा शुरू की गई बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना के उद्देश्य को मजबूत करने तथा सशस्त्र बलों में महिलाओं की अधिकभागीदारी बढ़ाने, लैंगिकसमानता, अधिक समावेशिता की ओर सरकार के लक्ष्य के अनुसार लिया गया है। सैनिक स्कूलों की स्थापना सार्वजनिक स्कूली शिक्षा को आम आदमी के दरवाजे तक ले जाने और इससे अधिकतम छात्रों को राष्ट्रीय रक्षा अकादमी में भेजने के मकसद से की गई थी।

# असम से बाहर भेजे गए हजेला

● फैसला सुनाती सुप्रीम कोर्ट ने नहीं बताया कारण, रिपोर्ट के मुताबिक -एनआरसी संयोजक की जान को है खतरा

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



**अपने** आप में एक असाधारण आदेश देते हुए सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को केंद्र और असम सरकार को निर्देश दिया कि राज्य के राष्ट्रीय नागरिक पंजी (एनआरसी) के समन्वयक प्रतीक हजेला का तबादला तत्काल यथासंभव अधिकतम अवधि के लिए मध्य प्रदेश किया जाए। एनआरसी की अंतिम सूची से नामों को बाहर किए जाने के कारण हजेला कई पक्षों की आलोचना और धमकी का सामना कर रहे हैं।

मध्य प्रदेश निवासी और असम-मेघालय काडर के 1995 बैच के आईएएस अधिकारी प्रतीक हजेला को शीर्ष अदालत ने राष्ट्रीय नागरिक पंजी को अंतिम रूप देने और इसके आंकड़ों के प्रकाशन की संवेदनशील कवायद के लिए समन्वयक नियुक्त किया था। प्रधान न्यायाधीश रंजन गोगोई, न्यायमूर्ति एसए बोबडे और न्यायमूर्ति आरएफ नरिमन की विशेष पीठ ने हजेला को अधिक संभव अवधि के लिए अंतर-काडर तबादले पर उनके गृह राज्य में प्रतिनियुक्ति पर भेजने का आदेश दिया।

केन्द्र की ओर से अटार्नी जनरल केके वेणुगोपाल ने शीर्ष अदालत से इस अप्रत्याशित आदेश की वजह जाननी तो प्रधान न्यायाधीश ने कहा कि, क्या कोई भी आदेश बगैर किसी कारण के दिया जा सकता है।

हालांकि, पीठ ने यह आदेश पारित करने की कोई वजह स्पष्ट नहीं की लेकिन इसने इन अटकलों को बल दिया कि शायद असम राष्ट्रीय नागरिक पंजी को अंतिम रूप से देने के विशाल और संवेदनशील काम की निगरानी के बाद इस अधिकारी को किसी प्रकार के खतरे की आशंका हो।

हजेला के खिलाफ अंतिम सूची में असंगति का आरोप लगाते हुए पिछले महीने दो एफआईआर दर्ज कराई गई थी। एक वकील और स्थानीय मुस्लिम छात्र संगठन-आल असम गोरिया-मोरिया युवा छात्र परिषद (एएजीएमवाईसीपी) ने हजेला के खिलाफ डिब्रूगढ़ तथा गुवाहाटी में दो अलग अलग एफआईआर दर्ज कराई है।

चंदन मजूमदार, जिनका नाम एनआरसी की अंतिम सूची में शामिल नहीं था, ने डिब्रूगढ़ पुलिस थाने में हजेला के शिकायत दर्ज कराई है। मजूमदार ने आरोप लगाया है कि उन्होंने सभी दस्तावेज जमा कराए लेकिन 'कर्मचारियों की अक्षमता और आपराधिक साजिश' के तहत उनका नाम एनआरसी की अंतिम सूची में नहीं शामिल किया गया। रिपोर्ट में 'असंगति' के लिए हजेला को जिम्मेदार ठहराया गया है क्योंकि असम में एनआरसी को अंतिम रूप देने के काम की निगरानी वही कर रहे थे। एनआरसी समन्वयक के खिलाफ एक और शिकायत गुवाहाटी के लतासिल पुलिस थाने में एएजीएमवाईसीपी द्वारा दर्ज कराई गई। इसमें अंतिम सूची में 'जानबूझकर' गड़बड़ी करने का आरोप लगाया गया है। छात्र संगठन ने अपनी शिकायत में कहा है ' सूची से बहुत से स्थानीय लोगों का नाम बाहर कर दिया गया और एनआरसी राज्य समन्वयक द्वारा जानबूझकर किया गया।' इस बीच असम के पुलिस महानिरीक्षक (विशेष शाखा) हिरेन नाथ ने कहा कि हजेला को किसी तरह के खतरे की आशंका के बारे में पुलिस को कोई रिपोर्ट सौंपने के लिए नहीं कहा गया है। उनको किसी भी तरह के खतरे के बारे में राज्य पुलिस को जानकारी नहीं है।

शीर्ष अदालत ने राष्ट्रीय नागरिक पंजी के मामले को आगे सुनवाई के लिए 26 नवंबर को सूचीबद्ध किया है। प्रधान न्यायाधीश रंजन गोगोई, जो असम से हैं, 17 नवंबर को सेवानिवृत्त हो रहे हैं। असम की बहुप्रतीक्षित राष्ट्रीय नागरिक पंजी अंतिम रूप दिए जाने के बाद 31 अगस्त को प्रकाशित हुई थी और इससे राज्य में 19 लाख से अधिक आवेदकों के नाम बाहर कर दिए गए थे। राष्ट्रीय नागरिक पंजी में नाम शामिल करने के लिए 3,30,27,661 व्यक्तियों ने आवेदन किया था। इनमें ( शेष पेज 10 )

# चिदंबरम और कार्ति समेत 15 के खिलाफ चार्जशीट

● जमानत पर सुप्रीम कोर्ट ने सुरक्षित रखा फैसला, पूर्व वित्त मंत्री की बेल का सीबीआई ने किया है विरोध

**आईएनएक्स मीडिया मामला**



**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**सीबीआई** ने आईएनएक्स मीडिया भ्रष्टाचार मामले में पूर्व वित्त मंत्री पी चिदंबरम के खिलाफ दिल्ली की एक अदालत में शुक्रवार को एक आरोप-पत्र दायर कर दिया। इस आरोप पत्र में पीटर मुखर्जी, चार्टर्ड अकाउंटेंट एस भास्करमण, नीति आयोग की पूर्व सीईओ सिंधुश्री खुल्लर, सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्रालय में पूर्व सचिव अनूप के पुजारी, प्रबोध सक्सेना, रबिंद्र प्रसाद, आईएनएक्स मीडिया, एएससीएल और चैस मैनेजमेंट सर्विसेज को भी आरोपी बनाया गया है। अंतिम रिपोर्ट में आरोपी से सरकारी गवाह बनी इंद्राणी मुखर्जी का भी नाम है। विशेष न्यायाधीश अजय कुमार कुहाड़ इस मामले पर 21 अक्टूबर को विचार करेंगे।

एक तरफ दिल्ली की अदालत में सीबीआई ने पूर्व वित्त मंत्री के खिलाफ चार्जशीट फाइल की, दूसरी तरफ सुप्रीम कोर्ट में उनकी जमानत याचिका पर सुनवाई हुई। इस दौरान दोनों पक्ष के वकीलों के बीच गर्मागर्म बहस हुई। बाद में जज को हस्तक्षेप करना पड़ा। अदालत ने कांग्रेस नेता की जमानत याचिका पर आदेश सुरक्षित रख लिया।

स्थानीय अदालत ने आईएनएक्स धन शोधन मामले में बृहस्पतिवार को चिदंबरम को 24 अक्टूबर तक प्रवर्तन निदेशालय की हिरासत में भेज दिया था, ताकि मामले को एक तार्किक निष्कर्ष तक पहुंचाने के लिए उचित जांच हो सके। विशेष न्यायाधीश अजय कुमार कुहाड़ ने प्रवर्तन निदेशालय को चिदंबरम से सात दिन तक पूछताछ करने की अनुमति दी है।

ईडी की तरफ से पेश हुए सॉलिसीटर जनरल तुषार मेहता ने अदालत से कहा कि छह सितंबर से एजेंसी ने 12 गवाहों से पूछताछ की और अंतिम पूछताछ नौ अक्टूबर को हुई। साथ ही उन्होंने कहा कि इस दौरान ईडी ने कुछ अतिरिक्त सबूत भी जमा किए।

उन्होंने कहा कि आरोपी ने आत्मसमर्पण करने के लिए पांच सितंबर को एक याचिका दायर की थी जिसका उस वक्त जांच एजेंसी ने इस आधार पर विरोध किया था कि ईडी धन शोधन के विभिन्न पहलुओं की जांच कर रही थी और हिरासत में लेकर पूछताछ करने से पहले उनकी प्रभावी एवं अर्थपूर्ण जांच जरूरी थी।

साथ ही अदालत ने आईएनएक्स भ्रष्टाचार मामले में सीबीआई की ओर से दायर मामले में चिदंबरम की न्यायिक हिरासत की अवधि 24 अक्टूबर तक बढ़ा ( शेष पेज 10 )

# एफएटीएफ ने पाक को ग्रे सूची में कायम रखा

**एजेंसी।** पेरिस

**आतंकवाद** को मुहैया कराए जाने वाले धन की निगरानी करने वाली अंतरराष्ट्रीय निगरानी संस्था एफएटीएफ ने शुक्रवार को पाकिस्तान को अगले साल फरवरी तक के लिए अपनी ग्रे सूची में रख दिया। धन शोधन (मनी लॉड्रिंग) और आतंकवाद को धन मुहैया कराए जाने के खिलाफ पर्याप्त कार्वाई करने में इस्लामाबाद के नाकाम रहने को लेकर यह कदम उठाया गया है। वित्तीय कार्वाई कार्यबल (एफएटीएफ) की यहां पांच दिवसीय पूर्ण बैठक संपन्न होने के बाद यह फैसला लिया गया। इसमें इस बात का जिक्र किया गया कि पाकिस्तान को लश्कर ए तैयबा और जैश ए मोहम्मद जैसे आतंकी संगठनों पर नकेल कसने के लिए दी गई 27 सूत्रीय कार्ययोजना में इस्लामाबाद सिर्फ पांच पर ही काम करने में सक्षम रहा। उल्लेखनीय है भारत में सिलसिलेवार हमलों के लिए ये दोनों आतंकी संगठन जिम्मेदार रहे हैं। बैठक में यह ( शेष पेज 10 )

# लखनऊ में हिन्दू समाज पार्टी के नेता की सनसनीखेज हत्या

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

● विवादित बयान के मामले में जा चुके थे जेल



**नाका** थाना क्षेत्र में दिनदहाड़े दु:साहसिक घटना को अंजाम देते हुए बदमाशों ने हिन्दू समाज पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष कमलेश तिवारी की गला रेतने के बाद गोली मारकर निर्मम हत्या कर दी। उसके बाद फरार हो गए। हत्या की सूचना मिलते ही शहर में हड़कंप मच गया।

मौके पर पहुंची पुलिस घायल कमलेश को ट्रामा सेंटर ले गई, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। वहीं मृतक की पत्नी ने बिजनौर निवासी मुफ्ती नयीम काजमी, इमाम मौलाना अनुवारूल हक व एक अज्ञात के खिलाफ हत्या व हत्या की साजिश करने का केस दर्ज कराया है। इधर कमलेश की हत्या से गुस्साए कार्यकर्ताओं ने पोस्टमार्टम हाउस से लेकर नाका स्थित आवास तक हंगामा काटा और गाड़ियों में तोड़फोड़ की। प्रदर्शन की सूचना मिलने पर डीएम कौशलराज शर्मा, एसएसपी कलानिधि नैथानी समेत मातहत अधिकारी मौके पर पहुंचे। फिलहाल एसएसपी कलानिधि नैथानी का कहना था कि सीसीटीवी फुटेज के आधार पर हत्यारों को पकड़ने के लिए कई टीमें गठित की हैं। जल्द ही कातिलों को पकड़ लिया जाएगा। मूलरूप से महमूदाबाद सीतापुर निवासी कमलेश तिवारी(45)अपनी पत्नी किरन तिवारी, बेटे मृदुल, शिशिर व रिशी के साथ 26 खुर्शीदबाग गणेशगंज नाका में निवास करते थे। उनका एक बेटा शुभम गांव महमूदाबाद में रहता है। शुक्रवार दोपहर करीब 12 बजे फोन करने के बाद दो लोग उनके घर पर आए। दोनों ने ( शेष पेज 10 )

# बीमार सोनिया अपनी इकलौती चुनावी रैली में भी नहीं जा पाईं

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली





● हरियाणा के महेंद्रगढ़ में थी सभा, राहुल गांधी ने किया संबोधित

**कांग्रेस** के लिए यह निश्चित रूप से निराशाजनक खबर थी, हरियाणा विधानसभा चुनाव से दो दिन पहले पार्टी अध्यक्ष सोनिया गांधी ने शुक्रवार को महेंद्रगढ़ में आयोजित अपने एकमात्र चुनावी रैली को रद्द कर दिया। पार्टी नेता रैली को सफल बनाने के लिए दिन रात एक किए थे और उम्मीद थी कि सोनिया इस मौके का इस्तेमाल भाजपा नेताओं और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आक्रामक चुनाव प्रचार अभियान का जोरदार जवाब देने के लिए करेंगी।

लोकसभा चुनाव में निराशाजनक प्रदर्शन के बाद अपने बेटे राहुल गांधी से अंतरिम अध्यक्ष के रूप में पार्टी की बागडोर संभालने वाली सोनिया की यह पहली जनसभा थी। उनके स्थान पर राहुल गांधी ने रैली को संबोधित किया।

राहुल गांधी ने रैली में कहा ' उन्हें बुखार है, लिहाजा उन्होंने मुझसे आप लोगों से मिलने और बात करने के लिए कहा है। मैं अंतिम सेकेंड पर भी आपके बुलाने पर आऊंगा।' सोनिया के कार्यक्रम रद्द करने की सूचना हरियाणा कांग्रेस द्वारा सोशल मीडया के जरिये दी गई। हरियाणा कांग्रेस ने कहा ' राहुल गांधी जी आज अपराह्न दो बजे महेंद्रगढ़ में जनसभा को संबोधित करेंगे। पार्टी अध्यक्ष सोनिया गांधी अपरिहार्य कारणों के चलते जनसभा में भाग नहीं लेंगी।'

राहुल गांधी ने महाराष्ट्र और हरियाणा में 21 अक्टूबर को होने वाले विधानसभा चुनावों के लिए रैलियां की हैं और हरियाणा में उनकी यह दूसरी रैली थी। कांग्रेस सूत्रों ने कहा कि सोनिया गांधी को संक्रमण से बचने के लिए सार्वजनिक स्थलों पर कम से कम जाने की सलाह दी गई है क्योंकि वे काफी समय बीमार चल रही हैं। इस लोकसभा चुनावों में भी उन्होंने कुछ जनसभाओं को संबोधित किया था। इस बीच रैली को संबोधित करते हुए राहुल गांधी ने आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री मोदी को अर्थव्यवस्था की कोई समझ नहीं है तथा इस सरकार की विभाजनकारी राजनीति के चलते मौजूदा समय में दुनिया भर में भारत का मजाक बन रहा है। उन्होंने कहा कि मोदी असल मुद्दो, जिनका देश सामना कर रहा है, से लोगों का ध्यान हटाने में लगे हैं। गांधी ने दावा किया, 2004 से 2014 के ( शेष पेज 10 )

# शेर के बाड़े में कूदने की घटना पर हटाई गईं जू की निदेशक



रेणु सिंह



**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**केंद्रीय** पर्यावरण मंत्रालय ने दिल्ली चिड़ियाघर की निदेशक रेणु सिंह को हटा दिया है। यूपी कैडर की 1997 बैच की आईएफएस अधिकारी रेणु 2017 से इस पद पर तैनात थीं। वह मंत्रालय में डिप्टी इंस्पेक्टर जनरल ऑफ फॉरेस्ट के पद पर तैनात थीं और उन्हें चिड़ियाघर निदेशक का अतिरिक्त कार्यभार दिया गया था। केंद्र की ओर से उन्हें हटाने का फैसला शेर के बाड़े में युवक के कूदने की घटना वाले दिन गुरुवार को ही लिया गया है।

दिल्ली चिड़ियाघर पिछले कुछ समय से जानवरों की अवैध खरीद-फरोख्त, अव्यवस्था और यहां रहने वाले जानवरों के अधिकारों के उल्लंघन को लेकर चर्चा में बना हुआ है। इन घटनाओं के सामने आने के बाद आलोचनाओं से घिरे मंत्रालय ने चिड़याघर का नियंत्रण केंद्रीय चिड़ियाघर प्राधिकरण को सौंप दिया था। पर्यावरण मंत्रालय के एक अधिकारी ने बताया कि रेणु सिंह का तबादला भी चिड़ियाघर में पिछले दिनों से हो रही घटनाओं के परिप्रेक्ष्य में किया गया है। अब उन्हें मंत्रालय में वापस डीआईजीएफ (डिप्टी इंस्पेक्टर जनरल ऑफ फॉरेस्ट) के पद पर भेज दिया गया है।

# उसी जगह बनेगा रविदास मंदिर, केंद्र देगा जमीन

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

● सभी पक्षों से बातचीत के बाद सुप्रीम कोर्ट में रखा प्रस्ताव

**केंद्र** सरकार दक्षिण दिल्ली में गुरु रविदास मंदिर के पुन: निर्माण के लिए श्रद्धालुओं की समिति को उसी जगह पर 200 वर्ग मीटर जमीन देने को तैयार हो गई है। यह मंदिर सुप्रीम कोर्ट के आदेश पर कुछ दिन पहले ही डीडीए की टीम ने गिरा दिया था। इसके बाद राजधानी समेत देशभर में बड़े पैमाने पर धरना-प्रदर्शन हुए थे। केंद्र ने शुक्रवार को सुप्रीम कोर्ट में कहा कि वह मंदिर के निर्माण के लिए भूखंड देना चाहता है। मामले को लेकर सुप्रीम कोर्ट पहुंचे दिल्ली कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष राजेश लिलोठिया ने केंद्र के प्रस्ताव का कड़ा विरोध किया है।

न्यायमूर्ति अरुण मिश्रा और न्यायमूर्ति एस रविंद्र भट की पीठ ने केंद्र की ओर से पेश हुए अटार्नी जनरल केके वेणुगोपाल के इस प्रस्ताव को दर्ज किया और मंदिर के निर्माण की मांग कर रहे पक्षकारों से कहा कि यदि उन्हें कोई आपत्ति है तो वे सोमवार तक इसे दर्ज कराएं।

वेणुगोपाल ने शुरुआत में कहा कि उन्होंने श्रद्धालुओं और सरकारी अधिकारियों समेत सभी पक्षकारों के साथ विचार-विमर्श किया है। केंद्र श्रद्धालुओं की आस्था एवं संवेदनशीलता को देखते हुए भूमि का वही टुकड़ा देने के लिए सहमत हो गया है। वेणुगोपाल ने कहा कि मंदिर के निर्माण के लिए श्रद्धालुओं की एक समिति को स्थल का वही 200 वर्ग मीटर का क्षेत्र सौंपा जा सकता है। उन्होंने बताया कि मंदिर को ध्वस्त किए जाने के ( शेष पेज 10 )

# झपटमारों की कसती गिरफ्त में फड़फड़ा रही दिल्ली

## बेखौफ बदमाश लगभग हर दिन कर रहे वारदात, ताजा घटनाओं में एयरफोर्स अफसर और विस अध्यक्ष के सचिव बने निशाना

**संजय राय।** नई दिल्ली



**झपटमारों** की तेज होती गिरफ्त में राजधानी दिल्ली फड़फड़ा रही है। आलम यह है कि शायद ही कोई ऐसा दिन बचता हो जब शहर में चेन-पर्स-मोबाइल छीनने की एक भी वारदात न घटे। पिछले कुछ महीनों से झपटमारी की घटनाओं में भारी वृद्धि हुई है जिसके कई कारण गिनाए जा रहे हैं मसलन-बेरोजगारों की बढ़ी तादाद, बगैर मेहनत शानो-शौकत की जिंदगी जीने की ललक, नशे की लत और आपराधिक मानसिकता आदि। वजह चाहे कुछ भी हो लेकिन सच डराने वाला जरूर है।

ताजा घटनाएं गुरुवार की हैं। बेखौफ बदमाशों ने वायुसेना के एक वरिष्ठ अधिकारी और दिल्ली विधानसभा अध्यक्ष के सचिव को अलग-अलग स्थानों पर अपना निशाना बना लिया। दोनों ही मामलों के पीड़ितों की शिकायतों पर संबद्ध थानों में केस दर्ज हो गए हैं लेकिन, खबर लिखे जाने तक न तो झपटमारों का कोई सुराग मिला है और न ही उनके सामान का। सबसे हैरान करने वाली बात यह है कि इनमें से एक वारदात को भारी सुरक्षा वाले नई दिल्ली जिले के बाबा खडग सिंह मार्ग पर सुबह के समय अंजाम दिया गया। वायुसेना के एक वरिष्ठ अधिकारी (51) को कनॉटप्लेस इलाके में बाइक सवार दो झपटमारों ने तब निशाना बनाया जब वे सुबह साइकिल चला रहे थे। न्हें भनक तक नहीं लग सकी और बदमाशों ने झपट्टा मारकर उनका पाउच छीन लिया। पाउच में मोबाइल फोन (वन प्लस 6) और 200 रुपये थे। अपने साथ हुए इस वाकये से हक्का-बक्का रह गए अधिकारी सीधे थाने पहुंचे और शिकायत दर्ज कराई। पीड़ित की पहचान जी थॉमस के रूप में की गई है। पुलिस अधिकारी के मुताबिक, कनॉट प्लेस इलाके में झपटमारी की घटना सुबह लगभग छह बजे घटी। पीड़ित थॉमस ने अपनी शिकायत में बताया है कि पाउच छीनने वाले अनजान बदमाशों की उम्र करीब 20 साल होगी। झपटमारों ने जब उन्हें लूटा तब एयरफोर्स अधिकारी बाबा खडग सिंह मार्ग के करीब थे, वारदात के बाद बदमाश तेजी से फरार हो गए। कनॉटप्लेस थाने में आईपीसी की धारा 379 (चोरी के लिए सजा) के तहत मामला दर्ज कर लिया गया है और बदमाशों को पकड़ने के लिए पुलिस टीम सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है।

पहली घटना को बीते चंद घंटे ही गुजरे थे कि पश्चिम विहार में विधानसभा अध्यक्ष रामनिवास गोयल के सचिव अजय रावल से झपटमारों ने मोबाइल फोन छीन लिया। अंबिका विहार इलाके में रहने वाले अजय रावल अपनी पत्नी के साथ शाम लगभग सवा सात बजे बाजार जा रहे थे। उन्होंने अपना मोबाइल फोन हाथ में पकड़ रखा था। वे लोग कुछ ही दूर चले होंगे कि तीन बाइक सवार बदमाशों ने हल्ला बोल दिया। पीछे से आए झपटमारों ने रावल के हाथ से फोन छीना और उड़न-छू हो गए। उन्होंने तुरंत इसकी ( शेष पेज 10 )

### अनसुलझे रह जाते हैं आधे मामले

पुलिस अधिकारियों के मुताबिक करीब 80 फीसद मामलों में झपटमारी में शामिल बदमाश पहली बार के अपराधी पाए जाते हैं। ये लोग आमतौर पर मोबाइल फोन, सोने की चेन और नगदी आदि लूटते हैं जिनकी बरामदगी का आंकड़ा बहुत कम है। आधे मामलों में मोबाइल फोन और 23 प्रतिशत मामलों में सोने की चेन या मंगलसूत्र की झपटमारी होती है। छीनी जाने वाली बाकी वस्तुओं में बैग, लैपटॉप और ब्रीफकेस शामिल हैं जिन्हें अपराधी वारदात के तुरंत बाद आसानी से ठिकाने लगा देते हैं। पुलिस के आंकड़े बताते हैं कि इस साल 30 सितंबर तक दर्ज झपटमारी के कुल मामलों में से लगभग आधे ही सुलझे हैं। सितंबर तक झपटमारी के 4,762 केस दर्ज हुए जिनमें से दिल्ली पुलिस ने 2,686 सुलझाए। वहीं साल 2018 में 5,034 केस दर्ज हुए थे जिनमें से 2,565 केस सुलझाए गए।

# नोएडा में बनेगा अत्याधुनिक साइबर सेंटर

## यूपी पुलिस की हर शाखा को अपराध के जटिल मामलों की जांच में मिलेगी मदद

● वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों के नेतृत्व में उच्च स्तरीय कमेटी का किया गया गठन



प्रतिकात्मक फोटो

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

नोएडा में प्रदेश का सबसे अत्याधुनिक साइबर सेंटर स्थापित होगा। सेक्टर 94 स्थित प्राधिकरण के कमांड कंट्रोल बिल्डिंग में इसके लिए दफ्तर बनाया जा रहा है।

उत्तर प्रदेश पुलिस की हर विंग को साइबर अपराध के जटिल मामलों की जांच में मदद के अलावा प्रदेश में साइबर अपराध को रोकने के लिए यहां बैठे विशेषज्ञ अत्याधुनिक तरीके से काम करेंगे। इस सेंटर के जरिये जटिल केसों की जांच के अलावा ट्रेनिंग की भी सुविधा होगी।

साइबर सेंटर को स्थापित करने के लिए उत्तर प्रदेश पुलिस के सीनियर पुलिस अधिकारियों के नेतृत्व में उच्च स्तरीय कमेटी का गठन किया गया है। सेंटर स्थापित करने के लिए मल्टी नेशनल कंपनियां भी मदद कर रही हैं। इस साइबर सेंटर की स्थापना की तैयारी जोरों पर है। करोड़ों रुपये की लागत से बनने वाले इस सेंटर को इसी साल शुरू करने की तैयारी है।

सेंटर के पास साइबर अपराध पर नकेल कसने के लिए हर प्रकार के अत्याधुनिक उपकरण होंगे। यह सेंटर साइबर अपराध पर लगाम लगाने के लिए पुलिस, एसटीएफ, एटीएस, साइबर थाने को तकनीकी रूप से मदद करेगा व जटिल मामलों की जांच भी करेगा।

### साल 2016 में सेक्टर-6 बना था सीसीसीआइ

**वर्ष 2016 में नोएडा में सबसे अत्याधुनिक साइबर अपराध अन्वेषण केंद्र सीसीसीआइ बना था। तत्कालीन डीजीपी जावीद अहमद ने मई 2016 में सेक्टर 6 में बने केंद्र का उद्घाटन किया था, हालांकि नोएडा पुलिस के अंदर में संचालित होने वाले सीसीसीआई को पिछले दिनों सूरजपुर स्थित पुलिस कार्यालय में शिफ्ट किया जा चुका है। मेरठ जोन के आईजी आलोक सिंह ने बताया कि सीएसआर फंड के जरिये यह साइबर सेंटर स्थापित किया जा रहा है। यहां साइबर फॉरेंसिक, मोबाइल फॉरेंसिक सहित अन्य ट्रेनिंग की भी सुविधा होगी। वीडियो कांफ्रेंसिंग हॉल, लाइब्रेरी सहित अन्य सुविधाओं से लैस होगा। इसी वर्ष इसकी शुरुआत होने की उम्मीद है।**

## जिम जाने वाले 10 युवकों को स्टेरॉयड से हुई टीबी

नोएडा। जिम में सेहत बनाने के लिए स्टेरॉयड का इस्तेमाल करने वाले 10 युवकों के फेफड़े में टीबी की पुष्टि हुई है। सितंबर-अक्टूबर महीने में ये मरीज इलाज के लिए सेक्टर-27 स्थित एक अस्पताल में आए थे।

इन मरीजों को टीबी से निजात के लिए 6 से 9 महीने तक दवा खानी होगी। फेफड़े की टीबी से पीड़ित मरीजों की उम्र 20-30 वर्ष के बीच है। सभी सांस लेने में दिक्कत की परेशानी लेकर इलाज के लिए आए थे। कैलाश अस्पताल के सांस रोग विशेषज्ञ डा. ललित मिश्रा ने बताया कि मरीजों की उम्र और शारीरिक काया देखकर यह नहीं लग रहा था कि उन्हें टीबी होगी। डेढ़ महीने के अंदर आए इन मरीजों में फेफड़े की टीबी की पुष्टि की गई है। इन मरीजों को नियमित रूप से दवा लेने का परामर्श दिया गया है। इन मरीजों के अलावा पहले भी इस तरह के केस आते रहे हैं, लेकिन सात-आठ महीनों से ऐसे मरीजों की संख्या बढ़ी है।

# एंटी करप्शन ब्यूरो के फर्जी अफसरों ने 118 लोगों से ऐंठी मोटी रकम, हत्थे चढ़े

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद



एंटी करप्शन ब्यूरो के अधिकारी बन लोगों से उगाही करने का काम करने वाले एक गैंग का मोदीनगर पुलिस ने पर्दाफाश किया है। इस गैंग में एक महिला भी शामिल है।

पुलिस के अनुसार ये गैंग अब तक करीब 118 लोगों को अपना शिकार बना चुका है। पुलिस ने इनके कब्जे से आईकार्ड, वॉकी टॉकी, मोबाइल फोन और घटना में इस्तेमाल किए जाने वाली स्विफ्ट डिजायर कार बरामद की है। मोदीनगर सीओ काशी प्रसाद मिश्रा ने बताया कि पुलिस को सूचना मिली कि एक स्विफ्ट कार में सवार तीन पुरुष और एक महिला जा रहे हैं, जो कि ऑल इंडिया एंटी करप्शन ब्यूरो के नाम पर लोगों से अवैध उगाही करते हैं और अभी भी वो अपना एक नया शिकार बनाए जाने की योजना बना रहे हैं। पुलिस ने उक्त कार को रोककर उसमें सवार रविंदर, संजय और नवीन के अलावा एक सुमन नाम की महिला को भी हिरासत में ले लिया।

इनसे की गई पूछताछ के दौरान पुलिस को पता चला कि अभी तक ये 118 लोगों को अपना शिकार बना चुके हैं। इनकी ओर से एक महिला के जरिए किसी पुरुष को फंसाया जाता था और बाद में ये लोग खुद उसी स्थान पर पहुंच जाया करते थे। उन्हें डरा धमका कर गिरफ्तार करवाने की धमकी देते। बाद में पुलिस की गिरफ्तारी से बचाने के नाम पर उनसे मोटी रकम ऐंठ लिया करते थे।

पुलिस के मुताबिक गिरफ्तार आरोपियों से की गई पूछताछ के दौरान पता चला कि इन्होंने ऑल इंडिया एंटी करप्शन ब्यूरो के नाम पर साल 2014 में मेरठ में एक संस्था रजिस्टर्ड कराई थी, जिसका इस्तेमाल ये लोगों को डरा धमका कर मोटी रकम वसूलने के लिए किया करते थे।

# 600 कमर्शियल वाहन मालिकों से वसूले जाएंगे 4 करोड़ रुपए

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

भारी जुर्माने वाले ट्रैफिक के नए नियम लागू होने के बाद से लोग पहले ही परेशान थे। अब नोएडा और ग्रेटर नोएडा में रहने वाले वाहन मालिकों को यह खबर पढ़कर झटका लग सकता है। गौतमबुद्धनगर जिले के 600 कमर्शियल वाहनों के मालिकों से करीब चार करोड़ रुपये वसूले जाएंगे।

रोड टैक्स नहीं जमा करने पर वाहन मालिकों को वसूली के लिए रिकवरी नोटिस जारी किए गए हैं। परिवहन विभाग के अधिकारियों के मुताबिक, इनमें ज्यादातर वाहन मालिकों ने कई साल से रोड टैक्स नहीं जमा किया है। वाहन का इस्तेमाल कर रहे हैं या नहीं, इसकी सूचना देकर परिवहन विभाग में वाहन की पंजीकरण संख्या भी निरस्त नहीं कराई है। एआरटीओ प्रशासन एके पांडे ने बताया कि नोएडा और ग्रेनो के करीब तीन हजार कॉमर्शियल वाहनों के मालिकों को रोड टैक्स जमा करने के लिए नोटिस जारी किया गया था। इनमें से कुछ वाहन मालिकों ने रोड टैक्स जमा कर दिया।

बाकी वाहन मालिकों में से उनकी सूची तैयार की गई है, जिन्होंने तीन,चार साल से टैक्स नहीं जमा किया है। अब जिला प्रशासन के जरिए इन वाहन मालिकों को टैक्स वसूली के लिए रिकवरी नोटिस जारी किया गया है। अब इन सभी से टैक्स की वसूली की जाएगी।

## आरएचएएम ने निशुल्क बांटे सेनेटरी नैपकिन

नोएडा। संकल्प स्वास्थ्य जागरूकता अभियान आरएचएएम के तत्वाधान में शुक्रवार को सेक्टर-7 हरौला नोएडा स्थित रोज पब्लिक स्कूल में एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें छात्राओं व अध्यापिकाओं को 600 सेनेटरी नैपकिन निशुल्क वितरित की गई।

रोटरी क्लब ऑफ नोएडा सिटी, दिल्ली ईस्टएंड व आरएचएएम के सहयोग से आयोजित कार्यक्रम में छात्राओं को नैपकिन के प्रयोग के फायदे के बारे में भी बताया गया। इस दौरान स्कूल को सेनेटरी नैपकिन उपलब्ध कराई जाएगी। वहीं जून 2020 तक एक लाख निशुल्क सेनेटरी नैपकिन बांटी जाएगी। रचना सिंह ने कहा कि सेनेटरी नैपकिन महिलाओं की अनिवार्य जरूरतों में से एक है। इसका कोई विकल्प नहीं हो सकता।

## छात्रा पर चाकू से हमला करने के बाद इमारत से कूदकर दी जान

नोएडा। गौतमबुद्ध नगर जिले के नोएडा में एक किशोर ने 21 वर्षीय छात्रा के फ्लैट में घुसकर पहले तो उसपर चाकू से हमला किया फिर आठवीं मंजिल से कूदकर खुदकुशी कर ली। पुलिस ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि बीटेक की छात्रा का नोएडा के निजी अस्पताल में इलाज चल रहा है।

अधिकारी ने बताया कि घटना सेक्टर-58 थाना क्षेत्र के अंतर्गत सेक्टर- 61 में गुरुवार शाम को घटी। उन्होंने बताया कि आरोपी ने पहले तो छात्रा से मारपीट की और फिर चाकू से गोद दिया। नोएडा के पुलिस अधीक्षक विनीत जायसवाल ने बताया, आरोपी लड़का, लड़की की इमारत में ही रहता था और गुरुवार शाम पांच बजे लड़की के घर में दाखिल हुआ। उसने चाकू से लड़की को घायल कर दिया। लड़की ने जब मदद के लिए आवाज लगाई तो कुछ लोग वहां जमा हो गए। इसको देख लड़का तुरंत अपने फ्लैट में गया और भीतर से दरवाजा बंद कर लिया। उन्होंने कहा, बाद में आरोपी लड़के ने आठवीं मंजिल स्थित फ्लैट की बालकोनी से छलांग लगा दी। उसे अस्पताल ले जाया गया लेकिन उसकी मौत हो गई। जायसवाल ने कहा कि लड़की और लड़का दोनों एक दूसरे को जानते थे लेकिन घटना के कारणों का अब भी पता लगाना बाकी है। पुलिस अधीक्षक ने कहा, पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# दरोगा ने महिला से की बदसलूकी, लाइन हाजिर

● गाजियाबाद पुलिस ने अपने ऑफिशियल ट्विटर हैंडल पर मांगी माफी

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद



पीड़िता से बदसलूकी करता दरोगा

गाजियाबाद के तुराबनगर मार्केट में करवाचौथ के एक दिन पहले पुलिस की ओर से महिला से बदसलूकी का मामला सामने आया था, जिसके बाद महिला के दरोगा को थप्पड़ मारने का वीडियो वायरल हो रहा था। वहीं अब गाजियाबाद पुलिस ने माफी मांगी है।

गाजियाबाद पुलिस के ऑफिशियल ट्विटर हैंडल पर लिखा है कि वायरल वीडियो के संबंध में प्रारम्भिक जांच में पाया गया कि पुलिस द्वारा उक्त महिला के साथ असंवेदनशील व्यवहार एवम अभद्राचरण किया गया है। महिला के साथ हुए उक्त व्यवहार के लिये एसपी सिटी मनीष मिश्र द्वारा खेद प्रकट किया गया है। उक्त प्रकरण में एसआई रणवीर सिंह को लाइन हाजिर किया गया है।

दरअसल करवा चौथ के एक दिन पहले महिला अपने पति के साथ गाजियाबाद के प्रसिद्ध मार्केट तुराबनगर में मेहंदी लगवाने आई थी। अचानक ही ज्यादा समय होने के कारण पुलिसकर्मी बाजार में दुकान बंद कराने के लिए पहुंचे थे। महिला अपने हाथों में मेहंदी लगवा रही थी, लेकिन इसी दौरान पुलिस वहां दुकान बंद करवाने पहुंच गई और इसको लेकर इसको लेकर वहां विवाद हो गया। पुलिस ने न सिर्फ महिला के पति को जबरदस्ती गाड़ी में बैठाया बल्कि जब महिला ने रोकने का प्रयास किया तो महिला के साथ बदसलूकी भी की है।

इस दौरान कोई भी महिला पुलिसकर्मी नहीं थी। पुलिसकर्मियों और महिला के पति के बीच हाथापाई भी हो गई। इसके बाद महिला ने दरोगा को कई थप्पड़ लगा दिए। इसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा था। जिसके बाद एसपी सीटी ने भी आरोपी पर कार्रवाई करने का आश्वासन दिया था।

## संक्षिप्त समाचार

### सीईएल में खुला सोलर रिटेल काउंटर

**साहिबाबाद।** आम आदमी तक सोलर ऊर्जा पहुंचाने के लिए भारत सरकार के उपक्रम सेंट्रल इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड साहिबाबाद में कंपनी ने एक रिटेल सोलर काउंटर का शुभारंभ किया है। यहां से आम उपभोक्ता ऑनलाइन अथवा ऑफलाइन भुगतान देकर सीधे 3 वाट से लेकर 340 वॉट तक के सौर फोटोवोल्टिक मॉड्यूल खरीद सकेंगे। कंपनी के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक बीएन सरकार ने रिटेल शोरूम का उद्घाटन करने के उपरांत पत्रकारों को बताया कि उनकी कंपनी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की नीतियों का लाभ आमजन तक पहुंचाने के लिए कंपनी परिसर में एक खुदरा बिक्री काउंटर का शुभारंभ किया है।

### चार लोगों की हत्या पर ब्राह्मण महासभा ने जताया रोष



**गाजियाबाद।** अखिल भारतवर्षीय ब्राह्मण महासभा ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को ज्ञापन भेजकर ब्राह्मणों पर हो रहे अत्याचार पर चिंता जाहिर की है। महासभा के जिलाध्यक्ष प्रशांत राज शर्मा के नेतृत्व में पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं ने जिला मुख्यालय पर प्रदर्शन किया। प्रशांत राज ने कहा कि सरकार व पुलिस प्रशासन इस ओर कोई ध्यान नहीं दे रहा है। ज्ञापन सौंपने वालों में राष्ट्रीय अध्यक्ष बीडी शर्मा, महामंत्री रविंद्र शर्मा, प्रवक्ता विनीतकांत पाराशर, शिवकुमार शर्मा, दिनेश शर्मा, जयप्रकाश शर्मा, पंकज शर्मा, मनोज शर्मा, ललित शर्मा, तरुण भारद्वाज, भास्कर शर्मा, राकेश शर्मा, आदित्य शर्मा, विशाल शर्मा आदि उपस्थित रहे।

### लोकतंत्र सेनानियों को राजकीय सम्मान की मांग

**गाजियाबाद।** लोकतंत्र सेनानी कल्याण परिषद ने डीएम के माध्यम से मुख्य योगी आदित्यनाथ को पत्र भेजकर आपातकाल के दौरान डीआईआर और मिशा के अंतर्गत जेल में बंद रहे राजनीतिक बंदियों को मासिक सम्मान राशि के साथ यातायात, चिकित्सा, राजकीय सम्मान के साथ अंतिम संस्कार, स्वर्गवासी लोकतंत्र सेनानी पत्नी व पति को भी ऐसी सुविधाएं देने की मांग की है। परिषद के राष्ट्रीय महासचिव रमेश सिंह राघव ने कहा कि सम्मान राशि प्रत्येक महीने के शुरू में ही दिलाने की व्यवस्था की जानी चाहिए। चिकित्सा विभाग की ओर से अलग कार्ड जारी किया जाना चाहिए जिस पर सुविधाओं का स्पष्ट उल्लेख हो। ज्ञापन देने वालों में पवन, कुलभूषण, प्रताप, कमल और सतवती शामिल थीं।

### हैकाथान में आरकेजीआईटी के छात्रों ने मारी बाजी

**गाजियाबाद।** एबीईएस इंजीनियरिंग कॉलेज में आयोजित हार्डवेयर एवं सॉफ्टवेयर की सम्मिलित हैकाथान प्रतियोगिता जैनरो 2019 में आरकेजीआईटी के कंप्यूटर साइंस डिपार्टमेंट के 5 छात्रों ने बाजी मारी एवं विभिन्न कॉलेजों से लगभग 20 टीमों में पहला स्थान प्राप्त किया। टीम में आशुतोष सिंह डेंगरी, अमित यादव, भगत सिंह, राजीव कुमार और सम्यक जैन आरकेजीआईटी कंप्यूटर साइंस डिपार्टमेंट और इन्फॉर्मेशन टेक्नोलॉजी विभाग के छात्र हैं। सभी छात्रों ने अपने शिक्षकों एवं विशेषता अपनी विभागाध्यक्ष डॉ सचि गुप्ता को अपनी कामयाबी का श्रेय दिया।

### एचईए और एनएसजी एकेडमी ने मुकाबले जीते

**साहिबाबाद।** इंदिरापुरम स्थित टीएन मेमोरियल मल्टी स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में शुक्रवार से पहले त्रिलोकीनाथ मेमोरियल गर्ल्स टूर्नामेंट की शुरुआत हुई। पहले दिन के मुकाबले में एचईएस क्रिकेट अकेडमी और रोहतक रोड जिमखाना के बीच मैच खेला गया। जिमखाना ने पहले टॉस जीतकर गेंदबाजी का फैसला किया। पहले बल्लेबाजी करते हुए एचईएस अकेडमी ने 128 रन बनाए। जिमखाना की टीम ने 7 विकेट की नुकसान पर 103 रन ही बन सकी। उसके बाद एस्टर यंगस्टर अकेडमी और एनएसजी अकेडमी के बीच रोमांचक मुकाबले हुआ। एनएसजी अकेडमी जीत हासिल कर ली। मैन ऑफ दी का अवार्ड अदिति को उनके 74 रनों की बल्लेबाजी के लिए दिया गया।

# दो से अधिक भैंस पालने वालों को घर में लगाना होगा बिजली का कमर्शियल मीटर

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद

घरों में भैंसें पालना अब भारी पड़ने वाला है। भैंसें पालने के लिए अब कमर्शियल मीटर लगाना होगा। इस संबंध में बिजली विभाग के अधिकारियों ने दिशा-निर्देश जारी कर दिए हैं। वहीं, घर-घर जाकर भैंसों की विभागीय अधिकारियों ने जांच भी करनी शुरू कर दी है।

विभागीय अधिकारियों ने कमर्शियल कनेक्शन न लेने वाले कई लोगों पर जुर्माना भी लगाया है। बिजली विभाग के अधिकारियों का कहना है कि गांवों में पशु पालन किया जाता है। इसके साथ खेती और डेयरी चलाने का काम भी बड़े पैमाने पर किया जा रहा है।

खेती और डेयरी चलाने के लिए हाई वॉल्टेज वाली मशीनों का इस्तेमाल किया जा रहा है। इनमें बिजली की बहुत अधिक खपत होती है, जिससे देखते हुए विभाग ने भैंसें पालने व डेयरी चलाने के लिए कमर्शियल कनेक्शन लेना होगा। बता दें कि अभी तक 4 भैसों से अधिक पालने पर कमर्शल मीटर लेना होता था। लेकिन अब 2 से ऊपर भैंस पालने के लिए कमर्शल मीटर लगाना होगा। विभागीय अधिकारियों ने रईसपुर गांव चार भैंसें पालने पर भोपाल सिंह पर 60 हजार रुपये का जुर्माना लगाया है।

इसके साथ ही कमर्शियल कनेक्शन लेने का नोटिस थमाया है। विद्युत निगम के चीफ इंजीनियर आरके राणा ने बताया कि गांवों में भैंसें पालने और डेयरी चलाने का काम किया जाता है। इसकी वजह से बिजली की खपत अधिक होती है। जिसके चलते 2 से अधिक भैंसें पालने पर कमर्शियल कनेक्शन लेना होगा।

## गेझा आंगनबाड़ी केन्द्र में बनाई गई पोषण वाटिका

नोएडा। कृषि विभाग और महिला एवं बाल विकास विभाग के संयुक्त तत्वाधान में गेझा स्थित आंगनबाड़ी केन्द्र में पोषण वाटिका बनायी गई।

इस पोषण वाटिका का शुभारम्भ केन्द्रीय कृषि मंत्रालय की संयुक्त सचिव शुभ्रा ठाकुर, पोषण अभियान भारत सरकार के संयुक्त निदेशक कर्नल आदित्य चोपड़ा ने संयुक्त रूप से किया। इस अवसर पर गर्भवती महिलाओं को पौष्टिक आहार दिए गए। जिला कार्यक्रम अधिकारी पूनम तिवारी ने बताया पोषण वाटिका का उद्देश्य गर्भवती महिलाओं व कुपोषित बच्चों के भोजन में पौष्टिक सब्जियों को शामिल कराना है।

# नोडल अफसरों की टीम ने की कल्याणकारी योजना की समीक्षा

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद

महिलाओं के लिए शासन स्तर से चलाई जा रही कल्याणकारी योजनाओं की समीक्षा व निरीक्षण करने के लिए जनपद की नोडल अधिकारी आईपीएस रेणुका मिश्रा के नेतृत्व में तीन महिला अधिकारियों की टीम पहुंची।

टीम ने सबसे पहले जनपद के डीएम अजय शंकर पाण्डेय, एडीएम सिटी शैलेन्द्र कुमार सिंह सहित कई विभागों के अधिकारियों के साथ बैठक की। बैठक के दौरान उन्होंने अधिकारियों से जनपद में चल रही महिला कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी ली और उनकी प्रगति जानी। नोडल प्रभारी रेणुका मिश्रा ने इस अवसर पर अधिकारियों से जनपद में महिला अपराधों के बारे में विस्तार से पूछा। साथ ही इन मामलों के कितने आरोपियों पर अब तक क्या कार्रवाई हुई उसकी भी जानकारी ली। बेसिक शिक्षा विभाग से छात्राओं को मिलने वाली योजनाओं की जानकारी ली। परियोजना निदेशक पीएन दीक्षित, बीएसए राजेश श्रीवास आदि अधिकारी मौजूद रहे।

## सड़कों पर लगी ग्रिल चोरी करने वाले दो गिरफ्तार

नोएडा। नोएडा प्राधिकरण की सड़कों के किनारे लगी हुई लोहे की ग्रिल को दो चोरों ने अपने हाथ की सफाई दिखाते हुए नोएडा के थाना सेक्टर 20 क्षेत्र के बीएसएनएल चौराहे से चोरी कर लिया। पुलिस ने इनके खिलाफ धारा 379 और 411 मुकदमा दर्ज किया।

ग्रिल चोरी में पकड़े गए दोनों आरोपियों में थाना क्षेत्र के सेक्टर 31 निठारी निवासी सलाउद्दीन पुत्र मोहम्मद इस्लाम और हसना पुत्र मोहम्मद इस्लाम हैं। पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई कर जेल भेज दिया है। प्राधिकरण ने इसकी शिकायत की थी।

# सिंगल यूज प्लास्टिक को लेकर नगर निगम ने लोगों को किया जागरूक

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद

नुक्कड नाटक के माध्यम से नगर निगम ने प्रतिबंधित सिंगल यूज प्लास्टिक के प्रति लोगों को जागरूक किया। आरडीसी में गौर मॉल के सामने इस नुक्कड़ नाटक के माध्यम से लोगों को सिंगल यूज प्लास्टिक के इस्तेमाल से होने वाली बीमारियों के बारे में जागरूक किया गया।

इस दौरान नगरायुक्त दिनेश चंद्र सिंह, पार्षद राजेंद्र त्यागी, जाकिर अली सैफी, हिमांशु मित्तल आदि ने इसमें शिरकत की। वहीं नगर निगम इससे पहले सिंगल यूज प्लास्टिक के प्रयोग के प्रति लोगों को जागरूक करने के लिए कई तरह के अभियान चला चुका है।

स्कूली बच्चों द्वारा इसके लिए समय-समय पर रैली आयोजित की गई। इसके अलावा नगर निगम ने दो अक्टूबर को इसके लिए पॉलिथीन बीनने का एक स्पेशल अभियान चालू किया। इस दौरान जागरूकता के लिए खुद ही मेयर, डीएम और नगरायुक्त ने इस अभियान में हिस्सा लिया।

मगर इसका भी कोई खास असर दिखाई नहीं दे रहा है। मार्केट में सिंगल यूज पॉलिथीन बिक भी रही हैं, लोग खरीद भी रहे हैं।



नुक्कड नाटक के दौरान लोगो को सिंगल यूज प्लास्टिक से होने वाले नुकसान के बारे में जागरूक करते गाजियाबाद के नगरायुक्त दिनेश चंद्र।

## सेक्टर- 18 की बदहाली पर महाप्रबंधक से मिले व्यापारी

नोएडा। उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल का एक प्रतिनिधि मंडल जिलाध्यक्ष नरेश कुच्छल की अध्यक्षता में सेक्टर 18 की समस्याओं को लेकर फिर महाप्रबंधक नोएडा विकास प्राधिकरण राजीव त्यागी से से मिला।

जिलाध्यक्ष नरेश कुच्छल ने कहा कि सेक्टर 18 मार्किट की समस्याओं को जल्द निपटारे के आश्वासन मिला था मगर अभी तक कोई कार्रवाई नहीं हुई है, जिन बंद कटों को खोलने की बात हुई थी वह अभी भी बंद है और ना ही स्ट्रीट लाइट ठीक हुई है और अभी भी बाजार मे खुदाई का काम चालू है।

# प्लास्टिक वेस्ट से बना 14 फुट ऊंचा चरखा गिनीज बुक में हो सकता है शामिल

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

महात्मा गांधी की 150वीं जयंती के श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए शहर में प्लास्टिक वेस्ट से बनाया गया चरखा अब गिनीज बुक ऑफ रिकॉर्ड में दर्ज हो सकता है। इसके लिए प्राधिकरण प्रयास कर रहा है।

आगामी सप्ताह गिनीज की टीम भी इस चरखे को देखने नोएडा आ सकती है। इससे पहले चरखे का नाम इंडिया बुक ऑफ रिकॉर्ड में दर्ज कर लिया गया। इस चरखे को बनाने में 1250 किलोग्राम प्लास्टिक की जरूरत पड़ी थी। इसका वजन करीब 1650 किलोग्राम है। इसका उद्घाटन गांधी जयंती पर केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी ने किया था। सेक्टर-94 में आईलैंड पर इस चरखे को रखा गया है। यहां से आते जाते वाहन चालक इस चरखे को देख रहे हैं। यह चरखा वर्तमान में प्रदूषण व सिंगल यूज प्लास्टिक को छोड़ने के प्रति एक प्रतीक बन चुका है। 14 फुट ऊंचा 20 फुट लंबा व 8 फुट चौड़ा है। इसको बनाने में एक निजी कंपनी का सहारा लिया गया। इसे गांधी जी के चरखे के समतुल्य बनाया गया है। बतौर रस्सी डालकर जूट व खादी का प्रयोग करने की प्रेरणा भी दी जा रही है।



● 25 अक्टूबर तक चरखे को देखने के लिए नोएडा आ सकती है गिनीज बुक की टीम

बहरहाल, 25 अक्टूबर तक गिनीज की टीम इस चरखे को देखने नोएडा आ सकती है। इसकी तैयारी पूरी जा चुकी है। ऐसे में माना जा रहा है कि जल्द ही इस चरखे नाम गिनीज बुक ऑफ रिकॉर्ड में दर्ज हो सकता है। अगर नोएडा की मुहिम सफल हो जाती है कि तो सिंगल प्लास्टिक यूज के खिलाफ सरकार का मुहिम में और भी बल मिलेगा।

# टीबी निरोधी अभियान ने पकड़ी गति, जांच को भेजे गए नमूने

पायनियर समाचार सेवा। हापुड़



मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. रेखा शर्मा

शुक्रवार को सघन क्षय रोगी खोज अभियान के आठवें दिन स्वास्थ्य विभाग की 58 टीमों ने कुल 2563 घरों में जाकर 14357 लोगों से स्वास्थ्य के बारे में जानकारी प्राप्त की, जिनमें से 108 लोगों में क्षय रोग के लक्षण पाये जाने पर बलगम के नमूने एकत्र कर लैब में जांच को भेजा गए।

अब इनकी सीबीनॉट जाँच उपरांत, तीन लोगों में बीमारी की पुष्टि होने पर रोगियों का उपचार स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा आरम्भ कर दिया गया। प्रत्येक दिन स्वास्थ्य विभाग के जिला स्तरीय अधिकारियों द्वारा फिल्ड में जाकर टीमो के कार्यों का अवलोकन किया जा रहा है।

जिनका मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. रेखा शर्मा द्वारा शाम को बैठक लेकर समीक्षा की गई और बैठक में समस्त आरएनटीसीपी अधिकारियों व कर्मचारियों को अपना कार्य नियमपूर्वक करने के निर्देश दिए। बैठक में जिला क्षय रोग अधिकारी डॉ. राजेश सिंह, जिला पी.पी. एम. समन्वयक सुशील चौधरी और मनोज कुमार आदि उपस्थित रहे।

सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक चन्दन मित्रा द्वारा नं. 6, गुलाब भवन के पीछे, बहादुर शाह ज़फ़र मार्ग, नई दिल्ली-110002, दूरभाष: 011-40110455 से प्रकाशित तथा बीएफएल इन्फोटेक लिमिटेड सी-9 सेक्टर-3, नोएडा-201301 (उ.प्र.) से मुद्रित। सम्पादक: चन्दन मित्रा, स्थानीय सम्पादक: उषा श्रीवास्तव। पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार के किसी भी विज्ञापन पर प्रतिक्रिया करने से पहले पूरी तरह उसके बारे में दिए गए दावों, शर्तों और तथ्यों की जांच कर लें। पायनियर ग्रुप के मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद तथा सेवा हेतु किए गए किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन या उत्तरदायित्व नहीं लेता है। ऐसे विज्ञापनों के बाद किसी आर्थिक क्षति के लिए वे जिम्मेदार भी नहीं हैं। पत्रवार्ता ऑफिस- एफ-31, सेक्टर 6, नोएडा, गौतमबुद्धनगर-201301, उत्तर प्रदेश, दूरभाष- 120-4879800-4879900

पायनियर
नई दिल्ली, शनिवार ,19 अक्टूबर 2019



# तेज हवा ने दी प्रदूषण से मामूली राहत

## एक्यूआई 242 दर्ज किया गया, दो दिन बाद फिर बिगड़ सकते हैं हालात

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



राष्ट्रीय राजधानी में वायु प्रदूषण मामूली रूप से कम हुआ है। बदले मौसम और तेज हवा के चलते औसत वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) शुक्रवार रात आठ बजे 242 दर्ज किया गया, जो खराब श्रेणी में है।

सुबह के समय एक्यूआई 306 पर था। गुरुवार और इससे पहले बुधवार को भी एक्यूआई 300 पार था जो बहुत खराब श्रेणी में आती है। केंद्र सरकार द्वारा संचालित एजेंसी सफर के राजधानी के चांदनी चौक को छोड़ लगभग सभी केंद्रों पर पीएम 2.5 का स्तर 200 से 260 के बीच रहा। एजेंसी ने अगले सप्ताह वायु प्रदूषण तेजी से बढ़ने का पूर्वानुमान जारी किया है। केंद्र द्वारा संचालित वायु गुणवत्ता एवं मौसम पूर्वानुमान प्रणाली और अनुसंधान (सफर) ने कहा कि वर्तमान में हवा की गति तेज है जो अनुकूल है।

आकाश में बादल छाए हुए हैं। इन कारकों की वजह से वायु गुणवत्ता सूचकांक बहुत खराब से खराब श्रेणी में लौट आया है। हालांकि यह स्थिति ज्यादा समय नहीं टिकेगी। शनिवार के बाद मौसम बदलने लगेगा।

इसके बाद हवा की गति कम होगी और प्रदूषक तत्व राजधानी के वातावरण में ठहर कर हवा को जहरीली बनाने में मददगार होंगे। एक्यूआई शून्य से 50 के बीच होने पर अच्छा होता है, जबकि 51 से 100 के बीच होने पर संतोषजनक , 101 से 200 के बीच मध्यम , 201 से 300 के बीच खराब , 301 और 400 के बीच बहुत खराब और 401 और 500 के बीच होने पर उसे गंभीर समझा जाता है। सफर की रिपोर्ट में बताया गया है कि हरियाणा, पंजाब,पश्चिमी उत्तर प्रदेश में और आस-पास के सीमावर्ती इलाकों में पिछले तीन दिनों से लगातार पराली जलने की घटनाओं में वृद्धि हुई, लेकिन हवा की गति तेज होने के चलते धुएं और धुंध के कण तितर-बितर हो गए।

पंजाब और आसपास के राज्यों में 15 अक्टूबर से 15 नवंबर के बीच पराली जलाने की अधिकतम घटनाएं होती हैं। यह दिल्ली-एनसीआर में वायु प्रदूषण के प्रमुख कारणों में से एक है। पंजाब और हरियाणा में पराली जलाने पर प्रतिबंध के बावजूद, वित्तीय प्रोत्साहन के अभाव में किसान ऐसा कर रहे हैं। राज्य सरकारें किसानों और सहकारी समितियों को पराली के उचित प्रबंधन के लिए आधुनिक कृषि उपकरण खरीदने और पराली जलाने के खिलाफ जागरूकता अभियान चलाने के लिए 50 से 80 प्रतिशत सब्सिडी प्रदान कर रही हैं।

### प्रदूषण फैलाने पर काटे साढ़े 24 लाख के चालान

उत्तरी दिल्ली नगर निगम ने बढ़ते प्रदूषण को देखते हुए खुले में कूड़ा जलाने, निर्माण कार्य से उत्पन्न धूल, जहां-तहां मलबा डालने वाले लोगों के खिलाफ कार्रवाई तेज कर दी है। 1279 विभिन्न क्षेत्र में निरीक्षण कर निर्माण गतिविधियों के कारण उत्पन्न प्रदूषण फैला रही इकाईयों के खिलाफ कार्यवाही की। एनडीएमसी ने खुले में कूड़ा जलाने पर 89 चालान किया, रोड से धूल के लिए 88, खुले में मलबा डालने पर 104 चालान किए है। जुर्माने के रूप में निगम ने इन लोगों से 24,48,000 लाख रुपये वसूले।

### ध्वनि प्रदूषण के खिलाफ करें कार्रवाई : एनजीटी

राष्ट्रीय हरित अधिकरण ने दिल्ली प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड को द्वारका सेक्टर-3 के एक आवासीय क्षेत्र के आसपास ध्वनि प्रदूषण का आरोप लगाने वाली याचिका पर कार्रवाई करने का निर्देश दिया है। एनजीटी के अध्यक्ष न्यायमूर्ति आदर्श कुमार गोयल की अध्यक्षता वाली पीठ ने दिल्ली प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (डीपीसीसी) से दो महीने के अंदर विस्तृत रिपोर्ट जमा करने को कहा। डीपीसीसी मामले को देखे और कानून के अनुरूप उचित कार्रवाई करके मामले में दो महीने के भीतर ईमेल से तथ्यात्मक और एटीआर दे।

### हरियाणा-पंजाब में पराली जलाने की 3000 घटनाएं

**नई दिल्ली।** हरियाणा और पंजाब में इस वर्ष पराली जलाने की करीब तीन हजार घटनाएं हुईं और सबसे ज्यादा घटनाएं अमृतसर, तरनतारन, पटियाला, करनाल, कैथल और कुरुक्षेत्र में हुईं। यह जानकारी शुक्रवार को केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड ने दी। सीपीसीबी आंकड़ों के मुताबिक हरियाणा और पंजाब में 2019 में पराली जलाने के कुल 3202 मामले सामने आए जबकि 2018 में ऐसी 2544 घटनाएं हुई थीं।

सीपीसीबी के आंकड़े के मुताबिक, हरियाणा में 2019 में पराली जलाने की 1631 घटनाएं हुई हैं जबकि पंजाब में अभी तक ऐसे 1571 मामले रिकॉर्ड किए गए। पराली जलाने से राष्ट्रीय राजधानी में प्रदूषण काफी बढ़ जाता है। सीपीसीबी के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि दिल्ली में करीब सात फीसदी प्रदूषण पराली जलाने से होता है।

सीपीसीबी ने कहा कि सोनीपत, मेरठ और रोहतक में प्रदूषण के बड़े धूल और निर्माण गतिविधियां हैं। प्रदूषण निरोधक शीर्ष निकाय ने दिल्ली-एनसीआर के शहरों में प्रदूषण के स्रोतों का पता लगाने के लिए 46 टीमों की तैनाती की है।

## संक्षिप्त समाचार



### 'मेरे सपनों का उत्तर प्रदेश' पुस्तक का विमोचन

**नई दिल्ली।** हंसराज कॉलेज के श्री शांति नारायण संगोष्ठी कक्ष में मीडिया स्कैन एवं हंसराज कॉलेज के संयुक्त तत्वावधान में हंसराज कॉलज की प्राचार्या प्रो. रमा के सान्निध्य में कश्मीर से हाल ही में हटे धारा 370 एवं 35 ए पर एक परिचर्चा आयोजित की गई। इस परिचर्चा में वरिष्ठ पत्रकार आशुतोष भटनागर एवं हितेश शंकर ने भाग लिया। इस अवसर पर मीडिया स्कैन के संपादक आशीष अंशु की लिखी पुस्तक मेरे सपनों का उत्तर प्रदेश का विमोचन किया गया। इस कार्यक्रम का संचालन हंसराज कॉलेज के प्राध्यापक प्रभांशु ओझा ने किया जबकि धन्यवाद ज्ञापन आदित्य भारद्वाज ने किया। कार्यक्रम में शामिल होने वाले अन्य लोगों में रिटायर्ड ले. ज. संजय कुलकर्णी, डॉ. विजय कुमार मिश्रा, वेदांश पांडेय समेत अन्य लोग थे।

### घरों को मेट्रो से हुई क्षति की भरपाई की मांग

**नई दिल्ली।** दिल्ली उच्च न्यायालय ने शुक्रवार को आम आदमी पार्टी और डीएमआरसी से एक याचिका पर जवाब मांगा जिसमें उन लोगों को मुआवजा देने की मांग की गई है, जिनके घरों को मेट्रो निर्माण और उनके घरों के नीचे से गुजर रही मेट्रो से कंपन के कारण क्षति हुई है। मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति डीएन पटेल और न्यायाधीश सी. हरिशंकर की पीठ ने दिल्ली सरकार और दिल्ली मेट्रो रेल निगम (डीएमआरसी) को नोटिस जारी कर एक ट्रस्ट की याचिका पर उनका जवाब मांगा। ट्रस्ट ने अदालत से आग्रह किया है कि अधिकारियों को निर्देश दे कि भूमिगत मेट्रो से होने वाले कंपन से महानगर के निवासियों की सुरक्षा सुनिश्चित करें। अदालत ने दिल्ली मेट्रो को निर्देश दिया कि अपने जवाब में बताए कि इसके निर्माण एवं अन्य कार्यों से प्रभावित लोगों के लिए क्या कोई नीति है। अदालत ने मामले की अगली सुनवाई की तारीख छह नवम्बर तय की है।

### अफसरों की तैनाती पर आयोग का निर्देश

**नई दिल्ली।** चुनाव आयोग ने दिल्ली में विधानसभा चुनाव की तैयारियों को शुरू करते हुए राज्य सरकार को प्रशासनिक और पुलिस अधिकारियों के तबादले तैनाती के बारे में परामर्श जारी किया है। आयोग द्वारा दिल्ली के मुख्य सचिव और दिल्ली के मुख्य निर्वाचन अधिकारी को जारी परामर्श में चुनाव की जिम्मेदारी से सीधे तौर पर जुड़े अधिकारियों को उनके गृह जनपद में तैनात नहीं करने को कहा है। आयोग के प्रमुख सचिव नरेंद्र एन बतोलिया के हस्ताक्षर वाले परामर्श में दिल्ली विधानसभा का कार्यकाल अगले साल 22 फ़रवरी को पूरा होने की जानकारी देते हुए राज्य सरकार और निर्वाचन कार्यालय को जिला निर्वाचन अधिकारी से लेकर पुलिस उपनिरीक्षक तक विभिन्न पदों पर तैनात अधिकारियों के तबादले और तैनाती संबंधी निर्देश दिए हैं। इसमें कहा गया है कि अधिकारियों का उस स्थान पर तबादला और तैनाती नहीं की जाए जहाँ पिछले चार साल में वे तीन साल तक तैनात रहे हों।

# विधानसभा अध्यक्ष को छह माह कैद की सजा-मिली बेल

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

विधानसभा अध्यक्ष राम निवास गोयल को 2015 में पूर्वी दिल्ली की एक कलोनी में स्थित एक बिल्डर के घर में जबरन घुसने के मामले में अदालत ने शुक्रवार को छह महीने कैद की सजा सुनाई है।

अतिरिक्त मुख्य मेट्रोपॉलिटन मजिस्ट्रेट समर विशाल ने गोयल और चार अन्य सुमित गोयल, हितेश खन्ना, अतुल गुप्ता और बलबीर सिंह को दोषी करार देते हुए कहा कि उनके खिलाफ बिना किसी संशय के साबित होते हैं। अदालत ने कहा कि ऐसे अपराध के प्रति हतोत्साहित करने के लिए इस मामले में सजा जरूरी है। अदालत ने छह महीने के साधाराण कारावास की सजा के साथ दोषियों पर एक-एक हजार रुपए का जुर्माना भी लगाया। हालांकि, अदालत ने एक लाख रुपए के निजी मुचलके पर जमानत देने के दी ।

अदालत ने सभी को भारतीय दंड संहित की धारा-448के तहत दोषी ठहराया लेकिन 72 वर्षीय गोयल ने अपने वकील मोहम्मद इरशाद के जरिए आरोपों से इनकार किया। बिल्डर मनीष घई की शिकायत के आधार पर दर्ज प्राथमिकी की गई थी। विधानसभा चुनाव से एक दिन पहले छह फरवरी 2015 की रात गोयल और उनके समर्थक विवेक विहार स्थित घई के घर में जबरन घुस गए।

### भाजपा का तंज-चार साल बाद मिली किए की सजा

**नई दिल्ली।** विधानसभा अध्यक्ष रामनिवास गोयल की सजा पर भाजपा ने तंज कसा है। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष मनोज तिवारी ने कहा कि आखिर 4 साल बाद गोयल को उनके कृत्य कि सजा कोर्ट ने दे ही दी। उन्होंने कहा कि जैसे-जैसे समय बीत रहा है और कानूनी प्रक्रिया पूरी हो रही है। आप सरकार के मंत्रियों और विधायकों का असली चेहरा सामने आने लगा है। तिवारी के अनुसार वर्ष 2015 में चुनाव के समय वर्तमान विधानसभा अध्यक्ष रामनिवास गोयल जब आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ता थे। तब अपने बेटे सुमित गोयल और चार अन्य लोगों के साथ 6 फरवरी 2015 की रात को भाजपा कार्यकर्ता के घर में घुसकर जानलेवा हमला किया।

# बंद नहीं करेंगे गैर मान्यता प्राप्त स्कूल

- स्कूल प्रतिनिधियों के साथ बैठक के बाद उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया ने किया ऐलान



**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

राजधानी में चल रहे गैर मान्यता प्राप्त स्कूल बंद नहीं होंगे। उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया ने इन स्कूलों में पढ़ने वाले विद्यार्थियों के माता-पिता को भरोसा दिलाया कि वे परेशान न हों, ताला नहीं डालने दिया जाएगा।

आप सरकार के शिक्षा निदेशालय ने शिक्षा का अधिकार कानून 2009 के प्रावधानों का उल्लंघन करने वाले 700 गैर मान्यता प्राप्त निजी विद्यालयों की पहचान की थी।

इन स्कूलों के प्रतिनिधियों से शुक्रवार सुबह मुलाकात के बाद सिसोदिया ने ट्वीट किया कि उन्होंने गैर मान्यता प्राप्त निजी स्कूलों के प्रतिनिधियों से विस्तृत चर्चा की। वह इस नतीजे पर पहुंचे हैं कि दिल्ली नगर निगम को किसी भी स्कूल को बंद करने की इजाजत नहीं दी जाएगी। दिल्ली सरकार स्कूल खोलने में यकीन करती है, बंद करने में नहीं।

एक अन्य ट्वीट में उन्होंने कहा कि वह इन स्कूलों में पढ़ रहे बच्चों के अभिभावकों और शिक्षकों को कहना चाहते हैं कि आप निश्चिंत होकर अपने बच्चों को पढ़ाएं। उनका भविष्य संवारें। उनके सामने कोई दिक्कत पेश नहीं आएगी।

ये तमाम स्कूल भाजपा शासित नगर निगम के दायरे में आते हैं। सरकार नगर निगम को किसी भी स्कूल को बंद नहीं करने देगी। दिल्ली स्टेट पब्लिक स्कूल प्रबंधन एसोसिएशन के आंकड़ों के मुताबिक, दिल्ली में करीब तीन हजार गैर मान्यता प्राप्त स्कूल हैं, जिनमें हर साल करीब 10 लाख छात्रों का दाखिला होता है।

### यूपी का इनामी बदमाश मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** उत्तर प्रदेश की तर्ज पर अब दिल्ली पुलिस भी एनकाउंटर मोड में आ गई है।

मूलचंद में शुक्रवार तड़के पुलिस और कुख्यात में मुठभेड़ हो गई। जिसमें एक लाख के इनामी बदमाश इकबाल को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। आरोपी पर डकैती, लूट, चोरी और आर्म्स एक्ट समेत 25 से ज्यादा मामले दर्ज हैं। यूपी पुलिस ने उसकी गिरफ्तार पर एक लाख रुपये का इनाम घोषित कर रखा था।

वहीं दिल्ली पुलिस के अनुसार इकबाल मूल रूप से बुलंदशहर उत्तर प्रदेश का रहने वाला है। गत 27 मार्च को उसने अपने साथियों के साथ एक निजी कंपनी के कैशियर से 65 लाख रुपये लूट लिया था।

# सुपारी-काली मिर्च का लूटा ट्रक, धरे गए



- ट्रक पर लदी थी 48 बोरा सुपारी और 57 बोरों में भी काली मिर्च

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

आउटर नार्थ जिला पुलिस ने लूटपाट करने वाले गिरोह का पर्दाफाश करते हुए तीन लुटेरे और एक खरीददार को गिरफ्तार किया है।

इन लोगों के कब्जे से 48 बोरा सुपाड़ी और 57 बोरा काली मिर्च व वारदात में इस्तेमाल ट्रक को जब्त किया है। पुलिस उपायुक्त गौरव शर्मा के अनुसार गत 7 अक्टूबर को सिरसपुर गली नंबर 8 में सुरक्षा गार्ड को बंधक बनाकर 58 बोरा सुपाड़ी लूटने की सूचना मिली थी। लुटेरों ने लूट का विरोध करने पर गार्ड के साथ मारपीट की थी। मामले की गंभीरता को देखते हुए केस दर्ज कर छानबीन शुरू की गई। पुलिस टीम ने सबसे पहले भगोड़ा अपराधियों के बारे में जानकारी जुटाई और मुखबिर की सूचना पर भूषण उर्फ लंबू, लाल मोहन उर्फ घनश्याम, ललित कुमार और खरीददार सुरेश माथुर को गिरफ्तार कर लिया।

इन लोगों के निशानदेही पर समयपुर बादली थाना पुलिस ने अलीपुर से 48 बोरा सुपाड़ी और 57 बोरा काली मिर्च व वारदात में इस्तेमाल ट्रक बरामद किए हैं। भूषण पर हत्या और ललित के खिलाफ लूट के तीन मामले दर्ज हैं। इन लोगों की गिरफ्तारी से छह आपराधी मामले सुलझा लिए गए हैं।

# कांग्रेस को रविदास मंदिर पर केंद्र सरकार का प्रस्ताव नामंजूर

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

कांग्रेस की दिल्ली इकाई के कार्यकारी अध्यक्ष राजेश लिलोठिया ने केंद्र की ओर से दक्षिण दिल्ली में गुरु रविदास मंदिर के निर्माण के लिए 200 वर्ग मीटर जमीन देने से जुड़ी पेशकश को आपत्तिजनक करार देते हुए कहा कि दलित समुदाय यह स्वीकार नहीं कर सकता। उन्होंने कहा कि मंदिर उसी जगह पर बनना चाहिए, जहां पहले था। दरअसल, लिलोठिया ने रविदास मंदिर मामले में डीडीए के खिलाफ अवमानना के लिए अंतरिम आवेदन दायर कर रखा है। उन्होंने एक बयान में कहा कि सरकार ने कहा है कि पोर्टा केबिन या लकड़ी से बने अस्थाई परिसर में गुरु रविदास जी की प्रतिमा रखी जाएगी। यह प्रस्ताव बेहद आपत्तिजनक और करोड़ों अनुयायिओं की भावनाओं को आहत करने वाला है। लिलोठिया ने कहा कि मंदिर उसी स्थान पर बनना चाहिए, जहां गुरु रविदास रहे थे और मंदिर गिराने के लिए जिम्मेदार लोगों के खिलाफ अवमानना का मामला चलाया जाना चाहिए। दरअसल, केंद्र ने उच्चतम न्यायालय को शुक्रवार को बताया कि वह दक्षिण दिल्ली में गुरु रविदास मंदिर के निर्माण के लिए श्रद्धालुओं की एक समिति को 200 वर्ग मीटर इलाका सौंपने का इच्छुक है।

# दाखिले में धांधली के खिलाफ एबीवीपी ने किया प्रदर्शन

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने दिल्ली विश्वविद्यालय के राजनीति विज्ञान विभाग में पीएचडी प्रवेश में हुई कथित धांधली को लेकर विरोध प्रदर्शन किया। छात्र संगठन का आरोप है कि विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के नियमों का उल्लंघन कर खास लोगों को दाखिला दिया गया।

कथित धांधली के विरोध में बड़ी संख्या में छात्रों ने कला संकाय से राजनीति विज्ञान विभाग तक मार्च किए। प्रदर्शनकारियों की मांग है कि एमफिल, पीएचडी की प्रवेश प्रक्रिया निष्पक्ष और पारदर्शी हो। दाखिला प्रक्रिया को केंद्रीकृत और समय सीमा में पूरा किया जाए। यूजीसी और डीयू के नियमों का पालन हो।

पीएचडी में दाखिले के लिए डीयू प्रॉस्पेक्टस में तय की गई सभी सीटों को सभी विभागों द्वारा जल्द भरा जाए। शोध पाठ्यक्रमों में सीटों की संख्या बढ़ाई जानी चाहिए। सामाजिक न्याय को सुनिश्चित किया जाए। यूजीसी ने लिखित परीक्षा तथा साक्षात्कार के 70: 30 अनुपात को निर्धारित किया है। इसे पूरी पारदर्शिता के साथ लागू किया जाना चाहिए। परीक्षा प्रक्रिया छात्र के अनुकूल होनी चाहिए।

# 'पेरीफेरल एक्सप्रेसवे के लिए 1000 करोड़ दे आप सरकार'

## दिल्ली में यातायात समस्या को दूर करना है इस एक्सप्रेसवे का मकसद : सुप्रीम कोर्ट

- एक समिति की ओर से दाखिल रिपोर्ट में उठाया गया है बकाये का मुद्दा




**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को आप सरकार को निर्देश दिया कि वह पूर्वी एवं पश्चिमी पेरीफेरल एक्सप्रेसवे के मकसद से भूमि अधिग्रहण की लागत के लिए उसके 3577.52 करोड़ रुपए के बकाया हिस्से में 1000 करोड़ रुपए जारी करे। इस एक्सप्रेसवे का मकसद राष्ट्रीय राजधानी को यातायात की समस्या से निजात दिलाना है। पूर्वी पेरीफेरल एक्सप्रेसवे गाजियाबाद, फरीदाबाद, गौतमबुद्ध नगर (ग्रेटर नोएडा) और पलवल को जोड़ता है जबकि पश्चिमी पेरीफेरल एक्सप्रेसवे कुंडली को मानेसर के जरिए पलवल से जुड़ता है। दोनों की लंबाई 135 किलोमीटर है।

न्यायमूर्ति अरुण मिश्रा और न्यायमूर्ति दीपक गुप्ता ने एक समिति द्वारा दाखिल रिपोर्ट पर गौर किया। इस रिपोर्ट में दोनों एक्सप्रेसवे के मकसद से भूमि अधिग्रहण की लागत के बकाया मुद्दे को उठाया गया है। इस मामले में न्याय मित्र के रूप में सर्वोच्च न्यायालय की सहायता कर अपराजिता सिंह ने इस रिपोर्ट से जुड़े मुद्दों की ओर पीठ का ध्यान दिलाया। उन्होंने कहा कि दोनों पेरीफेरल एक्सप्रेसवे दिल्ली की सहायता के लिए हैं क्योंकि इससे यातायात जाम को कम करने में मदद मिलेगी।

ज्ञात है कि दिल्ली की चारों ओर बने मार्ग के बाद राजधानी में अब दूसरे राज्यों की ओर जाने वाले ट्रक प्रवेश नहीं करते है। इसका लाभ यह हुआ कि अब लोगों की ट्रक से जाम से जुझना नहीं पड़ता है।



# जहां जाते हैं वहां से पूर्ण समर्थन लेकर आते हैं सुधीर सिंगला

### चुनाव प्रचार में बढ़त बना चुके हैं बीजेपी प्रत्याशी सुधीर सिंगला

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

**भारतीय** जनता पार्टी (बीजेपी) के गुरुग्राम विधानसभा क्षेत्र से प्रत्याशी सुधीर सिंगला लगातार बढ़त बनाते जा रहे हैं। रिकॉर्ड मतों से अपनी जीत के प्रति आश्वस्त सुधीर सिंगला चुनाव के प्रचार के दौरान लोगों से यही कह रहे हैं कि किसी के बहकावे में नहीं आना। कमल के निशान पर ही बटन दबाना। बीजेपी प्रत्याशी सुधीर सिगंला अपने चुनाव प्रचार में हल्के में जहां भी जाते हैं, वहीं से पूर्ण समर्थन लेकर आते हैं। यहां अशोक विहार के जी-ब्लॉक में भाजपा प्रत्याशी सुधीर सिंगला का भव्य स्वागत किया गया। इस मौके पर मुकेश शर्मा, वेदप्रकाश आर्य, संतोख सिंह, जीपी शर्मा, कैप्टन रणबीर सिंह, विनोद गुलिया, रमेश चंद्रा, सतपाल यादव, सत्यनारायण गौत्तम, जीपी कटारिया द्वारा स्वागत करते हुये उन्हें जीत के लिए पहले ही शुभकामनाएं दे दी।

न्यू अमनपुरा के बाबा सीताराम मंदिर के पास भी बीजेपी प्रत्याशी सुधीर सिंगला का भव्य स्वागत करते हुए पार्षद दिनेश सैनी, मुकेश शर्मा, परमिंदर कटारिया, तुलसी सेनी, राजेंद्र, रेणु जांगड़ा, जोनी कटारिया, कला सैनी, वीरेंद्र कटारिया, विजय, रिषी, अशोक सैनी समेत काफी संख्या में महिला-पुरुष कार्यकर्ताओं ने उन्हें जीत दिलाने का आश्वासन दिया। दयानंद कॉलोनी में सुधीर सिंगला पूर्व डिप्टी मेयर परमिंदर कटारिया, अनीता गुप्ता, बनवारी लाल, ब्रह्मो, पन्ना लाल, राज सिंह कटारिया, प्रेमवती यादव, हेमंत कटारिया, गहलोत, सुखबीर कटारिया समेत काफी संख्या में महिलायें उपस्थित रहीं।

राजीव नगर की गली नंबर-तीन में भी बीजेपी प्रत्याशी सुधीर सिंगला को पूर्ण समर्थन देकर लोगों ने जीत की कामना की और सहयोग का आश्वासन दिया। इस मौके पर हरियाणा राज्य कॉपरेटिव बंक के निदेशक नरेंद्र भारद्वाज, विनोद त्यागी, सीताराम सिंघल, पुरुषोत्तम भारद्वाज, राजेश दत्ता, बेनी प्रसाद गौड़, अमर सिंह राजावत, मुकेश चौहान एडवोकेट, रमेश यादव, जितेंद्र यादव कन्हई, सुरेंद्र मलिक आदि मौजूद रहे।

सूरत नगर फेज एक में सुधीर सिंगला का स्वागत किया। इस मौके पर पार्षद योगेंद्र सारवाना, संजीव त्यागी, मनोज शर्मा, सुरेखा, जसवंत सिंह, राजन सैनी, रति सैनी, संतोष ठाकुर, रविंद्र जैन, अजित भारद्वाज, गगन गोयल, मनोज आदि ने उन्हें विश्वास दिलाया कि चुनाव में रिकार्ड मतों से विजयश्री दिलायेंगे। शिवाजी नगर में सुधीर सिगंला का भव्य स्वागत किया गया। इस अवसर पर पार्षद कपिल दुआ, पूर्व पार्षद शशि दुआ, बंटी पाहुजा, बिहारी लाल कालरा, राम लाल मदान, रणधीर दहिया, रंजन शर्मा सचिव भाजपा, सुभाष अदलखा, सुभाष अरोरा, सुभाष खरबंदा, राजेश दुआ, जय दयाल वरिष्ठ समेत काफी संख्या में लोग मौजूद रहे।


बीजेपी प्रत्याशी सुधीर सिंगला व डोर-टू-डोर चुनाव प्रचार करते विधायक उमेश अग्रवाल के भाई समाजसेवी राकेश अग्रवाल।

### डोर-टू-डोर जाकर राकेश अग्रवाल ने मांगे वोट

**विधायक** उमेश अग्रवाल के भाई समाजसेवी राकेश अग्रवाल ने भी चुनाव की कमान संभालते हुये अपने कार्यकर्ताओं के साथ डोर टू डोर अभियान चलाया। काफी संख्या में महिलाओं ने भी हिस्सा लिया। उन्होंने इस दौरान लोगों से अपील की कि वे भाजपा प्रत्याशी सुधीर सिंगला के पक्ष में मतदान करके शहर के विकास की गति को जारी रखें। भाजपा ही जनता की सच्ची हितैषी पार्टी है। विकास का दूसरा नाम भाजपा है। इसलिए किसी के बहकावे में न आकर भाजपा प्रत्याशी सुधीर सिंगला को कमल के निशान पर बटन दबाकर कामयाब बनायें। विकास के कार्य भविष्य में भी जारी रहेंगे। राकेश अग्रवाल को इस अभियान के दौरान लोगों का पूर्ण समर्थन मिला।

## आरडब्ल्यूए के प्रतिनिधिमंडल ने सीएम के नाम सौंपा ज्ञापन

### दर्ज की गई एफआईआर कराई जाए खारिज व खुलवाया जाए रेवेन्यू रोड

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

**रेवेन्यू** रोड को लेकर सेक्टर 81 स्थित अंतरिक्ष हाईट्स सोसायटी और विभिन्न आरडब्ल्यूए के सदस्यों के खिलाफ खेड़कीदौला टोल प्लाजा द्वारा पुलिस में दर्ज कराई गई एफआईआर को खारिज करने और बंद किए रेवेन्यू रास्ते को खुलवाने की मांग को लेकर आरडब्ल्यूए के सचिव हिमांशु शर्मा की अगुवाई में सोसायटीज का प्रतिनिधिमंडल उपायुक्त से मिला।

उन्हें मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन देकर मांग की कि दर्ज कराई एफआईआर को खारिज किया जाए और तोड़े गए रेवेन्यू रोड का फिर से निर्माण कराया जाए। उन्होंने उपायुक्त को बताया कि संस्थाओं के सात लोगों के खिलाफ एफआईआर की गई है और पुलिस ने कुछ लोगों के गाड़ियों के नंबर भी लिए हुए हैं और उनके खिलाफ पुलिस कार्रवाई कर रही है, जोकि गलत है। उनका धरना प्रदर्शन शांतिपूर्ण था, लेकिन टोल प्लाजा प्रबंधन ने इस मामले को तूल दे डाला। उन्होंने बताया कि उपायुक्त ने उन्हें न्याय दिलाने का आश्वासन देते हुए आग्रह किया कि वे पुलिस आयुक्त से भी भेंट कर लें और उन्हें पूरी घटना से अवगत करा दें। प्रतिनिधि मंडल पुलिस आयुक्त से भी मिला और उन्हें पूरे घटनाक्रम से अवगत कराया। उन्होंने भी न्याय दिलाने की बात कही है। हिमांशु का कहना है कि न्यू गुड़गांव क्षेत्र सेक्टर 81 से 115 तक फैला हुआ है और इन क्षेत्रों में मूलभूत सुविधाओं का भी पूरी तरह से अभाव है। द्वारका एक्सप्रेस वे के साथ-साथ दोनों ओर काटे गए सेक्टर न्यू गुड़गांव क्षेत्र में ही आते हैं। क्षेत्रवासियों की सबसे बड़ी समस्या खेड़की टोल प्लाजा है। इस क्षेत्र के निवासियों को गुड़गांव शहर में आने-जाने के लिए टोल का भुगतान करना पड़ता है। क्षेत्रवासी पिछले कई सालों से मांग करते आ रहे हैं कि पक्के बने हुए द्वारका एक्सप्रेस वे को खेड़कीदौला पर एनएच 48 से जोड़ दिया जाए, ताकि स्थानीय निवासी टोल भुगतान व यातायात जाम की समस्या से बच सकें, लेकिन टोल प्लाजा के अधिकारियों ने दीवार खड़ी कर अवरोध किया हुआ है। प्रशासन ने भी इस अवरोध को हटाने के आदेश दिए थे, लेकिन उन्होंने अवरोध नहीं हटाए थे, जिस पर क्षेत्रवासियों ने परेशान होकर प्रदर्शन आदि इस माह के शुरु में किए थे। क्षेत्रवासियों ने अपने खर्चे पर कच्चे रास्ते को पक्का कर दिया था, लेकिन टोल प्लाजा प्रबंधन ने उस रास्ते को भी उखाड़ फैंका था, जिससे क्षेत्रवासियों में रोष उत्पन्न हो गया था और उन्होंने रोष स्वरुप प्रदर्शन भी किया था, जिस पर टोल प्रबंधन ने आरडब्ल्यूए के पदाधिकारियों व अन्य निवासियों के खिलाफ भी पुलिस में शिकायत दर्ज कर मामला दर्ज करा दिया था।

## संक्षिप्त समाचार

### महिलाएं संतान की दीर्घायु के लिए रखेंगी अहोई अष्टमी का व्रत



**गुरुग्राम।** संतान की रक्षा और दीर्घायु के लिए महिलाएं 21 अक्टूबर को अहोई अष्टमी पर्व पर व्रत रखकर माता पार्वती की पूजा-अर्चना कर संतान की दीर्घायु की कामना करेंगी। पूरे दिन व्रत रखने के बाद महिलाएं ने सायं के समय आसमान में तारा को अर्ध्य देकर अपने व्रत का समापन करेंगी। व्रती महिलाएं बड़ी बुजुर्गों महिलाओं से अहोई माता की कथा का श्रवण कर अहोई माता की आकृति दीवार पर गेरू या लाल रंग से बनाकर चांदी के मोतियों की माला व जल से भरा हुआ कलश भी अहोई माता की आकृति के समक्ष रख कर अपने बच्चों की दीर्घायु की कामना करेंगी। यह पर्व प्राचीन काल से ही मनाया जाता आ रहा है। शहर के मुख्य सदर बाजार व आस-पास के क्षेत्रों में भी कलश के रूप में मिट्टी के करवे आदि की बिक्री की जा रही है। बड़ी संख्या में महिलाएं करवे व अन्य पूजा सामग्री खरीदती दिखाई दे रही हैं।

### एनसीआर में 20 हजार पुलिसकर्मियों को दिए जाएंगे मास्क



**गुरुग्राम।** उत्कृष्ट कार्य करने वाले पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों के कल्याण में जुटी सामाजिक संस्था पुलिस शहीद फाऊंडेशन द्वारा सेक्टर 37 क्षेत्र में बैठक का आयोजन किया गया, जिसमें संस्था से जुड़े सदस्य बड़ी संख्या में शामिल हुए। संस्था के अध्यक्ष आरएल शर्मा ने कहा कि संस्था उत्कृष्ट कार्य करने वाले पुलिसकर्मियों को सदैव प्रोत्साहित करती रही है। भविष्य में भी उनका यह प्रयास जारी रहेगा। संस्था पुलिस, जनता के बीच सामंजस्य और विश्वास बहाली का कार्य करती है। बैठक में संस्था ने गुरुग्राम पुलिस के वरिष्ठ निरीक्षक चन्द्रप्रकाश को उनके उत्कृष्ट कार्यों के लिए सम्मान पत्र देकर सम्मानित भी किया। उन्होंने कहा कि बैठक में निर्णय लिया कि एनसीआर क्षेत्र के जिलों में संस्था 20 हजार मास्क ट्रैफिक पुलिस कर्मचारियों को उपलब्ध कराएगी, जिससे बढ़ते प्रदूषण के कारण उनके स्वास्थ्य की रक्षा की जा सके। संस्था के महासचिव दीपक मैनी ने बताया कि इससे पहले भी संस्था मास्क उपलब्ध करा चुकी है। संस्था का लक्ष्य प्रदेश की यातायात पुलिस को 50 हजार मास्क देने का है। बैठक में संस्था के मोहम्मद हारून, अमन गुप्ता, राकेश बत्रा, हरकेश शर्मा, केके गांधी, अजय शर्मा, राजेश सहजवानी, नन्द गाबा, एसएस थिरीयान, राजकुमार त्यागी, रमनदीप सिंह, रमेश बत्रा, कुलदीप सिंह, बिमल गुप्ता उपस्थित थे।

### विभिन्न प्रतियोगिताओं में 35 स्कूलों से 200 बच्चों ने लिया भाग



**कुरुक्षेत्र।** हरियाणा राज्य बाल कल्याण परिषद् जिला शाखा द्वारा बाल दिवस के उपलक्ष में होने वाले बाल महोत्सव-2019 का शुभारम्भ बाल भवन सेक्टर-13 में हुआ। इसका शुभारम्भ अम्बाला डिविजन की डिवीजनल बाल कल्याण अधिकारी मिलन पंडित ने बतौर मुख्यातिथि किया। उनके साथ जिला रेडक्रास सोसायटी के सचिव कुलबीर सिंह मलिक विशेष अतिथि रहे। एकल नृत्य, कार्ड बनाना, थाली पूजन व दीया व कैंडल सजाना प्रतियोगिताओं में जिला के 35 स्कूलों से लगभग 200 बच्चों ने भाग लिया। जिला बाल कल्याण अधिकारी सरबजीत सिंह सिबिया ने बताया कि इन प्रतियोगिताओं में प्रथम व द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागी डिवीजनल स्तर की प्रतियोगिताओं में भाग लेंगे और डिवीजनल स्तर के विजेता राज्य स्तरीय प्रतियोगिताओं में भाग लेंगे। इन विजेताओं को 14 नवम्बर को राज्यपाल पुरस्कृत करेंगे। महोत्सव के पहले दिन एकल नृत्य के प्रथम समूह में अग्रसेन पब्लिक स्कूल कुरुक्षेत्र की असमीत ने प्रथम, डीएवी पब्लिक स्कूल की सारिका ने द्वितीय, बाल भवन पब्लिक स्कूल कुरूक्षेत्र के गिन्नी ने तृतीय व एसडीएसएन स्कूल पिहोवा की परी ने सांत्वना पुरस्कार प्राप्त किया। एकल नृत्य के द्वितीय समूह में डीएवी पब्लिक स्कूल की करमनदीप कौर ने प्रथम, विश्वास पब्लिक स्कूल, शाहाबाद की पलक ने द्वितीय, महाराणा प्रताप पब्लिक स्कूल कुरूक्षेत्र की तारूषी ने तृतीय व सहारा काम्प्रीहैंसिव स्कूल की खुशी ने सांत्वना पुरस्कार प्राप्त किया। थाली/कलश सजाना के तृतीय समूह में महाराणा प्रताप पब्लिक स्कूल कुरूक्षेत्र की अलिशा ने प्रथम, मेजर नितिन बाली गीता निकेतन विधा मन्दिर की तनु ने द्वितीय, अग्रसेन पब्लिक स्कूल कुरुक्षेत्र की कामाक्षी ने तृतीय व गीता निकेतन आवासीय विद्यालय की चित्रा सिंगला ने सांत्वना पुरस्कार प्राप्त किया।

## डेंगू से मुक्ति को चलाया जागरुकता अभियान



गुरुग्राम के गाड़ौली स्थित राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में डेंगू के प्रति जागरुकता को रैली निकालते बच्चे।

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

**मुख्य** चिकित्सा अधिकारी नगर निगम गुरुग्राम की अध्यक्षता में राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, वार्ड-20, गाड़ौली में एक जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में डॉ. रामप्रकाश, नगर निगम गुरुग्राम की स्वास्थ्य टीम, जयवीर गौर, हेल्थ इंस्पेक्ट व स्कूल की मुख्य अध्यापिका संतोष जैन, स्कूल के 30 अधयापकगण व 462 विद्यार्थी मौजूद रहे।

जयवीर गौर हेल्थ इंस्पेक्टर ने सरल शब्दों में स्कूल के बच्चों को स्वास्थ्य सम्बंधित जानकारी देते हुए बताया कि बारिश के मौसम में कहीं पर भी पानी जमा हो सकता है जिससे उस पानी में मच्छर पैदा हो जाते है और डेंगू व मलेरिया जैसी बीमारी के फैलने का खतरा रहता है। अगर हम सब जागरूक रहे तो मच्छर से होने वाली डेंगू व मलेरिया जैसी बीमारी नहीं होंगी। उन्होंने बताया की अगर कहीं पर भी पानी एकत्रित हो तो उसकी जानकारी अपने वार्ड पार्षद व नगर निगम गुरुग्राम की स्वास्थ्य टीम को दें। उन्होंने बताया कि डेंगू का मच्छर दिन में ही काटता है इसलिए पूरी बाजू के कपड़े पहन कर रहें और इस बारे में अपने आस-पास के लोगों व परिवारजनों को जागरूक करें और यदि हम सब मिलकर इन उपायों को करेंगे तो डेंगू व मलेरिया जैसे रोगों से मुक्ति मिलेगी और समाज स्वस्थ रहेगा। नगर निगम की स्वास्थ्य टीम ने स्कूल के बच्चों को डेंगू व मलेरिया जैसी बीमारी से बचने व इस बारे में लोगों को जागरूक करने की शपत दिलाई।

इसके बाद एक रैली का आयोजन किया गया जिसे नगर निगम गुरुग्राम की स्वास्थ्य टीम व स्कूल की मुख्य अध्यापिका संतोष जैन ने हरी झंडी दिखाकर रैली को रवाना किया जिसका मुख्य नारा था-आओ मिलकर डेंगू को हरा दें। इस तरह कि रैली हर एक वार्ड में कराई जाएगी।

## ग्रेडिड रेस्पांस एक्शन प्लान की पालना जरूरी : निगमायुक्त

### नगर निगम गुरूग्राम द्वारा 15 प्रकार की उल्लंघनाओं पर किया जा रहा है जुर्माना

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

**पर्यावरणीय** प्रदूषण (रोकथाम और नियंत्रण) प्राधिकरण (इपीसीए) की हिदायतों के अनुसार नगर निगम द्वारा चलाया जा रहे ग्रेडिड रैस्पांस एक्शन प्लान (ग्रैप) की पालना जरूरी है। ग्रैप की उल्लंघना पर नगर निगम द्वारा संबंधित उल्लंघनकर्ता पर जुर्माना लगाने के साथ-साथ मुकदमा दर्ज करवाने का प्रावधान भी है।


पर्यावरण प्रदूषण की रोकथाम को पेड़ों पर छिड़काव करते नगर निगम कर्मी।

नगर निगम गुरूग्राम के आयुक्त अमित खत्री ने बताया कि नगर निगम द्वारा विभिन्न नियमों एवं उपनियमों के तहत 15 प्रकार की उल्लंघनाओं के तहत जुर्माना एवं अन्य कार्रवाई की जा रही है। एडीशनल म्यूनिसिपल कमिशनर वाईएस गुप्ता ने बताया कि नगर निगम गुरुग्राम द्वारा क्षेत्र में प्रदूषण गतिविधियां करने वालों या अन्य पर्यावरणीय नियमों की उल्लंघना करने वालों पर कड़ी नजर रखी जा रही है। उल्लंघनकर्ताओं पर नियमानुसार कार्रवाई करने के लिए विशेष टीमें राऊंड ओ क्लॉक कार्य कर रही हैं। उक्त उल्लंघनाओं के अतिरिक्त पीने के पानी के दुरुपयोग की अवस्था में रिहायशी मामले में 500 रुपये और वाणिज्यिक मामले में 2000 रुपये का जुर्माना लगाने का प्रावधान है। बिना लाईसैंस के मीट और मछली बेचने पर 500 रुपये और 50 रुपये प्रतिदिन के हिसाब से जुर्माने का प्रावधान है। पालतु पशुओं को खुला छोड़ने के मामले में पशु को पकड़ने के साथ ही 2000 रुपये जुर्माना और 1000 रुपये प्रतिदिन के हिसाब से उसके पालन पोषण का खर्चा संबंधित पशु मालिक से वहन किया जाएगा।

### आयुष विभाग ने किया स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन

**गुरुग्राम।** आयुष विभाग द्वारा राष्ट्रीय पोषण माह के अंतर्गत जिले के भौंडसी क्षेत्र स्थित प्राईमरी हेल्थ सेंटर में स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन जिला आयुर्वेद अधिकारी डा. मंजू कुमारी के मार्गदर्शन में किया गया। शिविर का शुभारंभ आयुष चिकित्सा अधिकारी डा. अनुप्रिया व उनके सहयोगियों डा. सचिन, डा. कुलभूषण, डा. ब्रह्मप्रकाश व योग विशेषज्ञ भूदेव द्वारा संयुक्त रुप से किया गया। शिविर में लोगों को आयुर्वेदिक, होम्योपैथिक व योगा के बारे में जानकारी दी गई। मरीजों के स्वास्थ्य की जांच कर उन्हें आयुर्वेदिक व होम्योपैथिक दवा भी नि:शुल्क दी गई।

## उपभोक्ताओं को एक ही छत के नीचे मिलेंगे लिबर्टी के उत्पाद

पायनियर समाचार सेवा। करनाल

**दिवाली** के शुभ पर्व परहर वर्ष की तरह इस वर्ष भी लिबर्टी की ओर से महासेल का आगाज शुक्रवार को किया गया। यह महासेल एक दिसंबर तक रेलवे रोड स्थित सिगनस अस्पताल के समीप लिबर्टी पार्क में लगाईगई है। इसका समय सुबह 11 बजे से सायं सात बजे तक का है। सेल का शुभारंभ हैड चैनल सेल्स रामनाथ वर्मा ने विधिवत तरीके से किया।

उन्होंने बताया कि सेल में लिबट्री कंपनी ने बहुत ही किफायती दामों पर उच्च क्वालिटी के जूते व एसेसरीज



उपलब्ध करवाई है। जिसमें बच्चों के खूबसूरत जूते, लेडिज के लिए सुंदर सुंदर डिजाइन की चप्पलें, पुरुषों के लिए फारचून व स्पोर्टसशूज, लेडिज बैग, जेंट्स पर्स, बच्चों के लिए जुराबें, लेपटाप बैग, स्टोली बैग सभी एक ही छतके नीच उपभोक्ताओं को उपलब्ध होंगे। कंपनी के जनसंपर्क अधिकारी वीपी सिंह ने बताया कि ग्राहकों की सुविधा के लिए सीसीटीवी कैमरे भी लगवाए गए हैं ताकि कोई अप्रियघटना न हो। उपभोक्ता बेफिक्र होकर यहां अपनी पसंद का सामान खरीद सकते हैं।

## दीवाली फेस्ट में लगा फैशन परेड का तड़का


गुरुग्राम के एसजीटी यूनिवर्सिटी में आयोजित दीवाली फेस्ट में फैशन परेड में भाग लेते छात्र-छात्राएं।

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

**एसजीटी** यूनिवर्सिटी की 17 संकायों के 250 से भी अधिक छात्रों ने दीवाली फेस्ट के अवसर पर ढाई घंटे लम्बा एक भव्य रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किया, जो कि पर्व के आनंद और उल्लास का प्रतीक रहा।

दीवाली फेस्ट-2019 की खास बात यह थी कि सारा आयोजन छात्रों ने स्वयं किया था। गणेश वंदना से पहले पारम्परिक दीप प्रज्ज्वलन भी विभिन्न संकायों के चयनित मेधावी छात्रों ने किया था। विश्वविद्यालय के परिसर में आयोजित इस फेस्ट में एक दर्जन से भी ज्यादा आकर्षक नृत्य और संगीत के कार्यक्रम प्रतुत किये गए जिनकी शुरुआत राम वंदना नृत्य नाटक से हुयी। उसके बाद राष्ट्रीय और अंतर राष्ट्रीय नृत्यों का मोहक श्रृंखला पेश की गई। इस मौके पर यूनिवर्सिटी के चेयरमैन मनमोहन चावला, चेयरपर्सन मधुप्रीत कौर, दशमेश ट्रस्ट के सीईओ प्रोफेसर रिजवान मुस्सना, प्रो. चांसलर प्रोफेसर श्यामलाल सिंगला, प्रो. वीसी प्रोफेसर जीएस टूटेजा, रजिस्ट्रार डाक्टर एनएन गुप्ता आदि ने कार्यक्रम को खूब सराहा। पर्यावरण सुरक्षा का सन्देश देता हुआ नृत्य नाटक अमृत कल्पतरू उनकी याद दिला गया, जिन्होंने मध्य काल में पेड़ों और वनस्पति की सुरक्षा के लिए अपने प्राणो तक की आहुति दे दी थी। रेट्रो फिल्मी नृत्य, दक्षिण भारत के नृत्य और कॉमेडी लघु नाटक ने सैकड़ों की संख्या में उपस्थित विद्यार्थियों और शिक्षकों को बांधे रखा। यूनिवर्सिटी के दीवाली फेस्ट में एक मोहक और सजीला फैशन शो भी प्रस्तुत किया गया, जिसमें सभी पोशाके और असेसरीज फैशन डिजाइन संकाय के विद्यार्थि ने इन हाउस बनाया था।

### आरक्षण समाप्त करना चाहती है भाजपा सरकार : मायावती

**सोहना।** बहुजन समाज पार्टी मुखिया मायावती ने कहा कि केन्द्र की भाजपा सरकार आरक्षण समाप्त करने की योजना बना रही है। आज निजीकरण में भी आरक्षण नहीं दिया जा रहा है। आरक्षण समाप्त होने से दलितों, गरीबों, मजदूर किसान और गरीबी स्तर पर जीवन जीने वाले सर्व सामज के परिजवारों की आर्थिक स्थित खराब हो जाएगी।

बहुजन समाज पार्टी सुप्रीमो मायावती ने शुक्रवार को सोहना के देवीलाल खेल स्टेडियम में चुनावी सभा को संबोधित किया। मायावती ने अपने भाषण में केन्द्र की वर्तमान सरकार और कांग्रेस को निशाना बनाया। उन्होंने कहा कि दोनों ही पार्टियों दलित, मजदूर, अल्पसंख्यकों का भला नहीं चाहते हैं। मंडल कमिशन आयोग की रिपोर्ट को कांग्रेस ने अपने शासनकाल में लागू नहीं किया। हरियाणा व केन्द्र की भाजपा सरकारों ने पूंजीपतियों और धनवानों का भला करने का काम किया है।

## लिंगानुपात को जड़ से समाप्त किए बिना बेटी का सम्मान नहीं : मुंद्रा


सोहना के राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक स्कूल में छात्राओं को प्रेरित करतीं शैलीब्रेट्री महिला मुंद्रा कुमारी।

पायनियर समाचार सेवा। सोहना

**बेटियों** के मान-सम्मान के लिए लिंगानुपात में किसी प्रकार का भेदभाव न करें। समाज में फैली कुरीतियों को एकता के बल पर समाप्त करना होगा। यह बात शुक्रवार को सोहना के राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक स्कूल में किडनी डोनर मुंद्रा कुमारी ने कही।

सोहना के राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक स्कूल में आयोजित बालिका मंच में अलग-अलग उपलब्धियां प्राप्त करने वाली युवतियों-महिलाओं ने अपनी-अपनी कामयाबी की चर्चा करते हुए छात्राओं को जीवन में अच्छा बनने के लिए प्रेरित किया। मुख्यवक्ताओं में सोहना की तीन बेटियां तमन्ना, विधि व हसीबा थीं। जो स्थानीय स्कूल से शिक्षा प्राप्ति के बाद हाई एजुकेशन प्राप्त कर रही हैं। इनके अलावा शिक्षिका, किडनी डोनर मुंद्रा कुमारी मौजूद रहीं। तमन्ना, विधि और हसीबा ने आत्मविश्वास, शिक्षा और स्वास्थ्य पर विचार रखे। मुंद्रा कुमारी ने बताया कि समाज में आज भी कुरीतियां बची हैं। ऐसे लोग भी हैं, जो बेटियों को जन्म देने में हिचकते हैं। इस लिंगानुपात को समाप्त करने हुए बेटियों को जीने और मान-सम्मान से जीने का हक देना होगा। बेटियों ने देश का नाम रोशन करने में बेटों से पीछे नहीं हैं, लेकिन जो लोग बेटियों को कामकाजी महिलाएं, पत्नी, बच्चा पैदा करने वाली महिला, जैसी भावना से अपने पास रखते हैं।

ऐसे लोगों को सबक सिखाने के लिए बेटियों को शिक्षा प्राप्ति के बाद उच्चाधिकारी बनकर, देश भक्ति में आगे बढ़कर, विज्ञान के क्षेत्र में आगे आकर और अपने बलबूते पर समाज में पहचान बनकार देने की जरूरत है। इस अवसर पर स्कूल प्रधानाचार्य सुनील कुमारी ने वक्ताओं के विचारों पर ध्यान देते हुए जीवन में बनने के लिए प्रण लेने के लिए प्रेरित किया।

# करवा चौथ की रात कर दी नवविवाहित पत्नी की हत्या

पायनियर समाचार सेवा। बल्लभगढ़

**यहां** के आदर्श नगर में बीती रात करवा चौथ के त्यौहार के दौरान एक व्यक्ति ने अपनी नवविवाहित पत्नी की गला घोटकर हत्या कर दी। पति-पत्नी के बीच घरेलू कारणों से कुछ विवाद हुआ था। मृतका के परिजनों ने उसकी सास पर भी हत्या में सहयोग करने का आरोप लगाया है। मृतका की सास भी उसे लगातार प्रताड़ित कर रही थी।

थाना आदर्श नगर में दर्ज मामले के मुताबिक दिल्ली निवासी रमेश कुमार ने शिकायत में कहा है कि उसकी विधवा भाभी पुष्पा देवी और भतीजी रोशनी उनके साथ ही रहती थी। उन्होंने अपनी भतीजी रोशनी का रिश्ता आदर्श नगर में रहने वाले प्रदीप के साथ किया था। प्रदीप यहां के एक निजी अस्पताल में काम करता है।


रोशनी का फाइल फोटो

गत मई में हुए विवाह के दौरान उसने अपनी हैसियत से बढ़कर दान-दहेज भी दिया था। विवाह के कुछ दिनों बाद ही ससुराल वालों ने रोशनी को परेशान करना शुरू कर दिया था। रोशनी की सास आए दिन किसी न किसी बहाने उसे परेशान करती रहती थी। रोशनी के बताने पर उसने ससुराल वालों को समझाने का प्रयास किया, लेकिन उन्होंने अपना व्यवहार नहीं बदला। बीती रात उन्हें सूचना मिली कि रोशनी की तबीयत खराब है। वह अपने परिजनों के साथ तुरंत यहां पहुंच गया। यहां उसने देखा कि रोशनी मृत हालत में जमीन पर पड़ी हुई। पूछने पर पता चला कि प्रदीप ने गला घोट कर रोशनी की हत्या कर दी।

का आरोप है कि प्रदीप ने अपनी मां के कहने पर रोशनी की हत्या की है। हत्या के दौरान प्रदीप की मां ने भी उसका पूरा सहयोग किया है। शव पोस्टमॉर्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया गया है। पुलिस आरोपी प्रदीप और उसकी मां के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज कर आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस मामले की जांच-पड़ताल कर रही है।

# पृथला के लोग मजबूत सरकार में हिस्सेदार बनें : राजनाथ

## राजनाथ सिंह ने पृथला विधानसभा के भाजपा प्रत्याशी सोहनपाल छोकर के समर्थन में छायंसा में एक बड़ी जनसभा को किया संबोधित




पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**केंद्रीय** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि प्रदेश में बहुमत के साथ भाजपा की सरकार बनेगी। इसलिए पृथला में भी कमल खिलाना जरूरी है। वे चाहते हैं कि पृथला की जनता को एक मजबूत सरकार में हिस्सेदारी मिले और यहां का तेजी से विकास हो।

राजनाथ सिंह ने पृथला विधानसभा के भाजपा प्रत्याशी सोहनपाल छोकर के समर्थन में छायंसा में एक बड़ी जनसभा को संबोधित करते हुए केंद्र में मोदी सरकार है और राज्य में मनोहर जी की सरकार है, तो पृथला में भी भाजपा विधायक का होना बहुत जरूरी है। हमने सोहनपाल सिंह को प्रत्याशी बनाया है। ये पढ़े-लिखे और हर तरह से आपकी सेवा के काबिल हैं। इसलिए इन्हें भारी मतों से जिताकर विधायक बना दो। अगर आपने इन्हें आशीर्वाद दिया तो इन पर हमारा और मोदीजी का भी आशीर्वाद रहेगा।

सोहनपाल छोकर ने कहा कि प्रदेश में भाजपा की सरकार बनना तय है। इसलिए पृथला वासियों को कोई चूक नहीं करनी चाहिए। अगर आपने ये मौका गंवा दिया, तो राज्य सरकार और केंद्र सरकार से लिंक टूट जाएगा और पांच साल आपको इंतजार करना पड़ेगा। इस अवसर पर पूर्व विधायक टेकचंद शर्मा, पूर्व विधायक शारदा राठौर, सुरेंद्र तेवतिया, हुकुम सिंह भाटी, गोपाल शर्मा, सुखबीर मलेरना, पवन रावत, बलदेव अलावलपुर, हरेंद्र राणा मौजूद रहे।

COPY OF ADVERTISEMENT (PERFORMA)
Company Name: MANOCHA POLYMERS LIMITED
Regd. Office: K-93, UDYOG NAGAR, NEW DELHI - 110041
NOTICE
Notice is hereby given that share certificates of Manocha Polymers Limited having CINNo. U74899DL1985PLC020248 and its Registered Office at -93, UDYOG NAGAR, NEW DELHI - 110041held in the name of following person as per detail given herein below have been lost or misplaced or stolen and a request for duplicate certificate in lieu thereof has been lodged with the said company by the respective member.
DETAIL OF LOST SHARE CERTIFICATES:

| S. No. | Folio No. | Name | Share certificate No. | Distinctive No. |
|---|---|---|---|---|
| 1 | D0104 | Dharm Chand Manocha | 5, 96 -101 and 3442 | 41-51, 83851- 84150 and 587891 – 590060 |
| 2 | L0102 | LADHA RAM | 829 - 832 and 3486 | 120501 - 120700 and 883431 - 884830 |
| 3 | S02 | SATISH MANOCHA | 2, 9, 2118 to 2317, 2781- 2840, 3552 | 11-20, 3381 – 6690, 184951 – 194950, 218101 – 221100 and 1239591 – 1353830 |
| 4 | S03 | SURESH KUMAR | 7, 17 and 3553 | 61-70, 60001-70000 and 1353831 – 1423900 |
| 5 | D0105 | DAYAWANTI MANOCHA | 167 - 176, 1347 - 1426 and 3443 | 87401 - 87900, 146401 - 150400 and 590061 – 621560 |
| 6 | K0103 | Kaushalya Manocha | 197 to 206, 1027 to 1106 | 88901 to 89400, 130401 to 134400 |
| 7 | M0103 | MOHAN LAL | 3489 | 893231 - 894630 |
| 8 | S0131 | SONIA MANOCHA | 1518 to 1717 | 154951 to 164950 |
| 9 | 2/2 | SURESH RANI | 1267 to 1346 and 3550 | 142401 - 146400 and 1188351 - 1216350 |
| 10 | B01 | BRIJ MANOCHA | 3, 10 and 1878 to 2117 | 21-30, 6691 – 10000 and 172951 to 184950 |
| 11 | R0101 | RAKESH KUMAR | 4, 108-111 and 2318 to 2517 | 31-40, 84451 – 84650 and 194951 to 204950 |
| 12 | S0133 | SHASHI SONI | 11 to 11A | 10001 to 30000 |

Members of the public are informed that said company will consider issuing duplicate share certificate (S) if no objection is received at its above registered office within 15 days of this notice after which no claim will be entertained by them.

LOST & FOUND
It is notified for the information that my Original Examination Certificate of Main Secondary School Examination (X) of Year 2008 and Roll No. 5194011/ Senior Secondary Examination (XII) of Year 2010 and Roll No. 5682153 issued by CBSE has been actually lost. Name of the Candidate Swapnil Gupta Full Address WZ-227, Sri Nagar, Shakur Basti, Delhi-110034.

## स्मार्ट सिटी के नाम पर भाजपा ने जनता से धोखा किया: विजय प्रताप

# भाजपा ने संत रविदास मंदिर तुड़वाया : प्रदीप आदित्य जैन

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**कांग्रेस** के पूर्व वित्त राज्यमंत्री प्रदीप आदित्य जैन ने कहा कि दिल्ली में संत रविदास मंदिर को तोड़ा गया, जो गलत है। यह जन भावनाओं के साथ खिलवाड़ है। हम इस मंदिर की एक इंच भूमि भी नहीं जाने देंगे, चाहे इसके लिए हमें अपनी जान ही क्यों न देनी पड़े। जैन ने कहा कि बड़खल विधानसभा क्षेत्र के कांग्रेस प्रत्याशी विजय प्रताप सिंह एक युवा एवं ऊर्जावान प्रत्याशी हैं, जो जन भावनाओं को समझता है। इसलिए इस बार जुमलों एवं बहकावे में न आएं और ऐसे प्रत्याशी को चुनें, जो आपके काम आ सके।



प्रदीप आदित्य जैन नेहरू ग्राउंड में पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। जैन ने कहा कि भाजपा ने गरीबों की भावनाओं को ठेस पहुंचाई है और धर्म व जाति के नाम पर लोगों को लड़ाया है। इस बार क्षेत्र की जनता इनको आइना अवश्य दिखाएगी। उन्होंने कहा कि हरियाणा में कांग्रेस सत्ता में काबिज होने जा रही है और एक मजबूत सरकार बनाएगी, जो प्रदेश के विकास की नई गाथा लिखेगी।

कांग्रेस प्रत्याशी विजय प्रताप ने शुक्रवार सेक्टर-48, नेहरू ग्राउंड मार्किट, एनएच 2बी पार्क, एनएच तीन, इरोज, शिव दुर्गा विहार, बीकानेर स्वीट्स, लकड़पुर पुलिया, डी ब्लॉक गुरुद्वारा, डी-1 ब्लॉक, दयाल नगर, हाउसिंग बोर्ड सेक्टर-48 में ताबड़तोड़ नुक्कड सभाओं को संबोधित करते हुए कहा कि भाजपा ने पांच साल स्मार्ट सिटी के नाम पर लोगों को बेवकूफ बनाने का काम किया है। क्षेत्र की हालत आप देखेंगे, तो आप स्वयं जान जाएंगे कि किस तरह की स्मार्ट सिटी बनाने का दावा भाजपा कर रही है। विजय प्रताप ने कहा कि पिछले पांच वर्षों में बड़खल विधानसभा का जो बुरा हाल हुआ है, वो किसी से छुपा नहीं है। स्मार्ट की तो छोड़ो, बड़खल विधानसभा का वास्तविक स्वरूप भी इन्होंने बिगाड़कर रख दिया है। परंतु एक बात की दाद देनी पड़ेगी, जो कभी जनता को दुत्कारते थे, आज उसी जनता के सामने उनको वोट मांगने के लिए हाथ जोड़ने पड़ रहे हैं।

विजय प्रताप सिंह ने कहा कि उनके पिता एवं पूर्व मंत्री चौ. महेन्द्र प्रताप को आप लोगों ने हमेशा प्यार और आशीर्वाद देकर जिताया था। आज मैं आपके सामने खड़ा हैं। मुझ पर भी अपनी कृपा बरसा दो। मैं आपसे वायदा करता हूं कि आपको कभी निराश नहीं करूंगा। उन्होंने उपस्थित जनसमूह से अपील की कि आने वाली 21 अक्टूबर को पंजे के चुनाव चिन्ह का बटन दबाकर विकास की गाथा लिखने में अपना योगदान दें।

विजय प्रताप ने कहा कि भाजपा विधायक राष्ट्रीय मुद्दों पर चुनाव लड़ रही हैं, उनकी अपनी झोली में कुछ नहीं है। वो क्षेत्र की जनता को बेवकूफ समझ रही हैं। मगर लोग भली-भांति जानते हैं कि हमारी स्थानीय समस्याओं का हल हमारे बीच का नेता, हमारा अपना ही कर पाएगा। विजय प्रताप ने सेक्टर-48 वासियों को भरोसा दिलाया कि यहां पर स्कूल, बारातघर, हेल्थ सेंटर बनवाया जाएगा।

ऋण वसूली न्यायाधिकरण
II, दिल्ली
चतुर्थ तल, जीवन तारा बिल्डिंग, संसद मार्ग, नई दिल्ली-110001
बिक्री सूचना की उद्घोषणा
निम्नलिखित सम्पत्ति आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड विरूद्ध जे बी के डवलपर्स प्राइवेट लिमिटेड ओ.ए. नंबर 223/2018 तथा आई.ए. नंबर 208/19 के मामले में बकाया राशि की वसूली के लिए "जैसा है जहां है आधार" तथा "जैसा है जो है आधार" पर नीलामी के माध्यम से बेची जाएगी।
1. सम्पत्ति का वर्णन :
मेक : जगुआर
रजि. नंबर : UP16AN2345
विनिर्माण वर्ष : 2012
सुरक्षित मूल्य – रू. 18,45,000/-
ईएमडी – रू. 1,84,,500/-
2. नीलामी की तिथि एवं समय : 30-10-2019 पूर्वा. 11.00 बजे
3. नीलामी स्थान : रिधी गोदरा यार्ड, कटारिया चौक, सेक्टर-17, सुखराली गांव एयर फोर्स स्टेशन की पीछे, गुड़गांव
4. मैनेजर : श्री शंकर कपूर
मोबाइल नंबर : 9650193259
बिक्री की शर्तें
उक्त आस्ति का यहां ऊपर विनिर्दिष्ट विवरण अधोहस्ताक्षरी की सर्वश्रेष्ठ जानकारी एवं ज्ञान के अनुसार वर्णित किया गया है, जो तथापि, उक्त विवरण में किसी त्रुटि, मिथ्याकथन अथवा विलोपन के लिए उत्तरदायी नहीं होंगे।
अतएव इच्छुक प्रतिभागी/प्रतिभागियों से उनके अपने हित में अनुरोध है कि वे बोली देने से पहले उक्त आस्ति और उससे संबंधित अन्य विवरण के बारे में अपनी संतुष्टि कर लें।
इच्छुक बोलीदाताओं को संबंधित वाहन हेतु उपरिवर्णित अनुसार धरोहर राशि आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, दिल्ली के पक्ष में तथा दिल्ली में देय पे ऑर्डर/डिमांड ड्राफ्ट के रूप में जमा करनी होगी। सफल उच्चतम बोलीदाता को शेष राशि उसको अनुमोदन की सूचना दी जाने से 5 दिन के भीतर जमा करनी होगी।
ऊपर वर्णित अनुसार राशि जमा करने में असफल रहने पर, पहले जमा की जा चुकी धरोहर राशि की रकम जब्त कर ली जाएगी।
इच्छुक बोलीदाताओं से दिनांक 30 अक्टूबर, 2019 को भौतिक नीलामी में भाग लेने अथवा न्यायालय नीलामकार श्री शंकर कपूर को कॉल करने का अनुरोध किया जाता है।

BASERA AFFORDABLE LIVING REDEFINED
supertech Yours for Life
सफल आवेदकों की सूची
BASERA, अफॉर्डेबल ग्रुप हाउसिंग
BLOCK A, NIRVANA, PATIO CLUB, SECTOR-50, SOUTH CITY - II, GURUGRAM में, 3rd अक्टूबर 2019, वीरवार सुबह 11:00 बजे आयोजित BASERA अफॉर्डेबल ग्रुप हाउसिंग प्रोजेक्ट, सैक्टर 79 & 79B, डिस्ट्रिक्ट गुरुग्राम, मानेसर, अरबन कॉम्प्लेक्स स्थित फ्लैट्स के ड्रॉ के सफल आवेदकों की सूची।
1 BHK Apartments
Applications No.: 259, 182, 352, 118, 115, 431, 600, 489
2 BHK Apartments
Applications No.: 269, 708, 493, 504, 252, 403, 505, 529, 256, 043, 711, 253, 545, 542, 518, 316, 267, 421, 036, 515, 506, 251, 546, 508, 305, 422, 705, 522, 528, 209, 543, 038, 263, 555, 300, 544, 131, 262, 526, 297, 255, 731, 092, 195, 035, 540, 418, 254, 523, 709, 306, 11502, 169, 047, 704, 490, 527, 520, 355, 128, 039, 129, 511, 510, 351, 513, 514, 719, 311, 166, 495, 525, 507, 258, 703, 512, 127, 266,492, 501, 270, 519, 724, 145, 524, 208, 730, 494, 502, 309, 213, 260, 516, 261, 548, 521, 048, 126, 147, 541, 125
डिस्क्लेमर:
BASERA के फ्लैट्स का ड्रॉ हरियाणा अफॉर्डेबल हाउसिंग पॉलिसी के तहत रखे गए मापदंडो के आधार पर सरकारी अधिकारियों की निगरानी में किया गया है।
अधिक जानकारी के लिए www.supertechlimited.com पर लॉग ऑन करें जहाँ सफल आवेदकों की सूची, नाम व फ्लैट नम्बर सहित उपलब्ध है।
License No. - 163 & 164 of 2014 dated 12.09.2014
HARERA: 108 of 2017. Dated: 24.08.2017
M/s Revital Reality Pvt Ltd.
Corporate Office: Supertech House, B 28-29, Sector-58, Noida - 201307.
Site Address: Sector 79 & 79B, Gurugram, Manesar.
www.supertechlimited.com
*Conditions apply. All buildings, information, specification, etc. are tentative and subject to variation and modification by the company or the competent authorities sanctioning such plans. *1 sq.mtr. is equal to 10.764 sq.ft. & 1 sq.mtr. is equal to 1.969 sq.yd. Note: The details of approvals may be seen in our office.

# लोकगीत एवं नृत्य प्रतियोगिता का किया गया आयोजन



पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**सेक्टर** 49 स्थित सैनिक कालोनी स्थित डीएवी पब्लिक स्कूल में शुक्रवार को ब्रिटिश काउंसिल के आईएसए प्रोजेक्ट 'मूविंग रिद्महिमकली टू म्यूजिक' के अंतर्गत भारतीय सांस्कृतिक लोकगीत एवं लोकनृत्य प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें पुष्पिता मुखर्जी, पंडित ओमकार नाथ ठाकुर, स्वर्ण साधना, मंजू प्रसाद, सुखपाल, आस्था बतौर निर्णायक मौजूद रहे।

स्कूल के प्राचार्य बिमल कुमार दास ने पौधा देकर निर्णायकों का स्वागत किया। छात्रों ने विभिन्न लोकगीतों जैसे छतीसगढ़ी, भोजपुरी, पंजाबी प्रस्तुतियां दीं। गीतों की सुर-ताल ने ऐसा समां बांधा कि सभी दर्शक मंत्रमुग्ध होकर झूमने लगे। अफगानिस्तान का लोक नृत्य अट्टन प्रस्तुत किया गया। इसके बाद परम्परागत सांस्कृतिक महाराष्ट्र का लावणी लोकनृत्य, हरियाणवी, गुजरात का डांडिया रास, राजस्थान का कालबेलिया प्रस्तुत किया गया। लोकगीत प्रतियोगिता में सेक्टर 17 स्थित एमवीएन ने प्रथम, सेक्टर-37 डीएवी में द्वितीय स्थान प्राप्त किया। लोकनृत्य में सेक्टर-37 के डीएवी ने प्रथम और एनआईटी-तीन के डीएवी ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। प्राचार्य ने सभी विजेताओं व प्रतिभागियों को सम्मानित करते हुए कहा कि ब्रिटिश काउंसिल आईएसए प्रोजेक्ट एक ऐसा मंच है, जहां हम विद्यार्थियों को विभिन्न देशों की संस्कृतियों से परिचित करवाते हुए एक-दूसरे की संस्कृति का सम्मान व अनुसरण करने की प्रेरणा देते हैं।

## सूरजकुंड में ग्रिल से लटका मिला शव हत्या की आशंका

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**सूरजकुंड** की ग्रिल में लगे फंदे से पुलिस ने रहस्यमय हालत में एक अज्ञात युवक का लटका हुआ शव बरामद किया है। शव बुरी तरह सड़-गल चुका था।

सूत्रों के मुताबिक सूरजकुंड पर्यटन केंद्र के प्राचीन कुंड के आस-पास सुरक्षा की दृष्टि से लोहे की ग्रिल लगी हुई है। शुक्रवार को पर्यटन निगम एक कर्मचारी मेला परिसर के छत्तीगढ़ गेट के सामने से गुजर रहा था। तभी उसे तेज दुर्गंध आने लगी। उसने थोड़ी दूरी पर लगी लोहे की ग्रिल के पास जाकर देखा, तो वहां फांसी के फंदे से एक युवक का शव लटका हुआ था। शव बुरी तरह सड़-गल चुका था। सूचना मिलने पर पुलिस ने मौके पर पहुंच कर शव को अपने कब्जे में ले लिया।

पुलिस ने मृतक की पहचान के लिए आस-पास के इलाके में रहने वाले लोगों को मौके पर बुलाया, लेकिन उसे कोई नहीं पहचान पाया। मृतक की उम्र करीब 30 वर्ष के आस-पास बताई जा रही है। फिलहाल पुलिस ने शव पहचान के लिए मोरचरी में रखवा दिया है।

# बीमित व्यक्तियों के इलाज पर हुई चर्चा




**फरीदाबाद।** सेक्टर 16 स्थित ईएसआईसी रीजनल ऑफिस के सभागार में शुक्रवार को एक बैठक में क्षेत्रीय निदेशक रत्तेश कुमार गौतम और एसिक पैंशनर एसोसिएशन हरियाणा के प्रधान योगेश कुमार सैनी ने बीमित व्यक्तियों के इलाज में आने वाली समस्याओं पर चर्चा की।

बैठक में एसिक पैंशनर्स मुख्य रूप से मौजूद थे। बैठक में प्रधान योगेश कुमार सैनी ने क्षेत्रीय निदेशक रत्तेश कुमार गौतम से कहा कि 31 अक्टूबर के बाद से सेकेंड्री केयर के उपचार के लिए किसी भी बीमित व्यक्ति को दिल्ली-एनसीआर के पैनल वाले अस्पतालों में रेफर नहीं किया जाएगा। इस योजना में पैंशनर को शामिल न किया जाए। इसको लेकर उनको उच्च अधिकारियों से बात करनी चाहिए। इसके अलावा उन्होंने कहा कि पैंशनर के मेडिकल बिलों को समय पर पास करके भुगतान किया जाए। इस मीटिंग में उप निदेशक अशीष, उप निदेशक विनय दुबे, डिप्टी डायरेक्टर संजय राणा, डिप्टी डायरेक्टर सुनील, एसएमओ डॉ. एके गुप्ता, असोसिएशन हरियाणा के उप-प्रधान वीएस हाण्डा, जनरल सेक्रेटरी आरके शर्मा, खजांची पद के लिए तरसेम पाल भावड़ा, संयुक्त सचिव एमएस रावत व सतीश, मुख्य संरक्षक सरदार भान सिंह, स्पेशल एडवाइजर एसएस शर्मा व केएल गगनेजा मौजूद रहे।

RAMPUR FERTILIZERS LTD.
CIN: L15136UP1988PLC010084
Email id- rkumar@rampurfert.com
Regd. Off.: Judges Bareilly Road, Rampur-244901 U.P.
NOTICE OF BOARD MEETING
In pursuance of Regulaltion 47 of SEBI (LODR) 2015, Notice is hereby given that the meeting of the Board of Directors will be held on Thursday, the 14th November, 2019, at 4:00 P.M. at its Head Office: 319-A, Hemkunt Chambers, 89 Nehru Place, New Delhi - 110019, inter alia, to consider, approve and adopt unaudited Financial Results for the quarter ended on September 30, 2019 pursuant to Regulation 33 of LODR.
The said information is also available on the Company's website at www.rampurfert.com and the same has been also sent to CSE and MSE to upload on their websites i.e. www.cse-india.com, www.msei.in respectively.
By order of Board
Sd/-
Anshuman Khaitan
(Managing Director)
Place: New Delhi
Date: 18.10.2019

Public Notice
Notice is hereby given that Share Certificate No(s) 36435-36436 and 45472-45473 for 400 share(s) having Distinctive No (s) 4986501 – 4986700, 9939901 – 9940100 held under Folio No. 0002072 respectively of Merino Industries Limited., having its registered Office at 5, Alexandra Court, 60/1, Chowringhee Road, Kolkata – 700020 registered in the name of Shishupal Aka Shishupal lawani has been lost. I, now have applied to the Company for issue of duplicate share certificate(s) in lieu of the above. Any person having any objection to the issue of duplicate Share certificate(s) in lieu of the original share certificate(s) as aforesaid is requested to lodge his/her/their objection thereto with the Company at their above address or to its Registrars CB MANAGEMENT SERVICES (P) LTD., P-22, Bondel Road, Kolkata-700 019 in writing within 15 days from the date of publication.
Name & Address of the shareholder
SHISHU PAL
22A VRINDAVAN GARDEN
SAHIBABADGHAZIABAD
Place: Sahibabad, Ghaziabad
Date: 19/10/2019

THE KANGRA CO-OPERATIVE BANK LTD.
C-29, Community Centre, Pankha Road, Janakpuri New Delhi - 110058
Phone : 011-25611041, 25611042, 25611043, 25611044
e-mail: leagal@kangrabank.com, legal1@kangrabank.com Website : www.kangrabank.com
APPENDIX IV
[See rule 8(1)]
POSSESSION NOTICE
(For immovable property)
Whereas,
The undersigned being the Authorised officer of **"The Kangra Co- operative Bank Ltd."**, Head office at, C-29, Community Centre, Pankha Road, Janak Puri, New Delhi - 110058, having its registered office at 1916, Chuna Mandi, Pahar Ganj, New Delhi-110055, under the Securiti sation and Reconstruction of the Financial Assets & Enforcement of Security Interest Act, 2002, and in exercise of powers conferred under section 13(12) read with rule 9 of the Security Interest (Enforcement) Rules, 2002, the Bank had issued a demand notice on dated: 13-07-2018, calling upon the borrower and mortgagor Sh. Jagbir Singh S/o. Sh. Jeet Singh, R/o. H.No. 11/1125, Top Floor, Right Side, Govind Puri, New Delhi-110019 and also at M/s Samrat Car Rental, Shop No.38, Mini Market, DDA Flats, Kalkaji, New Delhi-110019, to repay the amount mentioned in the notice being ₹10,30,120/- (Rupees Ten Lakhs Thirty Thousand One Hundred Twenty only), together with further interest, penal interest and other charges as are applicable to this Loan account from time to time, from the date of the notice till the date of payment, with in 60 days from the date of receipt of the notice.
The above mentioned borrower/mortgagor/surety having failed to repay the amount, notice is hereby given to the borrower and the public in general that the Bank has taken possession of the property described here in below in exercise of powers conferred under section 13(4) of the said Act read with rule 9 of the said rules, on this 15THday of October'2019.
The borrower/mortgagor/surety in particular and the public in general is hereby cautioned not to deal with the mortgaged property and any dealings with the property will be subject to the charge of **"The Kangra Co-operative Bank Ltd."**, for an amount of ₹10,30,120/- together with further interest, penal interest and other charges as are applicable to this Loan account from time to time, from the date of notice till the date of realization together with all the costs incurred by the Bank in realizing the said amount.
DESCRIPTION OF THE PROPERTY

| | |
|---|---|
| The property under consideration is built up Right Side Terrace of 3rd. Floor, area measuring 75 sq. yds. | All the part and parcel of the built up property right side terrace rights of third floor (top floor), Consisting of two bed rooms, drawing/dinning, One kitchen, two toilet/bathrooms and balcony of built-Up property no.1125, Gali No.11, out of khasra no.93, Measuring 75 sq. yds. (62.7 sq. mtrs.), out of total Measuring 150sq. ydrs., situated at Govind Puri, Kalakaji, New Delhi-110019. |

All the part and parcel of the built up property right side terrace rights of third floor (top floor), Consisting of two bed rooms, drawing/dinning, one kitchen, two toilet/bathrooms and balcony of built-Up property no.1125, Gali No.11, out of khasra no.93,Measuring 75 sq.yds. (62.7 sq. mtrs.), out of total Measuring 150 sq.ydrs., situated at Govind Puri, Kalakaji, New Delhi-110019. Falling under the Registration of Sub-Registrar -V, New Delhi.
(MEENAKSHI VATS)
AUTHORISED OFFICER
THE KANGRA CO-OPERATIVE BANK LTD.
HEAD OFFICE AT, C-29, COMMUNITY CENTRE, PANKHA ROAD, JANAKPURI, NEW DELHI-58.
DELHI.
DATED: 15-10-2019.

# पेट्रोलिंग व नाका पार्टी को सीपी ने दिए सख्त निर्देश

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**निष्पक्ष,** शातिपूर्वक एवं पारदर्शी चुनाव कराने के लिए पुलिस द्वारा पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। पुलिस आयुक्त केके राव ने शुक्रवार को पेट्रोलिंग और नाका टीमों में शामिल पुलिस अधिकारियों की एक बैठक लेकर कई तरह के दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने इंटर स्टेट व इंटर डिस्ट्रिक्ट नाके चुनाव से 72 घंटे पहले ही लगाने के निर्देश दिए। एसीपी तिगांव, बड़खल और पृथला को इंटर स्टेट पुलिस (दिल्ली, युपी) के साथ समन्वय बनाए रखने के निर्देश दिए।





**शराब की दुकानें बंद:** पुलिस आयुक्त राव ने बताया कि विधानसभा चुनाव के दौरान जिला के सभी बॉर्डर एरिया पर कड़ी नजर रहेगी। सभी बॉर्डर पॉइंट पर नाके लगाकर एंट्री व एग्जिट स्थान पर सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं और सुरक्षा चाक-चौबंद रहेगी। सरकार के आदेशानुसार 19 अक्टूबर सायं 6.00 बजे से 21 अक्टूबर सांय 6.00 बजे तक सभी शराब की दुकानें बंद रहेगी। मतगणना वाले दिन 24 अक्टूबर को भी शराब की सभी दुकाने बंद रहेगी एंव ड्राई-डे घोषित किया जाएगा। सभी प्रबंधक थाना इन आदेशों की पालना सख्ती से करवाएंगे।

**छह हजार जवान तैनात:** बूथ, नाका, पेट्रोलिंग और अन्य डयूटियों पर करीब छह हजरी पुलिसकर्मी तैनात किए गए हैं। नाकों पर सभी पुलिसकर्मी प्रत्येक वाहन की गहनता से जांच करेंगे। किसी भी वाहन में शस्त्र, विस्फोटक पदार्थ, शराब इत्यादि न हो। यदि किसी वाहन से शस्त्र, विस्फोटक पदार्थ, शराब आदि बरामद होती है, तो तुरंत उस वाहन, शस्त्र, शराब को जब्त करेंगे। मतदान के दिन चुनाव आयोग के द्वारा वाहन संबंधित निर्देशों की सख्ती से पालना कराएंगे। मतदान के दिन केवल वहीं वाहन चलेंगे, जिस पर चुनाव अधिकारी द्वारा जारी असल परमिट होगा। परमिट फोटो प्रति मान्य नहीं होगी। यदि कोई वाहन परमिट की फोटो प्रति लिए हुये है, तो उसे तुरंत जब्त किया जाएगा। यदि कोई वाहन नाका तोडकर भागने का प्रयास करता है, तो इसकी सूचना तुरंत संबधित गश्त पार्टी व नियन्त्रण कक्ष को दी जाएगी।

## पुलिस का फ्लैग मार्च

एसीपी तिगांव भगतराम ने थाना सदर, थाना छायसा, थाना तिगांव मे पडने वाले गांव के एरिया में फ्लैग मार्च और एरिया डोमिनेशन किया। इसी तरह एसीपी मुजेसर राधे श्याम ने सेक्टर 58 के एसएचओ विनोद, थाना मुजेसर के एसएचओ संदीप, धौज के एसएचओ कर्मबीर के साथ फ्लैग मार्च और एरिया डोमिनेशन किया।

# किसी भी उभरते खतरे से निपटने के लिए मित्रों के साथ साझेदारी करना जारी रखेंगे : सेना प्रमुख

## ● हम अपने पड़ोस के साथ-साथ वृहद क्षेत्र में भी शांति और स्थिरता के लिए प्रतिबद्ध हैं

**एजेंसी।** नई दिल्ली




**थलसेना** प्रमुख जनरल बिपिन रावत ने शुक्रवार को कहा कि भारत पड़ोस के साथ-साथ वृहद क्षेत्र में शांति और स्थिरता के लिए प्रतिबद्ध है और सेना किसी भी तरह के उभरते खतरों से निपटने के लिए अपने मित्रों के साथ साझेदारी करना जारी रखेगी।

रावत ने रक्षा अताशे के चौथे सम्मेलन में यहां कहा, हम केवल आकार के आधार पर ही नहीं, बल्कि हमारे वृहद लड़ाकू अनुभव, हमारी पेशेवर दक्षता और अन्य गुणों के कारण दुनिया के अग्रणी सशस्त्र बलों में से एक हैं। उन्होंने कहा, इसी वजह से हमारे अन्य विशिष्ट लोकाचार हैं। हम अपने पड़ोस के साथ साथ वृहद क्षेत्र में भी शांति और स्थिरता के लिए प्रतिबद्ध हैं और हम अतीत की ही तरह आगे भी किसी भी तरह के उभरते खतरों से निपटने के लिए हमारे मित्रों के साथ साझेदारी करना जारी रखेंगे। नौसेना प्रमुख एडमिरल करमबीर सिंह ने भी सम्मेलन में हिस्सा लिया। उन्होंने अपने संबोधन में समुद्री डकैतों जैसे समुद्री खतरों का हवाला दिया है जिनका अंतरराष्ट्रीय स्तर पर असर पड़ता है। उन्होंने समुद्री सहयोग बढ़ाने और विश्व में सामूहिक सैन्य दक्षता का लाभ उठाने की भी वकालत की। सिंह ने कहा, नौसेना हिंद महासागर क्षेत्र में समान विचारों वाले सदस्यों के साथ सहयोग बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध है और सहयोग संबंधी हमारा लोकाचार प्रधानमंत्री द्वारा व्यक्त पांच स (एस) से - सम्मान, संवाद, सहयोग, शांति एवं समृद्धि - से निर्देशित होता है।

इससे पहले थलसेना प्रमुख ने अपने संबोधन में रक्षा उद्योग से भी अपील की कि वह सशस्त्र बलों को समाधान मुहैया कराए। उन्होंने कहा, हम जब एक अनिश्चित एवं जटिल दुनिया में सुरक्षा के हमारे मार्ग पर मौजूद चुनौतियों से निपटने की तैयारी कर रहे है, ऐसे में हम चाहते हैं कि रक्षा उद्योग समाधान मुहैया कराए ताकि हमारे रक्षा बलों की आवश्यकताएं पूरी हो सकें। रावत ने कहा कि हर देश शांति, स्थिरता एवं व्यवस्था बनाए रखने के लिए सशस्त्र बलों या मुझे कहना चाहिए मजबूत सशस्त्र बलों को बनाए रखता है। उन्होंने कहा, शांति एवं स्थिरता बनाए रखने के लिए सशस्त्र बलों को जब भी बुलाया जाए, वे तब अपने उद्देश्य को पूरा करने में सक्षम हों, इसके लिए आपको एक बहुत दक्ष एवं सशक्त मानवबल, सैनिकों, नौसैन्यकर्मियों और वायुसेनाकर्मियों की आवश्यकता है। अच्छा प्रशिक्षण और अच्छी गुणवत्ता के हथियार एवं उपकरण जवानों को सशक्त करते हैं।

सेना प्रमुख ने कहा कि वैश्वीकरण के इस दौर में उभरते खतरों का सामना करने के लिए रक्षा संबंधी तैयारियों के लिए साझी जिम्मेदारियों की प्रणाली को मजबूत करना होगा। उन्होंने कहा कि इस संदर्भ में भारतीय उद्योग को मित्रवत अन्य देशों, रक्षा विशेषज्ञों या सैन्य विशेषज्ञों की रक्षा जरूरतों को पूरा करने में खुशी होगी। उन्होंने कहा, सभी भागीदारों के साथ बातचीत करने के लिए आर्मी डिजाइन ब्यूरो के माध्यम से इस तरह की पहल को संभव बनाने में हमें खुशी होगी। रावत ने कहा, हम सिर्फ अपने रक्षा बलों के लिए ही हथियार नहीं बना रहे हैं, बल्कि हम अब निर्यात करने वाले रक्षा उद्योग के रूप में उभर रहे हैं। उन्होंने अपने भाषण में फरवरी 2020 में होने वाले अगले डिफेंस एक्सपो का जिक्र भी किया।



केरल के अलप्पुझा में भ्रमण करते नीदरलैंड्स के राजा विलेम-अलेक्जेंडर और रानी मैक्सिमा

# भारतीय नौसेना समान विचारधारा वाली नौसेनाओं से सहयोग बढ़ाने के लिए तैयार है : एडमिरल सिंह

**एजेंसी।** नई दिल्ली

**नौसेना** प्रमुख एडमिरल करमबीर सिंह ने मंगलवार को कहा कि समुद्री डकैती और मादक पदार्थों की तस्करी जैसे समुद्री खतरों की अंतरराष्ट्रीय प्रकृति है और उन्होंने एक दूसरे की सर्वोत्तम नौसेना कार्यप्रणाली को जानने के लिए सामूहिक सैन्य क्षमता को अपनाने पर जोर दिया। उन्होंने यहां चौथे रक्षा सम्मेलन को संबोधित करते हुए कि भारतीय नौसेना हिंद महासागर क्षेत्र में समान विचारधारा वाली नौसेनाओं के साथ सहयोग और भागीदारी बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध है। सिंह ने कहा, समुद्री सेनाओं के लिए सहयोग एक बहुत ही महत्वपूर्ण शब्द है और समुद्रों की प्रकृति ऐसी है कि वे बांटते नहीं हैं बल्कि एकजुट करते हैं और उन्हें संपर्क का राजमार्ग कहा जाता है। इसलिए नौसेना स्वाभाविक रूप से एक सहयोगी कार्यक्षेत्र में काम करती है। उन्होंने कहा कि समुद्र के विशाल विस्तार के चलते नौसेना यह अनुभव भी कर पाती है कि यहां कोई भी अकेला नहीं है, और इसलिए यह बात नौसेना के डीएनए में शामिल है। नौसेना प्रमुख ने कहा, यहां कई सामुद्रिक जोखिम और साझा चुनौतियां हैं। उदाहरण के लिए समुद्री डकैती, जहां हमला एक देश में होता है और जहाज में लदा माल दूसरे देश में पहुंच जाता है।



पटना में राज्य सरकार के खिलाफ विरोध प्रदर्शन कर रहे अखिल भारतीय जनतंत्र पार्टी के कार्यकर्ताओं को नियंत्रित करने का प्रयास करते पुलिसकर्मी

# सचिन पायलट ने निकाय प्रमुखों के चुनाव संबंधी फैसले पर सवाल खड़े किए

**एजेंसी।** जयपुर

**राजस्थान** के उपमुख्यमंत्री सचिन पायलट ने स्थानीय निकायों में बिना वार्ड पार्षद बने निकाय प्रमुख बनाए जाने के स्वायत्त शासन विभाग के फैसले पर सवाल खड़ा करते हुए शुक्रवार को कहा कि यह अच्छा निर्णय नहीं है। उन्होंने इस निर्णय से असहमति व्यक्त करते हुए कहा कि इस पर न तो मंत्रिमंडल की बैठक में चर्चा की गई और न ही कांग्रेस विधायक दल की बैठक में।राजस्थान के दो अन्य मंत्रियों ने भी अपने अलग-अलग बयानों में कहा है कि इस फैसले से पार्टी कार्यकर्ताओं में असंतोष पैदा होगा लेकिन मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने इस कदम का बचाव करते हुए दावा किया कि सभी की भावना सुशासन देने वाली है और पूरी सरकार उसी में जुटी है। झुंझुनूं में संवाददाताओं से बातचीत में पायलट ने कहा, मैं समझता हूं कि हम लोगों ने पहले सीधा चुनाव करने की बात कही थी, उस निर्णय को हमने बदल कर कहा कि दोबारा अप्रत्यक्ष चुनाव हों वहां तक तो ठीक था, लेकिन जो नया निर्णय शहरी विकास मंत्रालय का आया है, मुझे लगता है कि वह निर्णय मंत्रालय ने लिया है और इसकी चर्चा न तो मंत्रिमंडल में हुई है और न ही विधायक दल की बैठक में हुई है। उन्होंने कहा, यह अच्छा फैसला नहीं है और मैं इससे सहमत नहीं हूं। निर्णय व्यावहारिक नहीं है और राजनीतिक रूप से अच्छा नहीं है। इस निर्णय में बदलाव करने की आवश्यकता है।

खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री रमेश मीणा और परिवहन मंत्री प्रताप सिंह खाचरियावास ने भी अलग-अलग बयानों में नए फैसले को लेकर अपनी आशंका व्यक्त करते हुए बृहस्पतिवार को कहा था कि इससे पार्टी कार्यकर्ताओं में नाराजगी हो सकती है। परिवहन मंत्री खाचरियावास ने कहा था कि यह क्षेत्र में काम करने और पार्षद चुनाव जीतने वालों के साथ अन्याय होगा। जब मुख्यमंत्री से दो मंत्रियों की आशंकाओं के बारे में पूछा गया तो मुख्यमंत्री गहलोत ने इस कदम का बचाव किया। गहलोत ने कहा कि हर व्यक्ति की भावना एक ही है और वह है अच्छा सुशासन देने की। गहलोत ने झुंझुनूं में संवाददाताओं से कहा कि मंत्रिमंडल, सभी विधायक और पूरी सरकार इसमें शामिल है। स्थानीय निकायों के चुनावों के बाद पंचायती राज के चुनाव आ रहे है, हम लोग चुनाव लडेंगे और चुनावों में जीतेंगे। झुंझुनूं की मंडावा विधानसभा क्षेत्र के उपचुनाव में कांग्रेस उम्मीदवार रीटा चौधरी के समर्थन में आयाजित जनसभा को संबोंधित करने के लिए पायलट और गहलोत दोनों साथ साथ मौजूद थे और दोनों ने अलग-अलग संवाददाताओं से बातचीत की। अधिसूचना के अनुसार स्थानीय निकायों में महापौर, सभापति और अध्यक्ष बनने के लिए अब पार्षद होना अनिवार्य नहीं है।

## क्विक न्यूज

### पीएमसी बैंक के चौथे खाताधारक की हुई मौत

**मुंबई।** संकट में घिरे पीएमसी बैंक के एक और खाताधारक की शुक्रवार को मौत हो गई। मृतक के परिजनों का दावा है कि बैंक से जमापूंजी की निकासी नही हो पाने की वजह से खाताधारक अपना इलाज नही करा पाया। उसे हृदय का आपरेशन कराना था। पीएमसी बैंक के खाताधारक की मौत का यह चौथा मामला है। बैंक मे घोटाला सामने आने के बाद रिजर्व बैंक ने पीएमसी बैंक से पैसे निकालने की अधिकतम सीमा तय की है। उससे अधिक राशि खाताधारकों को निकालने की अनुमति नही है। वर्तमान में यह सीमा 40,000 रुपए है। इससे पहले बैंक के दो जमाकर्ताओं की मौत हृदय गति रुकने से हुई तथा एक महिला चिकित्सक ने कथित तौर पर आत्महत्या कर ली। मृतक मुरलीधर धर्रा (83 वर्ष) की मौत उपनगरीय मुलुंद इलाके में स्थित आवास पर शुक्रवार को हुई। मृतक के पुत्र प्रेम धर्रा ने यह जानकारी दी। उसने बताया कि पीएमसी बैंक मे परिवार का 80 लाख रुपए जमा है। प्रेम ने कहा कि चिकित्सकों ने उनके पिता के हृदय की शल्य चिकित्सा का सुझाव दिया था। बैंक में जमाराशि फंसी होने के कारण वे इलाज के लिए पैसे नही जुटा सके।

### न्यायालय ने भूख से लड़ने के लिए सामुदायिक भोजनालय बनाने का पक्ष लिया

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने शुक्रवार को सामुदायिक भोजनालय बनाने का समर्थन करते हुए कहा कि भूख की समस्या से निपटने के लिए देश में इस तरह की व्यवस्था करने की जरूरत है। न्यायमूर्ति एन. वी. रमन्ना की अध्यक्षता वाली पीठ ने केंद्र और सभी राज्यों को नोटिस जारी किया और साझी रसोई बनाने के प्रस्ताव पर उनसे जवाब मांगा। अदालत एक याचिका पर सुनवाई कर रही थी, जिसमें सभी राज्यो और केंद्र शासित क्षेत्रों को निर्देश देने की मांग की गई है कि भूख और कुपोषण से लड़ने के लिए साझी रसोई की योजना तैयार करें। याचिका मे दावा किया गया कि पांच वर्ष से कम उम्र के कई बच्चे प्रतिदिन भूख और कुपोषण से मर जाते है और यह स्थिति कई मूलभूत अधिकारों का उल्लंघन है जिसमें नागरिकों के भोजन और जीवन का अधिकार भी शामिल है।

# नीति आयोग के सीईओ ने कहा, भारत को 5जी तकनीक जल्द अपना लेनी चाहिए

**एजेंसी।** इंदौर

**नीति** आयोग के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) अमिताभ कांत ने शुक्रवार को कहा कि देश को दूरसंचार क्षेत्र की 5जी तकनीक जल्द अपना लेनी चाहिए और इसके कुछ हिस्सों को स्वदेशी तकनीक से विकसित किया जाना चाहिए। कांत ने यहां मध्यप्रदेश सरकार के आयोजित निवेशक सम्मेलन "मेग्निफिशंट मध्यप्रदेश के एक सत्र में संचालक के सवाल पर कहा, हमें 5जी तकनीक जल्दी अपनानी चाहिए, क्योंकि यह सारे उत्पादों को आपस में जोड़ देगी। इससे डेटा का बहाव तेजी से बढ़ेगा। उन्होंने कहा, 5जी तकनीक को लेकर बहस जारी है। लेकिन मेरा विचार है कि इसके कुछ क्षेत्रों को हमें भारतीय तकनीक से विकसित करना आवश्यक है ताकि देश को आगे ले जाया जा सके। उन्होंने कहा, दुनिया के अन्य मुल्कों के मुकाबले हमारे देश में डेटा की कीमत बहुत कम और खपत बहुत ज्यादा है। पिछले तीन साल में देश की डेटा की खपत तेजी से बढ़ी है।

कांत ने 5जी तकनीक के फायदे गिनाते हुए कहा कि इससे डेटा का बहाव बढ़ेगा और लोगों की जिंदगी आसान हो जाएगी। कांत ने मशीन लर्निंग और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (कृत्रिम मेधा) पर ध्यान केंद्रित करने की जरूरत पर जोर देते हुए कहा कि सरकार के आईटी विभाग को डेटा विश्लेषकों और डेटा वैज्ञानिकों की तादाद बढ़ाने के काम को अभियान की तरहै हाथ में लेना चाहिए। डेटा पर उपभोक्ताओं के अधिकारों को लेकर जारी बहस पर कांत ने कहा, जो डेटा हम इस्तेमाल कर रहे हैं, उस पर सम्बंधित उपभोक्ता का ही अधिकार होना चाहिए। लेकिन कुछ डेटा ऐसे भी होते हैं जिन्हें साझा करने से कोई नुकसान नहीं है। हर तरह के डेटा पर सम्पूर्ण नियंत्रण नहीं किया जा सकता। उन्होंने हालांकि कहा, कई तरह के डेटा गम्भीर प्रकृति के होते हैं। मसलन - लोगों के स्वास्थ्य का डेटा। ए डेटा देश में ही रहने चाहिए।

### पीएफआरडीए का असंगठित क्षेत्र के 45 करोड़ लोगों को योजना के दायरे में लाने का विचार

**नई दिल्ली।** पेंशन कोष नियामक एवं विकास प्राधिकरण (पीएफआरडीए) ने असंगठित क्षेत्र में करीब 45 करोड़ लोगों को योजना के दायरे में लाने पर विचार कर रहा है। पेंशन कोष नियामक के एक सदस्य ने शुक्रवार को यह कहा। प्राधिकरण की योजनाओं से जुड़े अंशधारकों की संख्या फिलहाल करीब 3 करोड़ है। अटल पेंशन योजना से जुड़े एक कार्यक्रम में पीएफआरडीए के पूर्णकालिक सदस्य सुप्रतीम बंदोपाध्याय ने कहा, हम असंगठित क्षेत्र के उन 45 करोड़ लोगों तक पहुंच बनाने का विचार कर रहे हैं, जिन तक किसी वित्तीय उत्पादों की पहुंच नहीं है। पीएफआरडीए के कुल अंशधारकों में करीब 55 प्रतिशत अटल पेंशन योजना के दायरे में हैं। इस साल पांच अक्टूबर की स्थिति के अनुसार नियामक के पास कुल प्रबंधन अधीन परिसपंत्ति 3,72,901.79 करोड़ रुपए थी। इसमें अटल पेंशन योजना के अंतर्गत प्रबंधन अधीन परिसंपत्ति 8,770.79 करोड़ रुपए थी।

# बाघ के हमले में 14 वर्षीय लड़की की मौत

**एजेंसी।** मण्डला (मध्यप्रदेश)

**जिले** में स्थित कान्हा नेशनल पार्क के पास झांगुल गांव के जंगल में बाघ के हमले में 14 वर्षीय लड़की की शुक्रवार को मौत हो गई। मण्डला जिला के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक विक्रम सिंह कुशवाहा ने बताया कि झांगुल गांव के जंगल में बकरियां चराने गई अमृता परते (14) की बाघ के हमले में मौत हो गई। उन्होंने कहा कि वन अधिकारियों ने बताया कि उसकी मौत बाघ के हमले में हुई है और उसके शव के पास बाघ के पैरों के निशान भी मिले हैं। उन्होंने कहा कि यह लड़की झांगुल गांव की थी और कक्षा आठवी में पढ़ती थी। सिंह ने बताया कि वह आज सबेरे करीब 10 बजे बकरी चराने के लिए झांगुल गांव के जंगल गई, लेकिन जब शाम को बकरियां अपने आप गांव वापस आ गई और वह नहीं आई तो उसकी तलाश की गई। बाद में उसका शव झांगुल के जंगल में मिला है।

# धीमी पड़ती आर्थिक वृद्धि को देखते हुए रेपो दर में एक और कटौती की गई: एमपीसी ब्योरा

**एजेंसी।** मुंबई

**अर्थव्यवस्था** में सुस्ती तथा निजी निवेश में कमी को देखते हुए रिजर्व बैंक गवर्नर शक्तिकान्त दास ने इस महीने की गई मौद्रिक नीति समीक्षा में नीतिगत दरों में 0.25 प्रतिशत और कटौती करने का फैसला किया।

मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) की बैठक का ब्योरा शुक्रवार को जारी किया गया। इसमें यह जानकारी सामने आई है। दास की अगुवाई वाली मौद्रिक नीति समिति ने जनवरी के बाद से लगातार पांचवीं बार नीतिगत दरों में कटौती की है। इस तरह उस समय से अब तक रेपो दर को 1.35 प्रतिशत घटाया जा चुका है। बैठक के ब्योरे के अनुसार दास ने कहा कि कुल घरेलू मांग में उल्लेखनीय कमी आई है। साथ ही निजी उपभोग भी कम हुआ है। यह चिंता की बात है। एमपीसी की बैठक चार अक्टूबर को संपन्न हुई थी।

बैठक के ब्योरे में कहा गया है कि निजी निवेश भी कम हो रहा है। कॉरपोरेट क्षेत्र नया निवेश करने से कतरा रहा है। हालांकि, विनिर्माण क्षेत्र की क्षमता का इस्तेमाल हालिया समय में दीर्घावधि के औसत के करीब पहुंच गया है। गवर्नर ने कहा कि सरकार ने भी हाल के महीनों में कई कदम उठाए हैं। सरकार के कदमों तथा रिजर्व बैंक द्वारा मौद्रिक रुख को नरम करने से धीरे-धीरे अर्थव्यवस्था में सुधार होगा। दास ने कहा कि इसके साथ ही अर्थव्यवस्था में लगातार जारी सुस्ती से निपटने को निजी उपभोग और निवेश को बेहतर करने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि मुद्रास्फीति का परिदृश्य अनुकूल है। मुख्य मुद्रास्फीति के 2019-20 की शेष अवधि और 2020-21 की पहली तिमाही में तय लक्ष्य से नीचे रहने की संभावना है।

# प्रसंस्कृत दूध के नमूने गुणवत्ता, सुरक्षा मानदंड पर नहीं उतरे खरे: एफएसएसएआई अध्ययन

**एजेंसी।** नई दिल्ली

**खाद्य** नियामक एफएसएसएआई ने एक अध्ययन में कहा कि जांच किए गए कुल दूध के नमूनों में से प्रमुख ब्रांड वाली दूध कंपनियों सहित विभिन्न इकाइयों के प्रसंस्कृत दूध के नमूने निर्धारित गुणवत्ता और सुरक्षा मानकों पर पूरी तरह खरे नहीं पाए गए। सुरक्षा मानदंड के स्तर पर भी प्रसंस्कृत दूध के 10.4 प्रतिशत नमूने खरे नहीं पाए गए जो सुरक्षा मानक पर जांच में अनुकूल नहीं पाए गए कच्चे दूध के 4.8 प्रतिशत नमूनों के मुकाबले कहीं अधिक है।

अध्ययन में कहा गया है कि कुल जांच किए गए नमूनों में से केवल 12 नमूनों में मिलावट पाई गई और ऐसी ज्यादातर शिकायत तेलंगाना से प्राप्त हुई जिसके बाद मध्य प्रदेश और केरल का स्थान था। एफएसएसएआई अध्ययन ने सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों से मई और अक्टूबर 2018 के बीच ।,103 शहरों और कस्बों से कुल 6,432 दूध के नमूने एकत्रित किए गए। संगठित और असंगठित दोनों क्षेत्रों से दूध के नमूने एकत्र किए गए थे। कुल नमूनों का करीब 40.5 प्रतिशत नमूने प्रसंस्कृत दूध के थे जबकि बाकी नमूने कच्चे दूध के थे। इन सब पर अंकुश लगाने के लिए नियामक ने संगठित डेयरी क्षेत्र को गुणवत्ता मानकों का कड़ाई से अनुपालन करने का निर्देश दिया है और एक जनवरी, 2020 तक संपूर्ण मूल्य श्रृंखला में परीक्षण और निरीक्षण की व्यवस्था करने को कहा है।

शुक्रवार को अपने अध्ययन को जारी करते हुए भारतीय खाद्य सुरक्षा एवं मानक प्राधिकार (एफएसएसएआई) के मुख्य कार्याधिकारी (सीईओ) पवन अग्रवाल ने यहां कहा, आम लोगों का मानना है कि दूध में कहीं अधिक की मिलावट हो रही है। लेकिन हमारा अध्ययन दर्शाता है कि मिलावट से कहीं अधिक दूध की विषाक्तता की गंभीर समस्या है। बड़े ब्रांड की कंपनियों सहित प्रसंस्कृत दूध में विषाक्तता का होना अस्वीकार्य है। मिलावट से ज्यादा दूध का दूषित होना एक गंभीर समस्या है क्योंकि प्रसंस्कृत दूध के नमूनों में एफ्लाटॉक्सिन-एम।, एंटीबायोटिक्स और कीटनाशकों जैसे पदार्थ अधिक पाए गए जो कहीं अधिक गंभीर समस्या है। अध्ययन के निष्कर्षों को साझा करते हुए, सीईओ ने कहा कि जहां तक सुरक्षा मानदंडों का सवाल है, कुल प्रसंस्कृत दूध के नमूनों (2,607 नमूनों) में से करीब 10.4 प्रतिशत नमूने एफएसएसएआई के मानकों का पालन करने में विफल



रहे क्योंकि इनमें एफ्लाटॉक्सिन-एम।, एंटीबायोटिक्स और कीटनाशक जैसे दूषित तत्व मौजूद पाए गए।

अग्रवाल ने कहा, कच्चे दूध की तुलना में प्रसंस्कृत दूध में एफ्लाटॉक्सिन-एम। की समस्या अधिक गंभीर है। तमिलनाडु, दिल्ली और केरल शीर्ष तीन राज्य थे जहां अफलाटॉक्सिन अवशेष अधिकतम पाया गया था। दूध में एफ्लाटॉक्सिन-एम। की उपस्थिति, पशुचाारा और उसके खान पान के माध्यम से होती है जिसका मौजूदा समय में देश में विनियमन नहीं हो रहा है। उन्होंने कहा, यह पहली बार है कि दूध में इस अवशेष की उपस्थिति का ऐसा विस्तृत सर्वेक्षण देश में किया गया है। उन्होंने कहा कि देश में उक्त अवशेषों का परीक्षण करने के लिए कोई उपयुक्त प्रयोगशाला नहीं है। उन्होंने कहा कि परीक्षण मशीनों में निवेश के लिए प्रयास किए जा रहे हैं, जो अफ्लाटॉक्सिन-एम। के अवशेषों का पता लगा सकते हैं। गुणवत्ता के संदर्भ में, सर्वेक्षण में पाया गया है कि प्रसंस्कृत दूध के कुल नमूने के 37.7 प्रतिशत में गुणवत्ता मानकों का पालन नहीं किया जा रहा था। इनमें वसा, एसएनएफ, माल्टोडेक्सट्रिन और चीनी जैसे दूषित पदार्थों की उपस्थिति अनुमतियोग्य सीमा से अधिक थी। कच्चे दूध के मामले में, मानदंडों का अनुपालन नहीं होने की शिकायत कहीं अधिक थी। कुल 3,825 नमूनों में से 47 प्रतिशत नमूनों को मानदंडों पर खरा नहीं पाया गया। एफएसएसएआई के सीईओ ने कहा कि यह संगठित डेयरी क्षेत्र के लिए चेत जाने का समय है। उन्होंने कहा कि वसा और एसएनएफ (ठोस नहीं-वसा) की उपस्थिति एफएसएसएआई द्वारा निर्दिष्ट मानकों के अनुसार नहीं थी। हमें उम्मीद है कि संगठित क्षेत्र पहल करेगा और अगले 6-8 महीनों में मानकों का पालन सुनिश्चित करेगा। यह पूछे जाने पर कि क्या दोषियों के खिलाफ कार्वाई की जाएगी, उन्होंने कहा, वे हमसे असहमत हो सकते हैं और हमारे अध्ययन को चुनौती दे सकते हैं लेकिन उन्हें एफएसएसएआई मानक का पालन करना होगा। उन्होंने कहा कि परीक्षण और निरीक्षण की एक नई योजना शुरू की गई है, जिसे डेयरी इकाइयों को। जनवरी, 2020 तक अपनी संपूर्ण मूल्य श्रृंखला का अनुपालन करना है।

उन्होंने कहा कि असंगठित क्षेत्र के कच्चे दूध को गुणवत्ता मानदंडों के अनुरूप बनाने के लिए, राज्य सरकारों से कहा गया है कि वे किसानों के बीच सही गुणवत्ता वाले पशु आहार और चारे का उपयोग करने के लिए जागरूकता पैदा करें। भारत दुनिया का सबसे बड़ा दूध उत्पादक देश है। वर्ष 2017-18 के दौरान देश में कुल अनुमानित दूध का उत्पादन 17 करोड़ 63.5 लाख टन का हुआ था। सरकार ने वर्ष 2022 तक 25 करोड़ 45.5 लाख टन दूध उत्पादन करने का लक्ष्य रखा है।

# अमित शाह ने राहुल गांधी से पूछा, आदिवासियों के लिए आपके परिवार ने क्या किया

एजेंसी। गढ़चिरौली

**केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह** ने शुक्रवार को आदिवासी कल्याण के मुद्दे पर कांग्रेस पर निशाना साधा और पार्टी नेता राहुल गांधी से पूछा कि उनकी चार पीढ़ियों ने 70 साल के शासन के दौरान जनजातीय समुदाय के लिए क्या किया। उन्होंने कहा कि क्षेत्र को अगले पांच साल में नक्सलवाद से मुक्त कर दिया जाएगा। पूर्वी महाराष्ट्र के माओवाद प्रभावित गढ़चिरौली के अहेरी में चुनावी रैली को संबोधित करते हुए शाह ने कहा कि कांग्रेस नीत सरकारों ने वोट-बैंक की राजनीति के लिए संविधान के अनुच्छेद 370 को समाप्त नहीं किया। अंततः मोदी सरकार ने इस विवादास्पद प्रावधान को समाप्त किया जिसके तहत जम्मू कश्मीर को विशेष दर्जा मिला हुआ था।

शाह ने आदिवासी बहुल जिले में आयोजित रैली में राहुल गांधी के लिए सवाल किया, आपकी चार पीढ़ियों ने 70 साल तक देश पर शासन किया, आपने आदिवासियों के लिए क्या किया? आपने मोदीजी को केवल पांच साल दिए और हमने इस दौरान समुदाय के लिए बहुत काम किया। भाजपा अध्यक्ष ने गांधी और राकांपा अध्यक्ष शरद पवार पर निशाना साधते हुए उनसे जिले में तथा महाराष्ट्र में किए गए उनके कामकाज का हिसाब देने को कहा जहां 1999 से 2014 तक 15 साल तक कांग्रेस-राकांपा सरकार रही। शाह ने कहा कि कांग्रेस ने ओबीसी आयोग को संवैधानिक वैधता प्रदान नहीं की और इस काम को भी मोदी सरकार ने पूरा किया।

भाजपा नीत केंद्र और राज्य सरकारों के काम गिनाते हुए शाह ने कहा कि अकेले गढ़चिरौली जिले में 1.30 लाख शौचालय बनाए गए हैं, 48 हजार गैस सिलेंडर दिए गए हैं, 48 हजार आदिवासी परिवारों को बिजली मुहैया कराई गई तथा 8000 गरीब आदिवासियों को घर दिए गए। उन्होंने 78 वर्षीय पवार को इस मुद्दे पर भारतीय जनता युवा मोर्चा की अध्यक्ष से बहस करने की चुनौती दी कि किसकी सरकार ने क्या काम किया है। शाह ने कहा, हमारे पांच साल का काम आपके 50 साल के शासन से बेहतर साबित होगा। हम बहस के लिए तैयार हैं।

उन्होंने कहा कि केंद्र में कांग्रेस-राकांपा की सरकारों ने महाराष्ट्र को 13वें वित्त आयोग के तहत 1.15 लाख करोड़ रुपए दिए। दूसरी तरफ मोदी सरकार ने 14वें वित्त आयोग के तहत राज्य को 4.38 लाख करोड़ रुपए दिए। गढ़चिरौली जिले के नक्सल प्रभावित होने के संदर्भ में शाह ने कहा कि पहले प्रचार किया जाता था कि नक्सलवाद की मुख्य वजह विकास नहीं होना है। हालांकि हकीकत में माओवादी विकास के विरोधी हैं।

शाह ने कहा कि सरकार नक्सल प्रभावित इलाकों में बिजली, अच्छी सड़कें, रेल सेवाएं और अन्य सुविधाएं पहुंचाना चाहती है, लेकिन नक्सली यह नहीं होने देना चाहते। उन्होंने कहा, किसी को चिंता करने की जरूरत नहीं है। मोदीजी ने पिछले पांच साल में नक्सलवाद पर लगाम कसी है। हम इस पूरे क्षेत्र को नक्सलवाद से मुक्त कराएंगे और ऐसा माहौल बनाएंगे कि यहां के नौजवान बाकी दुनिया के युवाओं से स्पर्धा कर सकेंगे। भाजपा अध्यक्ष ने महाराष्ट्र और कश्मीर की बात एक साथ करने का विरोध किए जाने पर कांग्रेस-राकांपा निशाना साधा और कहा, राहुल बाबा इतिहास पढ़ो। यह शिवाजी महाराज और सावरकर की सरकार है। इस भूमि के सपूत कभी देश की हिफाजत से पीछे नहीं हटे।



नागपुर में केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव की रैली में भाजपा प्रत्याशी का प्रचार करते हुए

# मोदी अनुच्छेद 370 पर देश को गुमराह कर रहे है : कांग्रेस

**मुम्बई।** अनुच्छेद 370 की अधिकतर धाराओं को समाप्त करने के लिए संसद में कोई मत विभाजन नहीं हुआ और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी इस मुद्दे पर देश को गुमराह कर रहे हैं। आनंद शर्मा ने शुक्रवार को यह दावा किया। 21 अक्टूबर को होने वाले महाराष्ट्र विस चुनाव से पहले शर्मा ने यहां एक संवाददाता सम्मेलन में कहा कि कांग्रेस को राष्ट्रभक्ति पर भाजपा से प्रमाण पत्र हासिल करने की आवश्यकता नहीं है क्योंकि इसके दो प्रधानमंत्रियों ने आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में अपना जीवन कुर्बान कर दिया।

विधानसभा चुनाव प्रचार के दौरान मोदी और भाजपा, कांग्रेस को निशाना बनाते रहे हैं और दावा करते रहे हैं कि कांग्रेस ने अनुच्छेद 370 को समाप्त करने का विरोध किया। उन्होंने दावा किया, अनुच्छेद 370 अस्थाई प्रावधान था जिसे समय के साथ खत्म होना था। इसके बारे में संसद को केवल सूचित करने की जरूरत थी।

जम्मू-कश्मीर के मुद्दे पर कांग्रेस पर निशाना साधने के लिए प्रधानमंत्री और भाजपा पर प्रहार करते हुए उन्होंने कहा, भाजपा और प्रधानमंत्री को लोगों की भावनाओं से खिलवाड़ करने से बचना चाहिए। कांग्रेस को राष्ट्रभक्ति और आतंकवाद से कैसे लड़ना है, इस पर प्रमाण पत्र की जरूरत नहीं है। उन्होंने कहा, आतंकवाद से लड़ते हुए और देश की अखंडता की रक्षा करते हुए दो (कांग्रेसी) प्रधानमंत्रियों ने कुर्बानी दे दी।

भारतीय सेना सबकी है न कि किसी पार्टी की और भाजपा नेताओं पर इस बात के लिए प्रहार किया जिसमें उन्होंने दावा किया कि तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने वोट हासिल करने के लिए 1971 में पाकिस्तान के साथ जीत का श्रेय हासिल किया। उन्होंने भाजपा प्रमुख और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के बयान की भी आलोचना की कि इतिहास को भारतीय दृष्टिकोण से लिखा जाना चाहिए।

# केरल में निलंबित नन से मामला वापस लेने, माफी मांगने को कहा गया

**कोच्चि।** रोमन कैथोलिक चर्च के अंतर्गत फ्रांसिस्कन क्लेरिस्ट धर्मसभा (एफसीसी) ने निलंबित नन लकी कलाप्पुरा को एक पत्र जारी कर वायनाड के कराक्कमाला में अपनी कॉन्वेंट की सहयोगी ननों के खिलाफ पुलिस मामला वापस लेने का अनुरोध किया है। एफसीसी के सुपीरियर जनरल एन्न जोसेफ ने 15 अक्टूबर के अपने पत्र में सिस्टर कलाप्पुरा को आगाह किया है कि अगर उन्होंने एफसी कॉन्वेंट कराक्कमाला की मदर सुपीरियर के खिलाफ मामला वापस नहीं लिया और बिना शर्त माफी नहीं मांगी तो उनके खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया जाएगा। धर्मसभा ने सिस्टर कलाप्पुरा के आरोपों को सफेद झूठ बताया कि एफसी कॉन्वेंट कराक्कमाला की मदर सुपीरियर ने उन्हें 19 अगस्त को कॉन्वेंट में बंद कर दिया था। सिस्टर कलाप्पुरा कथित रूप से एफसीसी नियमों का उल्लंघन कर अपनी जीवनशैली के बारे में संतोषजनक जवाब नहीं देने पर चर्च की नाराजगी का सामना कर रही हैं। नन पर दुष्कर्म के आरोपी बिशप फ्रेंको मुलक्कल के खिलाफ विरोध प्रदर्शन में भी शामिल होने का आरोप है।

# दीदी के बोलो की सफलता होगी निकाय चुनाव प्रत्याशियों के चयन आधारः तृणमूल

**कोलकाता।** अगले साल पश्चिम बंगाल में होने वाले निकाय चुनाव में तृणमूल कार्यकर्ता को टिकट वितरण का मानदंड दीदी के बोलो कार्यक्रम की सफलता बनेगा। पार्टी के सूत्रों ने यह जानकारी दी। सूत्रों ने कहा कि जो दावेदार तृणमूल नेतृत्व को अपने प्रदर्शन से प्रभावित करेंगे उन्हें ही कोलकाता नगर निगम व 107 नगर पालिकाओं के चुनाव में टिकट दिया जाएगा।

तृणमूल कांग्रेस के नेतृत्व ने राज्य की 107 नगर पालिकाओं और कोलकाता नगर निगम में अपने समर्थकों का आधार और उसमें भाजपा की पैठ की समीक्षा करने के लिए सर्वेक्षण कराने का निर्णय लिया है। निकाय चुनाव को 2021 में होने वाले विधान सभा चुनाव से पहले अहम माना जा रहा है। नाम न बताने की शर्त पर तृणमूल के सूत्रों ने कहा कि दीदी के बोलो कार्यक्रम और सर्वेक्षण के परिणाम प्रत्याशी के चयन का आधार होंगे और इससे अयोग्य उम्मीदवारों को छांटने में सुविधा होगी।

एक तृणमूल नेता ने कहा, दीदी के बोलो का तीसरा चरण इस हफ्ते की शुरुआत में शुरू हुआ जो दिसंबर तक पूरा कर लिया जाएगा। पार्टी का आतंरिक सर्वेक्षण अगले साल जनवरी तक पूरा कर लिया जाएगा। रिपोर्ट पार्टी अध्यक्ष ममता बनर्जी और शीर्ष नेतृत्व को सौंप दी जाएगी जिसके बाद उम्मीदवारों की सूची बनाई जाएगी।

पार्टी सूत्रों के अनुसार राज्य भर की नगर पालिकाओं और कोलकाता नगर निगम के चुनाव परिणाम 2021 में होने वाले विधानसभा चुनाव परिणाम के सूचक सिद्ध होंगे। भाजपा के पश्चिम बंगाल में तेजी से बढ़ते प्रभाव के कारण निकाय चुनाव का महत्व बढ़ गया है।

भाजपा ने 2019 के संसदीय चुनाव में पश्चिम बंगाल की 42 में से 18 सीटों पर कब्जा जमाया था जो कि सत्ताधारी तृणमूल से चार ही कम थी। लोकसभा चुनाव में कमजोर प्रदर्शन के बाद तृणमूल कांग्रेस ने प्रशांत किशोर को 2021 के विधानसभा चुनाव से पहले पार्टी की जड़ें जमाने के लिए नियुक्त किया था। दीदी के बोलो कार्यक्रम प्रशांत के दिमाग की उपज है।

# नासिक, अंबाला के पर्यवेक्षकों को बदला सिक्किम के लिए विशेष पर्यवेक्षक

एजेंसी। नई दिल्ली

**निर्वाचन** आयोग ने 21 अक्टूबर को होने वाले विधानसभा चुनावों के पहले महाराष्ट्र में नासिक के पुलिस पर्यवेक्षक और एक चुनाव अधिकारी तथा हरियाणा में अंबाला के व्यय पर्यवेक्षक को असंतोषजनक प्रदर्शन के कारण हटा दिया है। आयोग ने सोमवार को सिक्किम में हो रहे विधानसभा उपचुनाव के लिए एक पूर्व आईपीएस अधिकारी को विशेष पर्यवेक्षक नियुक्त किया है।

आयोग ने एक बयान में कहा, चुनाव आयोग ने नासिक के पुलिस पर्यवेक्षक और नासिक जिले के निर्वाचन अधिकारी को महाराष्ट्र की चुनावी तैयारियों की समीक्षा के बाद बदला दिया है। आयोग ने कहा कि पुलिस पर्यवेक्षक को अपनी ड्यूटी सही तरीके से नहीं करने की वजह से हटाया गया है।

नासिक पश्चिम की एक विधानसभा सीट पर मतदाताओं को पहचान पत्र समय से जारी करने के मामले में खराब प्रदर्शन के कारण वहां के एक चुनाव अधिकारी को भी हटा दिया गया है। इन अधिकारियों के स्थान पर नए अधिकारी अपना कार्यभार आज ही संभाल लेंगे।

चुनाव आयोग ने सही तरीके से जांच गतिविधियों की निगरानी नहीं करने के लिए अंबाला के व्यय पर्यवेक्षक को भी हटाने का आदेश दिया है। आयोग ने सिक्किम में विधानसभा उपचुनाव के लिए भारतीय पुलिस सेवा, आंध्रप्रदेश कैडर के सेवानिवृत्त अधिकारी विवेक दूबे को विशेष पर्यवेक्षक नियुक्त किया है। दूबे को कानून व्यवस्था की स्थिति तथा निर्वाचन क्षेत्र में सुरक्षा कर्मियों की तैनाती और सुरक्षा से जुड़े अन्य मुद्दों के बारे में निर्वाचन आयोग को रिपोर्ट देनी होगी।

निर्वाचन आयोग ने विशेष पर्यवेक्षक की नियुक्ति का फैसला चुनाव से संबधित जानकारियों और शिकायतों के आधार पर लिया है। सोमवार को सिक्किम में तीन सीटों पर उपचुनाव होना है। दूबे को इस साल हुए आम चुनाव के दौरान पश्चिम बंगाल में भी विशेष पर्यवेक्षक के रूप में नियुक्त किया गया था।


हैदराबाद में तेलंगाना सरकार के खिलाफ विरोध प्रदर्शन करते हुए अधिवक्ता

# कुएं में गिरी स्कूली बच्चों से भरी वैन तीन की मौत, 18 को बचाया

**शाजापुर (मध्यप्रदेश)।** मध्य प्रदेश के शाजापुर जिले में शुक्रवार को निजी स्कूल के सामने बने करीब 25 फुट गहरे कुएं में स्कूली बच्चों को लेकर जा रही एक वैन गिर गई। हादसे में तीन बच्चों की मौत हो गई, जबकि 18 अन्य को सुरक्षित बचा लिया गया है। शाजापुर जिले के सब डिवीजनल मजिस्ट्रेट उमराव सिंह मरावी ने घटनास्थल से भाषा को बताया कि निजी स्कूल ए एकेडमी के छात्रों से खचाखच भरी वैन आज स्कूल के सामने ही बने पानी से भरे कुएं में गिर गई। हादसे में तीन बच्चों की मौत हो गई। मृतकों की पहचान दिव्या, हार्दिक एवं आयुष के रूप में की गई है। आयुष पहली कक्षा का छात्र था, जबकि बाकी दोनों एलकेजी में पढ़ते थे।

18 बच्चों को वहां मौजूद लोगों ने बचाया। उन्हें तत्काल जिला अस्पताल भेजा गया। शाजापुर के पुलिस अधीक्षक पंकज श्रीवास्तव ने बताया कि हादसा उस वक्त हुआ जब ए बच्चे स्कूल से छुट्टी होने के बाद वैन (मारूति ओमनी) में बैठकर घर जाने वाले थे। जैसे ही वैन चालक ने वाहन को रिवर्स किया, वैन कुएं में गिरने लगी। वैन के कुएं में गिरने से पहले ही चालक ने वाहन से छलांग लगा दी और वहां से फरार हो गया। चालक को पकड़ने के प्रयास जारी हैं। श्रीवास्तव ने बताया कि इस संबंध में मामला दर्ज कर लिया गया है और विस्तृत जांच जारी है। उन्होंने कहा कि जो भी दोषी पाया जाएगा, उसके खिलाफ सख्त कार्वाई की जाएगी।

इस कुएं में सुरक्षा के लिहाज से चारों तरफ दीवार नहीं बनी थी। हालांकि, तारों की बाड़ जरूर बनाई गई थी, लेकिन यह बाड़ वैन को कुएं में जाने से नहीं रोक सकी। यह करीब 25 फुट गहरा कुआं था और पानी से लबालब भरा था। श्रीवास्तव ने बताया कि वैन धीरे-धीरे पानी में डूबी और स्कूल की छुट्टी होने की वजह से काफी अभिभावक वहां पर मौजूद थे। इस वजह से एक बड़ा हादसा होने से टल गया, क्योंकि जैसे ही वैन कुएं में गिरी, वहां मौजूद भारी तादात में लोगों ने तुरंत वैन के दरवाजे खोलकर बच्चों को कुएं से निकाल लिया। हालांकि, तीन बच्चों को नहीं बचाया जा सका।

बाद में मौके पर मौजूद लोगों की मदद से पुलिस ने वैन को भी कुएं से बाहर निकाल लिया है। इसी बीच, मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री कमलनाथ ने ट्वीट किया, शाजापुर के रिछोदा में एक निजी स्कूल की स्कूली बच्चों से भरी वैन के कुएँ में गिरने की घटना बेहद दुःखद। तत्काल राहत कार्य करने के निर्देश। दुर्घटना में मृत बच्चों के परिवारों के प्रति मेरी शोक संवेदनाएँ। उन्होंने आगे लिखा, घायल बच्चों का समुचित इलाज हो। पीड़ित परिवारों के साथ इस दुःख की घड़ी में खड़ी है सरकार। हर संभव मदद के निर्देश। घटना की जाँच हो, दोषियों को बख्शा नहीं जाए, उन पर कड़ी कार्वाई हो।

# राजस्थान में अब 18 नवंबर तक चलेगा मतदाता सत्यापन कार्यक्रम

**जयपुर।** राजस्थान में मतदाताओं के सत्यापन का काम अब 18 नवंबर तक चलेगा। मुख्य निर्वाचन अधिकारी आनन्द कुमार ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि निर्वाचन आयोग द्वारा विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की मतदाता सूचियों को त्रुटिरहित व गुणवत्तापूर्ण बनाने के लिए चलाए जा रहे मतदाताओं के सत्यापन का कार्य 18 नवम्बर बढ़ा दिया गया है। उन्होंने कहा कि 18 अक्टूबर तक राज्य में 72.04 प्रतिशत पंजीकृत मतदाताओं का सत्यापन किया जा चुका है। कुमार ने कहा कि राज्य के विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों के सभी मतदान केन्द्रों में पंजीकृत मतदाता जिन्होंने अभी तक एनवीएसपी पोर्टल, कॉमन सर्विस सेन्टर, ईमित्र कियोस्क अथवा बूथ लेवल अधिकारी के माध्यम से अपनी प्रविष्टियों का सत्यापन नहीं करवाया गया है वह किसी भी माध्यम से अपनी प्रविष्टि का सत्यापन करवा सकते हैं।

# अभिजीत को वामपंथी रूझान वाला बताने पर पीयूष माकपा, तृणमूल और कांग्रेस के निशाने पर

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल में विभिन्न राजनीतिक दलों ने अर्थशास्त्र के क्षेत्र में नोबेल पुरस्कार के लिए चुने गए अभिजीत बनर्जी के खिलाफ टिप्पणी करने को लेकर केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल की आलोचना की है और कहा कि इससे भाजपा और भगवा कैंप की संकीर्ण मानसिकता झलकती है। केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने शुक्रवार को भारतीय मूल के अमेरिकी अर्थशास्त्री अभिजीत बनर्जी को वाम रूझान वाला करार दिया और कहा कि उन्होंने (कांग्रेस की गरीबी उन्मूलन योजना) न्याय का समर्थन किया था लेकिन भारत के लोगों ने इस विचारधारा को खारिज कर दिया।

हालांकि भाजपा की बंगाल इकाई ने इस मुद्दे पर कोई टिप्पणी करने से इनकार नहीं किया है। तृणमूल कांग्रेस के एक वरिष्ठ नेता ने कहा, बंगाल ही नहीं बल्कि पूरे देश को गौरवान्वित करने वाले अभिजीत बनर्जी के खिलाफ भाजपा नेताओं की टिप्पणी भाजपा और भगवा कैंप की संकीर्ण मानसिकता की परिचायक है। वे (भाजपा नेता) अभिजीत बनर्जी के बारे में जितना कम बोले, उतना ही अच्छा है। इससे बस भाजपा की संकीर्ण मानसिकता झलकती है।

वरिष्ठ माकपा नेता सुजान चक्रवर्ती ने कहा, यह बिल्कुल स्वाभाविक है कि भाजपा और पीयूष गोयल जैसे नेता अभिजीत बनर्जी को नहीं पसंद करेंगे और उन्हें छोटा दिखाने का प्रयास करेंगे। भाजपा पीएसयू, बीएसएनएल, रेलवे के निजीकरण में विश्वास करती है, जो उस बात के बिल्कुल विपरीत है जो अभिजीत बनर्जी कहते आ रहे हैं। हम भाजपा नेताओं से देश के गौरव के खिलाफ टिप्पणियां करने से दूर रहने का अनुरोध भर कर सकते हैं। वरिष्ठ कांग्रेस नेता और सांसद प्रदीप भट्टाचार्य ने गोयल की आलोचना करते हुए कहा कि नोबेल पुरस्कार विजेता द्वारा न्याय योजना का समर्थन दर्शाता है कि लोकसभा चुनाव से पहले पार्टी द्वारा इस योजना के पक्ष में उठाया गया कदम सही था।

# खाली मोदी मोदी बोलने से देश का काम नही चलने वाला : गहलोत

**झुंझुनूं (राजस्थान)।** मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने देश के खराब आर्थिक हालात के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर निशाना साधते हुए शुक्रवार को कहा कि खाली मोदी मोदी बोलने से देश का काम नहीं चलेगा। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र खतरे में है, लोगों को रोजगार नहीं मिल रहा ऐसे में देश कब तक चलेगा? गहलोत झुंझुनूं के मंडावा में विधानसभा उपचुनाव में कांग्रेस उम्मीदवार रीटा चौधरी के समर्थन में आयोजित जनसभा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा, खाली मोदी मोदी.... बोलना इससे से देश का काम नहीं चलने वाला....अभी जो स्थिति है वो मुझे मालूम है व्यापारी का व्यापार ठप्प, उद्यमी दुखी हैं तो भी मोदी मोदी बोलते है। मुझे मालूम है... कोई भय के मारे, कोई डर के मारे कि पता नहीं कल मोदी कुछ करेगा हमारे लिए। उन्होंने कहा, लोकतंत्र खतरे में है। देश की आर्थिक स्थिति खराब है। नौकरियां आ नहीं रही है बल्कि जा रही हैं। ऐसे हालात में कब तक चलेगा देश?

# मुंबई में हमले की स्थिति में सुरक्षा तैयारियों को परखा गया

एजेंसी। मुंबई

**किसी** आतंकवादी हमले के मद्देनजर सुरक्षा तैयारियों को चुस्त दुरुस्त रखने के लिए सशस्त्र बलों और शहर की पुलिस ने विस्तृत सुरक्षा अभ्यास किया। पुलिस अधिकारी ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। सुरक्षा अभ्यास का सबसे रोचक पहलू यह रहा कि इसमें भारी यातायात की वजह से मुंबई पुलिस को घटना स्थल पर पहुंचने में होने वाली संभावित देरी को भी ध्यान में रखा गया।

अधिकारी ने बताया कि यह अभ्यास गुरुवार को पश्चिमी उपनगर कलीना स्थित वायुसेना केंद्र में करीब पांच घंटे तक चला। उन्होंने बताया कि अभ्यास में वायुसेना, थल सेना, राष्ट्रीय सुरक्षा गार्ड (एनएसजी), फोर्स वन (महाराष्ट्र पुलिस का विशेष बल) और मुंबई पुलिस के त्वरित कार्वाई टीम ने इसमें हिस्सा लिया। अभ्यास के दौरान आतंकवाद रोधी अभियान को अंजाम दिया गया जिसमें आंसू गैस के गोले, मिर्ची बम और पटाखों का इस्तेमाल किया गया।

सुरक्षा अभ्यास का ताना-बाना इस तरह बुना गया कि आतंकवादी वायुसेना केंद्र की दो इमारतों में दाखिल हो गए और कुछ लोगों को बंधक बना लिया जिसके बाद पुलिस सहित विभिन्न एजेंसियों को सूचना दी गई जो ट्रैफिक जाम की वजह से घटना स्थल पर देरी से पहुंचे और अंततः विभिन्न एजेंसियों के समन्वय से आतंकवादियों को निष्क्रिय किया। अधिकारी ने बताया कि अभ्यास के दौरान विभिन्न एजेंसियों में समन्वय कौशल, इलेक्ट्रॉनिक निगरानी की प्रभाविता, रक्षा का पूर्वानुमान और शहरी युद्ध कौशल का परीक्षण किया गया।


श्रीनगर में अनुच्छेद 370 समाप्त होने के बाद सुरक्षा के तहत जवान प्रतिबंधित ट्रैफिक क्षेत्र में तलाशी लेते हुए

# अयोध्या पर सुनवाई पूरी

## अब फैसले की प्रतीक्षा

**अयोध्या** में राम जन्मभूमि-बाबरी मस्जिद टकराव एक समय पहचान तथा हिंदू बनाम मुसलमान का मामला था और उसने एक नए विमर्श को जन्म दिया था। इसे देखते हुए 'दक्षिणपंथी' हिंदू ऐतिहासिक दावा करते हुए स्वयं को मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान राम का सच्चा वारिस सिद्ध करने का प्रयास कर रहे थे। यह विश्वास ऐतिहासिक प्रमाणों के बजाय कल्पनाओं पर अधिक आधारित था जिसमें माना गया था कि मस्जिद का निर्माण बाबर ने मुगल काल में कराया था। इस प्रकार भाजपा ने स्वयं को स्पष्ट रूप से औपनिवेशिक विरासत से प्राप्त उदारवादी-सेक्युलर विमर्श के विरोध में रखा था। उसने उस नई पीढ़ी के लिए राष्ट्रवाद या भारतीयता को परिभाषित किया जो स्वतंत्रता संघर्ष के समय नहीं थी तथा वैश्वीकृत दुनिया में अपने पैर जमाने का प्रयास कर रही थी। इस रणनीति ने हिंदूवाद के दर्शन को हिंदुत्व के व्यवहार से अलग किया। अब यह चक्र भाजपा की जबरदस्त विजय से पूरा हो गया है जिसने बहुसंख्यकवादी विमर्श को वैधता प्रदान की है। इस प्रकार अब मंदिर को एक प्रकार से आम जनता की स्वीकार्यता मिल गई है। अयोध्या के निवासी भी राजनीतिक उठापटक से थक गए हैं क्योंकि इससे उनकी भौतिक आकांक्षाओं की पूर्ति नहीं हो रही है। हिंदुओं और मुसलमानों की एक पूरी पीढ़ी इस विवाद की छाया में बड़ी हुई है, जबकि वे शिक्षा और रोजगार चाहते हैं। बदली हुई परिस्थिति में अयोध्या का आकर्षण धुंधला हुआ है।



सर्वोच्च न्यायालय की प्रशंसा की जानी चाहिए कि उसने धार्मिक जटिलता को भूमि स्वामित्व तक सीमित कर मध्यस्थता का प्रयास किया है। तीन प्रमुख पक्षों-निर्मोही अखाड़ा, रामलला विराजमान व सुन्नी वक्फ बोर्ड ने अपना दृष्टिकोण मुकदमें में सामने रखा है। निर्मोही अखाड़े का दावा पीढ़ियों से भगवान राम के सेवक होने के नाते है, जबकि सुन्नी वक्फ बोर्ड का दावा इस तथ्य पर है कि 1992 तक बाबरी मस्जिद का अस्तित्व था। लेकिन उसके कुछ सदस्यों ने अपना दृष्टिकोण नरम कर वैकल्पिक मस्जिद की बात इस शर्त पर की है कि किसी अन्य मस्जिद को नुकसान नहीं पहुंचाया जाएगा तथा एएसआई क्षेत्र की अन्य मस्जिदों में नमाज की अनुमति देगी। इलाहाबाद उच्च न्यायालय के पूर्व जज देवकी नंदन अग्रवाल के उच्च न्यायालय जाने के बाद 1989 में रामलला विराजमान मुकदमे में विधिक रूप से शामिल हुए। अग्रवाल ने रामलला के नाम पर पूरे जन्मस्थान पर दावा किया। अब सर्वोच्च न्यायालय को स्मृति, निरंतरता, विश्वास, परंपरा व ऐतिहासिक प्रमाणों से नतीजा निकालना है। राम मंदिर एक भावनात्मक शक्ति थी जिससे संघ परिवार को भाजपा द्वारा राजनीतिक सत्ता तक पहुंचने का मौका मिला। अटल बिहारी वाजपेयी युग में गठबंधन राजनीति के कारण शासन में व्यावहारिकता की आवश्यकता थी, जबकि वर्तमान नरेन्द्र मोदी सरकार को ऐसे समझौते की कोई जरूरत नहीं है। संघ परिवार के प्रतिबद्ध केन्द्र की तरह उनसे वैचारिक प्रासांगिकता को कार्यरूप में बदलने की उम्मीद है। पार्टी को उम्मीद है कि वह विधिक दायरे में अयोध्या समस्या का समाधान कर सकेगी। शायद मोदी हिंदुत्व सरोकारों को पूरा करने की जल्दी में हैं जिसमें अनुच्छेद 370, राम मंदिर, आप्रवास व समान नागरिक संहिता शामिल हैं ताकि ये हिंदू राष्ट्र तक पहुंचने में बाधा न बनें। लेकिन प्रधानमंत्री मोदी की बड़ी चिन्ता यह है कि मतदाता आजीविका के मामले पर ठगा अनुभव कर रहे हैं जिसमें शहरी, ग्रामीण व मध्य वर्ग सभी शामिल हैं। अयोध्या विवाद ने देश में विभाजन को बढ़ाया है। ऐसे में वर्तमान समय में ऐतिहासिक अन्याय को दूर करने के प्रयास उचित नहीं कहे जा सकते हैं।

# सच्चा भारतीय कौन है?

भोपाल गैस त्रासदी के समय सैकड़ों लोगों की जान बचाने वाले गुलाम दस्तगीर तथा नोबेल पुरस्कार विजेता अभिजीत बनर्जी सच्चे भारतीय हैं जो हमें प्रेरित करते हैं।



**अजय कुमार**
(लेखक पूर्व आईपीएस व पूर्व सांसद हैं)

देश भर में यात्रा करने का मेरा मनपसंद तरीका ट्रेन की सवारी है। लेकिन ज्यादा व्यस्तता तथा आधुनिक जीवन की तात्कालिकता के कारण मुझे भारतीयों द्वारा यात्रा के इस सुपरिचित तरीके का लाभ उठाने का ज्यादा अवसर नहीं मिलता है। ट्रेन की यात्रा में कुछ खासकर भारतीय है क्योंकि इससे साथी यात्रियों से संपर्क बढ़ाने व चाय पीते हुए बातचीत का मौका मिलता है। ये पंक्तियां लिखते समय मेरे दिमाग में ऐसी ही एक यात्रा की याद आती है। विश्वास है कि पाठकों को भी ऐसा ही अनुभव हुआ होगा।

ट्रेन यात्रा की विशेषता यात्रा के दौरान दिखने वाली विविधता है। हमें अनेक भाषायें व अलग-अलग शैली सुनने को मिलती है, अनेक प्रकार के भोजन की सुगंध आती है तथा विभिन्न दृष्टिकोण सामने आते हैं। इससे मुझे यह सोचने का मौका मिलता है कि आखिर भारतीय होने का क्या अर्थ है।

पाकिस्तान जैसे दूसरे देशों की तरह भारत किसी खास धर्म से परिभाषित नहीं है। कुछ लोग तर्क दे सकते हैं कि हिंदू-बहुसंख्य देश होने के नाते भारत की पहचान मुख्यत: बहुसंख्यकवादी दृष्टिकोण से परिभाषित होती है। लेकिन यह तर्क जमीन पर सही नहीं उतरता है क्योंकि भारत में न केवल अनेक धर्म, बल्कि अनेक जातियां भी हैं। इसलिए हिंदू समुदाय के लगभग 5 प्रतिशत ब्राह्मण हिंदू संभवत: सभी हिंदुओं के प्रतिनिधित्व का दावा नहीं कर सकते हैं। यही बात भाषाओं के बारे में भी सही है।

हिंदी के 'राष्ट्रीय' भाषा होने की हालिया बहस ज्यादा सार्थक नहीं लगती है क्योंकि हमारे देश में अनेक भाषायें बोली जाती हैं। यदि आपको मुझ पर विश्वास नहीं है तो किसी महाराष्ट्रीय या तमिल से पूछे कि 'हिंदी' के राष्ट्रीय भाषा होने पर उसका क्या विचार है। सच्चाई यह है जैसा कि कांग्रेस नेता शशि थरूर ने बहुत स्पष्टता से कहा है- 'भारतीय पहचान विविधता से बनी है और हममें से



सभी अल्पसंख्यक हैं।'

लेकिन इससे यह स्पष्ट नहीं होता है कि भारतीय होने का क्या अर्थ है। यह बात गुलाम दस्तगीर की कहानी से स्पष्ट होती है। 2 दिसंबर, 1984 को भोपाल गैस त्रासदी के समय दस्तगीर भोपाल रेलवे स्टेशन पर उप स्टेशन सुपरिंटेंडेंट पद पर कार्यरत थे। यह यूनियन कार्बाइड प्लांट के बहुत निकट होने के कारण जहरीली गैसों से भरा था जिससे उस रास्ते पर आने वाले सभी लोग मर गए।

उस दुर्भाग्यपूर्ण रात जब वीर उप स्टेशन मास्टर प्लेटफार्म पर आए तो उनको गले में खराश तथा आंखों में जलन का अनुभव हुआ। वे फौरन समझ गए कि कुछ गड़बड़ है। वे नहीं जानते थे कि उनके 23 सथी पहले ही गैस लीक के शिकार हो चुके हैं। उन्होंने स्थिति जानने का प्रयास किया तथा निर्देश प्राप्त करने चाहे। लेकिन कोई नतीजा न निकलने पर दस्तगीर ने सारी जिम्मेदारी स्वयं संभालते हुए वरिष्ठ लोगों को भोपाल आने वाली सभी ट्रेनें रोकने का अनुरोध किया। इसके बाद उन्होंने अपने कर्मचारियों को बुलाया। हालांकि, उनको खड़े होने और सांस लेने में कठिनाई हो रही थी, पर उन्होंने सारे

> **पाकिस्तान जैसे दूसरे देशों की तरह भारत किसी खास धर्म से परिभाषित नहीं है। कुछ लोग तर्क दे सकते हैं कि हिंदू-बहुसंख्य देश होने के नाते भारत की पहचान मुख्यतः बहुसंख्यकवादी दृष्टिकोण से परिभाषित होती है। लेकिन यह तर्क जमीन पर सही नहीं उतरता है क्योंकि भारत में न केवल अनेक धर्म, बल्कि अनेक जातियां भी हैं।**

नियम तोड़ते हुए गोरखपुर जाने वाली ट्रेन को 25 मिनट पहले ही वहां से जाने के आदेश दिए। उन्होंने अपने कर्मचारियों को आश्वस्त किया कि वे इसके परिणामस्वरूप होने वाले सभी नतीजे भुगतने को तैयार हैं।

इस प्रकार दस्तगीर ने सैकड़ों लोगों का जीवन बचाया। वे इतने पर ही नहीं रुके। पूरे भोपाल में आतंक फैलने के साथ ही बड़ी संख्या में प्रभावित लोग गैस चैंबर से बचने के लिए स्टेशन पहुंच गए। दस्तगीर एक प्लेटफार्म से दूसरे प्लेटफार्म पर जाकर पीड़ितों को सांत्वना देते रहे। उन्होंने सभी निकटवर्ती रेलवे स्टेशनों को एंबुलेंस और डाक्टर भेजने के संदेश दिए। वे स्वयं गैस लीक से बुरी तरह प्रभावित हुए और 2003 में उनका निधन हो गया। उनके जीवन का लंबा समय जहरीली गैसों का इलाज करवाते अस्पताल में बीता। इस त्रासदी में उनका बेटा भी मर गया। लेकिन अपनी वीरता और साहस से उन्होंने यह सुनिश्चित किया कि सैकड़ों बच्चों के माता-पिता को उन स्थितियों का सामना न करना पड़े जिसके शिकार वे स्वयं बने थे। दस्तगीर सच्चे भारतीय थे। ऐसे अवसरों पर हम भूल जाते हैं कि उस व्यक्ति का क्या धर्म था, वह किस जाति में पैदा हुआ था या वह कौन सी भाषा बोलता था। हमें केवल इसी बात की चिन्ता होती है और हम यही याद रखते हैं कि इस भारतीय बंधु ने महान बलिदान दिया। वास्तव में भारतीय होने का यही अर्थ है। इसका अर्थ यह स्वीकार करना है कि स्वतंत्रता के समय हमने या भारतीय जनता ने अपने आप से और भावी पीढ़ियों से वादा किया था कि हम सारे विभाजनों को पीछे छोड़ कर एक बेहतर भारत बनाएंगे। दस्तगीर की दिल झकझोर देने वाली कथा हमें यही महत्वपूर्ण मूल्य याद दिलाती है। भारतीय होने के केन्द्र में एक और महत्वपूर्ण मूल्य है कि हम ज्ञान का सम्मान और प्रशंसा करते हैं। यह इस तथ्य से स्पष्ट है कि जब कोई किताब जमीन पर गिर जाती है तो हम अनजाने ही उसे छूकर अपने माथे पर हाथ लगा कर उसे सम्मान देते हैं। इस महत्वपूर्ण मूल्य ने भारत को अनेक प्रखर विचारक दिए हैं। हमने गणित, साहित्य, तकनीक और दर्शन के साथ अनेक अन्य क्षेत्रों में अग्रणी व्यक्ति पैदा किए हैं। मेरा विश्वास है कि हमारी बौद्धिक शक्ति का एक बड़ा कारण हमारी संस्कृति में ज्ञान तथा उसकी खोज का सम्मान है।

इसका नवीनतम उदाहरण भारतीय मूल के अर्थशास्त्री अभिजीत बनर्जी हैं जो अर्थशास्त्र पर नोबेल पुरस्कार विजेताओं में से एक है। उनकी विजय ने भारतीय विद्वानों की अत्यधिक समृद्ध सूची में योगदान किया है। लेकिन दु:ख की बात है कि हमारे कुछ नेताओं ने इन मूल्यों के स्थान पर ऐसे मूल्य स्थापित करने के प्रयास किए हैं जो प्रमुख भारतीय मूल्यों के विरोधी हैं। हमें अब बताया जा रहा है कि अपनी शक्ति के बजाय मतभेदों पर ध्यान केन्द्रित करें तथा हमारे कुछ नेता बार-बार ज्ञान के प्रति घृणा प्रदर्शित करते हुए अंधविश्वास से जुड़ाव प्रदर्शित करते हैं। यह भारत का वह विचार नहीं है जिसे हम प्रेम करते हैं और यह भारतीय होने का अर्थ नहीं है। मेरे विचार से दस्तगीर की गाथा याद करते समय या अर्थशास्त्र के क्षेत्र में अभिजीत बनर्जी का योगदान याद करते समय हम सब गर्व से भर जाते हैं। हमें सुनिश्चित करना चाहिए कि हम अपने प्रमुख मूल्यों को बनाए रखते हुए दूसरों में गर्व की यही भावना पैदा करने का प्रयास करें। कुल मिला कर भारतीय होने का यही अर्थ है।

# प्रदूषण के विरुद्ध सामूहिक प्रयास आवश्यक



**नवधा मल्होत्रा**
(लेखिका सामाजिक अभियान प्रबंधक हैं)

दीवाली का मौसम बहुत से वाद विवाद का कारण बनता है : क्या पटाखों पर प्रतिबंध लगाने से अंतर आ सकता है? क्या हम बेहतर तरीके से तैयार हैं? क्या राष्ट्रीय राजधानी में वायु प्रदूषण घटा है? इसे कम करने के लिए दिल्लीवासी क्या कर सकते हैं?

इस वर्ष आम आदमी पार्टी सरकार ने वायु प्रदूषण से निबटने के लिए सिलसिलेवार उपायों की घोषणा की, जिनमें सम-विषम वाहन राशनिंग योजना, पीएम-10 से बचाव के लिए मास्क वितरण, दीवाली के लिए एक सामुदायिक पायरोटेक्निक शो का आयोजन, यांत्रिक सड़क सफाई, वृक्षारोपण अभियान एवं 12 प्रमुख स्थलों के लिए एक प्रदूषण योजना शामिल हैं। सितम्बर में, मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने कहा कि पिछले चार वर्षों के वायु गुणवत्ता आंकड़ों के अनुसार, दिल्ली में प्रदूषण का स्तर 25 प्रतिशत घटा है। यद्यपि आंकड़ों का परीक्षण अभी भी जारी है, यह स्वच्छ दिल्ली की दिशा में एक सकारात्मक कदम का संकेत है।

अतीत में, राजधानी में लागू की गई सम-विषम योजना को लेकर कई दावे और प्रतिदावे किए गए हैं। जबकि कुछ अध्ययनों ने संकेत दिया है कि यह सफल रहा, अन्यों का दावा है कि इसका कोई असर नहीं पड़ा, और फिर भी अन्यों की दलील है कि दिल्ली के आंकड़ा समुच्चयों से वाहनजनित प्रदूषण को पृथक करना असंभव है। हालांकि, एक चीज जिस पर सभी अध्ययन सहमत हैं वो यह कि सम-विषम योजना दमदार सार्वजनिक परिवहन व्यवस्था एवं भारी वाहनों व दोपहिया वाहनों पर प्रतिबंध लगाए बगैर सफल नहीं होगी, जिनकी संख्या दिल्ली के यातायात में सबसे ज्यादा है।

अतीत में, योजना ने दुपहिया व तिपहिया वाहनों, ट्रकों, टैक्सियों एवं अति विशिष्ट व्यक्तियों द्वारा प्रयुक्त कारों को इससे छूटी दी थी। इन रियायतों तथा सम-विषम योजना के सीमित घंटों ने इस परियोजना की सफलता को कठिन बना दिया, खासकर इसलिए क्योंकि दोपहिया वाहनों का उत्सर्जन स्तर सर्वाधिक है। इस क्षण, दिल्ली मेट्रो और बसों के बेड़े यात्रियों की वर्तमान मांग को पूरा करने के लिए पर्याप्त नहीं हैं, वाहनों की राशनिंग के दिनों में पैदा होने वाली मांग की बात तो दूर की है। हालांकि, इस योजना के एक लाभ से इनकार नहीं किया जा सकता कि इसके कारण शहर की सड़कों पर वाहनों की सघनता कम हुई थी। इससे नागरिकों द्वारा कार में बिताए जाने वाले घंटों की मात्रा घटती है और सघनता के कारण होने वाले प्रदूषण



में कमी आती है। यह योजना सही दिशा में उठाया गया कदम है लेकिन वाहन जनित प्रदूषण की समस्या का समाधान अकेले इसके बल पर नहीं किया जा सकता। इन सरोकारों को देखते हुए, अगला तर्कसंगत समाधान विद्युत वाहन होने चाहिए, और खासकर विद्युत चलित सार्वजनिक परिवहन। देश के इर्दगिर्द बहुत से शहरों ने विद्युत बसों एवं फीडर बसों के प्रति प्रतिबद्धता जताई है और यदि इन उपायों को लागू किया जाता है, तो वे निश्चित रूप से वायु प्रदूषण पर सकारात्मक असर दिखाएंगे। हालांकि, तेलपाइप उत्सर्जनों में कटौती करना अधूरा काम है। जब तक विद्युत वाहन परम्परागत बिजली से ऊर्जा प्राप्त करते रहेंगे, वे जीवाश्म ईंधन उत्सर्जनों में योगदान करेंगे, मगर उस शहर में नहीं जहां वे चलते हैं। विद्युत चलित वाहन सही दिशा में उठाया गया कदम है लेकिन अकेले वे ही वायु प्रदूषण संकट से निबटने के लिए पर्याप्त नहीं है, जब तक भविष्य में वे सौर ऊर्जा चलित नहीं बन जाते हैं। वस्तुत: सौर ऊर्जा को बढ़ावा देने में ही भलाई है। समस्या के भिन्न-भिन्न स्त्रोतों की तरह, हमारी वायु गुणवत्ता के मुद्दों के समाधान भी विविधतापूर्ण और जटिल किस्म के हैं। प्रदूषण राज्य व शहर की सीमाओं को नहीं देखता और हमारे समाधान भी इनसे परे होने चाहिए। भारी औद्योगिक एवं वाहन गतिविधियों को शहर से बाहर रखना होगा, पराली जलाने की समस्या के साम्य आधारित पर्यावरणीय समाधान खोजकर जल्द से जल्द लागू करने होंगे, औद्योगिक गतिविधियों को कड़ाई से विनियमित करना होगा और ईंधन उत्सर्जन मानकों का उच्चीकरण करते रहना होगा, और यह सब केंद्र तथा राज्य सरकारों को साथ मिलकर करना होगा। अधिक महत्वपूर्ण रूप से, इस सरकार को यह सुनिश्चित करने की आवश्यकता है कि वायु गुणवत्ता की उचित निगरानी हो और आंकड़ों का साझा किया जाए जिससे सम-विषम योजना जैसी योजनाओं को मूल्यांकन किया जा सके।

इस समय, केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड का निगरानी संजाल दुखद रूप से अधूरा है, जिसमें बहुत से प्रदूषकों व स्थानों का पता नहीं है। हाल ही में जारी राष्ट्रीय स्वच्छ वायु योजना में बहुत से ऐसे भारतीय शहरों को शामिल नहीं किया गया है जिनके लिए नीतिगत कार्रवाई की आवश्यकता है और इसमें स्थानीय अधिकारियों को दोषियों को दंडित करने एवं शक्ति का उपयोग करने के अधिकार नहीं दिए गए हैं। जहां तक नागरिकों की बात है, तो वे प्रत्येक वर्ष अंतराल के बाद सही प्रत्याशी को वोट देने के अलावा और कुछ नहीं कर सकते। एयर प्यूरीफायर लगाना, भौतिक गतिविधियां सीमित करना एवं मास्क पहनना केवल उनके लिए संभव है जो इन चीजों का खर्च वहन कर सकते हैं और इससे वायु प्रदूषण से राहत तो मिलती है मगर यह कोई समाधान नहीं है।

प्रत्येक व्यक्ति कुछ सक्रिय कदम उठा सकता है : कारपूलिंग एवं सार्वजनिक परिवहन के उपयोग से वाहन उत्सर्जन कम होता है। ऐसे में सार्वजनिक परिवहन सुविधाओं का अधिक से अधिक प्रयोग करने का प्रयास अवश्य करना चाहिए। कचरा फेंकने से पहले उसका पृथक्करण सुनिश्चित करने से कचरा जलाने से होने वाले प्रदूषण में कमी आती है साथ ही खुले में कचरा जलाना तथा जाड़े के दौरान पत्तियां जलाने पर रोक लगाने की आवश्यकता है। दीवाली के दौरान, पटाखे न जलाने का विकल्प काफी अंतर ला सकता है, जैसा कि हमने नई दिल्ली में पिछले दशक में देखा है।

हालांकि, यह स्पष्ट है कि केवल कठोर नीति वह व्यापक बदलाव ला सकती है, वायु प्रदूषण से निबटने के लिए जिसकी आवश्यकता है। ऐसा होने के लिए, नागरिकों को अपने प्रतिनिधियों को अपने मतों एवं आवाज के माध्यम से प्रोत्साहित करना होगा। जल्द ही, दिल्ली समेत कुछ राज्यों में चुनाव होने वाले हैं। हमें अपनी आवाज उठाकर एवं वायु गुणवत्ता के बेहतर मानकों के लिए मांग करते हुए अपने प्रतिनिधियों के समक्ष अपनी प्राथमिकताएं उजागर करनी होंगी।

## आप की बात

### एक सलाह अपनों के लिए

**टेलीविजन** चैनलों की स्वनियामक संस्था समाचार प्रसारण व नियामक प्राधिकरण ने सभी टीवी समाचार और कार्यक्रम प्रसारित करने वाले चैनलों को परामर्श जारी कर कहा है कि उच्चतम न्यायालय में विचाराधीन श्री राम जन्मभूमि - बाबरी मस्जिद केस में रिपोर्टिंग करते हुए अतिरिक्त सतर्कता बरती जाए तथा तनाव उत्पन्न करने वाली भड़काऊ बहसों से बचा जाना चाहिए। एनबीएसए ने सलाह दी है कि इस तरह के मामलों में चैनल किसी भी तरह की अटकलबाजी से बचा जाए और खबर पूरी तरह प्रामाणिक हो तथा उसमें किसी तरह का पक्षपात या पूर्वाग्रह न दिखाई दे। एनबीएसए. पूर्व में भी कई परामर्श खबरिया चैनलों को जारी कर चुका है लेकिन बाजार से संचालित और टी. आर. पी. की होड़ में शामिल चैनलों को लगता है कि अब पत्रकारिता के आदर्शों से बहुत ज्यादा वास्ता नहीं रह गया है। आज चैनलों में प्रतिस्पर्धा में की आड़ में उपभोक्ताओं को ख़बरों के नाम पर अटकलबाजी परोसी जा रहीं हैं। कॉरपोरट घराने के चैनलों में तटस्थता, निष्पक्षता, वस्तुपरकता को उपभोक्ताओं की पसंदगी के नाम पर बलि चढ़ाया जा रहा है। मुनाफा बाकी धंधों की भांति इस पेशे में भी प्राथमिकता की पराकाष्ठा में रहता है।

– **बिजेंद्र कुमार,** दिल्ली विविद्यालय

### वामपंथी बेईमान

**बौद्धिक** स्तर पर भारतीय वामपंथ की बेईमानी देखकर विस्मय होता है। राखीगढ़ी के नरकंकालों के डीएनए टेस्ट ने प्रमाणित किया कि वे मध्य-एशिया के न होकर भारत के ही थे, अर्थात आर्य आक्रमण का सिद्धांत आधार-हीन है, किन्तु वामपंथी मानने को तैयार नहीं। ये परीक्षण कई संस्थानों में करवाया गया, जिनमे दुनिया के सर्वाधिक जाने-माने डीएनए वैज्ञानिक, हार्वर्ड विवि के प्रो डेविड रिच भी थे। किन्तु विज्ञान के निष्कर्ष को ठुकराकर अपनी अलग डफली बजाने में वामपंथी मग्न हैं। याद रहे तीस साल पहले 1988-89 में जब ताजमहल के एक दरवाजे की लकड़ी के कार्बन-डेटिंग से पता लगा कि वह सन 1340 की है, अर्थात शाहजहां के 300 वर्ष पहले की, उस समय भी उस वैज्ञानिक शोध को दबाने में वामपंथी आगे थे। न्यूयॉर्क के विश्व-प्रसिद्द प्रैट इंस्टिट्यूट में विख्यात वैज्ञानिक मार्विन मिल्स ने ये डेटिंग की थी। किन्तु भारत में वामपंथी बौद्धिक दबदबे के चलते इस वैज्ञानिक निष्कर्ष पर ध्यान देना तो दूर, उस की कहीं चर्चा तक नहीं हुई, और ताजमहल के 1632-48 के बीच शाहजहां द्वारा निर्माण का मिथक पूर्व के समान ही चलता रहा। अयोध्या मामले पर भी वामपंथी वैसा ही कर रहे हैं।

– **पूनम मित्तल,** मेरठ

### पराली पर जागरुकता जरूरी

**विकास** हमेशा विनाश के कंधों पर सवार होकर आता है। जब से मजदूरी ज्यादा होने की वजह से और मशीनों से कटाई आसानी से हो जाने लगी, तब से ही खेतों में अवशेष पराली को किसानों ने जलाना शुरू कर दिया,हाथ से कटाई होती थी तो भूसा बचता था और भूसा इस्तेमाल हो जाता था, अब ऐसा नहीं हो पाता और पराली जलाने से पर्यावरण को कितना ज्यादा नुकसान पहुंच रहा है इसको लेकर पर्यावरणविदों ने अभी से आगाह करना शुरू कर दिया है। दिल्ली, हरियाणा, पश्चिमी उत्तर प्रदेश की हवा जरूरत से ज्यादा जहरीली हो चुकी है, जिम्मेदारी सरकार की है। यदि किसानों को विधिवत जानकारी दी जाए और समझाया जाए की पराली को बायो कंपोस्ट के जरिए खाद बनाकर खेत में ही पुन: इस्तेमाल कर लें तो अगली फसल बिना कीटनाशक और बिना खाद के भी बहुत अच्छी हो सकती है, इसके लिए सरकार को पहल करनी होगी स्थितियां बद से बदतर हो उसके पहले। अत: किसानों को जागरूक करने पर विशेष ध्यान देना होगा।

– **रमेश माहेश्वरी**, सुल्तानपुर

**पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से**
**responsemail.hindipioneer@gmail.com**
**पर भी भेज सकते है।**

## फरमाया



**सार्वजनिक** क्षेत्र बैंकों का सबसे बुरा समय तब था जब मनमोहन सिंह प्रधानमंत्री व रघुराम राजन आरबीआई गवर्नर थे।

– **निर्मला सीतारमण**
वित्त मंत्री



**सरकार** विरोधियों को दोषी ठहराने की आदी है। वह अर्थव्यवस्था पुनर्जीवित करने का रास्ता तलाशने में विफल है।

– **मनमोहन सिंह**
पूर्व प्रधानमंत्री



**कांतिलाल** भूरिया और मैं अवकाश लेने की आयु में आ गए हैं। नौजवानों के आगे बढ़ने का समय आ गया है।

– **दिग्विजय सिंह**
वरिष्ठ कांग्रेस नेता

# निर्माण कार्य में अनियमितता पर होगी एफआईआर

## अपर मुख्य सचिव गृह ने पुलिस लाइन, थानों, बैरक व आवासीय परिसरों का निर्माण करने वाली कार्यदायी संस्थाओं के प्रमुख अफसरों के साथ की बैठक

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**अपर** मुख्य सचिव गृह अवनीश कुमार अवस्थी ने हिदायत दी है कि निर्माण कार्य में किसी प्रकार की लापरवाही या अनियमितता परिलक्षित होने पर दोषियों के खिलाफ सीधे एफआईआर दर्ज होगी। वह शुक्रवार को मुख्यमंत्री के निर्माण कार्यों से संबंधित घोषणाओं के सापेक्ष कार्यदायी संस्थाओं को प्रथम किश्त के आवंटन के सम्बन्ध में कार्यदायी संस्थाओं के प्रमुख अधिकारियों के साथ बैठक कर रहे थे। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि निर्माण कार्यों में किसी प्रकार की लापरवाही या शिथिलता तथा किसी प्रकार की अनियमियता न बरती जाए। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री द्वारा स्पष्ट रूप से निर्देश दिए गए हैं कि निर्माण कार्यों में किसी प्रकार की लापरवाही बरतने पर सम्बन्धित कार्यदायी विभाग के अधिकारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाय।

अपर मुख्य सचिव गृह ने जनपद हापुड़, अमरोहा, औरैया, अमेठी, सम्भल, चन्दौली तथा कासगंज में पुलिस लाइन निर्माण के कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने पुलिस लाईन निर्माण के कार्य करने वाली कार्यदायी संस्थाओं के प्रमुखों से एक-एक करके बात की तथा निर्देशित किया कि निर्माण कार्यों में किसी प्रकार की शिथिलता न बरती जाए। इसके साथ ही उन्होंने 44 जनपदों के पुलिस लाइन के आवासीय भवन के कार्यों को करने वाली संस्थाओं के प्रतिनिधियों से जनपदों में कार्य करने वाले अधिकारियों के नाम भी पूछे।

बैठक में डॉ. भीमराव अम्बेडकर पुलिस अकादमी, मुरादाबाद में आवासीय भवन तथा जनपद मुरादाबाद में पुलिस प्रशिक्षण महाविद्यालय व पुलिस प्रशिक्षण विद्यालय, जनपद सीतापुर में पुलिस प्रशिक्षण महाविद्यालय व पुलिस प्रशिक्षण विद्यालय, जनपद मेरठ में पुलिस प्रशिक्षण विद्यालय, जनपद चुनार में सशस्त्र पुलिस प्रशिक्षण विद्यालय, जनपद गोरखपुर में पुलिस प्रशिक्षण विद्यालय, जनपद उन्नाव में गुलाब सिंह लोधी पुलिस प्रशिक्षण विद्यालय में आवासीय भवन के निर्माण कार्य करने वाली संस्थाओ की जानकारी अपर मुख्य सचिव गृह के द्वारा ली गयी। इसके साथ ही थानों में महिला, पुरुष बैरक एवं विवेचना कक्ष, पुलिस लाइन की महिला, पुरुष बैरक, पीएसी की बैरक, नए अग्निशमन केन्द्रों के निर्माण, नए थानों-चौकी के प्रशासनिक एवं आवासीय भवन का निर्माण तथा जनपद गोरखपुर एवं बदायूं में महिला पीएसी बटालियन के निर्माण करने वाली संस्थाओं के प्रमुखों से जानकारी ली गयी।

अपर मुख्य सचिव गृह ने बैठक में उपस्थित संस्थाओं के प्रमुखों को निर्देशित किया कि उपरोक्त निर्माण कार्यों का डिजाइन तीन से चार दिन में तैयार कर प्रस्तुत किया जाय तथा 23 अक्टूबर 2019 तक निर्माण कार्यों का प्रेजेटेंशन भी तैयार कर लिया जाए। उन्होंने कहा कि निर्माण कार्यों को समयबद्ध एवं गुणवत्ता के साथ किया जाए। उन्होंने कहा कि निर्माण कार्यों के लिए किए जाने वाले टेंडर मे भी सतर्कता एवं पारदर्शिता बरती जाए।

### नए अग्निशमन केंद्रों के निर्माण के लिए 15 दिनों में पूरी करें आवश्यक कार्रवाई

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देशों के अनुपालन में अपर मुख्य सचिव गृह अवनीश कुमार अवस्थी ने बुलंदशहर के तहसील गहना, गोवर्धनपुर, अनूपशहर एवं स्याना में अग्निशमन केंद्र के निर्माण के लिए बैठक की। उन्होंने मुख्य अग्निशमन अधिकारी बुलंदशहर को प्रत्येक तीन दिवस में मौके पर जाकर अग्निशमन केंद्र के निर्माण के लिए आवश्यक कार्यों को प्राथमिकता से सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि इस काम में किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरती जाय। तहसील स्याना के संबंध में निर्देश देते हुए कहा है कि अग्निशमन केन्द्र का निर्माण अत्यन्त महत्वपूर्ण है। अग्निशमन केन्द्र के निर्माण के लिए आवश्यक कार्यवाही 15 दिन में पूर्ण कर ली जाए। उन्होंने यह भी बताया कि अग्नि सेवा एक संगठित समाज की सबसे आवश्यक सेवाओं में से एक है। अग्निशमन विभाग आपात काल में अग्निशमन और बचाव कार्यों को करता है।




लखनऊ विश्वविद्यालय के मालवीय सभागार में आयोजित इंटरनेशनल सेमीनार में पुस्तक का विमोचन करते कानून मंत्री ब्रजेश पाठक

# यूनिवर्सिटी कोर्ट की दो साल से नहीं हुई बैठक, कार्यपरिषद को सदस्यों का इंतजार

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**लखनऊ** विश्वविद्यालय प्रशासन की लचर कार्यशैली के चलते यूनिवर्सिटी कोर्ट की बीते दो सालों से विवि प्रशासन ने एक भी बैठक कराने की जरूरत नहीं समझी है। जिसका नतीजा, कार्य परिषद को अपने चार सदस्य नहीं मिल पा रहे हैं। जबकि यूनिवर्सिटी कोर्ट का चुनाव वर्ष 2017 में सम्पन्न कराया गया था।

राज्य विश्वविद्यालय अधिनियम के अनुसार यूनिवर्सिटी कोर्ट विवि की सुप्रीम संस्था माना जाती है। यह कोर्ट वित्तीय से लेकर एकेडमिक मामलों में अपना निर्णय देती है। यूनिवर्सिटी कोर्ट में कुल 15 मेम्बर होते हैं। जिनमें से चार सदस्य कार्य परिषद में चुनकर जाते हैं। लेकिन समस्या यह है कि वर्ष 2017 में यूनिवर्सिटी कोर्ट के सम्पन्न हुए चुनाव के बाद विवि की तरफ से यूनिवर्सिटी कोर्ट की बैठक ही नहीं बुलाई गयी है। नियम के मुताबिक कोर्ट के सदस्यों का कार्यकाल कोर्ट के बैठक की तिथि से मान्य होता है। ऐसे में कोर्ट की बैठक न होने से निर्वाचित सदस्यों का कार्यकाल भी नहीं शुरू हो सका है। जबकि वर्तमान कुलपति का कार्यकाल नवंबर माह में सम्पन्न हो रहा है। ऐसे में अधूरी कार्य परिषद के माध्यम से विवि प्रशासन फैसले ले रहा है।

**आखिरी बार रामनाईक ने की थी बैठक:** यूनिवर्सिटी कोर्ट की आखिरी बैठक विवि के पूर्व कुलपति प्रो. एसबी निमसे के कार्यकाल में मालवीय सभागार में हुई थी। जिसमें तत्कालीन राज्यपाल राम नाईक शामिल हुए थे। उस दौरान कोर्ट की बैठक में विवि की बैलेंस शीट को लेकर सदस्यों ने विवि की कार्यशैली के प्रति काफी नाराजगी जताई थी। कोर्ट की बैठक राज्यपाल की अनुमति के आधार पर तय की जाती है। इस बावत राज्यपाल से समय मांगा गया था परन्तु अभी तक समय नहीं मिल सका है। समय मिलने के बाद कोर्ट की बैठक बुलाई जायेगी।

# लगातार बढ़ रहा कौशल विकास का महत्वः महेन्द्र नाथ पांडेय



इन्दिरा गांधी प्रतिष्ठान में कौशल विकास सम्मेलन का उद्घाटन करने के बाद प्रदर्शनी का अवलोकन करते केन्द्रीय मंत्री महेन्द्र नाथ पाण्डेय

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

- जल्द लागू होगा लेबर इंडेक्सः सिद्धार्थ नाथ सिंह
- एनसीईआरटी के पाठ्यक्रम में कौशल विकास के चैप्टर को जोड़ा जायेगाः एमएसएमई मंत्री

**केन्द्रीय** कौशल विकास मंत्री महेन्द्र नाथ पाण्डेय ने कहा है कि मौजूदा दौर में कौशल विकास का महत्व दिनोंदिन बढ़ता जा रहा है। कौशल विकास कार्यक्रमों को बढ़ावा देने के लिए हर वर्ग के लोगों को इससे जोड़ा जा रहा है। उन्होंने कहा है कि उत्तर प्रदेश में कौशल विकास कार्यक्रमों को हर स्तर पर प्रोत्साहित करने के लिए केन्द्र सरकार प्रदेश को हरसंभव सहयोग प्रदान करेगी। उन्होंने कहा कि वर्तमान में हरक्षेत्र में कुशल श्रम की महती आवश्यकता है। तकनीकी श्रम के माध्यम से रोजगार के व्यापक अवसर लोगों को सुलभ होंगे। श्री पाण्डेय ने यह बात शुक्रवार को इन्दिरा गांधी प्रतिष्ठान के सभागार में भारतीय कौशल विकास केन्द्र उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन के सहयोग से पीएचडी चैम्बर ऑफ कॉमर्स एण्ड इंडस्ट्रीज द्वारा आयोजित उत्तर प्रदेश कौशल विकास एवं लघु उद्योग सम्मेलन कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कही। उन्होंने कहा कि उद्योगों को प्रशिक्षित मानव प्रबंधन उपलब्ध कराने के लिए केन्द्र और राज्य सरकार मिलकर व्यापक स्तर पर विभिन्न ट्रेडों में लोगों को प्रशिक्षण प्रदान कर रहे हैं। प्रशिक्षण के उपरान्त लोगों को दक्ष करने के उद्देश्य से अप्रेन्टिस कार्यक्रम भी चलाये जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि कौशल विकास केन्द्रों को और प्रभावी बनाया जा रहा है। महेन्द्र नाथ पाण्डेय ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने एमएसएमई विभाग का उत्तरदायित्व बहुत ही जिम्मेदार हाथों में सौंपा है। केन्द्र सरकार व राज्य सरकार मिलकर प्रदेश एवं देश को आगे बढ़ाने का कार्य करेंगे। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कुशल नेतृत्व में वर्तमान में जो सर्वे आया है, उसके अनुसार देश में स्किल का प्रतिशत 8 से 9 फीसदी हो गया है, पहले देश में केवल 4 प्रतिशत ही प्रशिक्षित मानव संसाधन उपलब्ध था। उन्होंने कहा कि स्किल मैन पावर के लिए आरपीएल स्कीम चलाई गई है। उन्होंने कहा कि लेबर मैनेजमेंट इनफारमेंशन सिस्टम डेवलप किया जा रहा है। 54 लाख लोगों को विभिन्न क्षेत्र में ट्रेंड किया गया है तथा 12 लाख को रोजगार भी प्राप्त हुआ है। शिक्षक दिवस पर छोटे-छोटे कारीगरों को प्रोत्साहित करने के लिए शीघ्र ही कौशलाचार्य सम्मान योजना लागू की जायेगी। उत्तर प्रदेश के सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्री सिद्धार्थ नाथ सिंह ने कहा कि यूपी इन्वेस्टर्स समिट का आयोजन हुआ। आने वाले समय में उद्यम भी स्थापित हो जायेंगे। इनमें से सर्विस सेक्टर जल्दी तैयार हो जायेगा। इसके लिए मैचिंग कॉरेसपाडिंग स्किलिंग की व्यवस्था अभी तैयार नहीं हो पायी है। उत्तर प्रदेश ही नहीं बल्कि देश में लेबर इंडेक्स नहीं है। लेबर इंडेक्स मायने यह है कि आने वाले समय में भारत के राज्यों में एग्रो प्रोसेसिंग, हैवी इन्डस्ट्री, मीडियम स्केल इन्डस्ट्रीज या सर्विस सेक्टर में कितने लोगों की आवश्यकता पड़ने वाली है। राज्य स्तर पर इसका प्रस्ताव तैयार किया जा रहा हैए जल्द ही इसको लागू किया जायेगा। श्री सिंह ने कहा कि वर्तमान में भारत की अर्थव्यवस्था टेक्नालाजी के पदार्पण से कई चीजों में परिवर्तन आया है। जल्द ही बड़ी संख्या में रोजगार का सृजन भी होगा। डिजिटल इंडिया प्रोग्राम के तहत पूरे प्रदेश में एक लाख 25 हजार गांवों को आप्टिकल फाइबर केबिल से जोड़ा गया है। इस कार्यक्रम को आगे बढ़ाने के लिए स्किलिंग की आवश्यकता है। उद्योग मंत्री ने कहा कि शिक्षा विभाग के साथ समन्वय स्थापित करके एनसीईआरटी के पाठ्यक्रम में कौशल विकास के चैप्टर को जोड़ा जायेगा। नौकरियां देने में यह महत्वपूर्ण चैप्टर साबित होगा। उन्होंने कहा कि टूरिज्म बहुत बडा़ क्षेत्र है। इसमें रोजगार की असीम सम्भावना है। खादी को प्रमोट किया जा रहा है। खादी को लोकप्रिय बनाने के लिए इटली और फ्रांस में आयोजित होने वाले फैशन शो में खादी परिधानों का भी डिस्प्ले कराया जायेगा।

# ड्रग रिसर्च को लेकर बीबीएयू व सीडीआरआई के बीच अनुबंध

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**ड्रग** रिसर्च के क्षेत्र में साथ मिलकर कार्य करने के उद्देश्य से शुक्रवार को बाबा साहेब भीमराव अम्बेडकर केन्द्रीय विश्वविद्यालय व सीएसआईआर-सीडीआरआई लखनऊ के बीच एक अनुबंध पत्र पर हस्ताक्षर किया गया। अनुबंध पर हस्ताक्षर के बाद विवि के कुलपति प्रो. संजय सिंह ने कहा कि एमओयू के बाद बीबीएयू के स्टूडेंट सीडीआरआई की प्रयोगशाला का प्रयोग कर सकेंगे और वहां पर वैज्ञानिकों की टीम के साथ काम करके व्यवहारिक ज्ञान अर्जित करेंगे।

प्रो. संजय सिंह ने कहा कि विश्वविद्यालय द्वारा यह प्रयास रहेगा कि बीबीएयू के विद्यार्थियों के लिए प्रो. तपस के विशेष व्याख्यान का आयोजन किया जाए ताकि यहां के विद्यार्थी उनके ज्ञान और अनुभव को सुनकर लाभान्वित हो सके। उन्होंने कहा कि हमारे देश में दवाओं और औषधि निर्माण व इलाज के क्षेत्र में अपार संभावनाएँ हैं, हमें अन्वेषण करने की आवश्यकता है। सीडीआरआई के पास मशीने व उन्नत तकनीकि संसाधन है और हमारे पास योग्य विद्यार्थी हैं, अब यह दोनों संस्थाएं मिलकर देशहित और बेहतर भविष्य के निर्माण में कार्य करेंगी और एक दूसरे का साथ देते हुए आगे बढ़ेंगी। सीडीआरआई के डायरेक्टर प्रोफेसर तपस कुंडू ने कहा कि सीडीआरआई के लिए यह सौभाग्य की बात है कि हम बीबीएयू के विद्यार्थियों के साथ मिलकर ड्रग रिसर्च के क्षेत्र में काम करेंगे और देश को आगे बढ़ाने की दिशा में अपना योगदान देंगे। साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि यह एमओयू तभी सफल है जब विद्यार्थियों के स्तर पर वार्तालाप हो और विद्यार्थी स्वयं आगे आकर सीडीआरआई की प्रयोगशाला का प्रयोग करें और वहां के वैज्ञानिकों की टीम के साथ मिलकर चर्चा करें।

# कानून-व्यवस्था ध्वस्त, अपराधियों को संरक्षण दे रही सरकारः लल्लू

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

- नैतिकता के आधार पर सीएम से की इस्तीफे की मांग

**प्रदेश** कांग्रेस अध्यक्ष अजय कुमार लल्लू ने कहा कि योगी आदित्यनाथ की सरकार को सुप्रीम कोर्ट ने भी जंगलराज करार दे दिया है, अब नैतिकता के आधार पर मुख्यमंत्री को इस्तीफा देकर गोरखपुर चले जाना चाहिए।

लल्लू ने कहा कि योगी आदित्यनाथ की सरकार में लगातार हत्या, बलात्कार, लूट और डकैती जैसे संगीन अपराध बढ़े हैं। सरकार यह सारे आंकड़े छुपा रही है पर वह जनता की नजर से बच नहीं सकती, जनता जनार्दन सब देख रही है। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश की पूरी कानून व्यवस्था ध्वस्त हो गई है। अब तो देश की सबसे बड़ी अदालत ने भी उत्तर प्रदेश में जंगलराज की पुष्टि कर दी है। सूबे के मुखिया को तत्काल प्रभाव से इस्तीफा दे देना चाहिए।

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि पूरे प्रदेश की न सिर्फ कानून व्यवस्था चरमरा गई है बल्कि जगह-जगह से रक्षकों के भक्षक बनने की खबरें रोजाना आती हैं। सरकार अपराधियों को संरक्षण दे रही है। सिर्फ इतना ही नहीं उन्नाव से शाहजहांपुर तक भाजपा का नंगा नाच पूरे देश ने देखा है। सोनभद्र के उम्भा में निर्दोष आदिवासियों को भूमाफियाओं ने मार डाला, झांसी में एक परिवार के चार लोगों को जिंदा जला दिया गया, हापुड़ में एक किसान को पुलिस हिरासत में पीट-पीटकर मार डाला गया। इलाहाबाद और वाराणसी में दिन-प्रतिदिन हत्याओं का सिलसिला चला। पूरे प्रदेश में कोई सुरक्षित नहीं है। आज ही राजधानी लखनऊ में दिनदहाड़े एक व्यक्ति की अपराधियों द्वारा गला रेतने के बाद गोली मारकर हत्या कर दी गयी। अपराधियों के हौसले बुलन्द हैं। ऐसे में मुख्यमंत्री आदित्यनाथ योगी को बताना चाहिए कि उनसे इस्तीफे की मांग क्यों न की जाए।

### मुजफ्फरनगर में आज कांग्रेसजनों से भेंट करेंगे लल्लू

**लखनऊ।** प्रदेश कांग्रेस अजय कुमार लल्लू 19 अक्टूबर को प्रातः मुजफ्फ रनगर सर्किट हाउस, मुजफ्फ रनगर में कांग्रेसजनों से मुलाकात करेंगे। इसके उपरान्त अपरान्ह मुजफ्फरनगर से चलकर अलीगढ़ पहुंचेंगे जहां इग्लास विधानसभा उपचुनाव में कांग्रेस प्रत्याशी उमेश कुमार दिवाकर के पक्ष में आयोजित विशाल चुनावी जनसभा को सम्बोधित करेंगे। यह जानकारी प्रदेश कांग्रेस के प्रभारी प्रशासन सिद्धार्थ प्रिय श्रीवास्तव ने दी।



गन्ना संस्थान में राइस मिलर्स वेलफेयर एसोसिएशन द्वारा आयोजित आम सभा का दीप जलाकर उद्घाटन करते राज्यमंत्री खाद्य रसद राघवेंद्र प्रताप सिंह

# राम मंदिर निर्माण को लेकर कार्यकर्ताओं को तैयार कर रहा विश्व हिन्दू परिषद

- 30 अक्टूबर तक चलने वाले प्रशिक्षण में कार्यकर्ताओं को दैव भक्ति के साथ राष्ट्रभक्ति का प्रशिक्षण



**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**त्रिशूल** दीक्षा और सत्संग अभियान के बाद विश्व हिन्दू परिषद प्रदेश में स्थापित 96 शक्ति केन्द्रों पर अपने कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षित करने जा रहा है। विश्व हिन्दू परिषद का यह प्रशिक्षण कार्य 30 अक्टूबर तक चलेगा। प्रशिक्षण के पीछे विहिप का तर्क है कि नवंबर में राम मंदिर निर्माण को लेकर आ रहे सुप्रीम कोर्ट के फैसले को देखते हुए प्रशिक्षण के माध्यम से कार्यकर्ताओं को तैयार किया जा रहा है। जिससे निर्णय आने के बाद कार्यकर्ताओं को निर्माण कार्य में लगाया जा सके। विश्व हिन्दू परिषद की तरफ से इन शक्ति केन्द्रों पर युवाओं को दैव भक्ति से लेकर राष्ट्रभक्ति का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। साथ ही भारतीय संस्कृति की सनातन परंपरा को कायम रखने के लिए कार्यकर्ताओं को संकल्प भी दिलाया जा रहा है। प्रशिक्षण कार्यक्रम के लिए विश्व हिन्दू परिषद की तरफ से हर जिले में चार केन्द्र बनाये गये हैं। इसमें हर प्रखंड में दो -दो ब्लॉक को जोड़कर एक शक्ति केन्द्र की स्थापना की गयी है। प्रशासनिक लिहाज से हर जिले को दो भागों में बांटा गया है। केवल बलरामपुर, श्रावस्ती और अम्बेडकरनगर में एक-एक शक्ति केन्द्र की स्थापना की गयी है। वहीं बहराइच जिले में 6 शक्ति केन्द्रों की स्थापना की गयी है। प्रशिक्षण कार्यक्रम को लेकर अवध प्रान्त के संगठन मंत्री भोलेन्द्र का कहना है कि प्रशिक्षण के माध्यम से युवाओं को तैयार किया जा रहा है। जिससे मंदिर निर्माण का फैसला आने के बाद युवा अपना योगदान दे सकें।

# दीपोत्सव पर भारत सहित छह देशों के कलाकार बिखेरेंगे जलवा

- नरक चौदस पर अयोध्या में होगा आयोजन

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**दीपोत्सव** पर नया रिकार्ड़ बनाने की दहलीज पर खड़ी योगी सरकार के अयोध्या में होने वाले आयोजन में भारत सहित छह देशों के कलाकार अपने हुनर का जलवा बिखेरेंगे। ये सभी कलाकार अपने-अपने देशों की भाषा में रामलीला का मंचन करके नया संदेश देंगे। इसके अलावा योगी सरकार 5.51 लाख दिये एक साथ जलाकर नया रिकार्ड दर्ज करेगी।

भारत के अलावा जिन पांच अन्य देशों के कलाकारों द्वारा रामलीला का मंचन किया जाना है उनमें इंडोनेशिया, नेपाल, फिलीपिन्स, श्रीलंका तथा नेपाल हैं। पिछले साल दक्षिणी कोरिया के कलाकारों ने दीपोत्सव पर अपना हुनर दिखाया था। इस मौके पर वहां की महारानी ने भी आयोजन में हिस्सा लिया था। वैसे तो दीपोत्सव की शुरुआत 24 अक्टूबर से रामलीला मंचन के साथ शुरू हो जाएगा, लेकिन मुख्य आयोजन 26 अक्टूबर को होना है। जिसमें भगवान राम पुष्पक विमान से माता सीता, भाई लक्ष्मण और हनुमान के साथ अयोध्या की धरती पर उतरेंगे। राज्यपाल आनंदी बेन,मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और उनकी सरकार के अनेक मंत्री भगवान राम की अगवानी करेंगे। इस मौके पर सरयू नदी के तट सहित अयोध्या के तरह प्रमुख मंदिरों में 5.51 लाख दिये मंत्रोचारण के बीच प्रज्जवलित किये जाएंगे। पिछले वर्ष तीन लाख से अधिक दीये जलाकर योगी सरकार ने गीनिज बुक में अपना रिकार्ड़ दर्ज कराया था।





इसके अलावा अयोध्या में होने वाले दीपोत्सव में अद्भुत मुखौटे आकर्षण का विशेष केन्द्र होंगे। रामायण काल के पात्रों पर केन्द्रित ये मुखौटें असम से यहां आ रहे हैं। जिन्हें अयोध्या में वितरित कराया जाएगा। ये मुखौटे गणेश जी, हनुमान जी, जटायु, रावण तथा मेघनाथ जैसे रामायाण के पात्रों को केन्द्र में रखकर तैयार किये गये हैं। दीपोत्सव वाले दिन पूरी अयोध्या अलग परिधान में दिखे, इसके लिये इन मुखौटों में कलाकारों के अलावा अयोध्या के लोग भी होंगे। धार्मिक नगरी अयोध्या में दो साल पहले दीपावली के अवसर पर शुरू किया गया दीपोत्सव देश दुनिया में पहचान बनाने के रास्ते पर है । इस वर्ष दीपोत्सव को पहले से कहीं अधिक वृहद और भव्य बनाने की तैयारी है। पिछले वर्ष पवित्र सरयू नदी के किनारे जलाए गए दीए लगभग 45 मिनट तक जले और इनकी भव्यता की देश दुनिया में खूब सरहाना मिली। अयोध्या इस बार दीपावली पर ज्यादा जगमग करने की तैयारी योगी सरकार कर रही है। सिर्फ राम की पैड़ी पर ही नहीं बल्कि बल्कि पूरी रामनगरी में तीन दिन तक हर घर में दीए जलेंगे। विदित हो कि अयोध्या में प्रस्तावित भगवान राम की 251 मीटर मूर्ति बनकर तैयार हो चुकी है। सीएम योगी आदित्यनाथ की घोषणा के अनुरूप बनी यह मूर्ति दुनियां की सबसे ऊंची होगी। भगवान राम की मूर्ति तैयार होने के बाद उम्मीद है कि योगी सरकार जल्द परियोजना का शिलान्यास करेगी।

भगवान राम की मूर्ति का निर्माण सरयू नदी के किनारे 100 हेक्टेयर जमीन में किया जाना है। इसमें 20 मीटर ऊंचा चक्र होगा। मूर्ति 50 मीटर ऊंचे बेस पर खड़ी होगी। बेस के नीचे ही भव्य म्यूजियम बनाया जाना है। यहां टेक्नोलॉजी के माध्यम से भगवान विष्णु के सभी अवतारों को दिखाया जाएगा। यहां डिजिटल म्यूजियम, फूड़ प्लाजा, लैंड स्केपिंग, लाइब्रेरी, रामायण काल की गैलरी आदि भी प्रस्तावित है। भगवान राम की यह मूर्ति 251 मीटर ऊंची होगी। चीन स्थित गौतमबुद्ध की मूर्ति विश्व में सबसे ऊंची है। उसकी ऊंचाई 208 मीटर है, लेकिन अयोध्या में भगवान राम की मूर्ति 251 मीटर ऊंची होगी। इसका निर्माण होने के साथ ही अयोध्या चीन को पछाड़ देगा। यह विश्व की सबसे ऊंची मूर्ति होगी। न्यूयॉर्क में 93 मीटर ऊंचा स्टैच्यू ऑफ लिबर्टी है।

# राज्यपाल ने यादवपुर विश्वविद्यालय की एक मानद डिग्री पर जताई आपत्ति

**एजेंसी।** कोलकाता

**यादवपुर** विश्वविद्यालय में एक बैठक में शामिल हुए पश्चिम बंगाल के राज्यपाल जगदीप धनखड़ ने इस साल प्रदान की जाने वाली चार मानद डिग्री में एक पर आपत्ति प्रकट की लेकिन बाद में सुर नरम करते हुए कहा कि भविष्य में व्यापक चर्चा होनी चहिए। विश्वविद्यालय द्वारा प्रदान की जाने वाली मानद डिग्री होनोरिस कॉसा के संबंध में विश्वविद्यालय की फैसला लेने वाली शीर्ष इकाई कोर्ट की बैठक के दौरान चार नामों को अंतिम रूप दिया गया। परिसर में उग्र छात्रों की भीड़ द्वारा किए गए घेराव से केंद्रीय मंत्री बाबुल सुप्रियो को सुरक्षित निकालने के एक माह बाद शुक्रवार को धनखड़ विश्वविद्यालय की कोर्ट बैठक में शामिल हुए।



प्रेस वार्ता करते पश्चिम बंगाल के राज्यपाल जगदीप धनखड़ (बाएं)

राज्यपाल राज्य के सभी विश्वविद्यालयों के कुलाधिपति भी हैं। वह सुबह 11 बजे विश्वविद्यालय परिसर में पहुंचे और बैठक के बाद छात्रों से भी बातचीत की। इस साल 24 दिसंबर को दीक्षांत समारोह के तहत डी लिट और डी एससी की मानद डिग्री से नवाजे जाने वाले चार नामी लोगों के नाम को अंतिम रूप दिए जाने के बारे में धनखड़ ने कहा, बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय हुआ और हमने यह भी कहा कि भविष्य में व्यापक चर्चा होनी चाहिए। करीब एक घंटे तक चली बैठक में प्रो-वाइस चांसलर, रजिस्ट्रार और विभिन्न विभागों के प्रमुख भी शामिल हुए। अंतरराष्ट्रीय संबंध विभाग के प्रमुख ओमप्रकाश मिश्रा के मुताबिक राज्यपाल से कोर्ट द्वारा सर्वसम्मति से लिए मानद डिग्री प्रदान करने के लिए तय किए गए चार नामों पर गौर करने का आग्रह किया गया था।

राज्यपाल ने प्रस्ताव पर सहमति जताई या नहीं, यह पूछने पर मिश्रा ने कहा कि हालांकि उन्होंने इसका विरोध नहीं किया लेकिन यह भी स्पष्ट कर दिया कि आगे से निर्णय लेने की प्रक्रिया में उन्हें शामिल किया जाना चाहिए। उल्लेखनीय है कि 19 सितंबर को विश्वविद्यालय में बाबुल सुप्रियो को काले झंडे दिखाए गए और विद्यार्थियों के एक धड़े ने उनके साथ धक्का-मुक्की की थी। उन्हें परिसर से बाहर जाने से भी रोका गया।



पोर्टब्लेयर में हो रहे एक बड़े संयुक्त युद्धाभ्यास में भाग लेते सेना के जवान

# फोर्टिस के पूर्व प्रवर्तकों ने अदालत से अंतरिम जमानत मांगी

**एजेंसी।** नई दिल्ली

**रेलिगेयर** फिनवेस्ट लि के धन का गबन करने के आरोप में गिरफ्तार किए गए फोर्टिस हेल्थकेयर के पूर्व प्रवर्तक मलविंदर सिंह और उनके भाई शिविंदर सिंह ने शुक्रवार को दिल्ली की एक अदालत से अंतरिम जमानत देने का अनुरोध करते हुए कहा कि वे शिकायतकर्ता के साथ मामले को निपटना चाहते हैं। मुख्य मेट्रोपोलिटन मजिस्ट्रेट दीपक शेरावत ने दलील का संज्ञान लिया और आरोपियों को मंगलवार को पेश करने के लिए वारंट जारी किया।

शिकायतकर्ता आरएफएल के मनप्रीत सिंह सूरी की ओर से वरिष्ठ वकील विकास पाहवा ने अदालत से कहा कि वह लिखित में प्रस्ताव चाहते हैं। पाहवा ने कहा, अगर प्रस्ताव उचित हुआ, तो हम जमानत का विरोध नहीं करेंगे। अदालत ने मामले को 22 अक्टूबर को सुनवाई के लिए सूचीबद्ध कर दिया है। अदालत ने बृहस्पतिवार को मलविंदर सिंह और उनके भाई शिविंदर सिंह तथा तीन अन्य आरोपियों - सुनील गोधवानी, कवि अरोड़ा और अनिल सक्सेना - को 31 अक्टूबर तक न्यायिक हिरासत में भेज दिया था। दिल्ली पुलिस की आर्थिक अपराध शाखा (ईओडब्ल्यू) ने मंगलवार को अदालत को बताया था कि सिंह बंधुओं ने खुलासा किया है कि कंपनियों को मिली कर्ज की राशि में से विभिन्न व्यक्तियों को करीब 1,000 करोड़ रुपए हस्तांतरित किए गए जिसका कथित तौर पर गबन किया गया। जांच अधिकारी ने अपनी याचिका में कहा कि आरोपियों को हिरासत में लेकर पूछताछ करने की इसलिए जरूरत है ताकि उन लोगों की पहचान की जा सके जिन्हें धन भेजा गया था और मुखौटा कंपनियों को बनाने के मकसद के बारे में पता लगाया जा सके। पुलिस की याचिका में कहा गया कि मुखौटा कंपनियों के निदेशकों और आरोपियों के बीच परस्पर संपर्क के संबंध में जांच को लेकर उनका आमना-सामना कराने के लिए हिरासत में पूछताछ जरूरी है। मलविंदर के वकील ने याचिका का विरोध नहीं किया और कहा कि अब तक की गई जांच से जो बातें निकलकर सामने आई हैं उससे आरोपियों को फायदा मिल सकता है।

## देश में करीब 5.4 लाख टीबी मामले दर्ज नहीं हुए

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** दुनिया में टीबी के सर्वाधिक मामले वाले आठ देशों में शुमार भारत में पिछले साल इस बीमारी के करीब 5.4 लाख मामले दर्ज नहीं हुए। विश्व स्वास्थ्य संगठन की टीबी रिपोर्ट में यह बात कही गई है। रिपोर्ट के अनुसार भारत में 2018 में टीबी के मरीजों की संख्या में पिछले साल की तुलना में करीब 50,000 की कमी आई। वर्ष 2017 में भारत में टीबी के 27.4 लाख मरीज थे जो साल 2018 में घटकर 26.9 लाख हो गए। प्रति 100,000 लोगों पर टीबी मरीजों की संख्या साल 2017 के 204 से घटकर साल 2018 में 199 हो गई। डब्ल्यूएचओ की रिपोर्ट में कहा गया है, दुनियाभर में 30 लाख टीबी मामले राष्ट्रीय टीबी कार्यक्रम में दर्ज नहीं हो पाते हैं। भारत में 2018 में टीबी के करीब 26.9 लाख लाख मामले सामने आए और 21.5 लाख मामले (भारत सरकार के) राष्ट्रीय कार्यक्रम के तहत दर्ज किए गए। यानी 5,40,000 मरीजों के मामले इस कार्यक्रम में दर्ज नहीं हुए। जिन रोगियों पर टीबी रोधी महत्वपूर्ण दवा रिफैम्पिसिन निष्प्रभावी रही उनकी संख्या 2017 के 32 फीसद से बढ़कर 2018 में 46 फीसद हो गई। नए मरीजों तथा उपचार के बाद फिर इस बीमारी के गिरफ्त में आने वाले मरीजों की उपचार सफलता दर 2016 के 69 फीसद से बढ़कर 2017 में 81 फीसद हुई।

# दक्षिण के आध्यात्मिक गुरु के परिसरों पर छापों में 500 करोड़ से ज्यादा बेहिसाब आय का पता चला

**एजेंसी।** चेन्नई

**आयकर** विभाग ने शुक्रवार को कहा कि आध्यात्मिक गुरू कल्कि भगवान द्वारा स्थापित कंपनियों और ट्रस्टों के दक्षिणी राज्यों में फैले परिसरों पर तलाशी में 500 करोड़ रुपए से ज्यादा की अघोषित आय का पता चला है। अघोषित आय में करीब 409 करोड़ रुपए की बेहिसाब नकद प्राप्तियां शामिल हैं। आयकर विभाग की आधिकारिक विज्ञप्ति में कहा गया कि कुल 43.9 करोड़ रुपए नकद और 18 करोड़ रुपए की अमेरिकी मुद्रा जब्त की गई। कुल 93 करोड़ रुपए मूल्य की नकदी जब्त की गई।

पता चला कि यह समूह कर पनाहगाह के रूप में मशहूर क्षेत्रों में निवेश कर रहा है और आयकर विभाग भारत में करदेय आय को भारत के बाहर इकाइयों में भेजे जाने की जांच कर रहा है। आंध्र प्रदेश के वरदैयाहपालेम, चेन्नई, हैदराबाद और बेंगलुरू में आरोग्य पाठ्यक्रम चलाने वाली कंपनियों और ट्रस्टों के करीब 40 परिसरों पर बुधवार को छापे मारे गए। कंपनियों की स्थापना आध्यात्मिक गुरू कल्कि भगवान ने की है। छापे की प्रक्रिया जारी है। आयकर विभाग की एक विज्ञप्ति के अनुसार छापों में इस बात के प्रमाण मिले हैं कि समूह अपनी प्राप्तियों को अपने अनेक केंद्रों या आश्रमों में छिपा रहा है। विज्ञप्ति के अनुसार, समझा जाता है कि समूह ने दस्तावेजी मूल्यों से अधिक कीमत पर संपत्तियों की बिक्री से नकदी प्राप्ति कर भी बेहिसाब आय अर्जित की।

### अगस्ता वेस्टलैंड घोटाला : ईडी ने बिचौलिए सक्सेना को मिला गवाह का दर्जा रद्द करने की मांग की

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** प्रवर्तन निदेशालय ने शुक्रवार को दिल्ली की एक अदालत में अगस्ता वेस्टलैंड हेलिकॉप्टर घोटाले से संबंधित धन शोधन मामले में राजीव सक्सेना की सरकारी गवाह की स्थिति को रद्द करने की मांग की। एजेंसी ने विशेष न्यायाधीश अरविंद कुमार को बताया कि बिचौलिया से गवाह बने सक्सेना ने जानकारी को रोक लिया है और जांच के दौरान पूरी बात का खुलासा नहीं किया। अदालत ने ईडी के आवेदन पर सक्सेना से जवाब मांगा और इस मामले की अगली सुनवाई के लिए 21 अक्टूबर का दिन तय किया। इसी दिन सक्सेना को दी गई जमानत रद्द करने के लिए एजेंसी की याचिका पर भी सुनवाई होगी। इससे पहले अदालत ने सक्सेना को सरकारी गवाह बनने की इजाजत दी थी और साथ ही इस शर्त पर उसे क्षमा देने की बात भी मान ली थी कि वह इस मामले से जुड़े सभी जानकारी का खुलासा करेगा।

एजेंसी ने शुक्रवार को संक्षिप्त सुनवाई के दौरान ने आरोप लगाया कि सक्सेना ने पूछताछ के दौरान जांच एजेंसी को गुमराह किया। एजेंसी ने कहा, सरकारी गवाह बनने के बावजूद सक्सेना इस मामले में शामिल अन्य व्यक्तियों के संपर्क में रहा है।

## उत्तराखंड में गुटखा, पान मसाला पर प्रतिबंध

**देहरादून (एजेंसी)।** उत्तराखंड सरकार ने तंबाकू तथा निकोटीन युक्त गुटखा और पान मसाला जैसे खाद्य पदार्थों के निर्माण, भंडारण, वितरण एवं बिक्री पर तत्काल प्रभाव से प्रतिबंध लगा दिया है। उत्तराखंड खाद्य सुरक्षा आयुक्त नितेश कुमार झा द्वारा यहां जारी आदेश में कहा गया है कि जन स्वास्थ्य के मद्देनजर तंबाकू तथा निकोटीन युक्त गुटखा, पान मसाला तथा अन्य किसी भी नाम से बिकने वाले ऐसे खाद्य पदार्थों के निर्माण, भंडारण, वितरण एवं बिक्री को आदेश के जारी होने से एक साल तक की अवधि के लिए प्रतिबंधित कर दिया गया है।

आदेश में कहा गया है कि भारतीय खाद्य सुरक्षा एवं मानक प्राधिकरण द्वारा किसी खाद्य उत्पाद में संघटकों के रूप में तंबाकू और निकोटीन का उपयोग प्रतिबंधित है लेकिन गुटखा और पान मसाला जैसे खाद्य उत्पादों में निकोटीन और तंबाकू का उपयोग संघटकों के रूप में किया जा रहा है।

# गैर कश्मीरी लोगों की हत्या में पूर्व एसपीओ समेत हिज्बुल के दो आतंकवादी शामिल

**एजेंसी।** श्रीनगर

**दक्षिण** कश्मीर के शोपियां में दो गैर कश्मीरी लोगों की हत्या और सेब से भरे एक ट्रक को आग लगाने की घटना में हिज्बुल मुजाहिदीन के जिन दो आतंकवादियों का नाम आ रहा है, उनमें पूर्व विशेष पुलिस अधिकारी (एसपीओ) भी शामिल है जो 2017 में बल छोड़कर भाग गया था।

अधिकारियों ने शुक्रवार को बताया कि अधिकारियों ने शोपियां के अलग अलग इलाकों में नाजनीनपोरा के रहने वाले पूर्व एसपीओ सैयद नवेद मुश्ताक उर्फ नवेद बाबू और गनापोरा के राहिल मगरे के पोस्टर लगाए हैं और उनको पकड़ने के लिए लोगों से सूचना साझा करने का अनुरोध किया है। उर्दू में लगाए गए पोस्टर में ए दो आतंकवादी हाल में एक बेगुनाह ट्रक चालक और एक व्यापारी की हत्या करने तथा अन्य कारोबारी को जख्मी करने के पीछे हैं। साथ में, उन्होंने ही इस हफ्ते सेब से भरे ट्रक में लगा दी थी। पुलिस ने उनके समूह का जिक्र नहीं किया है लेकिन अधिकारियों ने कहा कि आतंकवादियों का संबंध प्रतिबंधित हिज्बुल मुजाहिदीन से है। उन्होंने बताया कि नवेद 2017 में पुलिस बल को छोड़कर आतंकवादियों के साथ जा मिला था और फिलहाल वह संगठन का जिला कमांडर है। तब वह चार हथियारों के साथ भागा था। वह सेब के किसानों को अपनी फसल भारतीय बाजार में नहीं भेजने के लिए धमकी दे रहा था।

अगस्त के शुरू में जम्मू कश्मीर के विशेष राज्य के दर्जे को खत्म करने के तत्काल बाद आतंकवादी चेतावनी शोपियां में पोस्टरों और पर्चों के जरिए दी गई थी। इन पर नवेद उर्फ बाबर आज़म के दस्खत थे। दक्षिण कश्मीर में सोमवार को राजस्थान के ट्रक चालक, छत्तीसगढ़ के प्रवासी मजदूर और पंजाब के सेब व्यापारी की शोपियां और पुलवामा में तीन अलग अलग घटनाओं में आतंकवादियों ने हत्या कर दी थी और एक अन्य सेब कारोबारी को गंभीर रूप से जख्मी कर दिया था।

### तसद्दुक हुसैन मुफ्ती ने महबूबा से मुलाकात की

**श्रीनगर।** जम्मू कश्मीर की पूर्व मुख्यमंत्री एवं पीडीपी की अध्यक्ष महबूबा मुफ्ती के भाई तसद्दुक हुसैन मुफ्ती ने शुक्रवार को यहां सरकारी अतिथि गृह में उनसे मुलाकात की। पार्टी सूत्रों ने यह जानकारी दी। महबूबा मुफ्ती को राज्य अतिथि गृह में हिरासत में रखा गया है। पार्टी सूत्रों ने विस्तृत जानकारी दिए बगैर बताया कि यह बैठक लगभग 20 मिनट तक चली।तसद्दुक महबूबा के नेतृत्व वाली जम्मू कश्मीर सरकार में पर्यटन मंत्री रहे थे। जम्मू कश्मीर को विशेष दर्जा देने वाले संविधान के अनुच्छेद 370 के ज्यादातर प्रावधानों को गत पांच अगस्त को हटाए जाने के बाद से कश्मीर घाटी में पाबंदियां लगा दी गई थी।

# दबंगों से जानमाल की सुरक्षा कराने की गुहार



एसपी को शिकायती पत्र देने पहुंचा पीड़ित परिवार

### ● दर्जन भर लोगों पर लगाया मारपीट का आरोप

**ललितपुर।** कोतवाली तालबेहट क्षेत्र के ग्राम मऊ मजरा भरतपुरा निवासी अरविन्द कुमार पुत्र जगदीश ने एक शिकायती पत्र पुलिस अधीक्षक को भेजते हुये जानमाल की सुरक्षा कराये जाने की मांग उठायी है।

शिकायती पत्र में अरविंद कुमार ने बताया कि विगत दिनों गांव के एक दर्जन लोगों ने एकराय होकर उस पर लाठी-डण्डा व कुल्हाड़ियों से जानलेवा प्रहार कर दिया था। मामले को लेकर थाने में शिकायत भी दर्ज करायी गयी थी। लेकिन कोतवाली तालबेहट पुलिस आरोपित लोगों पर कोई कार्यवाही नहीं कर रही है, जिससे उनके हौंसले बुलंद हैं और अब उक्त लोग जान से मारने की धमकी दे रहे हैं। पीड़ित ने परिवार सहित एसपी के समक्ष शिकायती पत्र के जरिए जानमाल की सुरक्षा कराये जाने की गुहार लगायी है।

## वायु प्रदूषण की रोकथाम के लिए सेल का गठन

**बरेली।** डीएम ने बताया कि खरीफ मौसम में फसल अवशेष जलाये जाने से उत्पन्न हो रहे प्रदूषण की रोकथाम हेतु मा. राष्ट्रीय हरित अधिकरण में योजित ओरिजनल अप्लीकेशन-866/2018 गंगा लालवनी बनाम यूनियन आफ इण्डिया एण्ड अदर्स में भारत सरकार एवं अन्य की सुनवाई करते हुये मा. राष्ट्रीय हरित अधिकरण 01-10-2019 की सुनवाई के उपरान्त फसल अवशेष जलाये जाने से हो रहे वायु प्रदूषण की रोकथाम किये जाने हेतु जनपद स्तर पर एक सेल का गठन किया गया।

एसडीएम वित्त एवं राजस्व व पुलिस अधीक्षक (देहात), समस्त एसडीएम, उप निदेशक कृषि, जिला कृषि अधिकारी, जिला कृषि रक्षा अधिकारी, भूमि संरक्षण अधिकारी, समस्त सम्भागीय कृषि प्रसार सेल का गठन करते हुये प्रत्येक दिन अनुश्रवण किये जाने के निर्देश दिये। गठित सेल के द्वारा धान कटने के समय से लेकर रबी, गेहूं की बुवाई तक प्रतिदिन फसल अवशेष जलाने की घटनाओं एवं इसकी रोकथाम के लिये की गयी।

# गुणवत्ता जांच के लिए सभी चिकित्सा उपकरणों को ड्रग और कॉस्मेटिक कानून के दायरे में लाएगी सरकार

**नई दिल्ली।** केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने सभी चिकित्सा उपकरणों के गुणवत्ता संबंधी मानकों को सुनिश्चित करने के उद्देश्य से मानव या पशुओं पर इस्तेमाल होने वाले ऐसे सभी उपकरणों को दवाओं के रूप में अधिसूचित करने का फैसला किया है ताकि उन्हें औषधि एवं प्रसाधन कानून के तहत नियंत्रित किया जा सके। अधिसूचना के बाद सभी चिकित्सा उपकरणों का निर्माण, आयात और बिक्री का सत्यापन केंद्रीय औषधि मानक नियंत्रण संगठन (सीडीएससीओ) द्वारा कराना होगा। फिलहाल केवल 23 चिकित्सा उपकरण ऐसे हैं जिनका नियमन इस कानून के तहत होता है। औषधि तकनीक सलाहकार बोर्ड (डीटीएबी) ने अप्रैल में सिफारिश की थी कि सभी चिकित्सा उपकरणों को औषधि और प्रसाधन कानून के तहत दवाओं के रूप में अधिसूचित किया जाना चाहिए। एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि इसका उद्देश्य उपकरणों की गुणवत्ता सुनिश्चित करना है। इसके अलावा गुणवत्ता और सुरक्षा के लिए कंपनियों को जवाबदेह बनाना भी इसका मकसद है। हाल ही में अंतरराष्ट्रीय कंपनी जॉनसन एंड जॉनसन को त्रुटिपूर्ण हिप इम्प्लांट को लेकर रोगियों को मुआवजा देने का निर्देश दिया गया था। मसौदा अधिसूचना मंत्रालय की वेबसाइट पर डाल दी गई है।

## मिट्टी निकाल रही लड़कियों पर गिरा टीला

**बरेली।** गांव के पास स्थित तालाब से मिट्टी निकाल रही लड़कियों पर अचानक मिट्टी का टीला गिर पड़ा। कई लड़कियां उसमें दब गई गांव वालों ने उन्हें बाहर निकाला एक लड़की को इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। सीबीगंज थाने के गांव सराय सल्फी निवासी मुकेश की बेटी विमला को आज तो है घर वालों ने बेहोशी की हालत में जिला अस्पताल में भर्ती कराया होश आने पर विमला ने बताया कि दिवाली से पहले अपने घर की साफसफाई के लिए तालाब से मिट्टी निकालने की अपनी छोटी बहन पिंकी और बुआ प्रियंका के साथ ताला पर गई थी जहां गांव की कई अन्य लड़कियां भी मिट्टी निकाल रही थी।

## पेज एक का शेष

### असम से ...

से 3,11,21,004 लोगों को नागरिक पंजी में शामिल किया गया है जबकि 19,06,657 को इससे बाहर रखा गया। नागरिक पंजी के पहले मसौदे में 1.9 करोड़ लोगों के नाम प्रकाशित हुए थे। यह मसौदा 31 दिसंबर, 2017 की मध्य रात्रि को प्रकाशित किया गया था। शीर्ष अदालत ने इस साल 23 जुलाई को अंतिम रूप से नागरिक पंजी प्रकाशित करने की समय सीमा एक महीने के लिए बढ़ाकर 31 अगस्त कर दी थी। साथ ही न्यायालय ने नमूने के तौर पर 20 प्रतिशत नामों के पुन: सत्यापन के केन्द्र और राज्य सरकार के अनुरोध को भी अस्वीकार कर दिया था। केन्द्र और राज्य सरकार का दावा किया कि नागरिक पंजी के मसौदे से भारतीय नागरिकों के नाम बाहर करके गैरकानूनी बांग्लादेशी विस्थापितों के नाम शामिल किए गए हैं।

### चिदंबरम और...

दी। संप्रग सरकार के दौरान केंद्रीय गृह मंत्री भी रह चुके चिदंबरम को 21 अगस्त को जोर बाग स्थित उनके निवास से सीबीअआई ने गिरफ्तार कर लिया था। सीबीआई ने 15 मई 2017 को एक प्राथमिकी दर्ज कर आईएनएक्स मीडिया समूह को 2007 में 305 करोड़ रुपए की विदेशी निधि प्राप्त करने के लिए दी गई विदेशी निवेश संवर्धन बोर्ड की मंजूरी में अनियमितता का आरोप लगाया था। उस वक्त चिदंबरम वित्त मंत्री थे।

### एफएटीएफ ने ...

आमराय रही कि इस्लामाबाद को दी गई 15 महीने की समय सीमा समाप्त होने के बावजूद पाकिस्तान ने 27 सूत्री कार्य योजना पर खराब प्रदर्शन किया। अधिकारियों ने कहा कि पाकिस्तान को उसकी ग्रे सूची में कायम रखते हुए एफएटीएफ ने धन शोधन और आतंकवाद को मुहैया कराए जा रहे धन को रोकने में नाकाम रहने को लेकर इस्लामाबाद को कार्वाई की चेतावनी दी। एफएटीएफ पाकिस्तान की स्थिति के बारे में अगले साल फरवरी में अंतिम फैसला लेगा। एफएटीएफ ने पाकिस्तान पर अपना फैसला सार्वजनिक करते हुए वैश्विक वित्तीय संस्थानों को नोटिस दिया है कि वे फरवरी 2020 में किसी अकस्मात स्थिति के लिए अपनी प्रणालियों को तैयार रखें। उल्लेखनीय है कि यदि पाकिस्तान को ग्रे सूची में कायम रखा जाता है या डार्क ग्रे सूची में डाला जाता है, तो उसकी वित्तीय हालत कहीं अधिक जर्जर हो जाएगी। ऐसी स्थिति में इस देश को अंतरराष्ट्रीय मुद्राकोष (आईएमएफ), विश्व बैंक और यूरोपीय संघ से वित्तीय मदद मिलनी बहुत मुश्किल हो जाएगी। इस घटनाक्रम से नजदीकी तौर पर जुड़े एक अधिकारी ने कहा, एक बार फिर से आमराय से यह फैसला लिया गया कि एफएटीएफ पाकिस्तान को ग्रे सूची में बनाए रखेगा और पाकिस्तान को यह चेतावनी दी कि यदि उसने कार्वाई योजना का पूरी तरह से पालन नहीं किया और महत्वपूर्ण एवं सतत प्रगति नहीं दिखाई तो उसके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। इस तरह की कार्रवाई में वैश्विक वित्तीय संस्थानों को पाकिस्तान के साथ कारोबारी संबंध और लेनदेन पर विशेष ध्यान देने की अपील की जा सकती है। गौरतलब है कि ईरान के लिए भी इसी भाषा का इस्तेमाल किया गया था, जिसे काली सूची में रखा गया है। एफएटीएफ ने समीक्षा के दायरे में रहे सभी क्षेत्राधिकारों पर चर्चा की। इसमें पाकिस्तान भी शामिल है और उस पर आमराय भी बनी। अब, फरवरी 2020 में पाकिस्तान को औपचारिक रूप से काली सूची में डाले जाने की संभावना बढ़ गई है। एफएटीएफ एक अंतर-सरकारी संस्था है। धन शोधन, आतंकवाद को धन मुहैया कराए जाने और अन्य संबद्ध खतरों का मुकाबला करने के लिए 1989 में इसकी स्थापना की गई थी। पेरिस के इस निगरानी संगठन ने पिछले साल जून में पाक को ग्रे सूची में रखा था और उसे एक कार्य योजना सौंपते हुए उसे अक्टूबर 2019 तक पूरा करने, या ईरान और उत्तर कोरिया के साथ काली सूची में डाले जाने के जोखिम का सामना करने को कहा गया था।

### लखनऊ में ...

बेडरूम में बैठकर कमलेश तिवारी के साथ चाय पी और बात करते रहे। इसी बीच कमलेश तिवारी ने दो दिन पहले घर पर आए संगठन के कार्यकर्ता सौराष्ट्र सिंह को पान मसाला लेने के लिए दुकान पर भेज दिया। सौराष्ट्र के जाने के बाद बदमाशों ने कमलेश तिवारी का गला रेतकर गोली मार दी और मौके से फरार हो गए। जब सौराष्ट्र लौटकर आया तो देखा कि दोनों युवक वहां से गायब थे और कमलेश तिवारी जमीन पर पड़े हुए थे। उनका गलारेता हुआ था और गोली लगी हुई थी। आनन-फानन में डायल 100 पर फोन किया। उसके बाद मौके पर पुलिस पहुंची और घायलावस्था में कमलेश को ट्रामा सेंटर लेकर पहुंची, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मौत की सूचना मिलते ही डीएम कौशलराज शर्मा, एसएसपी कलानिधि नैथानी समेत कई मातहत अधिकारी पहुंचे। इधर मौत की जानकारी मिलते ही सैकड़ों की संख्या में हिन्दू समाज पार्टी के कार्यकर्ता मर्चरी पहुंच गए। कार्यकर्ताओं ने हत्यारों की गिरफ्तारी को लेकर सड़क पर बैठकर घंटों हंगामा काटा और हत्यारों को गिरफ्तार करने समेत मुआवजे की मांग की। यही नहीं प्रदर्शनकारियों ने कई गाड़ियों में तोड़फोड़ की। देर रात तक पोस्टमार्टम हाउस से लेकर नाका स्थित आवास पर कार्यकर्ताओं ने बवाल काटा। ज्ञात हो कि दिसम्बर 2015 में कमलेश तिवारी ने एक धर्म विशेष को विवादित बयान दिया था। जिसके बाद कमलेश तिवारी पर एनएसए समेत विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जेल भेज दिया गया था। करीब 11 माह तक जेल में रहने के बाद कमलेश तिवारी इलाहाबाद हाईकोर्ट से जमानत मिली थी। उस दौरान उनका सर काटकर लाने के लिए इनाम की घोषणाएं हुई थी।

### बीमार सोनिया ...

दौरान संप्रग की सरकार ने देश की अर्थव्यवस्था को पहले स्थान पर पहुंचा दिया था। (अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति) ओबामा कहते थे कि अमेरिका का भारत से मुकाबला है। लेकिन आज दुनिया में उस भारत का मजाक बनाया जा रहा है जिसने पूरी दुनिया को रास्ते दिखाने का काम किया है। उन्होंने मीडिया की भी आलोचना करते हुए कहा कि वह डरता हैऔर सच्चाई नहीं दिखाता। उन्होंने कहा ' मीडिया के लोग कहते हैं कि हम सच्चाई जानते लेकिन हम उसे दिखा नहीं सकते क्योंकि हम अपनी नौकरी गंवा बैठेंगे।' उन्होंने आरोप लगाते हुए कहा कि मोदी ने मनरेगा की आलोचना की और उन्हें अर्थव्यवस्था के बारे में कोई जानकारी नहीं है।

### उसी जगह ...

खिलाफ न्यायालय का दरवाजा खटखटाने वाले सात में से पांच याचिकाकर्ताओं ने इस प्रस्ताव पर सहमति जताई है। शीर्ष अदालत ने दिल्ली के तुगलकाबाद वन क्षेत्र में गुरु रविदास मंदिर के पुनर्निर्माण की अनुमति का अनुरोध करने संबंधी याचिका के संबंधित पक्षकारों से चार अक्टूबर को कहा था कि वे मंदिर के लिए एक बेहतर जगह के सर्वमान्य समाधान के साथ उनके पास वापस आएं।

### झपटमारों की...

सूचना पुलिस कंट्रोल रूम (पीसीआर) को दी जिसके बाद पुलिस टीम को मौके पर भेजा गया। वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि पश्चिम विहार थाने में आईपीसी की धारा 356/379/34 के तहतकेस दर्ज कर लुटेरों की सरगर्मी से तलाश शुरू कर दी। साथ ही घटनास्थल पर लगे सीसीटीवी कैमरे की फुटेज जांच कर बदमाशों की पहचान करने की कोशिश कर रही है।

पिछले शनिवार को ही हाई अलर्ट जोन माने जाने वाले सिविल लाइंस इलाके में झपटमारों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की भतीजी दमयंती बेन का पर्स छीन लिया था और इस घटना तुरंत बाद सोमवार को कमला नगर में मेजिस्ट्रेट को तब निशाना बनाया गया जब वे अपने घर के सामने मोबाइल पर बात कर रहे थे। गुरुवार की रात को ही न्यू अशोक नगर में पत्रकार से मोबाइल झपटने की वारदात को अंजाम दिया गया जबकि 22 सितंबर को दक्षिण दिल्ली के सीआर पार्क में ऐसी ही एक घटना की पीड़िता महिला पत्रकार जख्मी हो गई थी। उससे तब झपटमारी की गई जब वह ऑटो से अपने घर लौट रही थी।

बिहार उपचुनाव

# नीतीश, सुशील और पासवान एक साथ कर रहे चुनाव प्रचार

एजेंसी। पटना







**बिहार में** सत्तारूढ़ राजग के शीर्ष नेता अगले साल होने वाले विधानसभा चुनाव से पहले सेमीफाइनल माने जाने वाले आगामी उप-चुनावों के लिए एक साथ प्रचार अभियान में भाग ले रहे हैं।

मुख्यमंत्री व जद(यू) प्रमुख नीतीश कुमार, केंद्रीय मंत्री एवं लोजपा के संस्थापक अध्यक्ष रामविलास पासवान और उपमुख्यमंत्री व दिग्गज भाजपा नेता सुशील कुमार मोदी ने गुरुवार को दरौंदा और किशनगंज विधानसभा क्षेत्रों और समस्तीपुर लोकसभा सीट पर उपचुनाव के लिए चल रहे प्रचार अभियान के तहत कई रैलियों में मंच साझा किया। इन चीजों से ऐसा लगता है कि सत्ताधारी गठबंधन के भीतर के सबकुछ ठीक चल रहा है। प्रत्एक घटक दल ने एक-दूसरे का समर्थन किया है। दूसरी ओर पांच दलों के मेल से बने महागठबंधन में मामला बिल्कुल विपरीत है, जो अंदरूनी कलह से ग्रस्त है और हो सकता है वह चुनौती भी खड़ी न कर पाए। दरौंदा सीट पर जद(यू) ने कविता सिंह के पति अजय सिंह को मैदान में उतारा है। कविता सिंह को सीवान लोकसभा चुनाव में जीत मिलने के बाद यह सीट खाली हो गई, जिस वजह से यहां उपचुनाव कराना पड़ रहा है। अजय सिंह की मां जगमाता देवी 2011 में अपनी मृत्यु तक सीट से विधायक रहीं थी। मुस्लिम बहुल सीट किशनगंज से भाजपा ने अपना उम्मीदवार उतारा है, जिसने 2015 के विधानसभा चुनाव के अपने उम्मीदवार स्वीटी सिंह पर एकबार फिर विश्वास जताते हुए उन्हें उम्मीदवार बनाया है। इस सीट पर उनका मुकाबला कांग्रेस के उम्मीदवार मो जावेद की मां से है। जावेद अब किशनगंज लोकसभा सीट का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं। समस्तीपुर (आरक्षित) सीट लोजपा प्रमुख के छोटे भाई राम चंद्र पासवान के निधन के कारण खाली हुई है। दिवंगत नेता के बेटे प्रिंस इस सीट से चुनाव लड़ राजनीति में पदार्पण कर रहे हैं। इन तीन सीटों के अलावा, बेलहर, नाथनगर और सिमरी बख्तियारपुर में भी उपचुनाव होने हैं, जिन सभी पर विधानसभा चुनाव में जद(यू) ने जीत हासिल की थी, इन सभी सीटों के विजेताओं लोकसभा के लिए निर्वाचन होने के कारण ए सीटें खाली हो गई हैं। नाथनगर और सिमरी बख्तियारपुर में जीतन राम मांझी की पार्टी हिंदुस्तानी अवाम मोर्चा (हम) और मुकेश साहनी की विकासशील इंसान पार्टी ने मैदान में राजद उम्मीदवारों के बावजूद अपने उम्मीदवार खड़े किए हैं। इससे विपक्षी महागठबंध का अंदरूनी कलह साफ तौर पर उजागर होता है।

## पवार ने नासिक में एचएएल के हड़ताली कर्मचारियों से भेंट की

एजेंसी। नासिक

**राकांपा प्रमुख** शरद पवार ने शुक्रवार को सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनी एचएएल के प्रदर्शनकारी कर्मचारियों से यहां भेंट की और कहा कि उनकी मांगों के समाधान के लिए विधानसभा चुनाव के बाद नई दिल्ली में बैठक की जाएगी। हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड (एचएएल) के कर्मचारी वेतन बढ़ोतरी सहित अपनी विभिन्न मांग के पक्ष में 14 अक्टूबर से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर हैं। पवार ने बैठक के दौरान कर्मचारियों से कहा, चुनाव आठ दिन में हो जाएंगे। अगर आपकी यूनियन तैयार है, तो हम (चुनाव के बाद) इस मुद्दे पर चर्चा के लिए एक बैठक करेंगे। पूर्व रक्षा मंत्री ने कहा, आप बेंगलुरु, नासिक और लखनऊ में से प्रत्एक जगह के दो प्रतिनिधियों का चयन कीजिए। मेरी मौजूदगी में हम दिल्ली में इस मुद्दे पर चर्चा करेंगे और इसका रास्ता निकालने की कोशिश करेंगे। बेंगलुरु मुख्यालय वाले इस रक्षा पीएसयू की पूरे भारत में नौ इकाइयां हैं, जिनमें से एक उत्तरी महाराष्ट्र के नासिक में है।



चिकमंगलूर (कर्नाटक) में मार्च करते आरएसएस के कार्यकर्ता

## हरियाणा, पंजाब में इस वर्ष पराली जलाने की करीब तीन हजार घटनाएं सामने आईं : सीपीसीबी

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** हरियाणा और पंजाब में इस वर्ष पराली जलाने की करीब तीन हजार घटनाएं हुईं और सबसे ज्यादा घटनाएं अमृतसर, तरनतारन, पटियाला, करनाल, कैथल और कुरुक्षेत्र में हुईं। यह जानकारी शुक्रवार को केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड ने दी। सीपीसीबी आंकड़ों के मुताबिक हरियाणा और पंजाब में 2019 में पराली जलाने के कुल 3202 मामले सामने आए जबकि 2018 में ऐसी 2544 घटनाएं हुई थीं। सीपीसीबी के आंकड़े के मुताबिक, हरियाणा में 2019 में पराली जलाने की 1631 घटनाएं हुई हैं जबकि पंजाब में अभी तक ऐसे 1571 मामले रिकॉर्ड किए गए। पराली जलाने से राष्ट्रीय राजधानी में प्रदूषण काफी बढ़ जाता है। सीपीसीबी के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि दिल्ली में करीब सात फीसदी प्रदूषण पराली जलाने से होता है।

## बंगाल सरकार के खिलाफ पोस्ट करने पर कांग्रेस प्रवक्ता को गिरफ्तार किया गया: चौधरी

एजेंसी। कोलकाता

**लोकसभा** में कांग्रेस के नेता अधीर रंजन चौधरी ने शुक्रवार को पश्चिम बंगाल सरकार पर पार्टी के प्रवक्ता सामान्य बंदोपाध्याय को तृणमूल कांग्रेस सरकार के विरूद्ध पोस्ट करने को लेकर गिरफ्तार करने का आरोप लगाया। कांग्रेस सूत्रों और बंदोपाध्याय के परिवार के सदस्यों ने बताया कि बृहस्पतिवार शाम को उन्हें उत्तरी 24 परगना जिले में उनके घर से पुरूलिया जिला पुलिस की एक टीम ने गिरफ्तार किया। पश्चिम बंगाल पुलिस और पुरूलिया पुलिस ने बंदोपाध्याय को गिरफ्तार करने या उन्हें हिरासत में लेने की न तो पुष्टि की है और न ही उससे इनकार किया है।

पुरूलिया पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी से जब इस कथित गिरफ्तारी के बारे में पूछा गया तो उन्होंने कहा, हम आपको बाद में बताएंगे। बंदोपाध्याय को सोशल मीडिया पर पोस्टों के माध्यम से तृणमूल सरकार की कड़ी आलोचना करने के लिए जाना जाता है। चौधरी ने कहा, सामान्य बंदोपाध्याय की गिरफ्तारी शीर्ष स्तर पर असहिष्णुता का बेजोड़ उदाहरण है। सामान्य को राज्य सरकार की आलोचना करने पर उनके घर से गिरफ्तार किया गया। भाषण एवं अभिव्यक्ति की आजादी पर तृणमूल कांग्रेस का ऐसा मनमाना प्रहार हमें सरकार की आलोचना से रोक नहीं पाएगा। उन्होंने कहा, हम भाषण की स्वतंत्रता पर ममता बनर्जी सरकार के अलोकतांत्रिक प्रहार एवं राजनीतिक आतंकवाद की आलोचन करते हैं। इस आरोप पर वरिष्ठ तृणमूल नेता और पश्चिम बंगाल विधानसभा में पार्टी के मुख्य सचेतक निर्मल घोष ने कहा, सामान्य को गिरफ्तार किया गया है क्योंकि उनके विरूद्ध कई आपराधिक आरोप हैं। उसका राज्य सरकार की आलोचना से कोई लेना-देना नहीं है।

## मध्य प्रदेश में बस पलटने से 22 बच्चे घायल

संवाददाता। होशंगाबाद

**बच्चों को** ले जा रही एक स्कूल बस शुक्रवार को यहाँ बन्द्रभान रोड पर पलट गई जिससे करीब 22 बच्चे घायल हो गए। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। बस में 26 बच्चे सवार थे जिसमें से किसी के भी इस दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल होने की सूचना नहीं है। तहसीलदार शैलेन्द्र बडोनिया ने बताया कि कैंपियन स्कूल के करीब 22 बच्चों को छोटी-मोटी चोटें आई हैं जिसके लिए जिला अस्पताल में उनका उपचार किया गया। कैंपियन स्कूल के निदेशक विजय सेठ ने कहा कि जिला मुख्यालय से 11 किमी दूर संगाखेड़ा-कला गांव में एक ट्रैक्टर-ट्राली के ओवरटेक करने के कारण बस चालक ने नियंत्रण खो दिया और बस पलट गई। चश्मदीदों के अनुसार, दुर्घटना के समय बस लापरवाही से चलाई जा रही थी। बाबई क्षेत्र की पुलिस घटना की जाँच कर रही है।

## भाजपा हमारे नेताओं की आवाजाही पर पांबदी लगाना चाहती है: महाराष्ट्र कांग्रेस

एजेंसी। मुंबई

**कांग्रेस की** महाराष्ट्र इकाई ने सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पर शुक्रवार को आरोप लगाया कि वह चुनाव प्रचार के दौरान उसके (कांग्रेस के) नेताओं की आवाजाही को रोकने का प्रयास कर रही है। राज्य में 21 अक्टूबर को विधानसभा चुनाव होने वाले हैं। प्रदेश कांग्रेस के प्रवक्ता सचिन सावंत ने दावा किया कि हवाई यातायात नियंत्रक (एटीसी) उन हेलीकॉप्टरों को समय से मंजूरी नहीं दे रहा जो प्रचार के लिए पार्टी के नेताओं को ले जाएंगे।उन्होंने आरोप लगाया कि एटीसी खास तौर पर कांग्रेस के लिए हवाई यातायात रोधक बन गया है।

सावंत ने ट्वीट किया, भाजपा हमारे नेताओं की आवाजाही को बाधित करना चाहती है। मैं और यहां तक सिंधिया जी भी कल से सोलापुर हवाईअड्डे पर फंसे हुए हैं। कल प्रधानमंत्री के आने की वजह से मंजूरी नहीं दी गई, अब बिना किसी वजह के ऐसा किया जा रहा है। कांग्रेस नेता ज्योतिरादित्य सिंधिया को शुक्रवार को कोल्हापुर और सांगली में चुनावी बैठकों को संबोधित करना है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बृहस्पतिवार को महाराष्ट्र के पुणे, परली (बीड जिले) और सतारा में तीन रैलियों को संबोधित किया था। राकांपा सांसद अमोल कोल्हे ने बृहस्पतिवार को आरोप लगाया था कि जिस हेलीकॉप्टर से उन्हें आना था उसे पुणे में मोदी की रैली के मद्देनजर उड़ान भरने की इजाजत नहीं दी गई जिससे जिले में प्रचार संबंधी उनकी बैठकें रद्द करनी पड़ी। राकांपा के स्टार प्रचारक ने एक वीडियो संदेश में कहा कि उन्हें पुणे के भोसारी, पिंपरी और चिंचवाड़ में चुनाव बैठकों को संबोधित करना था लेकिन प्रधानमंत्री की रैली के मद्देनजर प्रोटोकॉल का हवाला देते हुए उड़ान की इजाजत नहीं दी गई।

## मेघालय में बस से मिले विस्फोटक

**शिलांग।** मेघालय के पूर्वी जयंतिया हिल्स जिले में एक बस से विस्फोटकों का एक जखीरा बरामद हुआ है और इस संबंध में दो लोगों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस अधीक्षक विवेकानंद सिंह ने बताया कि बस में सवार दो यात्रियों के छह बैग से 112.5 किलोग्राम वजनी जिलेटिन छड़ों के 45 पैकेट, बक्सों में बंद 5900 डेटोनेटर और 133 मीटर डेटोनेटिंग तार मिले हैं। सिंह ने बताया कि करीमगंज से गुवाहाटी जा रही बस को खलीहृयत पर बृहस्पतिवार को तलाशी के लिए रोका गया जिसके बाद विस्फोटक बरामद किए गए। उन्होंने बताया कि एक विशेष मुहिम के तहत असम के सिलचर से आ रहे सभी वाणिज्यिक वाहनों की तलाशी ली जा रही थी। सिंह ने बताया कि दोनों यात्रियों को गिरफ्तार कर लिया गया है और विस्फोटक कानून के प्रावधानों के तहत दोनों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। उन्होंने कहा, प्रारम्भिक जांच के दौरान दोनों यात्रियों ने बताया कि वे विस्फोटकों को कार्बी-आंगलोंग जिला ले जा रहे थे।

## केवल कम्युनिस्ट ही भाजपा का विकल्प तैयार कर सकते हैं: करात

एजेंसी। अगरतला

**माकपा** पोलितब्यूरो के सदस्य प्रकाश करात ने कहा है कि केंद्र में केवल कम्युनिस्ट ही भाजपा का विकल्प तैयार कर सकते हैं। भाकपा के गठन के सौ वर्ष पूरे होने को लेकर आयोजित एक सम्मेलन में करात ने यहां बृहस्पतिवार को कहा कि स्वतंत्रता संग्राम के दौरान कांग्रेस की जो विचारधारा थी उसे उसने खो दिया है।उन्होंने कहा, इस परिप्रेक्ष्य में केवल कम्युनिस्ट ही मोदी-शाह के शासन का विकल्प तैयार कर सकते हैं। माकपा नेता ने कहा कि कम्युनिस्ट देश भर में किसानों, श्रमजीवी लोगों, छात्रों और युवकों को साथ लेकर भाजपा नीत शासन के खिलाफ आंदोलन चलाएंगे।उन्होंने कहा कि कम्युनिस्टों का उपनिवेशवाद के खिलाफ लड़ने का इतिहास रहा है। करात ने कहा कि ब्रिटिश बोल्शेविकों से भयभीत थे और 1920 से 1925 के बीच उन्हें षड्यंत्र के पांच मामलों में फंसाया था। करात ने कहा, कम्युनिस्टों को कई मामलों में फंसाया गया और हमारे नेताओं की हत्या की गई लेकिन हमारे आंदोलन को तब भी नहीं दबाया जा सका और न अब दबाया जा सकेगा। राज्य में भाजपा-आईआरएफटी सरकार पर बरसते हुए त्रिपुरा के पूर्व मुख्यमंत्री माणिक सरकार ने उस पर आतंक का शासन कायम करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा, कम्युनिस्ट नेताओं और कार्यकर्ताओं का उत्पीड़न किया जा रहा है और गलत मामलों में उन्हें फंसाया जा रहा है। अब जन विरोधी सरकार के खिलाफ बड़ा आंदोलन चलाने के अलावा कोई और विकल्प नहीं है। पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार ने पूर्व पीडब्ल्यूडी मंत्री बादल चौधरी को गलत मामले में फंसा दिया है।



माजुली में काती बिहू त्योहार के मौके पर खेतों में पूजा करते असम के मुख्यमंत्री सर्बानंद सोनोवाल

## राजस्थान सरकार ने पहलू खान लिंचिंग मामले में उच्च न्यायालय में अपील की

**जयपुर।** राजस्थान सरकार ने पहलू खान लिंचिंग मामले में अलवर की एक अदालत के फैसले को उच्च न्यायालय में चुनौती दी है। अदालत ने इस मामले में सभी छह आरोपियों को संदेह का लाभ देते हुए बरी कर दिया था। अलवर के बहरोड़ में एक अप्रैल 2017 को कुछ लोगों ने गौ तस्करी के संदेह में पहलू खान और उनके बेटे की बुरी तरह पिटाई की थी। पहलू खान की तीन अप्रैल को अलवर के एक अस्पताल में मौत हो गई थी। अतिरिक्त महाधिवक्ता आर पी सिंह ने बताया कि सरकार की ओर से राजस्थान उच्च न्यायालय में अपील सोमवार को दायर की गई। अलवर के अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायालय ने मामले में शामिल सभी छह आरोपियों विपिन यादव, रविन्द्र कुमार, कालूराम, दयानंद, योगेश कुमार और भीम राठी को संदेह का लाभ देते हुए 14 अगस्त, 2019 को बरी कर दिया था। अगस्त में निचली अदालत के फैसले के बाद, राज्य सरकार ने जांच में त्रुटियों और अनियमितताओं की पहचान करने और व्यक्तिगत अधिकारियों पर जांच को आगे बढ़ाने की जिम्मेदारी तय करने के लिए एक विशेष जांच दल (एसआईटी) का गठन किया था। एसआईटी ने पिछले माह पुलिस महानिदेशक को अपनी रिपोर्ट सौंपी थी।

## चार वायुसेना कर्मियों की 1990 में हुई हत्या के मामले में जेकेएलएफ का पूर्व आतंकवादी गिरफ्तार

एजेंसी। जम्मू

**जम्मू-कश्मीर** लिबरेशन फ्रंट (जेकेएलएफ) के पूर्व आतंकवादी जावेद अहमद मीर उर्फ जावेद नलका को 1990 में एक स्क्वॉड्रन लीडर सहित वायुसेना के चार कर्मियों की हत्या करने के मामले में सीबीआई ने गिरफ्तार किया। हालांकि, बाद में अदालत ने उसे जमानत दे दी। यह जानकारी शुक्रवार को अधिकारियों ने दी। अधिकारी ने बताया कि बुधवार को मीर की गिरफ्तारी की गई और उसी दिन उसे सीबीआई की विशेष अदालत के समक्ष पेश किया गया जहां से उसे जमानत मिल गई।

मीर 1980 के दशक में आतंकवाद से जुड़ने से पहले कश्मीर में जलकल विभाग में कार्य करता था और वहीं से उसके नाम के साथ नलका जुड़ा। अधिकारी के मुताबिक 25 जनवरी 1990 को श्रीनगर के रावलपोरा में हुए आतंकी हमले में स्क्वॉड्रन लीडर रवि खन्ना सहित वायुसेना के चार कर्मी शहीद हो गए थे और एक महिला सहित करीब 40 लोग गंभीर रूप से घायल हुए थे। मीर का नाम जेकेएलएफ प्रमुख यासीन मलिक सहित अन्य के साथ आरोपी के रूप में दर्ज है। मलिक अभी न्यायिक हिरासत में हैं।

केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने मलिक, मीर और चार अन्य के खिलाफ मामले में जम्मू की आतंकवाद निरोधी अदालत में आरोप पत्र दाखिल किया था। मलिक के खिलाफ मुकदमा चलाने पर 1995 में जम्मू-कश्मीर उच्च न्यायालय की एकल पीठ ने रोक लगा दी थी। वर्ष 2008 में मलिक ने सुरक्षा का हवाला देते हुए मुकदमे को श्रीनगर स्थानांतरित करने के लिए आवदेन दिया। सीबीआई ने इसका विरोध किया जिसे अदालत ने 20 अप्रैल 2009 को खारिज कर दिया। आखिरकार इस साल अप्रैल में उच्च न्यायालय ने मलिक के खिलाफ जम्मू में ही मुकदमा चलाने को मंजूरी दी।

## लाखों रुपए के मोबाइल फोन चुराने के आरोप में व्यक्ति गिरफ्तार

**ठाणे।** जिले के डोंबिवली इलाके में एक दुकान से लाखों रुपए के मोबाइल फोन और सामान चुराने के आरोप में 22 वर्षीय एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। कल्याण क्राइम यूनिट द्धद्धद्ध के वरिष्ठ निरीक्षक संजू जॉन ने बताया कि गुरुवार को मिली एक सूचना के आधार पर मोहम्मद नूर हुसैन इस्मान शेख को ठाणे जिले में कलवा क्षेत्र की मफतलाल कॉलोनी में उसके घर से गिरफ्तार किया गया। अधिकारी ने बताया कि पुलिस ने आरोपी के घर से 125 मोबाइल फोन और अन्य सामान जब्त किया जिसकी कीमत करीब 16.97 लाख रुपए है। अधिकारी के अनुसार, शेख ने 25 सितंबर को डोंबिवली में एक मोबाइल स्टोर में कथित तौर पर सेंध लगाई और 17 लाख रुपए से अधिक मूल्य के फोन और अन्य सामान चुरा लिया। विष्णु नगर पुलिस ने भारतीय दंड संहिता की संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज किया है। पुलिस अपराध में कुछ अन्य लोगों की संलिप्तता की जांच कर रही है।

## शवों के साथ प्रदर्शन को दंडनीय अपराध घोषित करे राज्य सरकार: मानवाधिकार आयोग

**जयपुर।** राजस्थान राज्य मानवाधिकार आयोग ने मुआवजे तथा ऐसी अन्य मांगों को लेकर शवों के साथ प्रदर्शन के बढ़ते मामलों पर चिंता जताई है। आयोग ने राज्य सरकार से कहा है कि वह इस तरह की गतिविधि को दंडनीय अपराध (क्रिमिनल आफेंस) बनाने के लिए प्रावधान करे। आयोग के अध्यक्ष न्यायाधीश प्रकाश टाटिया ने कुछ सिफारिशों के साथ इस बारे में एक आदेश पारित किया है। यह आदेश राज्य में शवों के साथ विरोध प्रदर्शन करने के बढ़ते चलन की पृष्ठभूमि में आया है। अनेक मामलों में लोग मुआवजे और कार्वाई जैसी मांगों के लिए सरकार तथा प्रशासन पर दबाव बनाने के लिए शवों के साथ प्रदर्शन करते हैं। आयोग के अध्यक्ष ने कहा कि इस तरह उचित या अनुचित मांगों को पूरा करने को सरकार पर दबाव बनाने के लिए न केवल शवों का दुरुपयोग किया जाता है बल्कि यह मृतक के अधिकारों का भी उल्लंघन है कि उसका उचित मानवीय गरिमा के साथ अंतिम संस्कार हो। पिछले कुछ समय में राजस्थान में इस तरह के अनेक मामले हुए हैं जिनमें लोगों ने किसी घटना विशेष में मुआवजे, जांच या कार्वाई संबंधी अपनी मांगों को लेकर शवों के साथ प्रदर्शन किया। कई बार इस तरह के प्रदर्शन हिंसक रूप ले चुके हैं जिसका बड़ा उदाहरण 2017 में अपराधी आनंदपाल सिंह की मौत व उसके बाद हिंसक प्रदर्शन का है। इसके अलावा राजस्थान के आदिवासी इलाकों में जारी मौताणा की प्रथा भी ऐसा ही मामला है। आयोग ने 17 अक्टूबर को जारी अपने आदेश में सरकार से शवों के साथ धरना प्रदर्शन की प्रथा को दंडनीय अपराध घोषित करने के लिए प्रावधान करने के लिए कहा है।

## यात्रियों में देशभक्ति पैदा करने के लिए स्टेशनों पर राष्ट्रीय ध्वज लगाएगा पूर्वी तटीय रेलवे

एजेंसी। भुवनेश्वर

**पूर्वी तटीय** रेलवे (ईसीओआर) ने यात्रियों में देशभक्ति पैदा करने के लिए जोन के 26 रेलवे स्टेशनों पर 100 फुट ऊंचे स्तंभों पर राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा लगाने का फैसला किया है।

रेलवे ने गुरुवार को एक बयान में कहा कि यात्रियों में राष्ट्रवाद और देशभक्ति की भावना पैदा करने के रेल मंत्रालय के निर्देश के तहत रेल मुख्यालयों, ऐतिहासिक स्थलों और पर्यटन स्थलों पर ऊंचे राष्ट्रीय ध्वज लगाने का निर्णय लिया गया है। भुवनेश्वर और विशाखापत्तनम रेलवे स्टेशनों पर राष्ट्रीय ध्वज पहले ही लगाए जा चुके हैं। बयान में कहा गया कि तिरंगा लगाने के लिए प्रस्तावित अन्य स्टेशनों में खुर्दा रोड रेल संभाग में 13, वाल्टेयर में सात और संबलपुर में छह स्टेशन शामिल हैं। इन स्टेशनों पर दृश्यता, स्थान की उपलब्धता और अन्य सुरक्षा उपाय को देखते हुए राष्ट्रीय ध्वज स्थापित किए जाएंगे। खुर्दा रोड संभाग के अंतर्गत प्रस्तावित स्टेशन पुरी, कटक, भद्रक, जाजपुर, क्योंझर रोड, केंदुझर, अंगुल, ढेंकनाल, खुर्दा रोड, खुर्दा शहर, नयागढ़ शहर, ब्रह्मपुर, छतरपुर और पारादीप हैं। संबलपुर संभाग के अंतर्गत संबलपुर, बारगढ़ रोड, भवानीपटना और महासमुंद रेलवे स्टेशनो, जबकि वाल्टेयर संभाग के अंतर्गत कोरापुट, रायगढ़, पारालाखेमुंडी, श्रीकाकुलम रोड, विजयनगरम, जगदलपुर और दंतेवाड़ा रेलवे स्टेशन शामिल हैं।बयान में कहा गया है कि संबंधित स्टेशन प्रशासन और आरपीएफ चौकी ध्वज की सुरक्षा, संरक्षा और रखरखाव का काम देखेंगे।

### प.बंगाल सरकार ने चार विश्वविद्यालयों में छात्रसंघ चुनाव कराने की अनुमति दी

**कोलकाता।** राज्य के चार विश्वविद्यालयों में दो साल से अधिक समय से छात्र संघ चुनावों पर लगी रोक के बाद, पश्चिम बंगाल सरकार ने इन विश्वविद्यालयों में उपयुक्त समय पर चुनाव करोने की अनुमति दे दी है। इस संबंध में उच्च शिक्षा विभाग के सहायक सचिव ने गुरुवार को यादवपुर विश्वविद्यालय, प्रेसीडेंसी विश्वविद्यालय, रवीन्द्र भारती विश्वविद्यालय और डायमंड हार्बर महिला विश्वविद्यालय के कुलपतियों को एक पत्र भेजा। पत्र में लिखा गया है, आपकी तरफ से मिली जानकारी और विभिन्न हितधारकों के साथ परामर्श के संदर्भ में, मुझे आपको यह सूचित करने का निर्देश मिला है कि आप उपयुक्त महसूस होने पर छात्र संघाछात्र परिषद के चुनाव करा सकते हैं। शिक्षा मंत्री पार्थ चटर्जी ने संवाददाताओं से कहा, हमने इन विश्वविद्यालयों के छात्रसंघ चुनाव कराने के लिए एक अधिसूचना जारी की है। मतदान का कार्यक्रम संबंधित विश्वविद्यालय प्रशासन द्वारा तय किया जाएगा।




पुणे में एक चुनावी रैली को संबोधित करते युवा सेना प्रमुख आदित्य ठाकरे




## क्विक न्यूज

### तेल कंपनियों ने एअर इंडिया की ईंधन आपूर्ति रोकने का फैसला टाला

**नई दिल्ली।** एअर इंडिया के ईंधन बकाया को निपटाने के लिए नियमित भुगतान के वादे के बाद सरकारी तेल कंपनियों ने शुक्रवार को उसकी ईंधन आपूर्ति रोकने का फैसला टाल दिया। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। तीन सरकारी तेल कंपनी इंडियन ऑयल, हिंदुस्तान पेट्रोलियम और भारत पेट्रोलियम ने एअर इंडिया को भुगतान ना करने की स्थिति में 18 अक्टूबर से छह हवाई अड्डों पर उसे ईंधन आपूर्ति रोकने की चेतावनी दी थी। इसकी वजह एअर इंडिया पर तीन कंपनियों का 5,000 करोड़ रुपए से अधिक का ईंधन भुगतान बकाया होना है। अधिकारियों ने कहा कि एअर इंडिया ने पत्र लिख कर उसकी ईंधन आपूर्ति ना रोकने का अनुरोध किया और नियमित भुगतान करने का आश्वासन दिया।

### राज्य कर्मियों के लिए तदर्थ बोनस की घोषणा

**जयपुर।** राज्य सरकार ने राज्य के कर्मचारियों को तदर्थ बोनस देने की घोषणा की है। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने इसकी मंजूरी दे दी है। सरकारी बयान के अनुसार राज्य सरकार के इस फैसले से राज्य के करीब छह लाख कर्मचारियों को फायदा होगा। बोनस का यह लाभ राज्य सेवा के अधिकारियों (राजपत्रित) को छोड़कर पे-मैट्रिक्स लेवल-12 और इससे नीचे के स्तर का वेतन ले रहे राज्य कर्मचारियों को मिलेगा। वर्ष 2018-19 के लिए अधिकतम तदर्थ बोनस 6,774 रुपए मिलेगा।इसके अनुसार यह बोनस पंचायत समिति, जिला परिषद के कर्मचारियों तथा कार्य प्रभारित कर्मचारियों को भी देय होगा। इससे राज्य सरकार पर 406 करोड़ रुपए का अतिरिक्त वित्तीय भार आएगा।

### अडाणी ने आस्ट्रेलिया की मार्टिनस रेल को दिया 10 करोड़ आस्ट्रेलियाई डॉलर का ठेका

**नई दिल्ली।** अडाणी समूह ने आस्ट्रेलिया की मार्टिनस रेल को करीब 10 करोड़ आस्ट्रेलियाई डॉलर का रेल कार्यों का ठेका दिया है। समूह ने अपनी खनन सेवाओं को समर्थन के लिए बुनियादी ढांचे को मजबूत करने के तहत यह कदम उठाया है। अडाणी माइनिंग के मुख्य कार्यकारी अधिकारी लुकास डाउ ने कहा कि कारमाइकल परियोजना के लिए 45 करोड़ आस्ट्रेलियाई डॉलर का अनुबंध पहले ही दिया जा चुका है। कंपनी ने बयान में कहा कि ठेका पाने वाली कंपनी अडाणी के नए खुले रॉकहैम्पटन बिजनेस केंद्र के बाहर रहकर काम करेगी। इससे यह सुनिश्चित होगा कि रॉकहैम्पटन की कंपनियां और लोग अनुबंध की आपूर्ति मे प्रमुख भागीदार हों सकेंगे।

### रिलायंस इंडस्ट्रीज देश की पहली नौ लाख करोड़ रुपए का बाजार पूंजीकरण स्तर छूने वाली कंपनी

**नई दिल्ली।** रिलायंस इंडस्ट्रीज ने शुक्रवार को इतिहास रचा। नौ लाख करोड़ रुपए का बाजार पूंजीकरण स्तर छूने वाली वह देश की पहली कंपनी है। सुबह के कारोबारी सत्र मे बीएसई पर कंपनी का बाजार पूंजीकरण 9,01,490.09 करोड़ रुपए पर पहुंच गया। कंपनी के तिमाही परिणामों की घोषणा से पहले उसका शेयर 2.28 प्रतिशत की बढ़त के साथ।,428 रुपए पर चल रहा है। इससे पहले अगस्त 2018 मे रिलायंस आठ लाख करोड़ रुपए बाजार पूंजीकरण का स्तर छूने वाली देश की पहली कंपनी का रिकॉर्ड अपने नाम करा चुकी है। कंपनियों का बाजार पूंजीकरण शेयर बाजारों मे उसके शेयर की कीमत पर निर्भर करता है।

### एसबीआई ने ग्रीन रिवार्ड पॉइंट्स की शुरुआत की

**मुंबई।** भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) ने पिछले कुछ वर्षों से बैंक के मुख्य मूल्यों में शामिल सस्टेनबिलिटी से संबंधित यात्रा में अपने योनो ग्राहकों को शामिल करने के लिए एक अद्वितीय 'ग्रीन रिवॉर्ड पॉइंट्स' कार्यक्रम शुरू किया है। इस कार्यक्रम के तहत, एसबीआई ग्राहकों को ग्रीन रिवॉर्ड पॉइंट्स अर्जित करने की प्रतिज्ञा के साथ प्रेरित करता है जो 'योनो एसबीआई ग्रीन फंड' के रूप में बनाया गया है और जिसे एसबीआई फाउंडेशन द्वारा प्रबंधित किया जाता है। 'योनो एसबीआई ग्रीन फंड' के माध्यम से बैंक विभिन्न कार्यक्रमों के जरिये पर्यावरण संरक्षण गतिविधियों की शुरुआत करेगा। एसबीआई ग्राहक अब योनो पर लेन-देन के माध्यम से 'ग्रीन रिवार्ड पॉइंट्स अर्जित करेंगे और उन्हें इन पॉइंट्स को योनो एसबीआई ग्रीन फंड के पास गिरवी रखने का विकल्प दिया जाएगा।

# सेंसेक्स, निफ्टी में लगातार छठे दिन तेजी जारी

## सेंसेक्स 246 अंक, निफ्टी 11,650 अंक से ऊपर बंद

एजेंसी। मुंबई

**यूरोपीय संघ** और ब्रिटेन के बीच ब्रेक्जिट समझौता होने से शेयर बाजारों में तेजी का रुख जारी रहा। शुक्रवार को घरेलू शेयर बाजारों में लगातार छठे दिन तेजी रही। इस साल मध्य मार्च के बाद शेयर बाजार में यह तेजी का सबसे लंबा दौर है। बीएसई का 30 शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स शुक्रवार को 246.32 अंक यानी 0.63 प्रतिशत की तेजी के साथ 39,298.38 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान यह उंचे में 39,361.06 अंक और 38,963.60 अंक के निचले स्तर पर रहा।

एनएसई का निफ्टी भी 75.50 अंक यानी 0.65 प्रतिशत की बढ़त के साथ 11,661.85 अंक पर बंद हुआ। साप्ताहिक आधार पर सेंसेक्स और निफ्टी दोनों में लगातार दूसरे सप्ताह बढ़त दर्ज की गई। सप्ताह के दौरान सेंसेक्स में।,171.30 अंक यानी 3.07 प्रतिशत और निफ्टी में 356.80 अंक यानी 3.15 प्रतिशत की तेजी रही। सेंसेक्स में शामिल कंपनियों में एस बैंक सर्वाधिक 8.44 प्रतिशत की तेजी में रहा। इसके बाद मारुति सुजुकी, पावरग्रिड, एनटीपीसी, एलएंडटी और भारतीय स्टेट बैंक का स्थान रहा। रिलायंस इंडस्ट्रीज का शेयर भी तिमाही परिणाम की घोषणा से पहले 1.37 प्रतिशत चढ़ गया। कारोबार के दौरान एक समय रिलायंस इंडस्ट्रीज का बाजार पूंजीकरण 9,05,214 करोड़ रुपए पर पहुंच गया। यह पहला मौका है जब किसी भारतीय कंपनी का बाजार पूंजीकरण नौ लाख करोड़ रुपए के पार हुआ है। इसके विपरीत टाटा मोटर्स, बजाज ऑटो, भारती एयरटेल, आईसीआईसीआई बैंक, एक्सिस बैंक और इंफोसिस का शेयर 1.05 प्रतिशत तक गिर गया। बीएसई के समूहों में विद्युत, पूंजीगत वस्तुएं, रियल्टी, यूटिलिटीज, धातु और ईंधन में 2.63 प्रतिशत तक की तेजी रही। बीएसई के 19 समूह मजबूती में रहे। बीएसई मिडकैप और स्मॉलकैप में सेंसेक्स से ज्यादा तेजी रही। कोटक सिक्योरिटीज के उपाध्यक्ष (पीसीजी शोध) संजीव जरबाड़े ने कहा, भारतीय बाजार ने इस सप्ताह अन्य प्रमुख वैश्विक बाजारों को पछाड़ दिया। विदेशी निवेशकों की खरीदारी, अमेरिका और चीन की व्यापार वार्ता की प्रगति तथा ब्रेक्जिट सौदे के कारण शेयर बाजारों में तेजी रही। पिछले पांच कारोबारी दिनों में विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) ने 1.2 अरब डॉलर के शेयरों की खरीदारी की। घरेलू संस्थागत निवेशकों ने भी 26.3 करोड़ रुपए की शुद्ध लिवाली की। वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा वित्त वर्ष 2019-20 में राहत के और उपाय करने के संकेत देने से भी निवेशकों की धारणा को बल मिला। एशियाई बाजारों में चीन का शंघाई कंपोजिट, हांग कांग का हैंग सेंग और दक्षिण कोरिया का कोस्पी गिरावट में रहा। हालांकि, जापान का निक्की मजबूती में रहा। यूरोपीय बाजार कारोबार के दौरान मिश्रित चल रहे थे। इस बीच रुपया मजबूती में 71.13 रुपए प्रति डॉलर और ब्रेंट क्रूड का वायदा 0.12 प्रतिशत बढ़कर 59.98 डॉलर प्रति बैरल पर चल रहा था।




| टॉप गेनर | % | टॉप लूजर | % |
|---|---|---|---|
| येस बैंक | 8.44 | टाटा मोटर्स | -1.05 |
| मारुति सुजुकी | 2.74 | बजाज ऑटो | -0.69 |
| पावर ग्रिड कॉर्प | 2.45 | भारती एयरटेल | -0.65 |
| एनटीपीसी | 2.02 | आईसीआई. बैंक | -0.64 |
| लार्सेन-टूब्रो | 1.67 | ऐक्सिस बैंक | -0.19 |

पीटीआई ग्राफिक




| टॉप गेनर | % | टॉप लूजर | % |
|---|---|---|---|
| येस बैंक | 8.23 | जी एंटरटेनमेंट | -5.58 |
| कोल इंडिया | 3.31 | टाटा मोटर्स | -2.08 |
| अदानी पोर्ट्स | 3.19 | सिपला | -1.37 |
| मारुति सुजुकी | 3.17 | आयशर मोटर्स | -1.30 |
| ग्रासिम | 2.96 | हिंडाल्को | -1.03 |

## सरकारी कंपनियों के शेयर 22 प्रतिशत तक चढ़े

एजेंसी। नई दिल्ली

**शेयर बाजार** में तेजी के बीच सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनियों के शेयरों में शुक्रवार को 22 प्रतिशत तक उछाल देखने को मिला। बीएसई में सार्वजनिक कंपनियों में भेल का शेयर सर्वाधिक 22.22 प्रतिशत की तेजी में रहा। इसके बाद हिंदुस्तान कॉपर में 19.66 प्रतिशत, एमएमटीसी में 17.36 प्रतिशत, शिपिंग कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया में 9.31 प्रतिशत तथा नेशनल एल्यूमिनीयम कंपनी में 8.42 प्रतिशत की तेजी रही। इसके साथ ही सेल में 7.90 प्रतिशत, एनबीसीसी में 7.58 प्रतिशत, एनएमडीसी में 6.56 प्रतिशत, राष्ट्रीय केमिकल्स में 6.04 प्रतिशत, एसजेवीएन में 5.57 प्रतिशत और ऑयल इंडिया में 5.53 प्रतिशत की तेजी रही। बोनांजा पोर्टफोलियो के विश्लेषक जयपॉल शेट्टी ने कहा कि भेल के शेयर में आज 22.2 प्रतिशत की तेजी रही। सरकार कंपनी में अपने हिस्सेदारी 63.2 प्रतिशत से घटाकर 26 प्रतिशत करने जा रही है, इस तरह की खबरें आने के बाद कंपनी के शेयर में तेजी का रुख बन गया। रणनीतिक बिक्री के समाचारों से सार्वजनिक क्षेत्र की दूसरी कंपनियों हिन्दुस्तान कॉपर, सेल के शेयरों में भी तेजी रही। बाजार रिपोर्टों के मुताबिक केन्द्रीय मंत्रिमंडल कई सार्वजनिक उपक्रमों में सरकारी हिस्सेदारी 51 प्रतिशत से नीचे करने के प्रस्ताव पर जल्द विचार करेगा।

## जी-7 ने कहा, जोखिमों से निपटने के पर्याप्त उपायों के बिना लिब्रा को पेश नही करना चाहिए

**वाशिंगटन (एजेंसी)।** फेसबुक को अपनी वैश्विक डिजिटल मुद्रा लिब्रा को इसमें सामने आने वाले संभावित जोखिमों से निपटने के लिए उचित नियमन तय होने तक पेश नहीं करना चाहिए। समूह-7 (जी-7) ने बृहस्पतिवार को यह बात कही। वहीं फ्रांस के आर्थिक मंत्री ब्रुनो ली मेयर ने चेताया कि लिब्रा जैसी मुद्राओं से देशों का अपनी मुद्रा की विनिमय दरों से नियंत्रण हटने की आशंका है। ली मेयर ने यहां संवाददाताओं से कहा, यह लोकतंत्र का मामला है। एक सामान्य आर्थिक सवाल नहीं है। उन्होंने कहा कि फेसबुक की मुद्रा की सोशल नेटवर्क के सदस्यों की बड़ी संख्या को देखते हुए तत्काल वैश्विक पहुंच होगी। ली मायर ने समूह सात के देशों का बयान जारी करते हुए कहा, कोई भी वैश्विक आभासी मुद्रा परियोजना का परिचालन तब तक शुरू नहीं होना चाहिए जब तक कि कानूनी, नियामकीय और निगरानी तथा जोखिम से निपटने के पर्याप्त उपाय नहीं किए गए हों। इनमें मनी लांड्रिंग और आतंकवाद के वित्तपोषण जैसे मुद्दे भी शामिल हैं। बिटकॉइन जैसी क्रिप्टो करेंसी के लिए किसी तरह का आरक्षित परिसंपत्तियों का समर्थन नहीं होता है, लेकिन लिब्रा में इसकी व्यवस्था होगी।

# कमलनाथ का मध्यप्रदेश की भौगोलिक स्थिति को भुनाते हुए औद्योगिक पूंजी निवेश बढाने पर जोर

एजेंसी। इंदौर

**मध्यप्रदेश के** मुख्यमंत्री के रूप में अपने कार्यकाल के पहले निवेशक सम्मेलन में कमलनाथ ने शुक्रवार को कहा कि देश में वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) प्रणाली लागू होने के बाद प्रदेश सरकार सूबे की भौगोलिक स्थिति को भुनाते हुए औद्योगिक निवेश का सिलसिला तेज करना चाहती है। कमलनाथ ने यहां आयोजित निवेशक सम्मेलन मैग्निफिसंट मध्यप्रदेश के उद्घाटन सत्र में कहा, मध्यप्रदेश, भारत के बीचों-बीच स्थित है। हम जीएसटी प्रणाली लागू होने के बाद के परिदृश्य में प्रदेश की भौगोलिक स्थिति को भुनाकर औद्योगिक पूंजी निवेश की रफ्तार बढ़ाना चाहते हैं। मुख्यमंत्री ने यह बात ऐसे वक्त कही है, जब प्रदेश सरकार लॉजिस्टिक्स और वेयर हाउसिंग क्षेत्र में निवेश लाने पर खास



जोर दे रही है। कमलनाथ ने निवेशकों को राज्य सरकार की ओर से हरसंभव मदद का भरोसा दिलाते हुए कहा, आप (केंद्रीय पर्यटन मंत्रालय के) इनक्रेडिबल इंडिया अभियान के बारे में जानते होंगे। हम आपके सामने क्रेडिबल (विश्वसनीय) मध्यप्रदेश का खाका पेश करना चाहते हैं। कमलनाथ ने 17 दिसंबर 2018 को राज्य के नए मुख्यमंत्री की शपथ ली थी। उन्होंने कहा, हमने पिछले 10 महीने में शासन प्रणाली में सुधार लाते हुए उद्योग लगाने के लिए जरूरी प्रक्रिया को आसान किया है। कमलनाथ ने बताया कि रीयल एस्टेट क्षेत्र को बढ़ावा देने के लिए संपत्तियों के सर्किल रेट घटाए गए हैं और कॉलोनी विकसित करने के लाइसेंस के लिए जरूरी सरकारी मंजूरियों की तादाद 27 से घटाकर पांच कर दी गई है। मुख्यमंत्री ने कहा कि मध्यप्रदेश, देश का पहला राज्य है जिसने औद्योगिक गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिए लैंड पूलिंग नीति बनाई है। बुनियादी ढांचे के विस्तार के तहत भोपाल-इंदौर औद्योगिक गलियारा विकसित किया जा रहा है। उन्होंने कहा, "हमने ग्रामीण अर्थव्यवस्था को बढ़ावा देने के लिए अपने चुनावी वादे के मुताबिक 20 लाख किसानों का कर्ज माफ कर दिया है। मुख्यमंत्री ने मध्यप्रदेश को पृथ्वी की बाघ राजधानी बताते हुए कहा कि वन्य जीव क्षेत्रों में पर्यटन बढ़ाने के लिए राष्ट्रीय उद्यानों में सुविधाओं में इजाफा किया जा रहा है, ताकि वहां अपेक्षाकृत ज्यादा सैलानी आ सकें। शिवराज सिंह चौहान की अगुवाई वाली पूर्ववर्ती भाजपा सरकार के कार्यकाल में आयोजित निवेशक सम्मेलनों पर इशारों इशारों में निशाना साधते हुए कमलनाथ ने कहा, "यह निवेशक सम्मेलन कोई जम्बूरी या मेला नहीं है, जहां हम हजारों लोगों की भीड़ जुटाएं। यह कोई ऐसा सम्मेलन नहीं है, जहां समझौता ज्ञापनों (एमओयू) पर दस्तखत की सनक में शामिल हुआ जाए। उन्होंने कहा, हम निवेश पर गंभीर चर्चा करना चाहते हैं, ताकि आप (निवेशकों) से हाथ मिलाकर आर्थिक गतिविधियों की रफ्तार बढ़ाई जा सके और नए रोजगार पैदा किए जा सकें।




## सितंबर में यात्री वाहनों की खुदरा बिक्री 20 प्रतिशत घटी

**नई दिल्ली।** यात्री वाहनों की खुदरा बिक्री सितंबर महीने में पिछले साल की समान अवधि के मुकाबले 20.1 प्रतिशत घटकर।,57,972 इकाई रह गई। वाहन डीलरों के संगठन फेडरेशन आफ आटोमोबाइल डीलर्स एसोसिएशन (फाडा) ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। फाडा ने कहा कि ऐसा कभी देखने को नहीं मिला है कि त्योहारी मौसम शुरू होने पर कंपनियों द्वारा दी जाने वाली रियायतों के बावजूद वाहनों की बिक्री में गिरावट आई हो। एक साल पहले सितंबर, 2018 में वाहनों की बिक्री।,97,653 इकाई रही थी। समीक्षाधीन अवधि में दोपहिया वाहन बिक्री 12.1 प्रतिशत घटकर 10,98,271 इकाई रह गई, जो एक साल पहले इसी अवधि में 12,48,998 इकाई थी। इसी प्रकार वाणिज्यिक वाहनों की बिक्री 18.5 प्रतिशत घटकर 63,518 इकाई रह गई, जो सितंबर, 2018 में 77,980 वाहन थी। हालांकि, इस दौरान तिपहिया वाहनों की बिक्री 1.8 प्रतिशत बढ़कर 55,553 इकाई पर पहुंच गई, जो एक साल पहले इसी महीने में 54,560 इकाई रही थी। समीक्षाधीन महीने विभिन्न श्रेणियों में वाहनों की कुल बिक्री 12.9 प्रतिशत घटकर 13,75,314 इकाई रह गई, जो एक साल पहले इसी महीने में 15,79,191 इकाई रही। फाडा के अध्यक्ष आशीष हर्षराज काले ने कहा कि माह के दौरान खुदरा बिक्री दबाव में रही। बिक्री में गिरावट की आशंका पहले से थी।

# एयरबस, वाइन, व्हस्की को लक्ष्य बनाकर अमेरिका ने यूरोपीय संघ से आयात पर लगाया शुल्क

एजेंसी। वाशिंगटन

**अमेरिका ने** यूरोपीय संघ से आयात किए जाने वाले 7.5 अरब डॉलर के सामान पर शुक्रवार को लगा दिया। अमेरिका ने यह शुल्क प्रतिक्रिया में अमेरिकी सामान पर शुल्क लगाए जाने की चेतावनी के बावजूद लगाया है। यह शुल्क एयरबस, फ्रांस की वाइन और स्कॉटलैंड की व्हिस्की को लक्ष्य करके लगाया है। यूरोपीय संघ के अधिकारियों और अमेरिका के व्यापार प्रतिनिधियों के बीच अंत समय में बातचीत विफल होने के बाद यह शुल्क मध्य रात्रि से प्रभावी हो गया है।


विश्व व्यापार संगठन ने राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के यूरोपीय संघ पर शुल्क लगाने के फैसले की आलोचना करते हुए कहा कि इससे वैश्विक अर्थव्यवस्था के अस्थिर होने का जोखिम और बढ़ जाएगा। अमेरिका पहले से चीन के साथ व्यापार युद्ध में उलझा हुआ है। नए शुल्क लगाए जाने के बाद ब्रिटेन, फ्रांस, जर्मनी और स्पेन द्वारा मिलकर बनाई गई एयरबस के विमान अमेरिका में 10 प्रतिशत महंगे हो जाएंगे। ट्रंप हाल के महीनों में फ्रांस, स्पेन और जर्मनी से आने वाली वाइन को लेकर लगातार हमला करते रहे हैं। अब अमेरिका में इसका आयात 25 प्रतिशत महंगा हो जाएगा। इन शुल्कों के प्रभावी होने से पहले फ्रांस के वित्त मंत्री ब्रुनो ला माइरे ने वाशिंगटन में चेतावनी दी कि इसके गंभीर परिणाम होंगे। अमेरिका के वित्त मंत्री स्टीवन म्यूचिन के साथ बातचीत के बाद उन्होंने संवाददाताओं से कहा कि यूरोपीय संघ विश्व व्यापार संगठन के ढांचे के दायरे में इसका प्रतिकार करने के लिए तैयार है। वह यहां अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) की वार्षिक बैठक से इतर बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि इस निर्णय का आर्थिक और राजनीतिक दोनों दृष्टिकोण से गंभीर असर होगा। शुक्रवार को उनकी अमेरिका के व्यापार प्रतिनिधि रॉबर्ट लाइटाइजर के साथ बैठक होना बाकी है।

## ओडिशा में पिछले 20 साल में गरीबी में 25 फीसदी गिरावट आईः पटनायक

**भुवनेश्वर।** ओडिशा के मुख्यमंत्री नवीन पटनायक ने दावा किया है कि राज्य में पिछले 20 साल में गरीबी के स्तर में 25 फीसदी गिरावट आई है। पटनायक राज्य में लगभग 20 सालों से सत्तासीन हैं। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार समावेशी समाज के निर्माण के प्रति कोशिश तेज करने का अपना संकल्प दोहराती है। मुख्यमंत्री ने कहा, ओडिशा की परिवर्तनशील पहलों और नीतियों से पिछले दो दशक में गरीबी में भारी गिरावट यानि करीब 25 फीसदी गिरावट आई है, फलस्वरूप लाखों लोग गरीबी के बाहर आ गए हैं। वह बृहस्पतिवार को अंतरराष्ट्रीय गरीबी उन्मूलन दिवस के मौके पर बोल रहे थे। ओडिशा के राज्यपाल गणेशी लाल ने जून में 16वीं विधानसभा के उद्घाटन सत्र को संबोधित करते हुए कहा था कि राज्य सरकार गरीबी के स्तर को पांच फीसदी से कम पर लाने के लिए काम करेगी। ओडिशा और बिहार देश में सबसे निर्धन राज्यों में शामिल हैं। अधिकारियों के अनुसार वर्ष 2011-12 में बिहार में 33.34 फीसद लोग गरीब थे जबकि ओड़िशा में इसी अवधि में ऐसे लोगों की संख्या 32.59 फीसद थी।

## डीएचएफएल ने जारी किया पहली तिमाही का परिणाम, हुआ 242 करोड़ रुपए का घाटा

**नई दिल्ली।** कर्ज के बोझ में दबी आवास ऋण कंपनी डीएचएफएल को चालू वित्त वर्ष की जून में समाप्त पहली तिमाही में 242.48 करोड़ रुपए का एकीकृत घाटा हुआ है। इससे पिछले वित्त वर्ष की अप्रैल-जून अवधि में कंपनी को 431.71 करोड़ रुपए का शुद्ध लाभ हुआ था। समीक्षावधि में कंपनी की कुल आय घटकर 2,399.84 करोड़ रुपए रही। इससे पिछले वित्त वर्ष की इसी अवधि में यह आंकड़ा 3,154.25 करोड़ रुपए था। डीएचएफएल पिछले वित्त वर्ष की दूसरी छमाही से भारी वित्तीय संकट से गुजर रही है। फरवरी, 2019 के बाद से कंपनी की क्रेडिट रेटिंग में लगातार नीचे आ रही है।




## चीन की तीसरी तिमाही की वृद्धि दर छह प्रतिशत पर, 27 साल का सबसे निचला स्तर

**बीजिंग (एजेंसी)।** चीन की अर्थव्यवस्था की रफ्तार 2019 की तीसरी तिमाही में करीब तीन दशक के निचले स्तर पर आ गई। राष्ट्रीय सांख्यिकी ब्यूरो के शुक्रवार को जारी आंकड़ों के अनुसार जुलाई-सितंबर में चीन की आर्थिक वृद्धि दर छह प्रतिशत रही। इससे पिछली तिमाही अप्रैल-जून में चीन की सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) वृद्धि दर 6.2 प्रतिशत थी। चीन की वृद्धि दर में कमी की प्रमुख वजह अमेरिका के साथ व्यापार युद्ध का जारी रहना और घरेलू मांग का नरम पड़ना है। यह वृद्धि दर 1992 के बाद चीन का सबसे खराब तिमाही आंकड़ा है। हालांकि यह सरकार के 2019 में आर्थिक वृद्धि दर 6 से 6.5 प्रतिशत रखने के लक्ष्य के दायरे में है। वर्ष 2018 में चीन की आर्थिक वृद्धि दर 6.6 प्रतिशत थी। ब्यूरो के प्रवक्ता माओ शेंगयांग ने कहा, राष्ट्रीय अर्थव्यवस्था में कुल मिलाकर शुरुआती तीन तिमाहियों में स्थिरता देखी गई है।

# भारत के परमाणु ऊर्जा संयंत्र पूरी तरह सुरक्षितः जितेन्द्र सिंह

एजेंसी। नई दिल्ली

**केंद्रीय मंत्री** डा. जितेन्द्र सिंह ने परमाणु ऊर्जा संयंत्रों को लेकर आशंकाओं को दूर करते हुए कहा कि देश परमाणु ऊर्जा के शांतिपूर्ण उपयोग के अपने वादे पर कायम है और परमाणु ऊर्जा के हमारे संयंत्र पूरी तरह सुरक्षित तथा बेहतर हैं। उन्होंने कहा कि हम चिकित्सा समेत विभिन्न क्षेत्रों में इसका उपयोग कर रहे हैं और यह पूरी तरह सुरक्षित है। उन्होंने कहा कि लोगों को यह समझना चाहिए कि परमाणु ऊर्जा उपयोग का मतलब बम बनाना नहीं है।

इंडिया एनर्जी फोरम के 11वें परमाणु ऊर्जा सम्मेलन में प्रधानमंत्री कार्यालय में राज्य मंत्री और परमाणु ऊर्जा तथा अंतरिक्ष विभाग की जिम्मेदारी संभाल रहे सिंह ने कहा, भारत भाभा के परमाणु ऊर्जा के शांतिपूर्ण उपयोग के लक्ष्य पर कायम है। हम इसका सब्जियों का जीवन काल बढ़ाने तथा चिकित्सा के क्षेत्र में व्यापक उपयोग कर रहे हैं। नए परमाणु ऊर्जा संयंत्रों के बारे में सिंह ने कहा, हमारे ज्यादातर परमाणु संयंत्र तमिलनाडु, आंध्र प्रदेश जैसे दक्षिण भारत और महाराष्ट्र में हैं। हमने इसका विस्तार शुरू किया है। हम हरियाणा के गोरखपुर में परमाणु संयंत्र लगा रहे हैं। मेघालय जैसे पूर्वोत्तर राज्य में यूरेनियम के स्रोत हैं जिसके उपयोग की जरूरत है। कार्मिक मंत्रालय और पूर्वोत्तर विकास मंत्रालय की भी जिम्मेदारी संभाल रहे सिंह ने कहा, नई परियोजनाएं लगाने में समस्या है। हाल में राजस्थान में देखने को मिला। आप कहीं भी संयंत्र लगाएं, 48 घंटे के भीतर कोई बयान आ जाएगा। उन्होंने कहा, लोगों को यह समझने की जरूरत है। भाभा परमाणु अनुसंधान केंद्र में कितने वैज्ञानिक रेडिएशन से मरे? एक भी मामला ऐसा नहीं हुआ है। पश्चिम देशों में रिहायशी इलाकों में भी परमाणु संयंत्र बन रहे है। हमारे संयंत्र इस लिहाज से काफी बेहतर, सुरक्षित हैं। हमारे वैज्ञानिक इसको लेकर पूरा एहतियात बरतते है। क्षेत्र के समक्ष कोष की कमी का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि पिछले दो साल में परमाणु ऊर्जा विभाग ने सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों, ओएनजीसी और आईओसी के साथ संयुक्त उद्यम बनाया है। इससे कोष की बाधा से कुछ हद तक निपटने में मदद मिली है। यह पहल दोनों के लिए फायदेमंद साबित हुई है। सिंह ने कहा कि बाधाओं के बावजूद क्षेत्र में अच्छा काम हुआ है ओर इसका श्रेय वैज्ञानिकों को जाता है। मंत्री ने कहा कि प्रगति मैदान में हाल ऑफ न्यूक्लियर पावर बनाया गया है जिसके जरिए परमार्ण ऊर्जा के बारे में अच्छी जानकारी प्राप्त की जा सकती है।उन्होंने सोशल मीडिया आदि के जरिए परमाणु ऊर्जा के बेहतर उपयोग को लेकर जानकारी का प्रचार-प्रसार करने पर जोर दिया।

# भारत सबसे तेज विकसित होती अर्थव्यवस्था

## आईएमएफ के अनुमान के बावजूद वित्तमंत्री सीतारमण का दावा

एजेंसी। वाशिंगटन

**केंद्रीय** वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा है कि भारत विश्व की सर्वाधिक तेजी से विकसित होती अर्थव्यवस्थाओं में से एक है और इसे और तेजी से विकसित करने के प्रयास किए जा रहे हैं।

सीतारमण ने बृहस्पतिवार को भारतीय संवाददाताओं के समूह से कहा कि अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) ने भले ही भारत की विकास दर का अनुमान घटा दिया है लेकिन देश की अर्थव्यवस्था अब भी सबसे तेजी से विकास कर रही है। वह यहां आईएमएफ और विश्व बैंक की वार्षिक बैठक में भाग लेने आई हैं। सीतारमण ने कहा कि हालांकि आईएमएफ की ताजा रिपोर्ट में भारत और चीन दोनों की विकास दर 6.1 प्रतिशत रहने का अनुमान जताया गया है, लेकिन वह निश्चित ही चीन के साथ तुलना नहीं करेंगी। उन्होंने कहा, आईएमएफ ने (अपने हालिया अनुमान में) विश्व की सभी अर्थव्यवस्थाओं के लिए विकास दर कम कर दी है। इसने भारत के लिए विकास अनुमान कम कर दिया है। इसके बावजूद भारत अब भी सबसे तेजी से विकास करती अर्थव्यवस्था के तौर पर आगे बढ़ रहा है।

आईएमएफ ने मंगलवार को जारी अपनी नवीनतम विश्व आर्थिक परिदृश्य रपट में भारत की आर्थिक वृद्धि दर 2019 में 6.1 प्रतिशत रहने का अनुमान जताया है हालांकि उसे उम्मीद है कि 2020 में इसमें सुधार होगा और तब देश की आर्थिक वृद्धि दर सात प्रतिशत पर रह सकती है।

यह (2019 की दर) 2018 में भारत की वास्तविक आर्थिक वृद्धि दर 6.8 प्रतिशत से भी कम है। सीतारमण ने कहा कि जो कुछ भी कहा जा रहा है, इसके बावजूद इस बात को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता है कि भारत वैश्विक परिदृश्य में अब भी सबसे तेजी से विकास कर रहा है। उन्होंने कहा, मैं चाहती हूं यह दर और अधिक हो सके। मैं चाहती हूं कि यह और तेजी से विकास कर सके। मैं इसे और तेजी से विकसित करने के लिए हर संभव कोशिश करूंगी, लेकिन यह सचाई है कि भारत अब भी तुलनात्मक रूप से तेजी से विकास कर रहा है। सीतारमण ने कहा, यह सबसे तेजी से विकास करती अर्थव्यवस्थाओं में से एक है, लेकिन मैं इससे संतुष्ट नहीं होने वाली हूं। केंद्रीय वित्त मंत्री ने कहा, यह आठ नहीं है। यह सात नहीं है। यह छह पर आ गई है। हां, यह सब महत्त्वपूर्ण है। लेकिन मैं उस क्षमता को कम नहीं आंकना चाहती जो भारत इस विपरीत परिस्थिति के बावजूद दिखा रहा है।



वाशिंगटन में आईएमएफ की वार्षिक बैठक में भाग लेतीं हुई केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण

## अमेरिका के साथ व्यापारिक मतभेद कम हो रहे हैं, जल्द व्यापार समझौता होने की उम्मीद: सीतारमण

**वाशिंगटन।** केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतरमण ने कहा है कि भारत और अमेरिका के बीच व्यापारिक मतभेद कम हो रहे हैं और दोनों देशों के बीच जल्द ही कोई व्यापार समझौता होने की उम्मीद है। उन्होंने भारतीय संवाददाताओं के एक समूह से कहा, मुझे जल्द ही कोई समझौता होने की उम्मीद है। निस्संदेह (मतभेद) कम हो रहे हैं। सीतारमण अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष और विश्व बैंक की वार्षिक बैठक में भाग लेने यहां आई हैं। उनसे दोनों देशों के बीच भारत एवं अमेरिका के बीच व्यापारिक समझौते को लेकर चल रही बातचीत की स्थिति के बारे में सवाल किया गया था, जिसके जवाब में उन्होंने कहा कि वित्त मंत्रालय इस पर काम कर रहा है और उम्मीद है कि जल्द ही यह बातचीत पूरी हो जाएगी। सीतारमण ने कहा, मैं जानती हूं कि कितनी गहन वार्ता चल रही है और जिन मामलों पर उनके बीच कुछ मतभेद हो सकते हैं, उन्हें सुलझाया जा रहा है। मुझे जल्द ही कोई समझौता होने की उम्मीद है। इस बीच, अमेरिका के वाणिज्य मंत्रालय ने बृहस्पतिवार को कहाऋ कि भारत की अपनी हालिया यात्रा में अमेरिकी वाणिज्य मंत्री विल्सर रॉस ने भारत और अमेरिका के बीच व्यापारिक संबंधों के सकारात्मक दिशा की ओर बढ़ने की ओर जोर दिया था। रॉस ने वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री और रेल मंत्री पीयूष गोयल से मुलाकात की थी। अमेरिकी वाणिज्य मंत्रालय ने बताया कि इसके बाद उन्होंने अमेरिकी वाणिज्यिक हितों को आगे बढ़ाने के लिए द्विपक्षीय बैठकों में सीतारमण और गोयल से मुलाकात की थी।

## किसी खास अवधि में कब और क्या गलत हुआ इसे याद करना जरूरी : सीतारमण का मनमोहन को जवाब

**वाशिंगटन।** केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह पर निशाना साधते हुए कहा कि किसी खास अवधि में कब और क्या गलत हुआ, इसे याद करना बेहद जरूरी है। सीतारमण ने यह टिप्पणी सिंह के उस आरोप के जवाब में की है जिसमें उन्होंने कहा था कि राजग सरकार हमेशा अपने प्रतिद्वंद्वियों पर दोष मढ़ने की कोशिश करती है। सिंह ने अपने शासन में कुछ कमजोरियां होने की बात स्वीकार करते हुए बृहस्पतिवार को कहा कि मोदी सरकार को प्रत्एक आर्थिक संकट के लिए संप्रग सरकार को दोष देना बंद करना चाहिए क्योंकि समाधान निकालने के लिए पांच साल का समय पर्याप्त होता है। सीतारमण ने बृहस्पतिवार को यहां भारतीय संवाददाताओं से कहा, मैं आरोप-प्रत्यारोप में नहीं उलझने की बात कहने के लिए डॉ मनमोहन सिंह का सम्मान करती हूं, लेकिन किसी बाद का संदर्भ समझाने के लिए किसी खास अवधि में कब और क्या गलत हुआ, यह याद करना अत्यावश्यक है क्योंकि अब आरोप मुझ पर लग रहे हैं कि अर्थव्यवस्था को लेकर कोई विमर्श है ही नहीं। सीतारमण, सिंह के उन आरोपों का जवाब दे रहीं थीं जिसमें उन्होंने कहा था कि सरकार समाधान ढूंढने की बजाए हमेशा अपने प्रतिद्वंद्वियों पर दोष मढ़ने की कोशिश करती है। मुंबई में हुए संवाददाता सम्मेलन में कांग्रेस के वरिष्ठ नेता की यह टिप्पणी सीतारमण के एक बयान के बाद आई थी। सीतारमण ने न्यूयॉर्क के कोलंबिया विश्वविद्यालय में कहा था कि सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों को उनके सबसे बुरे दौर में पहुंचाने के लिए मनमोहन सिंह-रघुराम राजन की जोड़ी जिम्मेदार है। सीतारमण ने कहा कि सरकार सुनती है और फिर प्रतिक्रिया देती है। अगर यह बताना है कि किसी क्षेत्र में क्यों परेशानी है, तो आज की सरकार को याद करना होगा कि पहले क्या गलत हुआ है। वित्त मंत्री ने क्या गलत हुआ था, यह याद करते हुए कहा कि निश्चित तौर पर इसका कारण वह दौर है जब मनमोहन सिंह प्रधानमंत्री थे और रघुराम राजन आरबीआई के गवर्नर थे।

## संरा में वेनेजुएला के चुनाव पर अमेरिका की आपत्ति को चीन ने अनुचित करार दिया

एजेंसी। बीजिंग

**संयुक्त** राष्ट्र मानवाधिकार परिषद (यूएनएचआरसी) में वेनेजुएला के निर्वाचन को त्रासदी बताने वाले अमेरिकी बयान को चीन ने अनुचित करार दिया है। कई ऐडवोकेसी समूहों के विरोध के बावजूद वेनेजुएला संगठन का सदस्य निर्वाचित हुआ है।

वेनेजुएलाई राष्ट्रपति निकोलस मादुरो की वामपंथी सरकार पर आरोप है कि उन्होंने विपक्षी नेताओं को जेल में डाल दिया है और बिगड़ती अर्थव्यवस्था के बीच अपनी सत्ता को कायम रखने के लिए यातना का सहारा ले रहे हैं। अमेरिका सहित 50 से अधिक देशों ने अपना रुख पलट कर वेनेजुएला की राष्ट्रीय असेंबली के अध्यक्ष जुआन गुएदो को वैध कार्यकारी राष्ट्रपति के रूप में मान्यता दी है। अब भी संयुक्त राष्ट्र में मादुरो को प्रबल समर्थन प्राप्त है जिनमें रूस और चीन जैसे देश शामिल हैं।

चीनी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता गेंग शुआंग ने कहा, जो अमेरिका कह रहा है वह पूरी तरह से अनुचित है। बीजिंग में मीडिया से बातचीत में उन्होंने कहा, चुनाव के नतीजे अंतरराष्ट्रीय समाज की इच्छा को इंगित करता है और यह तार्किक और कानूनी है। शुआंग ने कहा, हम अमेरिका को सलाह देते हैं कि वह मानवाधिकार के मुद्दे का राजनीतिकरण न करे। चीन की टिप्पणी ऐसे समय आई है जब गुरुवार को मानवाधिकार समूहों ने वेनेजुएला के चुनाव की निंदा करते हुए इसे वेनेजुएला के लोगों और अंतरराष्ट्रीय समुदाय के मुंह पर तमाचा करार दिया था। उल्लेखनीय है कि यूएनएचआरसी में लातिन अमेरिका के लिए निर्धारित दो सीटों में से एक के लिए हुए चुनाव में वेनेजुएला ने कोस्टा रिका को हराकर जीत दर्ज की जिसे अमेरिका ने संयुक्त राष्ट्र के लिए असहज करने वाला और वेनेजुएला के लोगों के लिए त्रासदी करार दिया।

## ट्रंप ने ऊर्जा मंत्री रिक पेरी के इस्तीफे की घोषणा की



**फोर्ट वर्थ (संयुक्त राज्य)।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने बताया कि अमेरिकी ऊर्जा मंत्री रिक पेरी इस्तीफा दे रहे हैं। ट्रंप ने बृहस्पतिवार को कहा, रिक ने ऊर्जा मंत्री के तौर पर अच्छा काम किया है लेकिन तीन साल लंबा समय होता है। अब हमारे पास उनका विकल्प है। उल्लेखनीय है कि पेरी ने एक साक्षात्कार में कहा था कि उन्होंने ट्रंप के आदेश पर अमेरिका के राष्ट्रपति के निजी वकील रुडी गुइलियानी से यूक्रेन में कथित भ्रष्टाचार के बारे में बातचीत की थी। ट्रंप ने पेरी को हटाने की घोषणा इस साक्षात्कार के प्रकाशन के एक दिन बाद की। ट्रंप पर 2020 के अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव से पहले यूक्रेन के राष्ट्रपति पर अपने डेमोक्रेटिक प्रतिद्वंद्वियों के खिलाफ जांच का दबाव बनाने को लेकर महाभियोग की जांच चल रही है। ट्रंप ने कहा कि पेरी ने कुछ महीनों पहले ही इस्तीफे की पेशकश की थी और इस वर्ष के अंत तक वह पद छोड़ देंगे।

## क्विक न्यूज

### कश्मीरी पंडितों ने कश्मीर की स्थिति पर अमेरिकी सांसदों को अवगत कराया

**वाशिंगटन।** दक्षिण एशिया में मानवाधिकारों की स्थिति पर अगले सप्ताह होने वाली कांग्रेस की सुनवाई के पहले अमेरिका के विभिन्न हिस्सों में रहने वाले कश्मीरी पंडितों ने अमेरिकी सांसदों और उनके सहयोगियों को घाटी की हकीकत और पिछले कुछ दशकों से उनके अधिकारों के उल्लंघन के बारे में अवगत कराया। भारतवंशी सांसद रो खन्ना, सांसद माइक थॉम्पसन, जो लोफग्रेन, मार्क डेसूलनीर और डोरिस मतसुई के साथ ही सदन की विदेश संबंध समिति के अध्यक्ष एलिअट इंगेल बुधवार को कैपिटोल हिल में कांग्रेस की सुनवाई में उपस्थित हुए। महिला सांसद एन्ना इशू ने अपने शुभारंभ संबोधन में जोर दिया कि दुनिया में दो बड़े लोकतांत्रिक देशों को भारत और अमेरिका को लोकतंत्र को मजबूत करने की जरूरत है।

### विमान उतरने के दौरान पिकअप वैन से टकराया, पायलट की मौत

**लेजव्यू (अमेरिका)।** अमेरिका के पूर्वी विस्कॉन्सिन में निजी हवाई क्षेत्र में एक छोटे विमान की उतरने के दौरान पिकअप वैन से टक्कर हो गई जिसमें पायलट की मौत हो गई और पिकअप वैन का चालक गंभीर रूप से जख्मी हो गया। शेरिफ अधिकारियों ने बताया कि बृहस्पतिवार की दोपहर को लेजव्यू में एक इंजन वाले छोटे विमान का पायलट उसे उतार रहा था तभी इसकी पिकअप वैन से टक्कर हो गई। यह वैन ब्राउन काउंटी के एक राजमार्ग पर जा रही थी। पायलट लेजव्यू का रहने वाला था। उसकी मौके पर ही मौत हो गई जबकि पिकअप वैन के चालक को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। संघीय विमानन अधिकारी मामले की जांच कर रहे हैं।

### भूटान में बौद्ध स्तूप के अपमान के आरोप में भारतीय पर्यटक हिरासत में

**थिम्पू।** भूटान पुलिस ने एक स्तूप के कथित अपमान के लिए एक भारतीय पर्यटक को हिरासत में लिया है। शुक्रवार को मीडिया में आई एक खबर में यह जानकारी दी गई है। द भूटानीज़ की खबर के मुताबिक महाराष्ट्र के रहने वाला अभिजीत रतन हजारे भूटान की यात्रा कर रहे एक समूह का हिस्सा था, जिसका नेतृत्व भूटानी नागरिक कर रहा था। द भूटानीज़ द्वारा ट्वीटर पर साझा तस्वीरों और वीडियो में हजारे स्तूप की चोटी पर खड़ा हुआ जबकि स्तूप की मरम्मत कर रहा दूसरा व्यक्ति जांबे उस पर पर बैठा हुआ दिख रहा है। खबर के मुताबिक अपमान की यह घटना बृहस्पतिवार को उस वक्त हुई जब 15 मोटरसाइकिलों पर आए पर्यटक दोचुला में आराम कर रहे थे जबकि पर्यटकों के समूह का नेता मोटरसाइकिलों की पार्किंग की व्यवस्था का प्रयास कर रहा था।

## सीरिया के कुर्द लड़ाके संघर्ष विराम का पालन करने के लिए राजी

एजेंसी। कमिशली

**कुर्द** नेतृत्व वाली सीरियन डेमोक्रेटिक फोर्सेज ने गुरुवार को कहा कि वे सीरिया की उत्तरी सीमा पर नौ दिनों के संघर्ष के बाद अमेरिका और तुर्की द्वारा घोषित संघर्ष विराम का पालन करने के लिए तैयार हैं।

एसडीएफ प्रमुख मजलूम आब्दी ने कुर्द मीडिया से कहा कि रस अल-ऐन से तल अब्याद तक के क्षेत्र में हम संघर्ष विराम का पालन करने के लिए तैयार हैं। हमने अन्य क्षेत्रों पर चर्चा नहीं की है। तुर्की ने कहा है कि वह सीमा के निकट कुर्द नीत बलों के पीछे हटने की स्थिति में पांच दिन के लिए हमले बंद करने को तैयार है। इसके बाद आब्दी ने यह बयान दिया। ब्रिटेन स्थित सीरियन ऑब्जर्वेटरी फॉर ह्यूमन राइट्स ने बताया कि समझौते की सूचना मिलने के बावजूद रस अल-ऐन में संघर्ष जारी रहा। इसके अनुसार तुर्की ने नौ अक्टूबर को उत्तरपूर्वी सीरिया पर हमला किया था जिसमें दर्जनों नागरिक मारे गए थे और 3,00,000 लोग विस्थापित हुए थे। आब्दी ने अमेरिका से अपील की कि वह विस्थापितों की वापसी की गारंटी दे और यह सुनिश्चित करे कि क्षेत्र में कोई जनसांख्यिकीय बदलाव नहीं करे।

उल्लेखनीय है कि तुर्की सीमा पर सीरिया की ओर 30 किलोमीटर अंदर तक एक बफर ज़ोन बनाना चाहता है ताकि कुर्द मिलिशिया को दूर रखा जा सके और उसकी जमीन पर रह रहे 36 लाख सीरियाई शरणार्थियों में से कुछ को फिर से बसाया जा सके।



### संघर्ष विराम के बावजूद कुर्द के कब्जे वाले सीरियाई शहर में लड़ाई जारी

**सेलनपीनार (तुर्की)।** अमेरिकी मध्यस्थता वाले संघर्ष विराम के बीती रात प्रभावी होने के बावजूद तुर्की और कुर्द बलों के बीच लड़ाई में फंसे एक उत्तर पूर्व सीरियाई सीमा क्षेत्र में शुक्रवार को लड़ाई जारी रही। रास अल अयान के आसपास गोलाबारी और गोलीबारी की आवाजें सुनी गईं। तुर्की और तुर्क शहर सेलनपीनार की सीमा के पास के स्थानों से धुआं उठता देखा गया। हालांकि, सीमा पर अन्य स्थानों पर शांति देखी गई। सीरियन ऑब्जरवेटरी फॉर ह्यूमन राइट्स ने मंगलवार रात रास अल अयान में झड़पें दर्ज की हैं। गौरतलब है कि तुर्की की राजधानी अंकारा राष्ट्रपति रजब तैयब एर्दोआन और अमेरकी उपराष्ट्रपति माइक पेंस के बीच घंटों की बातचीत के बाद एक समझौता हुआ है।

### तुर्की पर प्रतिबंध की अब जरूरत नहीं : ट्रंप

एजेंसी। वाशिंगटन

**सीरिया** में पांच दिन के संघर्ष विराम को लेकर अमेरिका और तुर्की के बीच एक समझौते के बाद राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा कि तुर्की पर प्रस्तावित आर्थिक प्रतिबंधों की अब जरूरत नहीं है। उपराष्ट्रपति माइक पेंस द्वारा बृहस्पतिवार को अंकारा में घोषित समझौते के मुताबिक, तुर्की 120 घंटों के लिए अपने अभियान को रोकेगा ताकि कुर्द लड़ाके तुर्की और सीरिया सीमा पर चिह्नित सुरक्षित इलाके से पीछे हट सकें। उत्तरपूर्व सीरिया में तुर्की के सैन्य अभियान का विरोध करते हुए राष्ट्रपति ट्रंप ने तुर्की अधिकारियों के खिलाफ प्रतिबंध लगाने के लिए मंगलवार को एक शासकीय आदेश पारित किया जिसमें इस्पात पर शुल्क बढ़ाने और 100 अरब डॉलर के व्यापार सौदे को खत्म करने की बात कही गई थी। ट्रंप ने बृहस्पतिवार को संवाददाताओं से कहा, प्रतिबंध जरूरी नहीं होंगे क्योंकि तुर्की वह कर रहा है जो कहा जा रहा है। अमेरिका के साथ समझौते पर पहुंचने के लिए उन्होंने तुर्की के राष्ट्रपति रजब तैयब एर्दोआन को बधाई दी।

## अफगानिस्तान की मस्जिद में धमाका, 28 लोगों की मौत

एजेंसी। जलालाबाद



**अफगानिस्तान** में शुक्रवार को मस्जिद में नमाज के दौरान हुए धमाके में कम से 28 नमाजियों की मौत हो गई जबकि अन्य कई घायल हुए हैं। अधिकारियों ने यह जानकारी दी।

यह धमाका संयुक्त राष्ट्र के उस बयान के एक दिन बाद हुआ जिसमें कहा गया था कि देश में हिंसा अस्वीकार्य स्तर पर पहुंच गई है। प्रांतीय राज्यपाल के प्रवक्ता अत्ताउल्लाह खाज्ञानी ने बताया कि पूर्वी नंगहरहार प्रांत के हस्का मीना जिले में धमाके की वजह से मस्जिद की छत ध्वस्त हो गई और इस घटना में कम से कम 55 लोग घायल हुए हैं। उन्होंने बताया कि प्रांतीय राजधानी जलालाबाद से करीब 50 किलोमीटर दूर हुए धमाके में मारे गए सभी लोग नमाजी हैं। वहीं हस्का मीना अस्पताल के अधिकारी डॉ. ज़ारघून ने मृतकों की संख्या 33 और घायलों की संख्या 60 बताई है।

तत्काल किसी संगठन ने हमले की जिम्मेदारी नहीं ली है, लेकिन तालिबान और इस्लामिक स्टेट दोनों ही नंगरहार प्रांत में सक्रिय है। स्थानीय निवासी उमर घोरज़ांग ने बताया कि धमाके के समय मस्जिद में 350 लोग थे। एक अन्य निवासी 65 वर्षीय अमानत खान ने बताया, कई लोग मारे गए हैं एवं अन्य घायल हुए हैं। उन्हें कई एम्बुलेंस की मदद से ले जाया गया है। गौरतलब है कि संयुक्त राष्ट्र ने गुरुवार को रिपोर्ट जारी कर कहा था कि इस साल अफगानिस्तान में जुलाई और सितंबर के बीच नागरिकों की मौतों का आंकड़ा अप्रत्याशित है। जुलाई से सितंबर के बीच अफगानिस्तान में विभिन्न आतंकवादी गतिविधियों में 1,174 लोगों की मौत हुई और 3,139 लोग घायल हुए।

### लाहौर से इस्लामाबाद की यात्रा के दौरान ब्रिटेन के शाही जोड़े के पसीने छूटे

**इस्लामाबाद।** ब्रिटेन का शाही जोड़ा प्रिंस विलियम्स और केट मिडलटन पाकिस्तान का पांच दिवसीय दौरा कर शुक्रवार को ब्रिटेन लौट गया। इससे पहले लाहौर से इस्लामाबाद आने के दौरान उनके शाही विमान को खराब मौसम के बाद वापस लाहौर लौटना पड़ा और दो बार विमान उतारने की कोशिश के बाद वे इस्लामाबाद पहुंचे। इस घटना को लेकर शाही जोड़े के साथ विमान में सवार पत्रकारों ने अपने अनुभव साझा किए। डेली मेल की पत्रकार रेबेका इंग्लिश ने केट मिडलटन के हवाले से कहा, यह काफी ऊबड़-खाबड़ था। आईटीवी के पत्रकार क्रिस शिप ने कहा, ईमानदारी से कहूं मैं विमान में पहली बार इतना घबराया हुआ था।



बेल्जियम में ब्रेक्जिट के खिलाफ प्रदर्शन करते ब्रिटिश नागरिक

## राष्ट्रपति कोविंद की फिलीपींस यात्रा के दौरान चार समझौते पर दस्तखत, बढ़ेगा रक्षा सहयोग

एजेंसी। मनीला

**भारत** और फिलीपींस शुक्रवार को रक्षा तथा समुद्री सुरक्षा क्षेत्र में साझेदारी को बढ़ावा देने और इसे द्विपक्षीय सहयोग का मुख्य आधार बनाने पर सहमत हुए। क्षेत्र में चीन का सैन्य दबदबा बढ़ने के मद्देनजर ए फैसला महत्वपूर्ण है।

राष्ट्रपति राम नाथ कोविंद ने अपने फिलीपींस के समकक्ष रोड्रिगो दुतेर्ते के साथ उनके आधिकारिक निवास मैलाकैनन पैलेस में व्यापक वार्ता की। इस दौरान दोनों देशों ने आतंकवाद को उसके सभी रूपों में हराने और उसका पूरी तरह खात्मा करने के लिए मिलकर काम करने की प्रतिबद्धता जताई। कोविंद ने समुद्री कार्यक्षेत्र, सुरक्षा, पर्यटन, विज्ञान और प्रौद्योगिकी तथा संस्कृति से संबंधित चार समझौतों पर वार्ता और हस्ताक्षर के बाद कहा, मैंने राष्ट्रपति दुतेर्ते के साथ बहुत ही सार्थक चर्चा की। इसमें द्विपक्षीय सहयोग के साथ-साथ क्षेत्रीय और वैश्विक मुद्दे शामिल हैं।



कोविंद फिलीपींस की अपनी पांच दिवसीय राजकीय यात्रा के तहत गुरुवार को यहां पहुंचे। कोविंद ने दुतेर्ते के साथ एक प्रेस बयान में कहा, फिलीपींस की मेरी यात्रा ऐसे ऐतिहासिक वर्ष में हो रही है, जब हम अपने दोनों देशों के बीच राजनयिक संबंधों की स्थापना के 70 साल का जश्न मना रहे हैं। कोविंद ने कहा कि दोनों देशों के बीच संबंधों में मजबूती लगातार बढ़ी है। उन्होंने कहा, राजनीतिक, रक्षा और सुरक्षा, आतंकवाद का मुकाबला, व्यापार और निवेश के साथ ही कृषि, विज्ञान और प्रौद्योगिकी और स्वास्थ्य क्षेत्रों में हमारे बीच मजबूत सहयोग है। राष्ट्रपति ने कहा कि दोनों देश आंतकवाद के भुक्तभोगी हैं और भारत को दशकों से सीमा पार आतंकवाद का निशाना बनना पड़ा है।

### पाक के नए साइबर कानून के तहत व्यक्ति को ईशनिंदा मामले में पांच साल की कैद

**लाहौर।** पाकिस्तान की एक विशेष अदालत ने सोशल मीडिया पर ईशनिंदा से संबंधित सामग्री डालने के मामले में एक शख्स को पांच साल की कैद की सज़ा सुनाई है। यह देश के नए साइबर आपराधिक कानून के तहत दोषिसिद्धि का पहला मामला है। साइबर अपराध की विशेष अदालत ने शिया पंथ के सक्रिय सदस्य साजिद अली को सजा सुनाई है। उस पर 2017 में फेसबुक पर बेअदबी भरी, ईशनिंदा करने वाली और अपमानजनक सामग्री डालने का आरोप था। अली को इलेक्ट्रॉनिक अपराध रोकथाम अधिनियम 2016 और पाकिस्तान दंड संहिता की धारा 298ए के तहत सजा सुनाई गई है।

## यूरोप ने ब्रेक्जिट सौदे का समर्थन किया ब्रिटेन के सांसदों से सहयोग की अपील की

एजेंसी। ब्रसेल्स

**यूरोपीय** संघ के नेताओं ने कड़ी मशक्कत के बाद हुए ब्रेक्जिट समझौते को अपना समर्थन दिया है, लेकिन ब्रिटेन के प्रधानमंत्री बोरिस जॉनसन के सामने अब इसे ब्रिटिश संसद से पारित कराने की बेहद कड़ी चुनौती है।

यूरोपीय संघ परिषद के अध्यक्ष डोनाल्ड टस्क ने 27 अन्य नेताओं द्वारा सौदे को स्वीकृत किए जाने के बाद संवाददाताओं से कहा, ऐसा प्रतीत होता है कि हम अंतिम चरण के काफी करीब हैं। लेकिन जॉनसन के आशान्वित होने के बावजूद ब्रितानी विपक्षी पार्टियों और हाउस ऑफ कॉमन्स में प्रधानमंत्री के अपने भी कुछ सहयोगियों ने तुरंत चेताया कि वे शनिवार को विशेष बैठक के दौरान इस पर होने वाले मतदान में इसके पक्ष में वोट नहीं डालेंगे।

अगर सौदा खारिज हो जाता है तो प्रधानमंत्री का कानूनी कर्तव्य होगा कि उन्हें ईयू नेताओं से ब्रेक्जिट को तीसरी बार स्थगित करने के लिए कहना होगा। इसी के साथ 31 अक्टूबर तक ब्रिटेन को यूरोपीय संघ से बाहर निकालने की उनकी प्रतिबद्धता भी टूट जाएगी। यूरोपीय आयोग के अध्यक्ष जीन क्लॉड जंकर ने आगाह किया है कि इसे खारिज किए जाने से बेहद जटिल स्थिति पैदा हो जाएगी जबकि टस्क ने कहा है कि अगर ऐसा होता है तो वह सदस्य राष्ट्रों से इस पर प्रतिक्रिया देने को लेकर विचार-विमर्श करेंगे। जॉनसन ने भरोसा जताया है कि सांसद सौदे का समर्थन करेंगे लेकिन विपक्ष और यहां तक कि सहयोगी पार्टी के साझेदारों से मिली तत्काल प्रतिक्रिया इस पक्ष में नहीं दिखी।

# हाकी टीम की अगुआई करेंगे मनप्रीत व रानी

## ● ओलंपिक क्वालीफायर की पुरूष और महिला टीम की घोषणा

एजेंसी। नई दिल्ली

हाकी इंडिया ने आगामी एफआईएच हाकी ओलंपिक क्वालीफायर के लिए शुक्रवार को पुरूष और महिला टीम की घोषणा की। अठारह सदस्ईय पुरूष टीम की कप्तानी मनप्रीत सिंह करेंगे जबकि फारवर्ड एस वी सुनील उप कप्तान होंगे।

वहीं इंग्लैंड दौरे पर गई महिला टीम में कोई बदलाव नहीं किया गया है जिसकी कप्तान रानी होंगी जबकि उप कप्तान गोलकीपर सविता होंगी। भारतीय पुरुष और महिला टीमें ओड़िशा के भुवनेश्वर में एक और दो नवंबर को अपनी प्रतिद्वंद्वियों से भिड़ेंगी। आठ बार के ओलंपिक चैंपियन भारत (एफआईएच विश्व रैंकिंग पांच) का सामना रूस (22 रैंकिंग) से होगा। महिला टीम (नौ रैंकिंग) की भिड़ंत अमेरिकी महिला टीम से होगी जिसकी रैंकिंग 13 है।





पुरूष टीम में दो गोलकीपर पी आर श्रीजेश और कृष्ण बहादुर पाठक हैं। कप्तान मनप्रीत फारवर्ड पंक्ति की अगुआई करेंगे जिसमें मंदीप सिंह, आकाशदीप सिंह और रमनदीप सिंह शामिल हैं।

पुरूष मुख्य कोच ग्राहम रीड ने कहा, बेल्जियम में दौरे की अच्छी तैयारियों के बाद इस टूर्नामेंट के लिए सर्वश्रेष्ठ 18 खिलाड़ियों का चयन करना काफी मुश्किल था। हमने बेहद संतुलित टीम चुनी है। अब हमें रूस के खिलाफ अपनी रणनीतियों पर ध्यान देने की जरूरत होगी और सुनिश्चित करना होगा कि एक और दो नवंबर को हम मैदान पर सर्वश्रेष्ठ टीम उतारें। महिला टीम कोच शोर्ड मारिन ने कहा, हमारी अच्छी संतुलित टीम है जिसमें खिलाड़ियों का अच्छा मिश्रण है। अभ्यास दौरे पर जिन खलाड़ियों ने अच्छा प्रदर्शन किया है, उनका लय में रहना अहम है। अब हमारा ध्यान यह सुनिश्चित करना है कि दोनों मैचों में अमेरिका के खिलाफ कोई भी गलती नहीं करें। क्वालीफायर के विजेता से 2020 तोक्यो ओलंपिक में स्थान सुनिश्चित होगा।

**पुरूष टीम** : मनप्रीत सिंह (कप्तान), पीआर श्रीजेश, कृष्ण बहादुर पाठक, हरमनप्रीत सिंह, वरुण कुमार, सुरेंदर कुमार, गुरिंदर सिंह, रूपिंदर पाल सिंह, अमित रोहिदास, नीलकंठ शर्मा, हार्दिक सिंह, विवेक सागर प्रसाद, ललित कुमार उपाध्याय, एसवी सुनील, मनदीप सिंह, आकाशदीप सिंह, रमनदीप सिंह और सिमरनजीत सिंह।

**महिला टीम** : रानी रामपाल (कप्तान), सविता, रजनी इतिमारपू, दीप ग्रेस एक्का, गुरजीत कौर, रीना खोखर, सलीमा टेटे, सुशीला चानू पुखरंबम, निक्की प्रधान, मोनिका, नेहा गोयल, लिलिमा मिंज, नमिता टोप्पो, वंदना कटारिया नवनीत कौर, लालरेमसियामी, नवजोत कौर और शर्मिला देवी।

# देश के सर्वश्रेष्ठ हित में फैसला करने के लिए कहूंगा : रीजीजू

## ● निकहत की मांग पर कहा

एजेंसी। नई दिल्ली

खेल मंत्री किरेन रीजीजू ने मुक्केबाज निकहत जरीन की एम सी मेरीकोम के खिलाफ ट्रायल मुकाबला कराने की मांग से उठे विवाद मे शुक्रवार को स्पष्ट किया कि वह केवल महासंघ को देश और खिलाड़ियो के हित मे सर्वश्रेष्ठ फैसला करने के लिए ही कह सकते है। जरीन ने गुरुवार को रीजीजू को पत्र लिखकर चीन में अगले साल होने वाले ओलंपिक क्वालीफायर के लिए भारतीय टीम के चयन से पहले मेरीकोम के खिलाफ ट्रायल मुकाबला आयोजित करने की मांग की थी। इससे पहले भारतीय मुक्केबाजी महासंघ (बीएफआई) ने कहा था कि मेरीकोम (51 किग्रा) के हाल में रूस में विश्व चैंपियनशिप मे कांस्य पदक जीतने के प्रदर्शन को ध्यान में रखते हुए वह छह बार की विश्व चैंपियन को चुनने का इरादा रखता है। इसके बाद ही जरीन ने यह पत्र लिखा। रीजीजू ने जरीन के पत्र के जवाब में कहा, मै निश्चित तौर पर मुक्केबाजी महासंघ को देश, खेल और खिलाड़ियों के सर्वश्रेष्ठ हितो को ध्यान मे रखते हुए फैसला करने के लिए कहूंगा। मंत्री को हालांकि खेल संघो द्वारा खिलाड़ियों के चयन मे शामिल नही होना चाहिए क्योंकि खेल संघ ओलंपिक चार्टर के अनुसार स्वायत्त है। मेरीकोम ने पहले ही साफ कर दिया था कि वह बीएफआई के फैसले के अनुसार चलेगी। बीएफआई ने पहले कहा था कि विश्व चैंपियनशिप में स्वर्ण और रजत पदक विजेता मुक्केबाजों का ही ओलंपिक क्वालीफायर के लिए सीधे चयन होगा। जरीन को विश्व चैंपियनशिप से पहले भी ट्रायल मुकाबले का मौका नही दिया गया था।



**छत्तीसगढ़ राज्य सहकारी विपणन संघ मर्यादित्**
छठवीं मंजिल, टॉवर ''सी'', कमर्शियल कॉम्प्लेक्स, सी.बी.डी. सेक्टर-21, नवा रायपुर अटल नगर (छ.ग.) 492002
website-www.markfed.cg.nic.in Email. Id: mf_ctrlroom_raipur@gov.in
क्र./विप./M/T/H-2/19-20/3582/2019 न.रा.अ.न. दिनांक 17.10.2019

**खरीफ विपणन वर्ष 2019-20 में विपणन संघ के धान संग्रहण केन्द्रों में हमाली कार्य हेतु पुनः ऑनलाईन ई-निविदा सूचना**

छ.ग. राज्य सहकारी विपणन संघ द्वारा समर्थन मूल्य पर धान का उपार्जन हेतु विपणन संघ के धान संग्रहण केन्द्रों/ईकाईयों में हमाली कार्य हेतु पुनः अल्पकालीन ऑनलाईन ई-निविदा जिला क्रमशः- जशपुर, जांजगीर-चाम्पा एवं कोरबा हेतु आमंत्रित किया जाता है। निविदा सूचना वेबसाईट https://eproc.cgstate.gov.in में जाकर संबंधित फर्म का ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन निविदा दिनांक से पूर्व इच्छुक निविदाकारों को करना आवश्यक है। हमाली निविदा दिनांक 17.10.2019 से 31.10.2019 तक ऑनलाईन भरी जा सकती है।

निविदा प्रारूप तथा शर्तों एवं निबंधनों का अवलोकन विपणन संघ के वेबसाईट www.markfed.cg.nic.in पर निविदाकारों के अध्ययन हेतु गाईडलाइन के रूप में उपलब्ध है। ई-निविदा की कार्यवाही के संबंध में अन्य किसी भी प्रकार की जानकारी के लिए Mjunction में संपर्क किया जा सकता है। email-helpdesk.cgeproc@gmail.com फोन नंबर 18002582502
संवाद-23137/5 महाप्रबंधक (विप.)

# किसने कहा, मैंने शाको को हटा दिया है : बजरंग

## ● निजी कोच को हटाने संबंधित की खबरों को किया खारिज

एजेंसी। नई दिल्ली

स्टार पहलवान बजरंग पूनिया ने शुक्रवार को निजी कोच शाको बेनटीनिडिस को हटाने संबंधित की खबरों को खारिज करते हुए कहा कि यह जार्जियाई कोच अब भी उनकी टीम में शामिल है और सहयोगी स्टाफ को बदलने की उनकी कोई योजना नहीं है।

खबरों में आया कि बजरंग ने कोच से नाता तोड़ दिया है तो इस पर बजरंग ने प्रतिक्रिया देते हुए कहा, मुझे समझ नहीं आ रहा कि किसने यह कहा और क्यों? शाको मेरे कोच हैं और मुझे इस बारे में बात करनी चाहिए थी। इस तरह की खबरें पढ़कर मुझे सचमुच बुरा महसूस हो रहा है। इनमें कोई सच्चाई नहीं है। दुनिया के 65 किग्रा में नंबर एक पहलवान रह चुके बजरंग ने कहा, वह मेरे निजी कोच हैं जिन्हें जेएसडब्ल्यू ने मुहैया कराया है। यह मेरी समझ से बाहर है कि ऐसा क्यों कहा गया कि मैंने उनसे रिश्ता तोड़ दिया है। कौन यह कह रहा है और क्यों? मुझे कोच बदलने की जरूरत नहीं है। जब जेएसडब्ल्यू से संपर्क किया गया तो उसने कहा कि न तो वे और न ही बजरंग कभी भी शाको को छोड़ना चाहते हैं। जेएसडब्ल्यू की स्पोर्ट्स एक्सीलेंस एंड स्काउटिंग प्रमुख मनीषा मल्होत्रा ने कहा, हमें यह बहुत अच्छी तरह पता है कि अगर बजरंग शाको के साथ ट्रेनिंग नहीं करना चाहते हैं तो हम उन्हें नहीं रखेंगे। लेकिन न तो बजरंग और न ही डब्ल्यूएफआई ने हमें शाको को हटाने के लिए कहा है। विश्व चैम्पियनशिप को खत्म हुए एक महीने का समय हो चुका है, अगर यह कदम उठाना होता तो हम इसके बाद ही ऐसा कर देते। डब्ल्यूएफआई हालांकि विश्व चैम्पियनशिप में सेमीफाइनल मुकाबले के दौरान कजाखस्तान के दौलत नियाजबेकोव को रैफरी द्वारा चार अंक प्रदान किए जाने के बाद शाको के विरोध दर्ज कराने से खुश नहीं था। इससे बजरंग ने एक अतिरिक्त अंक गंवा दिया और डब्ल्यूएफआई को लगता है कि इस यह भारतीय फाइनल में पहुंचने से चूक गया और उसे लगता है कि बजरंग का पैर से डिफेंस अब भी कमजोर है। मनीषा ने कहा, मैं जानती हूं कि महासंघ उसके विरोध दर्ज कराने से खुश नहीं था। लेकिन पूरी तस्वीर देखिए। शाको ने बजरंग को दुनिया के नंबर एक स्थान पर पहुंचा दिया। अभी बजरंग पर ओलंपिक में पदक जीतने का दबाव है और ओलंपिक के करीब कोच बदलने का कदम रणनीतिक तौर पर अच्छा नहीं दिखता इसलिए फिलहाल ऐसी कोई योजना नहीं है। भारतीय कुश्ती महासंघ ने हालांकि कहा कि उसे इसके बारे में कोई जानकारी नहीं है। डब्ल्यूएफआई के सहायक सचिव विनोद तोमर ने कहा, यह बजरंग से संबंधित मुद्दा है और वही फैसला कर सकता है कि वह शाको को चाहता है या नहीं। हमने उसे नियुक्त नहीं किया। हम पहलवानों को नहीं कह सकते कि आप इन कोचों के साथ ट्रेनिंग मत करो। हमें ओलंपिक पदक से मतलब है। अगर कोई ट्रेनिंग नहीं करता, हम उसे ट्रेनिंग के लिए बाध्य कर सकते हैं लेकिन बजरंग ट्रेनिंग कर रहा है और उसे अपनी पसंद के कोच के साथ ट्रेनिंग करने की आजादी है। बजरंग कोहनी की चोट के लिए रिहैबिलिटेशन प्रक्रिया से गुजर रहे हैं और जल्द ही शाको के साथ ट्रेनिंग शुरू करेंगे।




# पूर्व दक्षिण अफ्रीकी बल्लेबाज को पांच साल जेल की सजा

**जोहानिसबर्ग।** दक्षिण अफ्रीका के लिए अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट खेल चुके गुलाम बोदी को भ्रष्टाचार के आठ मामलों में दोषी पाए जाने के बाद पांच साल जेल की सजा सुनाई गई है। राष्ट्रीय टीम के लिए तीन एकदिवसीय मैच खेलने वाले बोदी को क्रिकेट दक्षिण अफ्रीका (सीएसए) ने 2015 में घरेलू टी20 मैचों को फिक्स और नतीजे को प्रभावित करने की कोशिश करने के लिए 20 साल के लिए प्रतिबंधित किया है। सीएसए ने हालांकि कहा कि बोदी किसी भी मैच को फिक्स करने में सफल नही हुए क्योंकि उनके और साजिशकर्ताओं को नाकाम कर दिया था। बोदी ने पिछले साल खुद ही पुलिस के सामने आत्मसमर्पण किया था जिन्हें प्रिटोरिया की अदालत ने दोषी करार देने के बाद सजा सुनाई। उन पर 3,000 रैंड (लगभग 202 डालर) का जुर्माना भी लगाया गया।

# टी10 में टीम अबुधाबी के कोच होंगे ट्रेवर बेलिस

**अबुधाबी।** विश्व कप विजेता कोच ट्रेवर बेलिस 15 नवंबर से शुरू होने वाले टी10 टूर्नामेंट में टीम अबुधाबी के कोच होंगे जबकि इंग्लैंड के आलराउंडर मोईन अली उसकी अगुवाई करेंगे। खिलाड़ियों के वार्षिक ड्राफ्ट के अनुसार आठ टीमों में 110 खिलाड़ी शामिल है जिनमें श्रीलंका के लेसिथ मलिंगा, वेस्टइंडीज के आलराउंडर कीरेन पोलार्ड और पाकिस्तान के तेज गेंदबाज मोहम्मद आमिर शामिल हैं। टीम अबुधाबी टूर्नामेंट की आठवी टीम है जिसके आइकन खिलाड़ी मोईन अली है। इसके अलावा श्रीलंका के निरोशन डिक्वेला, न्यूजीलैंड के आलराउंडर कोरी एंडरसन और आमिर भी टीम का हिस्सा है। वेस्टइंडीज के पूर्व कप्तान डेरेन सैमी मौजूदा चैंपियन नार्दर्न वारियर्स के आइकन खिलाड़ी होंगे। मराठा अरेबियन्स ने आस्ट्रेलिया के क्रिस लिन को आइकन खिलाड़ी बनाया है। उसकी टीम मे मलिंगा और वेस्टइंडीज के ड्वेन ब्रावो भी शामिल हैं।

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा (धारा 82 Cr.P.C. देखिए)**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **महबूब उर्फ कालिया** पुत्र जाकिर निवासी मकान नं. 65/80, प्लॉट नं. 3, फोटो चौक, वेलकम, दिल्ली ने प्रथम सूचना रिपोर्ट संख्या 275/13 धारा 377/506/323 भा.द.स. थाना तिमारपुर, दिल्ली के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **महबूब उर्फ कालिया** मिल नहीं रहा है, और मुझे समाधान प्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **महबूब उर्फ कालिया** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहा है)। इसके खिलाफ माननीय अदालत द्वारा धारा 82 Cr.P.C. की कार्यवाही जारी हो चुकी है। इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि प्रथम सूचना रिपोर्ट संख्या 275/13 धारा 377/506/323 भा.द.स. थाना तिमारपुर, दिल्ली के उक्त अभियुक्त **महबूब उर्फ कालिया** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए **20.11.2019** को या उससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसारः सुश्री नीति मिश्रा
महानगर दण्डाधिकारी,
कमरा नं. 28, तीस हजारी कोर्ट, दिल्ली
DP/522/N/19

**गुमशुदा की तलाश**



हीरामणी

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि एक लड़की जिसका नाम : **हीरामणी** पुत्री : **शत्रुघन शाह,** निवासी : **झुग्गी नं. 392, उद्योग नगर, पीरागढ़ी, दिल्ली,** उम्र : **18 साल 6 महीनें,** लम्बाई : **5 फीट,** रंग : **गोरा,** चेहरा : **गोल,** पहनावा : **हरे रंग का सूट-सलवार और पैरों में ब्राउन रंग की चप्पल पहनी हैं,** जो **11.09.2019** से थाना पश्चिम विहार वेस्ट से गुमशुदा /अपहृत है। इस सन्दर्भ में **DD No. 34-A dated 24.09.2019** पुलिस थाना, पश्चिम विहार वेस्ट, दिल्ली में रिपोर्ट दर्ज है। स्थानीय पुलिस द्वारा गंभीरता से इस गुमशुदा/अपहृत लड़की को तलाश करने की कोशिश की गई लेकिन अभी तक कुछ पता नही चल पाया है।

अगर किसी को इस गुमशुदा /अपहृत लड़की के बारे में कोई जानकारी मिले तो निम्नलिखित को सुचित करें।

वेबसाइटः http://cbi.nic.in, मेल आईडी cic@cbi.gov.in,
फोन नं : 011-24368638, 24368641, फैक्स : 011-24368639

थानाध्यक्ष
थाना पश्चिम विहार वेस्ट, दिल्ली
फोन नं. 011-25268394, 25280980
DP/2797/OD/19.

# जूनियर मुक्केबाजों ने एशियाई चैंपियनशिप में 21 पदक जीते

## ● छह स्वर्ण, नौ रजत भी शामिल

एजेंसी। नई दिल्ली

भारतीय मुक्केबाजों ने संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के फुजैराह में एशियाई जूनियर चैंपियनशिप में शानदार प्रदर्शन करते हुए छह स्वर्ण, नौ रजत के साथ कुल 21 पदक हासिल किए।

टूर्नामेंट में 26 देशों ने भाग लिया था जिनमें भारत कुल पदकों के मामले में शीर्ष पर रहा लेकिन तालिका में उज्बेकिस्तान (20 पदक) के बाद दूसरे स्थान पर रहा जिसने आठ स्वर्ण जीते। भारतीय पुरुष टीम ने दो स्वर्ण, तीन रजत और इतने ही कांस्य पदक जीते जबकि महिला टीम ने कल शाम समाप्त हुए टूर्नामेंट में चार स्वर्ण, छह रजत और तीन कांस्य पदक हासिल किए। पुरुषों में विश्वनाथ सुरेश (46 किग्रा) और विश्वामित्र चोंगथम (48 किग्रा) ने स्वर्ण जीते। राष्ट्रीय चैम्पियन कल्पना (46 किग्रा), प्रीती दहिया (60 किग्रा), तशबीर कौर संधू (80 किग्रा) और अल्फिया तरन्नुम पठान (80 किग्रा से अधिक) ने महिलाओं के वर्ग में स्वर्ण जीते। योगेश कागड़ा (63 किग्रा), जयदीप रावत (66 किग्रा) और राहुल (70 किग्रा) ने पुरुषों के वर्ग में जबकि तमन्ना (48 किग्रा), तन्नू (52 किग्रा), नेहा (54 किग्रा), खुशी (63 किग्रा), शारवरी कल्यांकर (70 किग्रा) और खुशी (75 किग्रा) ने महिलाओं के वर्ग में रजत पदक अपने नाम किए। महिलाओं के वर्ग में रिंकू (50 किग्रा), अंबेश्वरी देवी (57 किग्रा) और माही लामा (66 किग्रा) जबकि विजय सिंह (50 किग्रा), विक्टर सिंह शेखोम (52 किग्रा) और वंशज (60 किग्रा) ने पुरुषों के वर्ग में कांस्य पदक हासिल किया। टूर्नामेंट में 26 देशों के 293 (170 पुरुष और 69 महिला) मुक्केबाजों ने भाग लिया था।



# कोचर शीर्ष पर बरकरार

## ● आमंत्रण गोल्फ टूर्नामेंट कट हासिल करने से चूके जीव मिल्खा

एजेंसी। चंडीगढ़

करणदीप कोचर ने दूसरे दौर में शुक्रवार को यहां पांच अंडर 67 के स्कोर के साथ शुक्रवार को जीव मिल्खा सिंह आमंत्रण टूर्नामेंट में अपनी बढ़त बरकरार रखी लेकिन दिग्गज गोल्फर जीव मिल्खा सिंह अपने ही नाम पर खेली जा रही प्रतियोगिता में कट हासिल करने में नाकाम रहे। श्रीलंका के मिथुन परेरा दूसरे दौर में सात अंडर 65 के कार्ड के साथ संयुक्त रूप से करणदीप कोचर के साथ शीर्ष पर पहुंच गए। यहां चंडीगढ़ गोल्फ कोर्स में खेली जा रही प्रतियोगिता में दोनों खिलाड़ियो का एक समान 12 अंडर 132 का स्कोर है। जीव मिल्खा सिंह ने दूसरे दौर में पांच ओवर 77 का कार्ड खेला और कुल पांच ओवर 149 के कार्ड के साथ कट पाने से चूक गए। शीर्ष 50 गोल्फरों ने इवन पार 144 या उससे बेहतर स्कोर के साथ कट हासिल किया। पीजीटीआई आर्डर ऑफ मेरिट में शीर्ष पर चल रहे दिल्ली के राशिद खान ने आठ अंडर 64 के कार्ड के साथ कोर्स रिकार्ड बनाया। वह नौ अंडर 135 के कार्ड के साथ चंडीगढ के अजीतेश संधू (69), श्रीलंका के एन थंगराज (68), दिल्ली के हिम्मत सिंह राय (69) और महू के ओम प्रकाश चौहान (69) के साथ संयुक्त रूप से तीसरे स्थान पर हैं।

**NOTICE REGARDING THE PROPOSED MORTGAGE**

We hereby give public notice that we propose to accept the property comprised Entire Ground Floor (without roof / terrace rights) along with 30% undivided share including undivided proportionate ownership rights in the land underneath along with the rights to passage, easement and benefits built on property bearing no. I-46, having land area measuring 200 Sq. Yards (i.e. 167.22 Sqm) excluding roof rights, situated in the approved free-hold colony known as Kirti Nagar, New Delhi area of Village Basai Darapur, Delhi, State Delhi belonging to Mr. Deepak Batra, residing at E-70, Kirti Nagar, New Delhi as security by way of mortgage by deposit of title deeds for the purpose of securing a loan. It is represented to us by him that the original prior deeds of his title deed(s), viz: Gift Deed registered as Document No. 3130, SR II, Janakpuri, New Delhi Sub Registrar's office have been lost irrecoverably. Therefore, we propose to accept the certified copy of the said document in respect of the above property for deposit. If anyone has any prior claim whatsoever over the said property he/she may prefer the same before us within Fifteen days from the date of publication of this notice, failing which it will be taken that there is no subsisting encumbrance on the said property."

**Dated** this the 17th day of October 2019
**Federal Bank Ltd.** Sd/-
Branch: New Delhi / Paschim Vihar **Branch Head**

**GOVT. OF BIHAR**
**OFFICE OF THE RESIDENT ENGINEER, BIHAR BHAWAN, NEW DELHI**
**NO.1012 / Dated: 18.10.2019**
**Inviting Quotation**

The reputed firms/registered contractor are requested to submit sealed quotation for following work in Bihar Bhawan and Bihar Niwas Chanakyapuri, New Delhi for the year 2019-20 Quotation will be submitted up to **30.10.2019** till 3.00 pm and opened on **31.10.2019** at 3.30 pm at the office of the Resident Engineer, Bihar Niwas Chanakyapuri, New Delhi undersigned office has right to cancel quotation without any further information. Registration, Tin No., Pan No. and authorization fo firm/Registration paper here enclosed. Details information paper can be obtained from the office of the Resident Engineer Bihar Bhawan, New Delhi. Man power and cab registration certificate issue from Excise department must be enclosed.

| S. No | Particulars |
|---|---|
| 1 | Annual repair and painting work of exterior surface of new wing building at Bihar Bhawan for the year 2019-20 |

Sd/-
**Executive Engineer-cum-Resident Engineer**
**Bihar Bhawan, New Delhi**

# कुंगफू चैंपियनशिप में लखनऊ बना चैंपियन

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



उत्तर प्रदेश कुंगफू संघ के तत्वाधान में केडी सिंह बाबू स्टेडियम के बहुउद्देशीय हाल में 15 व 16 अक्टूबर 2019 को आयोजित हुई यूपी स्टेट कुंग फू चैंपियनशिप का भव्य समापन हुआ। चैंपियनशिप में सबसे ज़्यादा 82 पदक हासिल कर लखनऊ जिला पहले स्थान पर रहा। वहीं झांसी 11 और जौनपुर जिला नौ पदकों को जीतकर दूसरे व तीसरे पायदान पर रहे। यूपी स्टेट कुंग फूचैंपियनशिप में लखनऊ की टीम ने 40 स्वर्ण, 25 रजत और 17 कांस्य पदक जीते। वहीं झांसी ने 05 स्वर्ण, 03 रजत और 03 कांस्य पदक हासिल किए। प्रतियोगिता में तीसरे स्थान पर रहने वाली जौनपुर की टीम ने 05 स्वर्ण, 02 रजत और 02 कांस्य पदक जीते। चैंपियनशिप में करीब 15 राज्यों के 160 महिला पुरुष कुंग फूखिलाड़ियों ने सब जूनियर सीनियर कैटेगरी में हिस्सा लिया।

# वरीय खिलाड़ियों ने उठाया भार

## ● जनपदीय माध्यमिक विद्यालय भारोत्तोलन

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

जनपदीय माध्यमिक विद्यालय भारोत्तोलन प्रतियोगिता के दूसरे दिन वरीय खिलाड़ियों ने अपना दम दिखाया। बालको की प्रतियोगिता के परिणाम -अंडर-17वर्ष बालक 49-दिलीप राजपूत, अभिषेक मौर्या-रामाधीन , सुजीत कुमार वर्मा जुबली ई का,55 आंशू इस्लामियां ई का, रामकुमार राजपूत. रामाधीन सिंह, शिवांश सिंह जुबली ई का, 61 राजकुमार गुप्ता रामाधीन सिंह, शुभंकित त्रिपाठी जुबली ई का, विशाल यादव . रामाधीन सिंह,67 जैद खान माउंट ग्लोरी, कुमार मंगलम रामाधीन, पीयूष पोपली विद्वान्त ई का, 73-शाहरुख अली रामाधीन, मो आमिर . राजकुमार एकेडमी, ऋषि जोशी रामाधीन सिंह,81 अमन यादव टाइटेनिक एकेडमी, हारून अली , अभय बराल रामाधीन सिंह।शेष रह गए वजन की केटेगरी में यदि कोई छात्र मंडल में प्रतिभाग करना चाहता है तो वो अपनी पात्रता जिला विद्यालय निरीक्षक से प्रमाणित करा कर 18,19,20,21अक्टूबर2019 तक रामाधीन सिंह इंटर कॉलेज के क्रीड़ाप्रभारी विप्लव चौधरी से मो 09044044014 पर सम्पर्क कर सकता है।



# जिला स्तरीय जूनियर बालिका हाकी चयन/ट्रायल्स

**लखनऊ।** खेल विभाग एवं प्रदेशीय हाकी संघ के समन्वय से प्रदेश स्तरीय जूनियर बालिका हाकी प्रतियोगिता का आयोजन 01 से 06 नवम्बर, 2019 तक जनपद-इटावा में किया जाएगा। जिसमें लखनऊ मण्डल की टीम भाग लेगी, प्रदेश स्तरीय प्रतियोगिता से पूर्व जिला/मण्डल स्तरीय चयन/ट्रायल्स निम्न तिथि में केडीसिंह ''बाबू'' स्टेडियम, लखनऊ में किया जाएगा। जूनियर बालिका हाकी 18 व 19 को अपरान्ह 2.00 बजे किया जाएगा। खिलाड़ियों की जन्मतिथि 1 जनवरी, 2001 के पश्चात होनी अनिवार्य है। बिना आयु प्रमाण-पत्र के किसी भी बालिका को चयन में सम्मिलित नही किया जायेगा। इसके अतिरिक्त समस्त बालिकाएं अपने साथ आधार कार्ड अवश्य लेकर आये।

**RAIPUR SMART CITY LIMITED**
**e-Procurement Tender Notice Main Portal : http://eproc.cgstate.gov.in**

Online bids are invited for the following works up to 7th November 2019 up to 17:00 hours.

| Sr. No. | System Tender No. | NIT NO | Name of work/ Description of work | Probable amount of contract (in Crore) |
|---|---|---|---|---|
| 1. | 57589 | 176/RSCL/2019 RAIPUR DATED: 15th October 2019 | Development of Land at Dumartarai on Lease mod Raipur in the state of Chhattisgarh | Rs. 45 |
| 2. | 57591 | 177/RSCL/2019 RAIPUR DATED: 15th October 2019 | Development of Commercial Land at Bhaisthan, on Lease mode, Raipur in the state of Chhattisgarh | Rs. 65 |

The details can be viewed and downloaded online directly from the Government of Chhattisgarh e-Procurement Portal https://eproc.cgstate.gov.in from 15th October 2019, 17.30 Hours (IST) on wards. For more details on the tender and bidding process your may please visit the above mentioned portal NIT Details and other documents.

NOTE: (1) all eligible/interested are mandated to get enrolled on e-Procurement portal. (2) Contractors can contact Help Desk for any clarification of their doubts regarding the process of Electronic Procurement System *Help Desk at Toll Free No. 18004199140 or through Email ID helpdesk.eproc@cgswan.gov.in*

**Managing Director**
**Raipur Smart City Limited, Raipur (C.G.)**

# कोई ढिलाई नहीं बरतना चाहेगी टीम इंडिया


- रांची में अंतिम टेस्ट आज से, दक्षिण अफ्रीका भी जोर लगाने को तैयार
- 40 अंक जुटाने पर भी रहेगी नजर

एजेंसी। रांची

भारत पहले ही श्रृंखला जीत चुका है जिससे शनिवार से यहां शुरू होने वाला तीसरा टेस्ट मैच औपचारिक लग रहा है लेकिन इसमें विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के लिए महत्वपूर्ण अंक दांव पर लगे होंगे और इसलिए विराट कोहली की टीम दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ इस अंतिम मैच में भी किसी तरह की कसर नहीं छोड़ेगी।

इस मैच में जीत दर्ज करने वाली टीम को 40 अंक मिलेंगे। भारत इन अंकों के अलावा श्रृंखला में 3-0 से क्लीन स्वीप करने के उद्देश्य से भी मैदान पर उतरेगा। भारत ने पहले दो टेस्ट मैचों में दक्षिण अफ्रीका पर हर विभाग में अपना दबदबा बनाया। उसने विशाखापत्तनम में 203 रन से जीत दर्ज की और फिर पुणे टेस्ट को पारी और 137 रन से जीतकर फ्रीडम ट्राफी फिर से हासिल की। विश्व चैंपियनशिप में भारत के अभी चार मैचों में 200 अंक हैं और उसने अपने करीबी प्रतिद्वंद्वी न्यूजीलैंड और श्रीलंका पर 140 अंकों की बड़ी बढ़त बना रखी है। कोहली पहले ही स्पष्ट कर चुके हैं कि अंतिम टेस्ट मैच में भी काफी कुछ दांव पर लगा है और उनकी टीम किसी भी तरह से ढिलाई नहीं बरतेगी। अंतिम टेस्ट मैच से पूर्व भारतीय टीम में बल्लेबाजी या गेंदबाजी में कोई खास कमजोरी नजर नहीं आती है। भारतीय शीर्ष क्रम ने अब तक अच्छा प्रदर्शन किया है। रोहित शर्मा ने लंबे प्रारूप में सलामी बल्लेबाज के रूप में अपनी भूमिका बखूबी निभाई है। उन्होंने पहले टेस्ट मैच में पहली बार पारी का आगाज करते हुए दोनों पारियों में शतक लगाए। मुंबई के इस बल्लेबाज के साथी मयंक अग्रवाल ने विशाखापत्तनम में दोहरा शतक लगाया तो पुणे में भी वह सैकड़ा जमाने में सफल रहे। पुणे में हालांकि कोहली ने 254 रन की जादुई पारी खेली जो उनके करियर का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन भी है। रोहित पुणे में नहीं चल पाए थे और वह इसकी भरपाई यहां करना चाहेंगे जबकि अब तक श्रृंखला में दो अर्धशतक लगाने वाले चेतेश्वर पुजारा तिहरे अंक तक पहुंचने की कोशिश करेंगे। भारत ने अब तक श्रृंखला में केवल 16 विकेट गंवाए हैं जबकि उसने दक्षिण अफ्रीका को दोनों टेस्ट मैचों में बुरी तरह पस्त किया। इससे भारत के दबदबे का अनुमान भी लगाया जा सकता है। अब तक टास ने भी भारत का साथ दिया और अगर अंतिम टेस्ट मैच में सिक्का फाफ डुप्लेसिस का साथ देता है तो चीजें थोड़ा रोमांचक हो सकती हैं। दक्षिण अफ्रीका ने पिछली बार जब भारत का दौरा किया था तो स्पिनरों ने उसका जीना मुहाल कर दिया था लेकिन इस बार तेज गेंदबाज और स्पिनर दोनों ने अहम भूमिका निभाई है। उमेश यादव ने पुणे टेस्ट मैच में शानदार वापसी की जबकि विकेटकीपर ऋद्धिमान साहा ने कुछ बेहतरीन कैच लपके। कोहली ने पुणे में उमेश के रूप में अतिरिक्त तेज गेंदबाज रखा था जिससे हनुमा विहारी को अंतिम एकादश में जगह नहीं मिल पाई थी। अभी यह तय नहीं है कि कोहली इस संयोजन के साथ उतरेंगे या इसमें बदलाव करेंगे। दक्षिण अफ्रीकी कप्तान डुप्लेसिस पहले ही कह चुके हैं कि रांची की पिच स्पिनरों के अनुकूल होगी और ऐसे में तीसरा स्पिनर भी भारतीय एकादश में जगह बना सकता है। कुलदीप यादव कंधे की चोट के कारण मैच में नहीं खेल पाएंगे तो बाएं हाथ के स्पिनर शाहबाज नदीम को टीम में शामिल किया गया है और वह अंतिम एकादश में जगह बना सकते हैं। दक्षिण अफ्रीकी बल्लेबाजों ने विशाखापत्तनम में कुछ दम दिखाया था लेकिन पुणे में वे नाकाम रहे थे। केवल पुछल्ले बल्लेबाजों ने ही भारतीय गेंदबाजों को कुछ परेशान किया। डुप्लेसिस ने ऐसे में डीन एल्गार, क्विंटन डिकाक और तेम्बा बावुमा जैसे अनुभवी बल्लेबाजों से जिम्मेदारी के साथ बल्लेबाजी करने के लिए कहा है। एडेन मार्कराम के चोटिल होने के कारण बाहर होने से दक्षिण अफ्रीका की परेशानियां बढ़ी है। गेंदबाजी की बात करें तो कैगिसो रबाडा, वर्नोन फिलैंडर और एनरिच नॉर्टजे अब तक भारतीय तेज गेंदबाजों की तरह प्रभावी नहीं रहे हैं। उसके सीनियर स्पिनर केशव महाराज भी इस मैच में नहीं खेल पाएंगे और ऐसे में दक्षिण अफ्रीकी आक्रमण के लिए भारतीय बल्लेबाजों को रोकना मुश्किल होगा।

## क्लीन स्वीप करने के इरादा




### चोटिल कुलदीप रांची टेस्ट से बाहर, स्थानीय स्पिनर नदीम भारतीय टीम में शामिल

**रांची।** बाएं हाथ के स्पिनर शाहबाज नदीम को घरेलू सर्किट में शानदार प्रदर्शन का फायदा मिला जिन्हें चाइनामैन कुलदीप यादव के कंधे की चोट के कारण बाहर होने से भारतीय टेस्ट टीम में शामिल किया गया। नदीम झारखंड और भारत ए के लिए कई बार शानदार प्रदर्शन कर चुका है। झारखंड के लिए लगातार सत्र में 50 से ज्यादा विकेट हासिल कर चुका है। तीस साल के इस बाएं हाथ के स्पिनर ने 110 प्रथम श्रेणी मैचों में 424 विकेट चटकाए है जिसमें 19 बार वह पांच विकेट जबकि पांच बार 10 विकेट हासिल कर चुके है। मुख्य चयनकर्ता एमएसके प्रसाद ने बीसीसीआई विज्ञप्ति में कहा, नदीम को शामिल करने का फैसला कुलदीप यादव के शुक्रवार को बाएं कंधे में दर्द की शिकायत के बाद किया गया। वर्ष 2018 मे नदीम को वेस्टइंडीज के खिलाफ घरेलू टी20 श्रृंखला के लिए भारतीय वनडे टीम में शामिल किया गया था लेकिन उन्हें मैच में नही खिलाया नही गया था।

**टीमें :भारत:** विराट कोहली (कप्तान), मयंक अग्रवाल, रोहित शर्मा, चेतेश्वर पुजारा, अजिंक्य रहाणे (उपकप्तान), हनुमा विहारी, ऋद्धिमान साहा, रविचंद्रन अश्विन, रविंद्र जडेजा, शाहबाज नदीम, मोहम्मद शमी, उमेश यादव, इशांत शर्मा, ऋषभ पंत, शुभमन गिल में से।
**दक्षिण अफ्रीका:** फाफ डु प्लेसिस (कप्तान), तेम्बा बावुमा (उप कप्तान), थेनिस डी ब्रुइन, क्विंटन डिकॉक, डीन एल्गर, जुबैर हमजा, जॉर्ज लिंडे, सेनुरन मुथुसामी, लुंगी एनगिडी, एरिक नॉर्टजे, वर्नोन फिलैंडर, डेन पीट, कैगिसो रबाडा, रूडी सेकंड।
मैच सुबह नौ बजकर 30 मिनट से शुरू होगा।

## भारत की तरह लंबी पारियां खेलना चाहते हैं : डुप्लेसिस



**रांची।** दक्षिण अफ्रीकी कप्तान फाफ डुप्लेसिस ने अपने बल्लेबाजो से भारत से सबक लेकर तीसरे और अंतिम टेस्ट मैच में प्रतिष्ठा बचाने के लिए मेजबान टीम के बल्लेबाजो की तरह लंबी पारियां खेलने को कहा है। भारत पहले ही श्रृंखला अपने नाम कर चुका है लेकिन विश्व चैंपियनशिप के महत्वपूर्ण अंक इस मैच में दांव पर लगे होंगे और डुप्लेसिस की निगाहें भी इन अंकों पर टिकी हैं। दक्षिण अफ्रीकी कप्तान ने कहा, अभी हम जो टेस्ट श्रृंखला खेल रहे है वह टेस्ट चैंपियनशिप के लिए है और इसलिए प्रत्एक मैच मे अंक दांव पर लगे है। इसलिए मेरे हिसाब से चुनौती मानसिक अधिक है। दक्षिण अफ्रीकी बल्लेबाजों ने विशाखापत्तनम में कुछ अच्छा खेल दिखाया लेकिन पुणे मे वे पूरी तरह से नाकाम रहे। डुप्लेसिस ने अपने बल्लेबाजो से अच्छी शुरुआत को बड़े स्कोर में बदलने के लिए कहा। हम सभी के लिए यह महत्वपूर्ण है कि हम अच्छी शुरुआत को बड़े स्कोर में बदले और मै इन खिलाड़ियों से कोई भिन्न नही हूं और जब मै अर्धशतक बनाता हूं तो मै उसे शतक मे बदलना चाहता हूं। यह मेरे लिए भी चुनौती है क्योंकि मै जानता हूं कि 60 के आसपास रन बनाकर हम टेस्ट मैच नही जीत सकते। भारतीय बल्लेबाजों ने जिस तरह से बड़े स्कोर बनाए मुझे भी उसी तरह से बल्लेबाजी करने की जरूरत है। डुप्लेसिस अभी उस टीम की अगुवाई कर रहे है जो हाशिम अमला और डेल स्टेन के संन्यास के बाद बदलाव के दौर से गुजर रही है। कप्तान ने कहा कि दक्षिण अफ्रीका को इससे पहले 2015-16 के दौर में भी 3-0 से हार का सामना करना पड़ा था जबकि तब उनकी टीम काफी मजबूत थी। पिछली बार हम यहां एक बेहद मजबूत और अनुभवी टीम के साथ आए थे जिसने विदेशो मे अच्छा प्रदर्शन किया था लेकिन तब भी उसे परिस्थितियां चुनौतीपूर्ण लगी थी। भारत को उसकी सरजमी पर हराना मुश्किल रहा है इसलिए इस पहलू पर मै निराश नही हूं। यह एक खिलाड़ी के रूप में सुधार करने से जुड़ा है। डुप्लेसिस ने अपने गेंदबाजो से भी अच्छा प्रदर्शन करने के लिए कहा क्योंकि भारत ने दो मैचों में अब तक केवल 16 विकेट गंवाए। गेंदबाजी के लिहाज से यह महत्वपूर्ण है कि हम 20 विकेट कैसे हासिल करें क्योंकि हम इस श्रृंखला मे अब तक ऐसा नही कर पाए है। अगर हम ऐसा करते है तो भारत को चुनौती देगे। दक्षिण अफ्रीका के सलामी बल्लेबाज एडेन मार्कराम चोटिल होने के कारण बाहर हो गए है जबकि बाएं हाथ के स्पिनर केशव महाराज भी चोटिल है। हम टीम मे कुछ बदलाव करने जा रहे है। बल्लेबाजी क्रम में बदलाव होगा।

### टास के लिए किसी दूसरे को भी भेजने के लिए तैयार

**रांची।** एशिया में लगातार नौ मैचों में टास गंवाने के बाद दक्षिण अफ्रीका के कप्तान फाफ डुप्लेसिस अब सिक्के की उछाल में अनुकूल परिणाम पाने के लिए इतने बेताब है कि उन्हें भारत के खिलाफ शनिवार से यहां शुरू होने वाले तीसरे और अंतिम टेस्ट मैच में अपने स्थान किसी अन्य को टास के लिए भेजने में भी दिक्कत नही है। दक्षिण अफ्रीका भारतीय परिस्थितियो में जूझता रहा है और पहले दो टेस्ट मैचों में टास नही जीतने से उसके लिए चीजें और मुश्किल हो गई। भारत ने विशाखापत्तनम और पुणे में टास जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 500 से अधिक रन बनाए। डुप्लेसिस ने मैच की पूर्व संध्या पर कहा, हम वास्तव में चाहते है कि हम इस टीम से अपनी शर्तों पर मुकाबला करें। पहले टेस्ट मैच में कुछ चरणों में हमने ऐसा किया। इसलिए उम्मीद है कि कल हम टास से इसकी शुरूआत करेंगे। उन्होंने हल्के फुल्के अंदाज में कहा, संभवतः हम बदलाव करेंगे .... कल टास के लिए किसी अन्य को भेजकर क्योंकि मेरा रिकार्ड अभी तक इसमें (टास जीतने) अच्छा नही रहा है। डुप्लेसिस ने कहा कि अगर उनकी टीम को पहले बल्लेबाजी का मौका मिलता है तो फिर कुछ भी हो सकता है। अगर आप पहली पारी में बड़ा स्कोर खड़ा करते हो तो फिर वहां से कुछ भी संभव है। उम्मीद है कि अगले दो दिन में इसका पता चल जाएगा और हम अच्छा स्कोर बनाएंगे। पिच थोड़ी शुष्क लग रही है और ऐसे में पहली पारी के रन महत्वपूर्ण साबित होंगे। इसके बाद दूसरी पारी में कुछ भी हो सकता है।





अभ्यास के दौरान अश्विन को टिप्स देते रवि शास्त्री व रोहित, विराट व अन्य

## लेग स्पिनर नही उतारने पर बांग्लादेश के दो कोच हटाए गए

**ढाका।** अदद लेग स्पिनरो की खोज में लगे बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड ने राष्ट्रीय क्रिकेट लीग (एनसीएल) मे लेग स्पिन गेंदबाजो को अंतिम एकादश मे शामिल नही करने पर प्रथम श्रेणी स्तर के दो कोच को बर्खास्त कर दिया। बांग्लादेश को अपनी राष्ट्रीय टीम के लिए अदद लेग स्पिनर की तलाश है। यही नही बल्लेबाजो को घरेलू मैचो मे लेग स्पिन खेलने का ज्यादा मौका नही मिलता और यही वजह है कि हाल मे अफगानिस्तान के लेग स्पिनर राशिद खान ने बांग्लादेश की इस कमजोरी का पूरा फायदा उठाया था। बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड (बीसीबी) ने शुक्रवार को पुष्टि की कि निर्देशो का पालन नही करने के कारण दो कोच को बर्खास्त कर दिया गया है। ढाका की टीम मे लेग स्पिनर जुबैर हुसैन और खुलना की टीम मे रिशाद हुसैन को हाल मे खेले गए प्रथम श्रेणी मैचो के लिए अंतिम एकादश में शामिल नही किया गया था। बीसीबी अध्यक्ष नजमुल हसैन ने गुरुवार को पत्रकारो से कहा, हमने एनसीएल में लेग स्पिनरो को खिलाने के स्पष्ट निर्देश दिए है लेकिन इनमे से किसी को भी अंतिम एकादश मे नही चुना गया। हमें उन्हें समय देना होगा। इसके बिना वे कैसे सुधार कर सकते है।

## मेरे और पंत के बीच अच्छी समझः रिद्धिमान साहा

- दोनों विकेटकीपरों के बीच रिश्ते प्रभावित नहीं हुए

एजेंसी। रांची

भारतीय टेस्ट टीम में जगह बनाने को लेकर रिद्धिमान साहा और ऋषभ पंत के बीच तगड़ी प्रतिस्पर्धा है लेकिन दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ श्रृंखला में अंतिम एकादश में जगह बनाने वाले साहा ने कहा कि इससे दोनों विकेटकीपरों के बीच रिश्ते प्रभावित नहीं हुए हैं। कंधे में चोट के कारण साहा लगभग 20 महीने तक भारतीय टीम से बाहर रहे लेकिन उन्होंने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ जारी मौजूदा श्रृंखला में वापसी करते हुए शानदार प्रदर्शन किया। साहा ने पुणे में खेले गए दूसरे टेस्ट में कुछ कमाल के कैच लपके। साहा छह दिन के बाद अपना 35वां जन्मदिन मनाएंगे। टीम के अभ्यास सत्र के दौरान साहा को कई बार पंत की मदद करते देखा गया। श्रृंखला के तीसरे और आखिरी टेस्ट की पूर्व संध्या पर जब साहा से पूछा गया कि क्या वह पंत के मेंटोर की भूमिका निभा रहे हैं तो उन्होंने कहा, नहीं, ऐसा कुछ नहीं है। हम बस वैसी ही चर्चा करते हैं जैसे विकेटकीपर आपस में करते हैं। श्रीधर (क्षेत्ररक्षक कोच), पंत और मैं मिलकर फैसला करते हैं कि किस तरह के विकेट पर कैसी कीपिंग करनी है। साहा ने कहा कि उनके बीच तालमेल अच्छा है जो एक साथ काम करने को आसान बनाता है। उन्होंने कहा, हम हमेशा एक-दूसरे की विकेटकीपिंग को देखते हैं। हम अपने अभ्यास सत्र में कड़ी मेहनत करते हैं और हमारे बीच अच्छी समझ और समन्वय है। हम हमेशा एक-दूसरे की गलतियों को बताने की कोशिश करते हैं। यह अब तक अच्छा चल रहा है। साहा नेट सत्र के दौरान भारतीय कप्तान विराट कोहली की बल्लेबाजी को करीब से देख रहे थे। उन्होंने कहा, मैं विकट की उछाल को भांपने की कोशिश कर रहा था। इसलिए मैं कोहली के पीछ खड़ा था, इससे मदद मिलती है। साहा को दुनिया के सर्वश्रेष्ठ कीपरों में गिना जाता है लेकिन बीसीसीआई के निर्वाचित अध्यक्ष सौरव गांगुली का भी मानना है कि उन्हें बल्लेबाजी में सुधार करना होगा। साहा ने कहा, टीम में जो भी खेलता है वह योगदान करना चाहता है। एक विकेटकीपर के तौर पर मैं मैदान पर कुछ समय बिताना चाहता हूं और अगर क्रीज पर मौजूद रहा तो मेरी कोशिश साझेदारी बनाने और अर्धशतक लगाने की होती है। हर कोई ऐसी कोशिश ही करता है। कभी बात बनती है कभी नहीं। साहा ने कहा कि पिछली बार जब वह इस मैदान पर टेस्ट खेले तो उन्होंने शतक लगाया था। यह मुकाबला मार्च 2017 में आस्ट्रेलिया के खिलाफ खेला गया था जो ड्रा पर छूटा था। उन्होंने कहा कि भारतीय टीम मौजूदा श्रृंखला में 2-0 से आगे है और उसकी कोशिश दक्षिण अफ्रीकी टीम के खिलाफ सूपड़ा साफ करने की होगी। उन्होंने कहा, इस मैदान से पिछले मैच की मेरी अच्छी यादें जुड़ी हुई है। मैंने 117 रन बनाए थे। मुझे याद है कि मैंने पारी को कैसे आगे बढ़ाया था। मुझे स्टीव स्मिथ (पहली पारी में नाबाद 178) की पारी भी याद है। पिछली बार हमने ड्रा किया था। इस बार हम 2-0 से आगे हैं और इसे 3-0 करने की कोशिश करेंगे। साहा ने पूर्व कप्तान सौरव गांगुली के बीसीसीआई अध्यक्ष चुने जाने के बारे में पूछा गया तो उन्होंने कहा कि वह भारतीय क्रिकेट में कई सकारात्मक बदलाव ला सकते हैं। गांगुली के नेतृत्व वाली बंगाल टीम का हिस्सा रहे साहा ने इसे खिलाड़ियों के लिए फायदेमंद बताते हुए कहा, उन्हें खिलाड़ियों की जरूरत के बारे में पता है। एक खिलाड़ी के तौर पर और खासकर टीम को इसका फायदा होगा। उन्होंने कहा, मुझे उम्मीद है कि दादा (गांगुली) की नई भूमिका के बाद खिलाड़ियों को काफी फायदा होगा, खासकर मौजूदा परिस्थितियों में। उन्होंने लंबे समय तक देश का प्रतिनिधित्व किया और फिर एक खिलाड़ी और कप्तान के रूप में अपना प्रभुत्व बनाया।





## सरफराज पाकिस्तान के टेस्ट और टी20 कप्तान पद से बर्खास्त



**कराची।** श्रीलंका के खिलाफ घरेलू श्रृंखला गंवाने के बाद पाकिस्तान ने शुक्रवार को सरफराज अहमद को टेस्ट और टी20 कप्तान पद से बर्खास्त कर दिया। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने आधिकारिक बयान मे कहा कि अनुभवी बल्लेबाज अजहर अली आस्ट्रेलिया के खिलाफ दो टेस्ट मैचो मे टेस्ट टीम की अगुवाई करेंगे जबकि बाबर आजम नवंबर मे होने वाले इस दौरे मे टी20 टीम का जिम्मा संभालेंगे। सरफराज पिछले दो वर्षों से तीनो प्रारूपो मे कप्तान थे। उनकी अगुवाई में पाकिस्तान ने 2017 में आईसीसी चैंपियन्स ट्राफी जीती थी। टेस्ट और वनडे मे उनकी अगुवाई में पाकिस्तान की रैंकिंग नीचे गिरी जबकि श्रीलंका के खिलाफ हाल मे टी20 श्रृंखला मे उसने सभी मैच गंवाए।

## इडुल्जी और रंगास्वामी ने उठाए सवाल

- राष्ट्रीय टीम के लिए सहयोगी स्टाफ की असंवैधानिक नियुक्ति पर पत्र लिखा
- पुरूष टीम के साथ भी क्या आप ऐसा ही करोगे? :

एजेंसी। नई दिल्ली





सीओए सदस्य डायना इडुल्जी और बीसीसीआई की शीर्ष परिषद की नई सदस्य शांता रंगास्वामी ने शुक्रवार को बोर्ड के सीईओ राहुल जौहरी को पत्र लिखकर महिला राष्ट्रीय टीम के लिए सहयोगी स्टाफ की असंवैधानिक नियुक्ति पर सवाल उठाए।
जीएम (क्रिकेट परिचालन) सबा करीम महिला क्रिकेट का कार्यभार संभालते हैं। इन नियुक्तियों के लिए वह संदेह के घेरे में हैं। हेमलता काला की अगुवाई वाले महिला चयन पैनल ने एक दिन पहले सीईओ को लिखकर दावा किया कि उन्हें सहयोगी स्टाफ की नियुक्ति प्रक्रिया से दूर रखा गया था। इसके एक दिन बाद पूर्व भारतीय कप्तान इडुल्जी और रंगास्वामी ने राष्ट्रीय महिला टीम के साथ इस तरह के रवैए की आलोचना की। बीसीसीआई संविधान के अनुसार चयनकर्ता ही पुरूष और महिला राष्ट्रीय टीम के सहयोगी स्टाफ की नियुक्त करते हैं। हाल में पुरूष टीम के सहयोगी स्टाफ की नियुक्ति के लिए इस प्रक्रिया का पालन किया गया था। इडुल्जी ने पत्र में लिखा, मैं महिला चयनकर्ताओं द्वारा आपको लिखे गए ईमेल में लिखी बातें पढ़कर हैरान हूं कि वीडियो विश्लेषक के चयन के लिए गलत प्रक्रिया का पालन किया गया। उन्होंने लिखा कि यह और भी चिंता की बात है कि पुष्कर सावंत वेस्टइंडीज के लिए फ्लाइट भी बुक करा चुके है जिन्हें सबा करीम और एनसीए इस पद पर चाहते थे। यह पूरी प्रक्रिया ही आंखों में धूल झोंकने वाली लगती है। चयनकर्ताओं ने दावा किया है कि उन्हें महिला टीम के गेंदबाजी और क्षेत्ररक्षण कोच की नियुक्ति के लिए भी विश्वास में नहीं लिया गया था। उन्हें सिर्फ वीडियो विश्लेषक की भूमिका के लिए साक्षात्कार कराने के लिए कहा गया जिसके लिए प्रक्रिया शुक्रवार को समाप्त हुई। इडुल्जी और रंगास्वामी ने दावा किया कि वीडियो विश्लेषक की भूमिका के लिए भी नियमों का उल्लघंन किया गया, हालांकि इस मामले में आवेदन मंगाए गए थे जबकि गेंदबाजी और क्षेत्ररक्षक कोच के मामले में ऐसा नहीं था। एनसीए के गेंदबाजी कोच नरेंद्र हिरवानी और टी दिलीप टीम के साथ क्रमशः गेंदबाजी और क्षेत्ररक्षण कोच के रूप में वेस्टइंडीज जाएंगे। इडुल्जी ने कहा, मुझे शांता रंगास्वामी से भी ईमेल मिला है जिन्हें बीसीसीआई की शीर्ष परिषद का संदस्य नामित किया गया है। इसे आपको और चयनकर्ताओं को भी भेजा गया है जिसमें उन्होंने बताया है कि ए चीजें जानबूझकर की गई हैं ताकि शीर्ष पर बैठे लोग अपने व्यक्तियों को गलत तरीके से इन पदों पर बिठा लें। यह बहुत ही गंभीर आरोप है। उन्होंने लिखा, यह राष्ट्रीय भारतीय टीम है जो यात्रा कर रही है और उनके साथ इस तरह का व्यवहार किया जा रहा है। मुझे हैरानी है कि क्या आप पुरूष टीम के साथ भी ऐसा ही करोगे? इस पूरे विवाद का केंद्र सबा करीम हैं, जिनसे संपर्क किया गया तो उन्होंने कहा, यह ईमेल सीईओ को लिखा गया है तो बेहतर यही होगा कि उनसे बात करो।

## फाइनल से पहले भारत और ब्रिटेन ने 3-3 से ड्रा खेला

- सुल्तान जोहोर कप हाकी

एजेंसी। जोहोर बाहरू (मलेशिया)

भारतीय जूनियर पुरूष हाकी टीम और ब्रिटेन ने शुक्रवार को यहां नौंवे सुल्तान जोहोर कप के अंतिम राउंड रोबिन मैच में 3-3 से ड्रा खेला। पहले क्वार्टर में भारत ने कब्जा बनाए रखा और ज्यादातर हमलों में आगे रहे लेकिन ब्रिटेन के डिफेंस में सेंध नहीं लगा सका। दूसरे क्वार्टर में भी भारत ने कोशिश जारी रखी जिसमें गुरसाहिबजीत सिंह का शाट नाकाम रहा। ब्रिटेन को 27वें मिनट में पेनल्टी कार्नर के जरिए पहला मौका मिला और इयोन वाल की ड्रैगफ्लिक से टीम ने पहला गोल कर दिया। ब्रिटेन ने फिर 23वें मिनट में एंड्रयू मैककोनेल के गोल से बढ़त दोगुनी कर दी और ब्रेक तक स्कोर 2-0 रहा। शिलानंद लकड़ा ने इस अंतर को कम किया और फिर मंदीप मोर ने 51वें मिनट में स्कोर 2-2 से बराबर किया। ब्रिटेन को पता था कि उन्हें फाइनल के लिए क्वालीफाई करने के लिए महज ड्रा की जरूरत है। सर्कल के पास दिलप्रीत को गिराए जाने के बाद भारत को पेनल्टी स्ट्रोक मिला, जिस पर शारदानंद तिवारी ने भारत को बढ़त दिला दी। हालांकि मैथ्यू रेनशॉ ने 59वें मिनट में पेनल्टी कार्नर से स्कोर 3-3 से बराबर कर सुनिश्चित किया कि दोनों टीमें शनिवार को एक दूसरे से फाइनल खेलें।



# नए रूप, नए कलेवर की रामायण में दिखेंगे अभिनेता अरुण गोविल

हाल ही में राजधानी में 'द लेजेंड ऑफराम' नाम से एक स्टेज़ प्रस्तुति आयोजित की गई थी जिसमें इसके निर्देशक और राम बने फिल्म अभिनेता **अरुण गोविल** से बात की पायनियर संवाददाता **शालिनी सक्सेना** ने। प्रस्तुत है विस्तृत ब्यौरा –



महाकाव्य रामायण के मुख्य चरित्र राम को अपने शांत चित्त, मनमोहक मुस्कान और शक्तिषाली अभिनय के बल पर जीवंत बनाने वाले अभिनेता अरुण गोविल ने रामानंद सागर कृत रामायण में अपनी भूमिका से लोगों का मन मोह लिया था। लोग उन दिनों सीरियल के प्रारंभ होने के समय होते ही अपने सभी काम निबटाकर टीवी से चिपक जाते थे। आज पैंतीस साल बाद वो अतुल सत्य कौशिक के निर्देशन में 'द लेजेंड ऑफराम – एक शब्द, एक बाण, एक नारी' में पुन: राम का चरित्र निभा रहे हैं। अतुल इससे पहले भी चक्रव्यूह और रावण की रामायण जैसे स्टेज शो कर चुके हैं।

योद्धा से ऋषि बने विश्वामित्र से प्राप्त शिक्षा, ताड़का, अहिल्या जैसी स्त्रियों से मिले अनुभवों तथा सीता के साथ उनके प्रेम और कट्टर शत्रु के रूप में एक रावण से संग्राम की राम की कहानी ऐसी है कि यदि इसे हजार बार भी देखें–सुनें तो भी जी नहीं भरता।

इस नाटक में राम के जीवन की महत्वपूर्ण घटनाओं को जिनमें उनके एक राजकुमार होने से लेकर विष्णु बनने तक की कहानी को प्रस्तुत किया जाएगा। इसमें मेघनाथ और कुंभकरण जैसे योद्धाओं की कहानियां भी सम्मिलित हैं जो धर्म के विरोध में होने के अपने अनुभव के बावजूद रावण का साथ देते हैं। इस नाटक को ब्रॉडवे की शैली में नृत्य का सहारा लेते हुए कहानी के विभिन्न घटनाक्रमों को प्रभावी ढंग से आगे बढ़ाया गया है। युद्ध के दृश्यों को भव्य सेट्स और परिधानों के समुचित प्रयोग द्वारा और भी अधिक प्रभावी बनाने का प्रयास किया गया है।

गोविल आपको बताते हैं कि प्रारंभ में उन्हें इसे करने में अधिक रुचि नहीं थी लेकिन बाद में ये सोचते हुए कि इससे उन्हें अभ्यास का अवसर मिलेगा क्योंकि पिछले काफी समय से उन्होंने फिल्मों में काम नहीं किया था, 'मैं मानसिक स्तर पर सजग हो जाना चाहता था। मैंने पिछले कुछ समय से अधिक काम नहीं किया था और ऐसे में लाइव स्टेज पर परफॉर्म करना ही सबसे अच्छा विकल्प था। आपको पता ही है कि मैं राम के चरित्र से ही लोकप्रिय हुआ था और मुझे भलीभांति पता था कि इसमें भी मुझे लोगों का प्यार मिलेगा।'

इन प्रस्तुति में राम के और प्रभावी मानवीय पक्ष को उकेरने का प्रयास किया गया है। इसमें ये नहीं कहा गया है कि वो भगवान विष्णु के अवतार या भगवान थे, 'हर युग में कोई न कोई ऐसा व्यक्ति जन्म लेता है जिसमें भगवान विष्णु के गुणों का वास होता है। दूरदर्षन के टीवी धारावाहिक में राम को भगवान के रूप में प्रस्तुत किया गया है जबकि इस नाटक में वो कहीं भी कहते हैं कि वो विष्णु या कोई अन्य भगवान हैं। बल्कि इसमें उनके जीवन में आई तीन स्त्रियों–ताड़का, अहिल्या और सीता सहित अन्य बातों पर ध्यान केन्द्रित किया गया है।'

गोविल ने कहा कि आज भी मर्यादा पुरुषोत्तम जैसी अवधारणा की जरूरत है बात ये नहीं है कि ये आज प्रासंगिक है या नहीं, उन्होंने कहा, 'कहीं न कहीं कुछ सीमा होनी चाहिये, प्रत्येक व्यक्ति को अपनी सीमा निर्धारण कर उस तक स्वयं को सीमित करना चाहिये और यदि वो मर्यादा लांघी जाती है तो वो भटक सकता है। ऐसे में व्यक्ति को शांतिपूर्वक ढंग से समाज द्वारा निर्धारित मर्यादा में रहने से ही व्यवस्था बनी रह सकती है।'

उन्होंने बताया कि नियति से अधिक परिस्थितियों के कारण ही उन्होंने आज से 30 साल पहले राम का चरित्र किया था, 'जब मैंने सुना कि एक पौराणिक शो बनाया जा रहा है तो मैं भी ऑडिषन देने पहुंच गया लेकिन मैं असफल रहा। मुझे दूसरे चरित्र करने का प्रस्ताव दिया गया लेकिन मैं राम का ही चरित्र करने पर अड़ा रहा।'

अभिनेता ने बताया कि उन्हें इस बात का गर्व है कि आज तीस साल बाद भी उन्हें ही राम का चरित्र करने के उपयुक्त पाया गया जबकि वो अब उतने युवा भी नहीं हैं। गोविल ने बताया कि पिछले 14 सालों से उन्हें काम करने की जरा भी इच्छा नहीं हुई लेकिन अब डिजिटल प्लेटफॉर्म आने के कारण कंटेंट में सुधार आया है और वो भी दुबारा से काम पर लौटने का मन बना रहे हैं, 'आज जब मैं विभिन्न डिजिटल प्लेटफॉम्स पर दृष्टिपात करता हूं तो अनुभव करता हूं कि आज चरित्रों और कहानियों में काफी विविधता आई है और मुझे लगता है कि मुझे वहां काम करने में आनंद आने वाला है।'

भविष्य की उनकी योजनाओं के बारे में पूछने पर उनका उत्तर था, 'ये तो राम जी ही जानते हैं कि भविष्य में क्या होगा।'

निर्देशक कौषिक ने बताया कि उन्हें इस प्रकार का शो करने का विचार कई सालों से धार्मिक तथा ऐतिहासिक पुस्तकें पढ़ते रहने के कारण आया, 'मैं इन सामग्रियों की आज के समय के अनुसार सही व्याख्या करना चाहता था ताकि आज के दर्शक भी स्वयं को उन महान चरित्रों से जोड़ सकें।'

जब मैं रावण की रामायण लिख रहा था उसी समय मेरे अंदर विचार आया था कि जब भी समय मिलेगा, मैं राम और उनके लोगों के बारे में एक नए दृष्टिकोण के साथ कुछ सार्थक प्रस्तुत करना चाहता था। अब से छ: महीने पहले मैंने इसकी कहानी लिखना प्रारंभ किया मैंने इसके लिए रामायण के सभी संस्करणों का अध्ययन किया और राम के बारे में एक नई कहानी लिखी जिससे लोग अधिक परिचित नहीं होंगे। इसके लिए उन्हें सही पात्रों की आवष्यकता थी और यही कारण था कि उन्होंने नीतीष भारद्वाज को कृष्ण के रूप में साइन किया और वो गोविल को भी लेना चाहते थे, 'पहले तो वो कुछ आशंकित थे लेकिन मैंने उन्हें कहानी के बारे में विस्तार से बताया तब उन्हें मेरा विचार प्रिय लगा और वो हमारे साथ जुड़ गए।'

कौशिक ने बताया कि उन्होंने कभी किसी नए अभिनेता या अन्य विकल्प के बारे में नहीं सोचा, 'मैं किसके दृष्टिकोण से सोचूं? जब मैं कहानी कहता हूं तो मुझे पता रहता है कि कहानी को कौन बेहतर कह सकेगा? मुझे भारद्वाज कृष्ण और गोविल राम के रूप में चाहिये थे। हम सभी के मन में गोविल का नाम ही सबसे ऊपर रहा। यदि उन्होंने मना कर दिया होता तो दूसरा विकल्प सोचा जाता।'

उनका मानना है कि तुलना तो की ही जाएगी लेकिन माध्यम का अंतर नहीं पड़ता, 'हमारा हर काम जनता के सामने होता है ऐसे में तुलना, प्रश्न और जिज्ञासाएं तो हमेशा आती ही रहेंगी। लेकिन अभिनेता तो अभिनेता ही रहेगा चाहें कोई भी प्लेटफॉर्म क्यों न हो। थियेटर के भीतर आपको पता होता है कि आपको कैसे अपनी लाइन बोलनी है और रोल करना है। बस अवधारणा में परिवर्तन आता है। फिल्मों में आप एक शॉट देते हैं और आगे बढ़ जाते हैं चूंकि हम परफॉर्म करते ही रहेंगे तो अभिनेता को अपने संवाद याद रखने पड़ते हैं। अरुण जी के लिए यही चुनौती थी क्योंकि थियेटर में अधिक काम नहीं किया था। कौषिक का कहना है कि उनके पिछले थियेटर शोज़ की ही तरह इसके भी अगले चार –पांच सालों में संभवत: 200 शोज़ आयोजित होंगे।



## 'फ्रोजन 2' के हिंदी संस्करण में आवाज देंगी प्रियंका और परिणीति



**मुंबई।** डिज्नी की बहुप्रतीक्षित फिल्म फ्रोजन के हिंदी संस्करण में एल्सा और ऐना को प्रियंका चोपड़ा जोनास और परिणीति चोपड़ा अपनी आवाज़ देंगी। इस फिल्म में पहली बार प्रियंका अपनी चचेरी बहन परिणीति साथ काम करेंगी। प्रियंका कहती, मैं दृढ़ विचारों वाली एल्सा के किरदार से जुड़ाव महसूस करती हूं। फ्रोजन 2 के लिए आवाज देना एक शानदार अवसर है। ऐना के किरदार को परिणीति आवाज देगी यह जानकार मेरी खुशी और बढ़ गई। हम दोनों ने कभी एकसाथ काम नहीं किया है। यह अनुभव मुझे पूरी जिंदगी याद रहेगा। इस बारे में परिणीति ने कहा, फ्रोजेन हमेशा से मेरी पसंदीदा फिल्म रही है और प्रियंका के साथ इस फिल्म में काम करना सोने पर सुहागा जैसा है। डिज्नी इंडिया स्टूडियो एंटरटेनमेंट के प्रमुख बिक्रम दुग्गल ने कहा कि फिल्म के हिंदी संस्करण में प्रियंका और परिणीति के साथ काम करने का फैसला इसलिए किया क्योंकि वह वास्तविक जीवन की बहनों की केमिस्ट्री पर्दे पर लाना चाहते थे। फिल्म का निर्देशन क्रिस बक और जेनिफर ली ने किया है। फ्रोजेन 2 22 नवंबर को भारत में प्रदर्शित होगी।

## नव उदारवाद भारत की नई हिंदी सिनेमा पर केंद्रित एक नई पुस्तक

**नई दिल्ली।** इक्कीसवीं सदी के प्रारंभ में हिंदी सिनेमा में शहरी जीवन, नए मध्य वर्ग की संस्कृति, निराशावाद, हिंसा और भय जैसी उभरती नई प्रवृतियों को समेटते हुए एक नई पुस्तक आई है। डार्क फीयर, ईरी सिटीज: न्यू हिंदी सिनेमा इन नियोलिबरल इंडिया नामक यह पुस्तक नई हिंदी सिनेमा को विभिन्न कोणों से परखती है और क्राइम थ्रीलर एवं हॉरर फिल्मों (अपराध पर आधारित और डराने वाली फिल्मों) का सूक्ष्म विश्लेषण करती है। पुस्तक कुछ मौलिक प्रश्नों मसलन इतनी निराशा क्यों है, नव उदारवाद का शहर पर असर क्या होगा, सिनेमाई प्रतिनिधित्व आदि का जवाब ढूंढने का प्रयास करती है। लेखक सारूनास पानुकस्निस समसामयिक भारत में सामाजिक–सांस्कृतिक बदलाव के व्यापक संदर्भ में नए सिनेमाई घटनाक्रम को परखते हैं और वह भारत की ऐसी निराशाजनक स्थिति की संकल्पना की जड़ें ढूंढते हैं। ऑक्सफोर्ड प्रेस से प्रकाशित इस पुस्तक में सिनेमा के क्षेत्र में उत्तर औपनिवेशिक काल में 1990 के दशक के सामंती परिवार के आदर्शवाद से 21 वीं सदी में नए मध्य वर्ग की वस्तुपरकता तक के सफर का दर्शन और मनोविज्ञान की दृष्टि से विश्लेषण किया गया है। पुस्तक में वैश्वीकरण, बाजार के उदारीकरण, मीडिया के नए रूपों के उद्भव एवं उनके इस्तेमाल के प्रभाव को ध्यान में रखकर सिनेमा में आए बदलावों का मूल्यांकन किया गया है।

## अपने पुराने लुक में वापस आई ब्रिटनी स्पीयर्स

**हॉलीवुड** स्टार ब्रिटनी स्पीयर्स फिर से अपने मशहूर पुराने लुक में वापस आ गई हैं। डेलीमेल डॉट को डॉट यूके की रिपोर्ट के मुताबिक, मावी से छुट्टियां बिताकर घर लौटने के बाद ब्रिटनी ने एक वीडियो साझा किया है जिसमें उन्हें अपने नए हेयर कलर को फ्लॉन्ट करते हुए देखा जा सकता है। इस वीडियो के साथ उन्होंने लिखा, 'शायद ब्लॉन्ड्स ज्यादा मजेदार होते हैं..यह कोई प्रोफेश्नल हॉलीवुड हेयर और मेकअप नहीं है, बल्कि ये असली के हैं। मैं अभी वेकेशन (फिल्म) देख रही हूं! ..अभी–अभी पूल से बाहर आई हूं इसलिए बाल गीले हैं, माफ कीजिए।'



## बेला हदीद हैं विश्व की सबसे खूबसूरत महिला



**ग्रीक गणित के अनुसार सुपरमॉडल बेला हदीद दुनिया की सबसे खूबसूरत महिला हैं।**

'गोल्डेन रेशियो ऑफ ब्यूटी फी स्टैंडर्स' के अनुसार धरती की सबसे खूबसूरत महिला का निर्धारण करने वाले वैज्ञानिकों ने विक्टोरिया के सीक्रेट मॉडल के चेहरे का चयन किया है, जो इस पैमाने पर करीब–करीब सटीक बैठता है।

'गोल्डेन रेशियो ऑफ ब्यूटी फी स्टैंडर्स' क्लासिक ग्रीक गणना के अनुरूप खूबसूरती को परिभाषित करता है। इसमें चेहरे के अनुपात का माप मानकों द्वारा किया जाता है। इस पैमाने को ग्रीक विद्वानों ने सुंदरता को वैज्ञानिक सूत्र के अनुरूप परिभाषित करने की कोशिश करते वक्त लागू किया था। 'गोल्डेन रेशियो' पैमाने के अनुसार, 23 वर्षीय बेला का चेहरा माप से 94.35 प्रतिशत तक मिलता है। वहीं इसी पैमाने के अनुसार, पॉप दिवा बियॉन्से को दूसरे स्थान पर रखा गया है। उनका चेहरा 92.44 प्रतिशत पैमाने के अनुरूप है। अभिनेत्री अंबर हर्ड 91.85 प्रतिशत के अनुपात के साथ तीसरे स्थान पर हैं, जबकि पॉप स्टार एरियाना ग्रांडे 91.81 प्रतिशत के साथ चौथे स्थान पर हैं।

यह माप लंदन के प्रतिष्ठित हार्ले स्ट्रीट के एक लोकप्रिय फेशियल कॉस्मेटिक सर्जन डॉ. जूलियन डी सिल्वा द्वारा किया गया।

## भारतीय अंतरराष्ट्रीय फिल्म महोत्सव में यूरी के प्रमुख होंगे जॉन बैले


**एजेंसी।** नई दिल्ली

**भारत** के 50वें अंतरराष्ट्रीय फिल्म महोत्सव में अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता खंड के लिए फिल्मों और ज्यूरी की घोषणा हो गई है और जॉन बैले को इसका प्रमुख बनाया गया है।

सूचना प्रसारण मंत्रालय की विज्ञप्ति के अनुसार, गोल्डन पीकॉक पुरस्कार के लिए 20 देशो की 15 फिल्मों के बीच मुकाबला है। इसमें माई घाट: क्राइम नं 10/2005 और जलीकट्टू फिल्में भारत का प्रतिनिधित्व करेंगी। इसमें कहा गया है कि 50वें भारतीय अंतरराष्ट्रीय फिल्म महोत्सव (आईएफएफआई) में सिनेमेटोग्राफर और एकेडमी आफ मोशन पिक्चर आर्टस एंड साइंस के पूर्व अध्यक्ष जॉन बैले अंतरराष्ट्रीय ज्यूरी की अध्यक्षता करेंगे।

कान्स अंतरराष्ट्रीय ज्यूरी 2019 के सदस्य और फ्रांस के फिल्म निर्माता रॉबिन काम्पिलो, चीन के प्रसिद्ध फिल्म निर्माता जांग यांग और ब्रिटिश सिनेमा की प्रतिभावान लायने रॉमसे सह ज्यूरी होंगे। प्रसिद्ध फिल्म निर्माता रमेश सिप्पी अंतरराष्ट्रीय ज्यूरी में भारतीय सदस्य होंगे।

भारतीय अंतरराष्ट्रीय फिल्म महोत्सव (आईएफएफआई) के स्वर्ण जयंती संस्करण में प्रतिष्ठित गोल्डन पीकॉक पुरस्कार पाने के लिए 20 देशों का प्रतिनिधित्व करने वाली 15 फिल्मों के बीच



कड़ा मुकाबला होगा। इन फिल्मों का चयन सात सौ से अधिक फिल्मों के बीच से किया गया है। इनमें पेमा सिदान की बलून(चीन), अली आईदिन की क्रोनोलाजी(तुर्की), एंड्रेस होर्वाथ की लिलियन (आस्ट्रिया), वेगनर मौरा की मैरीघेला (ब्राजील), हंस पीटर मोलंद की आउट स्टीलिंग होर्सस (नार्वे, स्वीडन, डेनमार्क), बेल्ज हेरीसन की पार्टिकल (फ्रांसास्विटजरलैंड), ग्रेगोर बोजिक की स्टोरीज फॉम द चेस्टनट वुड्स(स्लोवेनिया),योसेप अंजी नोइन की द साइंस आफ फिक्शन(इंडोनेशिया,मलेशिया और

**आईएफएफआई में भारत का प्रतिनिधित्व अनंत नारायण महादेवन के निर्देशन में बनी मराठी फिल्म माई घाट: क्राइम नं 103/2005 और लिजो जॉस पेल्लीसेरी द्वारा निर्देशित मलयालम फिल्म जलीकट्टू करेंगी।**

फ्रांस), इरडिनबिलेग गनबोल्ड की स्टीड(मंगोलिया), क्रिस्तोफ डेक की केप्टिव(हंगरी) और बेन रेखी की वाच लिस्ट(फिलिपींस) प्रतियोगिता में हैं।


प्रतियोगिता खंड में महिला फिल्म निर्माता सोफी डेरेस्पे की एंटीगोन और महनाज मोहम्मदी की सन–मदर शामिल हैं।

## सिनेमा धारणाओं को तोड़कर हमें नई कहानियों से रुबरु कराता है: दीपिका पादुकोण



**मुंबई।** आज सोशल मीडिया के जमाने में जब लोग एक दुसरे से दूर हो रहे हैं ऐसे में सिनेमा हमारे जीवन से बिल्कुल अलग कहानियों के माध्यम से धारणाओं को तोड़कर हमें एक–दुसके से जोड़ने का काम कर रहा है। ऐसा अभिनेत्री दीपिका पादुकोण का कहना है। मुंबई अंर्ताष्ट्रीय फिल्म महोत्सव की अध्यक्ष दिपिका पादुकोण ने गुरुवार को कहा कि वह अपने काम के लिए कोई भी किरदार निभा सकती हैं लेकिन उनका उद्देश्य समाज के लिए कुछ सार्थक काम करना है। दीपिका ने 21वें जियो एमएएमआई फिल्म महोत्सव में कहा, एक कलाकार के तौर हम मानते हैं कि सिनेमा बहुत प्रभावशाली है। हमें अब उसी प्रभाव की आवश्यकता हैं। दीपिका अब मेघना गुलज़ार की फिल्म छपाक और कबीर खान निर्देशित 83 में नजर आएंगी।

## अमिताभ बच्चन को एक दो दिन में मिल सकती है अस्पताल से छुट्टी



**मुंबई।** हिंदी फिल्मों के अभिनेता अमिताभ बच्चन को नियमित जांच के लिए इस सप्ताह मुंबई के नानावती अस्पताल में भर्ती कराया गया और उन्हें एक या दो दिन में अस्पताल से छुट्टी मिल जाएगी। अस्पताल के सूत्रों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। बच्चन के लीवर की समस्या से पीड़ित होने की खबरें चल रही हैं लेकिन सूत्रों ने दावा किया कि इसमें कोई सच्चाई नहीं है। बच्चन 11 अक्टूबर को 77 वर्ष के हुए हैं।

अस्पताल के एक सूत्र ने बताया, बच्चन नियमित जांच के लिए मंगलवार को अस्पताल आए थे। लीवर समस्या तथा इस संबंध में चल रही अन्य खबरें सच नहीं हैं। वह तंदुरुस्त और जोश में हैं। उन्हें एक या दो दिन में अस्पताल से छुट्टी मिल जाएगी। परिवार ने निजता बरतने का अनुरोध किया है और हम उम्मीद करते हैं कि यह बरकरार रहेगी। स्वास्थ्य जांच की प्रकृति के बारे में पूछे जाने पर सूत्र ने बताने से इनकार कर दिया। अभिनेता अभी कौन बनेगा करोड़पति कार्यक्रम की मेजबानी कर रहे हैं जो सोनी एंटरटेनमेंट चैनल पर प्रसारित होता है। सोनी के एक अधिकारी ने बताया, उन्होंने पहले ही कुछ एपिसोड्स की शूटिंग कर ली है और हमारे पास प्रसारित करने के लिए एपिसोड्स तैयार हैं। हालांकि वह शूटिंग के लिए नहीं आए। वह मंगलवार से शूटिंग शुरू करेंगे। इसके अलावा बिग बी गुलाबो सिताबो , ब्रह्मास्त्र , चेहरे और झुंड फिल्में कर रहे हैं। बच्चन का स्वास्थ्य वर्षों से चिंता का सबब बना रहा है। 1982 में वह कुली फिल्म की शूटिंग के दौरान गंभीर रूप से घायल हो गए थे और उनकी जान पर बन आई थी। पिछले साल फरवरी में उन्हें कमर के निचले हिस्से और गर्दन में दर्द के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया था और मार्च में वह जोधपुर में ठग्स ऑफ हिंदुस्तान की शूटिंग करते हुए बीमार पड़ गए थे। उन्होंने बताया था, मुझे खून देने वाले एक व्यक्ति को हेपेटाइटिस बी वायरस था जो मेरे शरीर में चला गया।